माघ मास, कृष्ण पक्ष 3, वर्ष 11, अंक 332, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, सोमवार, 9 जनवरी, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : 'मुश्किल नहीं था...' हार्दिक पंड्या ने बताया अपनी सफल कप्तानी का राज



अंदर - वृंदावनलाल वर्मा : हिंदी का वाल्टर स्कॉट

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# गो-आधारित खेती वक्त की मांग

## बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में 'सुफलाम' संगोष्ठी में बोले सीएम योगी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से हो रहे खतरे को देखते हुए अब समय की मांग है कि गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर जोर दिया जाए। किसानों को केमिकल की जगह गौ आधारित खेती की तरफ रूख करना चाहिए। सीएम ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दे रही है। यूपी में गंगा किनारे के जिलों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। सीएम योगी रविवार को बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'सुफलाम' में किसानों को संबोधित कर रहे थे।

सीएम योगी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन की वजह से सबसे ज्यादा नुकसान धरती और जल का ही हुआ है। धरती माता के साथ खिलवाड़ गलत है। जो हर हाल में बंद होना चाहिए। इसके

**संगोष्ठी**

**यूपी में गंगा किनारे के जिलों में प्राकृतिक खेती को दिया जाएगा बढ़ावा**

**प्राकृतिक खेती को बढ़ाने के लिए किया गया प्राकृतिक परिषद का गठन**

**जलवायु परिवर्तन से सर्वाधिक नुकसान धरती और जल का : सीएम**

लिए यह जरूरी है कि केमिकल युक्त खेती की जगह गौ आधारित प्राकृतिक खेती की जाए। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में गंगा किनारे के जिलों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए प्राकृतिक परिषद का गठन किया गया है।

सीएम योगी ने कहा कि खुद के विकास के लिए लोग पर्यावरण को जहरीला बनाते जा रहे हैं। जीवन का अस्तित्व पांच तत्वों क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा से ही है। इसे अब बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार गंभीर है और किसानों को योजनाओं के जरिए लाभ दिया जा रहा है। इससे पूर्व सीएम योगी ने महामना पं. मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान वैदिक ब्राह्मणों ने स्वस्तिवाचन और मंगलाचरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य भैयाजी जोशी आदि उपस्थित रहे।



### भारत में जी-20 सम्मेलन गर्व की बात

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अगले एक वर्ष तक भारत जी-20 देशों का नेतृत्व करके दुनिया को नया मार्गदर्शन देगा। यह भारत के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुंभ में 24 करोड़ श्रद्धालु आए थे और दुनिया के सामने सुरक्षा, सुव्यवस्था और स्वच्छता का एक बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत हुआ था।

### सीएम योगी ने किया टेंट सिटी का निरीक्षण

**वाराणसी।** बीएचयू में सुफलाम कार्यक्रम में भाग लेने के बाद सीएम योगी गंगा पार टेंट सिटी की तैयारियों को देखने पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों और टेंट सिटी की कार्यदायी संस्था के अधिकारी ने बताया कि टेंट सिटी में 900 वर्गफीट दस विला, 480-580 वर्गफीट में 50 सुपर डीलक्स और 250-400 वर्गफीट में 40 डिलक्स बनाए गए हैं। टेंट सिटी के एक क्लस्टर में 200 व्यक्तियों के ठहरने की सुविधा है। टेंट सिटी के बाद श्री काशी विश्वनाथ धाम में हाजिरी लगाई। मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा के साथ ही जी-20 सम्मेलन की तैयारियों के बारे में अफसरों से चर्चा कर रहे हैं।

# पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी का निधन

**शोक**

**बीमार चल रहे थे 88 साल के बीजेपी नेता, यूपी विधानसभा के पूर्व स्पीकर रहे केशरी**

**पश्चिम बंगाल के राज्यपाल भी रह चुके थे**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के सीनियर नेता केशरी नाथ त्रिपाठी का रविवार की सुबह निधन हो गया। उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष के साथ ही पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल रहे केशरी नाथ ने 88 साल की आयु में प्रयागराज में अंतिम सांस ली। बीते कुछ समय से उनकी तबीयत बिगड़ी हुई थी। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त किया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार केशरीनाथ त्रिपाठी ने प्रयागराज स्थित अपने आवास पर रविवार की सुबह करीब 5 बजे अंतिम सांस ली। 88 वर्षीय त्रिपाठी की तबीयत बीते कुछ समय से खराब चल रही थी। जानकारी के मुताबिक सांस लेने की समस्या के साथ ही हाथ में फ्रैक्चर होने की वजह से उन्हें एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां वह आईसीयू में भर्ती थे। उनके बेटे नीरज त्रिपाठी के निधन होने की पुष्टि की।

पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'केशरी नाथ त्रिपाठी का सम्मान उनकी सेवा और बुद्धिमत्ता के लिए होता था। वह संवैधानिक मामलों के जानकार थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश में बीजेपी को मजबूत करने में मुख्य भूमिका निभाई और प्रदेश में विकास की दिशा में कड़ी मेहनत की। उनके निधन से दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। ओम शांति।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि केशरी नाथ त्रिपाठी एक वरिष्ठ और अनुभवी राजनेता थे। वे संसदीय नियमों, परंपराओं और विधि के गहरे जानकार थे। श्री त्रिपाठी एक विद्वान अधिवक्ता और संवेदनशील साहित्यकार भी थे। उनके निधन से समाज की अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की है। 10 नवंबर 1934 को जन्मे पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़े हुए थे। वह बीजेपी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष रहने के साथ ही विधानसभा के स्पीकर भी रह चुके थे। त्रिपाठी ने 2014 से 2019 तक पश्चिम बंगाल के राज्यपाल की जिम्मेदारी भी निभाई।




### घने कोहरे के कारण नहीं उड़ सका सीएम योगी का विमान

**वाराणसी।** बीएचयू में कार्यक्रम को संबोधित करने वाराणसी पहुंचे सीएम योगी के विमान को कोहरे ने रोक दिया। रविवार की रात करीब 7:57 बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचे सीएम योगी का विमान कोहरे के कारण उड़ान नहीं भर सका। लखनऊ जाने के लिए बाबतपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे सीएम योगी को लौटना पड़ा।

# जोशीमठ पर ऐक्शन में पीएमओ

**नई दिल्ली।** जोशीमठ भू धंसाव मामले पर पीएमओ में हाई लेवल मीटिंग हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने की। बैठक में कैबिनेट सचिव, केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के सदस्य भी शामिल हुए। इनके अलावा जोशीमठ जिला प्रशासन के अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस बैठक से जुड़े।

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद कई निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, आईआईटी रुड़की, वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी एंड सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट से कहा गया कि वे विशेषज्ञों की टीम के जरिए

**जोशीमठ भू-धंसाव**

**हाई लेवल मीटिंग में पीएम मोदी के प्रमुख सचिव, केंद्र-उत्तराखंड के अफसर हुए शामिल**

अध्ययन करें और सिफारिशें दें। सीमा प्रबंधन सचिव और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य कल उत्तराखंड का दौरा करेंगे और जोशीमठ की स्थिति का जायजा लेंगे। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव अध्यक्षता में समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव उत्तराखंड ने जोशीमठ से प्रधानमंत्री कार्यालय को जानकारी दी। पीके मिश्रा को जोशीमठ समीक्षा बैठक में अवगत कराया गया कि भारत सरकार की एजेंसियां और विशेषज्ञ लघु, मध्यम और दीर्घकालिक योजना तैयार करने में राज्य सरकार की सहायता कर रहे हैं। एनडीआरएफ की एक टीम और एसडीआरएफ की चार टीमें पहले ही जोशीमठ पहुंच चुकी हैं।



इस बीच जोशीमठ की जमीन में दरारें बढ़ती जा रही हैं। आपता प्रबंधन विभाग के सचिव रंजीत सिन्हा के नेतृत्व में आठ सदस्यीय विशेषज्ञ पैनल ने स्थिति का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट केंद्र और राज्य सरकार को भेज दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस रिपोर्ट में दरक रहे घरों को तोड़ने की सिफारिश की गई है। जोशीमठ के 25 फीसदी इलाके इस भू धंसाव से प्रभावित बताए जा रहे हैं। इमारतों और अन्य स्ट्रक्चर में नुकसान की तीव्रता का पता लगाने के लिए भी सर्वेक्षण चल रहा है। वहीं जोशीमठ में जमीन धंसने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने इस मामले में याचिका दाखिल की है।

### सेनेगल में दो बसों के बीच भीषण टक्कर, 40 लोगों की मौत, 78 घायल

**सेनेगल।** मध्य सेनेगल में रविवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में कम से कम 40 लोगों के मारे जाने की खबर है। जबकि 78 अन्य लोग घायल हो गए है। बता दें कि मध्य सेनेगल में दो बस आमने-सामने से टकरा गई। जिसकी वजह से दोनों बसों में सवार कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रपति मैकी सॉल ने बताया कि सड़क हादसा कैफरीन क्षेत्र के गनीबी गांव में तड़के करीब साढ़े तीन बजे हुआ। इस हादसे में कम से कम 40 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मैं गनीबी में आज हुए दुखद सड़क हादसे से बहुत दुखी हूं, जिसमें 40 लोगों की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हो गए। मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राष्ट्रपति ने तीन दिनों का शोक घोषित किया है। उन्होंने कहा कि वह सड़क सुरक्षा उपायों पर चर्चा करेंगे।

## सीतापुर में गैस रिसाव के कारण दम घुटने से दो बच्चों सहित चार की मौत

**सीतापुर।** सीतापुर जिले के बिसवां कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कस्बे के झज्जर मोहल्ले में दो बच्चों समेत दंपती की मौत हो गई। शनिवार रात चारों एक ही कमरे में सोए थे। वो सर्दी से बचने के लिए पेट्रोमैक्स जला कर सोए थे। माना जा रहा है कि गैस रिसाव और दम घुटने से चारों की मौत हुई है।

झज्जर निवासी आसिफ (40) एक मदरसे में पढ़ाते थे। शनिवार रात पत्नी शगुफ्ता ( 36) और बेटियों मायरा (3) और जायरा (2) के साथ मकान के अंदर बने कमरे में सोए थे। रविवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे एक परिचित उन्हें बुलाने पहुंचे। दरवाजा न खुलने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची, जहां देखा कि कमरे में चारों के शव पड़े थे और एलपीजी की तेज गंध आ रही थी। पास ही पेट्रोमैक्स रखा हुआ था, जिसका इस्तेमाल सर्दी से राहत पाने के लिए किया जाता है। पेट्रोमैक्स में गैस खत्म हो चुकी थी। घटना का पता चलते ही अफरातफरी मच गई। एसडीएम पीएल मौर्य और सीओ अजय प्रताप सिंह घटना की जांच कर रहे हैं।

## लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में छाया कोहरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समते कई जिलों में सुबह से ही घने कोहरे के साथ बर्फीली हवाओं के चलते सर्दी बरकरार है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश के भी कई जिलों में शीतलहर और अत्यधिक घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। ठंड से बचाव के समुचित उपाय जरूर अपनाने चाहिए। न्यूनतम तापमान में सोमवार तक कोई बदलाव नहीं होगा। अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री तक की बढ़त दर्ज की जा सकती है। इसके अलावा मध्य प्रदेश से सटे जिलों को छोड़कर प्रदेश भर में घने कोहरे के लिए चेतावनी जारी की गई है।

दानिश के अनुसार शनिवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ प्रदेश भर ते 37 जिलों में चेतावनी जारी की गई है। सहारनपुर, हापुड़, मुजफ्फरनगर, बागपत, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, गौतम बुध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, अमरोहा, बिजनौर, संभल, बदायूं, कासगंज, रामपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, फरुर्खाबाद समेत हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, बाराबंकी, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, महाराजगंज, कुशीनगर और देवरिया में अत्यधिक घने कोहरे के साथ शीतलहर

**यलो अलर्ट जारी**

**न्यूनतम तापमान में सोमवार तक कोई बदलाव नहीं होगा अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री तक की बढ़त दर्ज होगी, प्रदेश के 25 जिलों में आइएमडी का यलो अलर्ट, बढ़े सड़क हादसे**

और शीत दिन के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है इसके तहत ठंड से बचाव के उपाय के साथ कोहरे में गाड़ी चलाने, फाग लाइट और अन्य सावधानियां बरतने की आवश्यकता है। इसके अलावा प्रदेश भर के 25 जिलों में घने कोहरे के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

इसके तहत कोहरे के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। राजधानी में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 14.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस रहा शीत लहर और दिनभर कोहरे के चलते प्रदेश भर में अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज हुई सबसे अधिक तापमान सोनभद्र के चुर्क में 19.5 डिग्री इटावा में 18.6 डिग्री सेल्सियस और वाराणसी में 18 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज किया गया वहीं न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज हो रही है।



# सपा मीडिया सेल के संचालक गिरफ्तार

## सूबे की सियासत में आई गर्माहट, अभद्र टिप्पणी को लेकर गिरफ्तारी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल के संचालक मनीष जगन अग्रवाल की गिरफ्तारी के बाद से सूबे की सियासत में गरमाहट आ गई है। एक एक तरफ जहां सपा मीडिया सेल के संचालक की गिरफ्तारी से भाजपा कुनबे में खुशी झलक रही है तो वहीं दूसरी तरफ सपा प्रमुख समेत पार्टी के कई दिग्गज नेता पुलिस मुख्यालय और लखनऊ जेल के चक्कर काट रहे हैं। यूपी की राजधानी लखनऊ में सपा मीडिया सेल के संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक हजरतगंज पुलिस ने मनीष जगन अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। समाजवादी पार्टी की मीडिया सेल के ट्विटर हैंडल से की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर हजरतगंज कोतवाली में तीन केस दर्ज कराए गए थे। बताया गया है कि मनीष जगन अग्रवाल ही सपा का ट्विटर अकाउंट हैंडल करता था और वह सीतापुर का रहने वाला है।

वहीं मनीष अग्रवाल की गिरफ्तारी के विरोध में भड़के अखिलेश यादव पार्टी कार्यकताओं संग पुलिस मुख्यालय पहुंचे। अखिलेश यादव के सिग्नेचर बिल्डिंग पहुंचने के बाद समाजवादी पार्टी के ऑफिसियल ट्विटर हैंडल से एक ट्वीट भी किया गया, जिसमें लिखा है कि अखिलेश यादव पुलिस मुख्यालय पहुंचे लेकिन वहां कोई जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं है। दूसरी तरफ समाजावादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने पुलिस मुख्यालय की चाय पीने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा नहीं है, किसी ने जहर मिला दिया तो। उन्होंने कहा कि मैं बाहर से मंगा कर चाय पी लूंगा, लेकिन पुलिस की चाय नहीं पियूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि मैं अपनी चाय पियूंगा और पुलिस अपनी चाय पीये। उन्होंने यह बातें रविवार को

**हंगामा**

**पुलिस मुख्यालय पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पुलिस की चाय पीने से किया इनकार**

**बोले-भरोसा नहीं, इसमें जहर मिला हो तो, मनीष से मिलने लखनऊ जेल पहुंचे अखिलेश**

**सपा ने बीजेपी पर पलटवार किया, युवा मोर्चा के सोशल मीडिया हेड पर एफआईआर कराई**

राजधानी स्थित पुलिस मुख्यालय पर पहुंचने के बाद कही। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पुलिस मुख्यालय के बाद यहां से निकलकर वो सपा मीडिया सेल के संचालक से मिलने लखनऊ जेल पहुंचे। वहीं इन सब के बीच अब इस घटना क्रम में एक नया मोड़ आ गया है। दरसअल समाजवादी पार्टी ने ट्वीट कर सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाली युवा भाजपा नेता को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग पुलिस से की है। सपा ने शिकायत की कॉपी भी ट्वीट कर शेयर की है। यह शिकायत हजरतगंज थाने में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की तरफ से दर्ज कराई गई है।

तहरीर में सपा अध्यक्ष की तरफ से आरोप लगाया गया है कि डॉ. ऋचा राजपूत ने अपने ट्वीटर अकाउंट पर सपा सांसद डिंपल यादव के खिलाफ ट्वीट कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। ऋचा राजपूत की यह अभद्र भाषा महिलाओं के विरुद्ध अपराध को बढ़ावा देता है। जिससे सपा कार्यकताओं व अन्य जनमानस में रोष है। इसके अलावा सपा ने एक और ट्वीट किया है जिसमें लिखा भारतीय जनता पार्टी अपनी युवा नेता से माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की पत्नी और बेटी पर अभद्र टिप्पणियां करवा रही है। अभद्रता का परिचय देने वाली नेता पर एफआईआर दर्ज हो गई है। इनपर कार्रवाई कब होगी? *एजेंसी*





## हंगामा करने वाले सपा कार्यकर्ताओं पर होगी कार्रवाई: एडीजी प्रशांत कुमार



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल के ट्विटर हैंडल संचालक मनीष जगन अग्रवाल को अभद्र भाषा प्रयोग करने के चलते गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसको लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पुलिस मुख्यालय पहुंचे थे। वहीं सपा कार्यकताओं ने पुलिस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन और नारेबाजी की थी। इसको लेकर एडीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। उन्होंने कहा कि राजधानी में प्रदर्शन की जगह तय है और पुलिस मुख्यालय में प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस के अधिकारी प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ जानकारी जुटाकर कार्रवाई करेंगे। एडीजी ने कहा कि मनीष की गिरफ़्तारी सबूतों और विवेचना के आधार पर की गयी है। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी जमा किये गए हैं। ये पूरी विवेचना बीते साल के नवंबर महीने से चल रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और नेताओं पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप मनीष पर है, और सबूतों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का पुलिस मुख्यालय पर आने के कार्यक्रम के बारे में किसी भी तरह की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गयी थी। अखिलेश यादव पुलिस मुख्यालय के बाद जिला जेल पहुंचे। बताया जा रहा है कि वह गिरफ्तार कार्यकर्ता से मिलने जेल पहुंचे थे। सपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए हैं। उनकी पुलिस से झड़प हो गई। उन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा है।



## विदेशियों को पकड़ने गई दिल्ली पुलिस पर अफ्रीकियों की भीड़ का हमला



**3 साथियों की गिरफ्तारी पर भड़के, पुलिस टीम को घेरा फायदा उठाकर आरोपी भागे**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को पुलिस पर अफ्रीकी मूल के लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया। ये लोग अपने 3 साथियों के पकड़े जाने से नाराज थे। 100 से ज्यादा लोगों ने पुलिस टीम को घेर लिया और झगड़ने लगे। इसका फायदा उठाकर 3 आरोपी भाग गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली पुलिस की नारकोटिक्स टीम नेब सराय के राजू पार्क में उन विदेशियों को पकड़ने गई थी, जो वीजा एक्सपायर होने के बावजूद भारत में रह रहे थे। शनिवार दोपहर 2:30 बजे पुलिस ने 3 नाईजीरियाई नागरिकों को पकड़ा। इसी दौरान 100 से ज्यादा अफ्रीकी मूल के लोगों की भीड़ ने पुलिस टीम को घेर लिया और झगड़ने लगे। पकड़े गए आरोपी झगड़े का फायदा उठाकर भाग गए। हालांकि, एक आरोपी फिलिप (22) को पुलिस ने दोबारा पकड़ लिया। इस घटना के बाद शनिवार शाम 6:30 बजे एक जॉइंट टीम दोबारा राजू पार्क गई। यहां से टीम ने 4 नाईजीरियाई नागरिकों को पकड़ा। इनमें एक महिला भी शामिल थी। इसके बाद फिर से अफ्रीकियों की भीड़ ने पुलिस को घेर लिया। इस बार उनकी संख्या 150-200 के बीच थी। इन लोगों ने आरोपियों को भागने में मदद करने की कोशिश की, लेकिन इस बार पुलिस टीम सतर्क थी। टीम ने हालात को संभाला और आरोपियों को नेब सराय पुलिस स्टेशन ले आए।

# बीएचयू की छात्रा से छेड़खानी

**साथी से मारपीट**

## लंका थाने में चार अज्ञात के खिलाफ रपट दर्ज, धर पकड़ में जुटी पुलिस

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बीएचयू वीसी आवास के चंद कदम पर छात्रा से छेड़खानी और अभद्र व्यवहार साथ ही कुछ नकदी छीनने का मामला प्रकाश में आया। छात्रा की तहरीर पर लंका पुलिस ने चार अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। घटना चार जनवरी की रात की बतायी गयी।

छात्रा की मानें तो चार जनवरी को अपने दोस्त के साथ हॉस्टल की ओर जा रही थी। वीसी आवास से चंद कदम की दूरी पर स्थित लक्ष्मण दास गेस्ट हाउस चौराहे के पास बाइक सवार तीन लड़कों ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। इसके साथ ही तीनों ने उसके साथ छेड़खानी और गाली-गलौज किया। छात्रा ने बताया कि तीनों नशे में धुत थे। इस वजह से वह और उसका दोस्त कुछ कहे बगैर ही आगे बढ़ गए। थोड़ी दूर आगे बढ़ने पर वही तीनों युवक अपने एक और दोस्त के साथ फिर उसे घेर लिए। छात्रा ने बताया कि चारों युवक उसके दोस्त के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के साथ ही उन चारों ने उसके दोस्त का पर्स उसकी जेब से जबरदस्ती निकाला लिया। उसके पर्स में आठ हजार रुपए और जरूरी कागजात थे। शोर मचाने पर आरोपी चारों युवक रुईया हॉस्टल में पीछे घुस गए। लंका थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रोहनिया।** रोहनिया थाना अंतर्गत एक गांव निवासी लड़की से रेप के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार पीड़िता घरेलू सामान लेने गई थी और गांव का ही एक युवक जो अपने बहनोई के घर रहता था उसने राह चलते लड़की का मुंह दबाकर सुनसान जगह लेकर गया और रेप किया। पीड़िता पक्ष ने इस मामले में रोहनिया थाने में रपट दर्ज करायी थी। रविवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी प्रद्युम्न राजभर को रोहनिया गांधी तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## ठंड में गरीबों की सेवा सबसे बड़ी सेवा



**वाराणसी।** रानी भवानी एण्डाउमेन्ट एस्टेट के तत्वावधान में रविवार को वृद्ध माताओं को 200 कम्बल बांटे गये। ₹रटन्ती चतुर्दशी काली पूजन₹ के अवसर पर पाण्डेय घाट स्थित तारा मन्दिर में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि महेन्द्र कुमार पाण्डेय ₹सिविल जज सीनियर डिविजन₹ रहे। कहा कि ठंड में गरीबों की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। ऐसा कार्यक्रम हर वर्ष होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता विजय शंकर रस्तोगी व संचालन अर्जुन प्रसाद कुन्डू ने किया। इस मौके पर मनोज कुमार, रत्नेश्वर पाण्डेय, तारक नाथ गाँगुली, डॉ शिव सुन्दर गाँगुली, प्रबन्धक श्यामा प्रसाद कुन्डू चन्द्रनाथ मुखर्जी, शंकर प्रसाद मुखर्जी, स्वरूप चक्रवर्ती, संजीव घोष, संकटा प्रसाद, निखिल चन्द्र बसाक समेत काफी लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन श्यामा प्रसाद कुन्डू ने दिया।

# राजगीर मिस्त्री की ट्रैक्टर के धक्के से हुई मौत



मौके पर जुटी लोगों की भीड़

**रोहनिया।** रोहनिया थाना क्षेत्र के बच्छाव गांव में रविवार की सुबह टहलते वक्त ट्रैक्टर की चपेट में आने से राजमित्री की मौत हो गयी। मृतक की पहचान बबलू हरिजन (35) के तौर पर हुई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक भाग निकला।

जानकारी के अनुसार बबलू रोजाना टहलने निकलता था। रविवार को भी वह टहलने के लिए निकला था इस बीच रुदौली से अखरी जा रही ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल बबलू को एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। मौत के बाद परिजनों आक्रोशित हो उठे और शव को सड़क पर रखकर चितईपुर-चुनार मार्ग जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची रोहनिया पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिया इसके बाद जाम समाप्त हुआ।

पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला। बबलू बच्छाव के पूर्व चौकीदार परदेसी का लड़का था। परदेसी के निधन के बाद बबलू का नाम चौकीदारी के लिए गया था। मृतक की दो लड़कियां और चार साल का एक लड़का है। घटना को लेकर घर में मातम पसरा है।

## संक्षेप

### शादी का झांसा देकर बनाया संबन्ध, गया जेल

**लोहता।** लोहता थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवती को प्रेम जाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबन्ध बनाने का आरोपी रहीमपुर निवासी मोगीस को लोहता पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। युवती का आरोप है कि मोगीस उसे एक साल से शादी का झांसा देकर संबन्ध बनाता रहा। जब विवाह करने की बात पर वह अड़ गयी तो उसने इनकार कर दिया। आरोपी ने युवती के साथ अंतरंग वीडियो भी बना रखा था, जिसके सहारे उसे आये दिन वायरल करने की धमकी देता था। लोहता थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी युवक मोगीस पुत्र हाजी सलाम निवासी रहीमपुर थाना लोहता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### शॉर्ट सर्किट से मड़ई में लगी आग

**सेवापुरी।** सेवापुरी क्षेत्र के लच्छीपुर राखी (नेवादा) गांव में रविवार शाम शॉर्ट सर्किट से मड़ई में आग लग गई। इस दौरान वहां बंधी एक गाय की झुलसने से मौत हो गयी। लच्छीपुर (राखी नेवादा) गांव निवासी किसान लालमन यादव गाय को मडुई में बांधा थे और पास के कमरे में सोने चले गये। वही कुछ समय बाद मड़हे से धुआं उठता देख किसी ने इसकी जानकारी उसे दी। मौके पर पहुंचते तब तक मड़ई जलकर राख को हो चुकी थी जिसके अंदर बांधी गई गाय की मौत हो गई थी।

### सराफा की दुकान में चोरी का प्रयास

**वाराणसी।** राजातालाब बाजार पुलिस चौकी के पास ही पशु हास्पिटल से सटे एक सराफा की दुकान का पिछला हिस्सा चोरों ने शनिवार रात तोड़ दिया। अंदर की कंक्रीट के दीवार नहीं टूट पाने से चोर चोरी नहीं कर पाए। सर्राफ अमरनाथ सेठ को रविवार की सुबह घर पर सूचना मिली कि उनकी दुकान का पिछला हिस्सा दिवाल टूटा हुआ है। दुकान मालिक अमरनाथ सेठ आदि दुकान पंहुचे तो देखा कि दुकान के दिवाल का पिछला हिस्सा चोरों ने बीच में तोड़ दिया लेकिन कंक्रीट की दिवाल मजबूत होने के कारण चोरी नहीं कर पाए।

### डीजल चोर गिरफ्तार

**वाराणसी।** बड़ागांव पुलिस ने टैंकर ट्रक से डीजल चुराने वाले अभियुक्त को 40 लीटर डीजल के साथ बाबतपुर स्थित एक होटल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा। अभियुक्त की पहचान सुनील पटेल पुत्र काशीनाथ निवासी ग्राम निहालापुर थाना बड़ागांव के तौर पर हुई। पुलिस की माने तो सुनील एक टैंकर से रात में डीजल चोरी कर रहा। गश्त के दौरान नजर पड़ी तो पकड़ा गया। उसके पास से चोरी का 40 लीटर डीजल बरामद हुआ। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक आकाश सिंह, हेडकांस्टेबल नन्द लाल यादव थे।

### पुलिस को चकमा दे भाग निकला चोर

**जंसा।** कोतवाली केराकत (जौनपुर) की पुलिस जंसा थाना क्षेत्र के जगापट्टी गांव में किसी मामले में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिये जा रही थी। रात्रि लगभग 12 बजे रामेश्वर में बैटरी चोरी कर रहे दो चोरों को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। केराकत की पुलिस ने पकड़े चोरों को रामेश्वर पुलिस चौकी में पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद कोतवाली केराकत की पुलिस अपने काम के लिए निकल पड़ी। जंसा पुलिस की घोर लापरवाही के चलते पकड़ा गया चोर चकमा देकर भाग निकला। इस बाबत थानाध्यक्ष जंसा चंद्रदीप कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इस तरह की सूचना उनके पास नहीं है। पुलिस कस्टडी से भागे चोर को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं बाजार गर्म है।

### जितेंद्र विसेन के खिलाफ पड़ी अर्जी पर सुनवाई आज

**वाराणसी।** सीजेएम विजय विश्वकर्मा की अदालत में गाली गलौज और धमकी देने के मामले में जितेंद्र सिंह विसेन समेत दो के खिलाफ पड़ी अर्जी पर सोमवार को सुनवाई होगी। दिसंबर माह में ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी प्रकरण की वादिनी महिलाएं रेखा पाठक, मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी व सीता साहू ने कोर्ट में धारा 156 ( 3 ) के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया था । आरोप लगाया कि श्रृंगार गौरी प्रकरण की एक वादिनी राखी सिंह के पैरोकार जितेंद्र सिंह विसेन की ओर से मुख्यमंत्री को पॉवर ऑफ अटार्नी सौंपने और मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है और धमकी के साथ गली गलौज दी गई।

# बिजली विभाग के दो कर्मचारी भिड़े

**मारपीट**

## भेलूपुर थाना अंतर्गत डिवीजन फोर का मामला

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना अंतर्गत नगरीय विद्युत वितरण खंड चतुर्थ में रेवेन्यू कैशबुक की क्लोजिंग फीगर मांगने पर सहायक लेखाधिकारी ने अकाउंटेंट के साथ मारपीट की। इस मामले में दोनों पक्ष ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही। थाना प्रभारी ने बताया कि बिजली विभाग में मारपीट का मामला संज्ञान में आया है। जांच की जा रही है।



बिजली विभाग के डिवीजन फोर में कार्यरत लेखाकार (कार्य) चंद्रेश यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार को उन्होंने कार्यरत सहायक लेखाधिकारी (राजस्व) आशीष कुमार से रेवेन्यू कैशबुक की क्लोजिंग फीगर उपलब्ध कराने को कहा तो उन्होंने बदतमीजी की और विरोध करने पर मारपीट की। प्रार्थी के कैशबुक को तब तक क्लोज नहीं किया जा सकता, जब तक राजस्व कैशबुक की क्लोजिंग फीगर प्राप्त नहीं हो जाती है। उक्त बात पर आशीष कुमार द्वारा यह कहा गया कि अधिशासी अभियंता से उक्त फीगर मांग लें। बता दें कि सर्वप्रथम राजस्व कैशबुक सहायक लेखाधिकारी के अधिकार क्षेत्र में रहता है। इस पर प्रार्थी ने कहा कि कैशबुक का प्रथम अधिकार आपके पास है, इसलिए यह फीगर आप ही देंगे। यदि नहीं देंगे तो मुझे मजबूरन अधिशासी अभियंता से लेना पड़ेगा। इस बात पर सहायक लेखाधिकारी आशीष कुमार उग्र हो गए मारपीट पर उतर आये।



रविवार को गंगा पार युवाओं ने मस्ती के साथ दिन बिताया

# मां और बेटी के लिए जीआरपी बनी मददगार



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कैंट जीआरपी रविवार क एक वर्ष की नवजात बच्ची व उसकी मां के लिए मददगार साबित हुई, जीआरपी की महिला सिपाही ने ना सिर्फ उक्त महिला को आत्महत्या करने से रोका बल्कि उसे नकदी व जरुरत की वस्तुएं देकर उसे घर के लिए रवाना किया।

कैंट जीआरपी प्रभारी हेमंत सिंह ने बताया कि जांच के दौरान महिला सिपाही मधु कुमार को सूचना मिली कि एक महिला अपने एक वर्ष की बच्ची के साथ आत्महत्या करने की नियत से प्लेटफार्म पर खड़ी है, इसकी सूचना के बाद मौके पर पहुंची महिला सिपाही ने उक्त महिला को जीआरपी थाने ले आयी, भरतपुर वार्ड नंबर 16 नदवई थाना निवासी प्रीति (28) ने बताया कि वह अपने पति विनोद के साथ वाराणसी घूमने आयी थी, घूमने के दौरान उसके पति से उसका कुछ अनबन हुआ और पति उसे छोड़कर कहीं चला गया इससे क्षुब्ध बच्ची के साथ आत्महत्या की योजना बनायी, जीआरपी के लोगों ने महिला को समझा बुझा कर ऐसा ना करने की हिदायत दी, हेमंत सिंह ने बताया कि उक्त महिला को उसके घर भरतपुर तक टिकट, 21 सौ रुपये नगदी सहित नवजात के लिए गर्म कपड़े बैग के साथ रास्ते के लिए जरुरत की वस्तुएं देकर ट्रेन पर बैठाया गया। जीआरपी के कार्य के लिए दिन भर स्टेशन पर चर्चा होती रही।

# सिन्धी युवा समिति का दायित्व ग्रहण समारोह



समारोह में शामिल अतिथिगण

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सन्त कंवर राम सिंधी युवा समिति के 17वें दायित्व ग्रहण समारोह एक होटल में रविवार को अध्यक्ष के रुप में दीपक वासवानी, सचिव के रुप मनोज मुरझानी व कोषध्यक्ष के रुप में प्रमोद शर्मा ने दायित्व ग्रहण किया। सर्वप्रथम समारोह का शुभारम्भ इष्ट देव झूलेलाल साई के चित्र पर माल्यार्पण व दीपप्रज्जवलित कर हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन व विशिष्ठ अतिथि प्रमुख समाजसेवी आरके चौधरी ने समारोह में शिरकत कर संस्था के किए गए सेवा कार्यों की सराहना की। वही युवाओं को समाज हित सहित देश सेवा में योगदान देने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। इसके पूर्व विगत वर्ष की कार्यों की जानकारी निवर्तमान सचिव जय लालवानी दी। अतिथियों का स्वागत निवर्तमान अध्यक्ष सुनील बाध्य ने किया।

# नकली आभूषण देने में दुकानदार पर केस

**कार्रवाई**

## महिला आरक्षी ने खरीदे थे जेवरात, कुछ महीने बाद लगा रंग छोड़ने

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला आरक्षी को नकली आभूषण देने के मामले में जांच के बाद कैंट पुलिस ने आरोपी आभूषण कारोबारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

जानकारी के अनुसार महिला पुलिस आरक्षी कल्पना सिंह निवासिनी प्रेमचन्द्र कालोनी थाना लालपुर पाण्डेयपुर की माने तो 24 फरवरी 22 को अपने लिये एक सोने की सिकड़ी 17.947 ग्राम सहित एक सोने की अंगूठी 2.80 ग्राम चन्द्रा आभूषण भण्डार अर्दली बाजार से खरीदा था। दुकान मालिक पर कृष्णा पर आरोप लगाया कि उसने नकली सोना दे दिया। मामले की जानकारी तब हुई जब कुछ महीने बाद सोने का रंग उतरने लगा। महिला आरक्षी ने सोने की जांच करायी तो पता चला कि सोने की शुद्धता नीचले स्तर की है। दुकानदार ने सारी रसीद भी कच्ची तथा बिना टैक्स की दी थी। कल्पना सिंह जब इसकी शिकायत चन्द्रा आभूषण भण्डार के दुकानदार कृष्णा किया तो उसने बजाय गलती स्वीकार करने के उल्टे ही देख लेने की धमकी देने लगा। कल्पना सिंह ने इस बाबत कैंट थाने में तहरीर दी थी जांच के बाद कैंट थाना पुलिस ने रपट दर्ज कर कार्रवाई तेज कर दी है।



# रैन बसेरों की व्यवस्था चाक चौबंद

**पड़ताल**

## रेलवे स्टेशन व रोडवेज के पास बनाए गए सेल्टर होम का हाल

## बंबई और आस-पास के जनपदों से आए यात्रियों को मिल रही राहत

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** निगम की ओर से ठंड में गरीबों और यात्रियों के लिए शहर में रैन बसेरे बनाए गए हैं। रविवार को की गई पड़ताल में इन रैन बसेरों में चाक चौबंद व्यवस्था देखने को मिली। यह हाल शहर के रेलवे स्टेशनों और रोडवेज के पास बनाए गए अस्थाई व स्थाई रैन बसेरों का रहा। जहां कंबल और गद्दों के साथ तकिये और चादर पर्याप्त मिले। उक्त स्थानों पर अलाव के लिए लाई गई लकड़ियां भी पर्याप्त दिखाई दी।

शहर में 23 रैन बसेरा संचालित किया जा रहा है। जिनमें 12 स्थाई और 11 अस्थाई रैन बसेरे बने हैं, इसमें 2 पुरुष और 2 महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, जबकि दो आश्रय स्थल में परिवार के रोकने के लिए अलग से केबिन बना है। कैंट रेलवे स्टेशन के पास स्थित मालगोदाम पर बनाए गए अस्थाई सेल्टर होम में एक ओर महिलाओं और दूसरी ओर पुरुषों के लिए व्यवस्था की गई है। रविवार को 45 बेड की छमता वाले महिला सेल्टर होम में दो महिलाएं ठहरी थी। जिसमें से एक बंबई से आई महिला निर्मला ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ 1 जनवरी से यहां ठहरी है। जिन्हें बिहार जाना है, जबकि पास में ही 48 बेड की छमता वाले पुरुष अस्थाई सेल्टर होम में 15 पुरुष ठहरे मिले। जबकि कैंट के नहेरु मार्केट स्थित सेल्टर होम में कुल 10 बेड में दो पुरुष मिले जो गाजीपुर से किसी काम के सिलसिले में शहर आए थे। सभी व्यवस्था को लेकर काफी खुश दिखाई दिये। वहीं अलइपुरा सिटी स्टेशन के सामने बनाए गए सेल्टर होम में मऊ से आए चार लोग मिले। जिनमें सोनू कुमार ने बताया कि वह डीआरडीओ का पेपर देने आपने कुछ साथियों के साथ यहां आए थे। होटल का किराया काफी ज्यादा सूनकर उन्होंने रैन बसेरे में रहने का फैसला किया। जिसके बाद दो दिनों से यहीं हैं। बताया कि रैन बसेरे में काफी अच्छी व्यवस्था है। किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। कोई जरुरत होने पर केयरटेकर से बोल देते हैं। यही हाल गोलगड्डा स्थित सेल्टर होम का दिखाई दिया। जहां यात्रियों के ठहरने की उचित व्यवस्था तो दिखी, लेकिन कोई यात्री नहीं मिला।



सीएम के आगमन के मद्देनजर चकाचक दिखे रैन बसेरे



निर्मला



सोनू कुमार

### अलाव तो है पर जलते नहीं

नगर निगम की ओर से सेल्टर होम के बाहर अलाव की व्यवस्था तो कराई जा रही है। लेकिन उन्हें जलाया नहीं जा रहा। रविवार को की गई पड़ताल में कैंट रेलवे स्टेशन, अलइपुरा और रोडवेज के पास लोगों को ठंड से बचाने के लिए बनाए गए सेल्टर होमों के बाहर लगाई गई लकड़ियां नहीं जलती दिखीं। यहां अलाव के लिए पर्याप्त लकड़ियों तो दिखीं लेकिन उन्हें जलाया नहीं गया।

जनसंदेश टाइम्स

**वर्गीकृत**

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**– वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध श्री वशिष्ठ महाविद्यालय बघरी, जमानियां गाजीपुर में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में भूगोल में तीन, गृह विज्ञान में तीन तथा समाजशास्त्र में दो प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। उक्त विषय में एक-एक अतिरिक्त यूनिट की मान्यता हेतु। वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0 रेगुलेशन 2016 एवं वि0वि0 परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्रों की छायाप्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों में भेजें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी। **प्रबंधक**

# रेलवे ने यात्रियों पर चुपके से किया वार

**गरीबों की मुश्किलें**

## कई ट्रेनों में स्लीपर कोच को कम कर लगाया वातानुकूलित कोच

**वाराणसी।** आम लोगों के लिए सस्ती रेल सेवा का दम भरने वाले रेल विभाग ने अब खास लोगों के लिए सोचना शुरू कर दिया है। रेलवे प्रशासन की ओर से कई ट्रेनों के स्लीपर कोच को कम कर वातानुकूलित कोच को बढ़ा देने से गरीब यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं।

पूरे साल हर ट्रेनों में यात्रा के लिए वेटिंग की लंबी लिस्ट देख वैसे ही लोग दलालों के इर्द गिर्द चक्कर लगाते देखे जाते हैं ऐसे में स्लीपर कोच को कम कर वातानुकूलित कोच को लगाने के चलते आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ गयी है। सफर के लिए यात्री अब वातानुकूलित कोच को अधिक तरजीह देने लगे हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एसी कोच में डेढ़ सौ फीसदी वेटिंग टिकट की बुकिंग बढ़ गई है। ऐसे में रेलवे ने जनरल और स्लीपर कोच के डिब्बे बदलकर एसी कोच लगाने शुरू कर दिए हैं। एसी कोच में चलने वाले यात्रियों को सुविधा देने का रेलवे का बहाना जनरल और स्लीपर कोच में यात्रा करने वालों पर भारी पड़ रहा है। एसी कोच अधिक लगने से अधिक पैसा खर्च करके यात्रा करने वालों को राहत मिल रही है। रेलवे को कमाई भी हो रही है, लेकिन कम पैसे खर्च कर यात्रा करने वालों का ट्रेन का सफर मुश्किलों भरा हो गया है। जनरल के कम कोच लगने से उन्हें जैसे-तैसे हालात में यात्रा करनी पड़ रही है। कइयों को यात्रा रद्द कर देनी पड़ रही है।

### पूर्वोत्तर रेलवे की ट्रेनों में कवायद

पूर्वोत्तर रेलवे की तीन जोड़ी लंबी दूरी की ट्रेनों की रेक संरचना में नए नियमों के तहत बदलाव कर दिया गया है। 22 कोच की रेक में अब सात की जगह दो स्लीपर कोच होंगे। एसी थ्री के चार कोच ज्यादा लगाए जा रहे हैं। एलएचबी के 22 कोच वाले रेक की संरचना में बदलाव की गाइड लाइन रेलवे बोर्ड के डायरेक्टर कोचिंग राजेश कुमार ने तीन जून 2022 को जारी की थी।अब इस पर अमल किया गया है।

### इन ट्रेनों में बढ़े एसी कोच

गोरखधाम में एक जनरल कोच की जगह एसी फर्स्ट क्लास

गोरखपुर ओखा एक्सप्रेस में एक सामान्य की जगह एसी फर्स्ट क्लास

भागलपुर जम्मतवी में तीन स्लीपर की जगह तीन एसी कोच

गोरखपुर-जम्मूतवी में एक जनरल की जगह एक फर्स्ट क्लास

गोरखपुर-शालीमार में भी स्लीपर कोच को कम कर एसी कोच



सूचित किया जाता हैं कि मैं हीरालाल अपने दोनों बेटे अजय यादव व जगदीश यादव सभी के सहमति से पारिवारिक बटवारा कर रहे हैं। जिस घर में रह रहे हैं वही उनका हिस्सा है। अपने हिस्से में जहा है वहीं रहेंगे। अपने हिसाब से जीवन यापन करेगा मेरे सुख-दुख से किसी से कोई वास्ता नहीं है और मेरे प्रापर्टी से किसी व्यक्ति का कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। हीरालाल पुत्र स्व0 अयोध्या प्रसाद पता- चरियाही गड़वारा बदलापुर, जौनपुर।



# वाराणसी



# ट्रांसफॉर्मरों पर लगे 96 मॉडम व 58 उपकरण गायब

जितेंद्र श्रीवास्तव/राकेश सिन्हा

**लापरवाही**

**गायब उपकरणों में मीटर बॉक्स, मीटर, सीटी, सीटी बॉक्स आदि शामिल**


**अध्यक्ष ने पूर्वांचल-डिस्कॉम के एमडी को दिये रपट दर्ज कराने के निर्देश**

**मेसर्स एक्सेस इंफोलाइन ने सौंपी रिपोर्ट, यूपीपीसीएल अध्यक्ष खफा**

**पूर्वांचल के विभिन्न जिलों से गायब हुए उपकरण लगे थे ट्रांसफॉर्मरों पर**

**वाराणसी।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. (पूर्वांचल-डिस्कॉम) के छह जोन के अधीन जिलों में लगाये गये 96 मॉडम और 58 (मीटर बॉक्स, मीटर, करंट ट्रांसफॉर्मर (सीटी), सीटी बॉक्स) उपकरण गायब हो चुके हैं। मेसर्स एक्सेस इंफोलाइन की तरफ से उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) को सौंपी गयी रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। इस बात की जानकारी मिलते ही यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एम देवराज ने खासी नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित प्रकरण में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

विभागीय सूत्रों की मानें तो बिजली चोरी रोकने, बिजली आपूर्ति की गणना करने और उसके सापेक्ष राजस्व वसूली करने आदि बिंदुओं को ध्यान में रखकर वितरण ट्रांसफॉर्मरों पर तमाम उपकरण लगाये गये। इन उपकरणों में मॉडम, सीटी, सीटी बॉक्स, मीटर, मीटर बॉक्स आदि प्रमुख है। सीटी का उपयोग करंट की वैल्यू मापने के लिए करते हैं। लेकिन यह क्या? इसकी देखभाल की जिम्मेदारी जिनके कंधों पर थी, उन्होंने बेहद लापरवाही बरती और तमाम वितरण ट्रांसफॉर्मरों से ये उपकरण या तो गायब हो चुके हैं या फिर खस्ताहाल अवस्था में पड़े हुए हैं। इसके चलते न तो बिजली चोरी पर अंकुश लग पा रहा है और न ही



विद्युत आपूर्ति की गणना हो पा रही है। इससे विभाग को जहां लगातार राजस्व हानि उठानी पड़ रही है। वहीं, तमाम कवायद के बावजूद बिजली चोरी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

यूपीपीसीएल सूत्रों के मुताबिक, मेसर्स एक्सेस इंफोलाइन की तरफ से यूपीपीसीएल को जो रिपोर्ट सौंपी गयी है। उसके अनुसार, पूर्वांचल-डिस्कॉम के अधीन वाराणसी, मीरजापुर, प्रयागराज, आजमगढ़, गोरखपुर व बस्ती जोन के तहत आईपीडीएस नगरों (टाउन एरिया) के वितरण ट्रांसफॉर्मरों पर लगाये गये उपकरणों में तमाम जगह या तो गायब हो चुके हैं या फिर खस्ताहाल में हैं।

रिपोर्ट की मानें तो करीब 96 साइटों पर स्थापित मॉडम और 58 साइटों पर लगाये गये मीटर, मीटर बॉक्स, सीटी, सीटी बॉक्स चोरी हो गए हैं। बात मॉडम के गायब होने की करें तो वाराणसी जोन में 10 मॉडम चोरी हो चुके हैं। जबकि मीरजापुर जोन में एक, प्रयागराज जोन में 16, आजमगढ़ जोन में 19, गोरखपुर जोन में 26 और बस्ती जोन में 24 मॉडम गायब हुए हैं।

यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो रिपोर्ट के मुताबिक, आईपीडीएस नगरों के साइटों से मीटर, मीटर बॉक्स, सीटी, सीटी बॉक्स जो चोरी हुए हैं। उसमें वाराणसी जोन में नौ, मीरजापुर जोन में एक, प्रयागराज जोन में 10, आजमगढ़ जोन में छह, गोरखपुर जोन में 21 और बस्ती जोन में 11 उपकरण गायब हुए बताए जाते हैं।

यूपीपीसीएल सूत्रों का कहना है कि अध्यक्ष एम देवराज ने बीते दिनों समीक्षा बैठक में इस रिपोर्ट को लेकर खासी नाराजगी जाहिर की और पूर्वांचल-डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिया कि वे संबंधित अवर अभियंता के माध्यम से इन प्रकरणों में अविलम्ब एफआईआर दर्ज कराएं। यूपीपीसीएल के अध्यक्ष का निर्देश मिलते ही पूर्वांचल-डिस्कॉम प्रबंधन ने समस्त जोन के वितरण इकाई में तैनात संबंधित अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया है वे संबंधित अवर अभियंताओं के माध्यम से अविलंब एफआईआर दर्ज कराते हुए उसकी एक प्रति मुख्यालय को भी प्रेषित करें।

### वितरण ट्रांसफॉर्मर पर लगे मीटर रखते हैं बिजली खर्च का हिसाब

यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो उपभोक्ताओं को दिन-रात लगने वाले बिजली के झटकों से मुक्ति दिलाने और बिजली चोरी रोकने के लिए वितरण ट्रांसफॉर्मर के साथ डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर मीटर लगाए। इसके पीछे की मुख्य मंशा उपकेंद्र और फीडर के जरिए वितरण ट्रांसफॉर्मर को आने वाली बिजली की ऑडिट की जा सके, ताकि बिजली चोरी पकड़ने में आसानी हो। इस मीटर के जरिए इस बात की जानकारी होती है कि संबंधित वितरण ट्रांसफॉर्मर से कितनी बिजली उपभोक्ताओं के घर या प्रतिष्ठान तक पहुंच रही है। ट्रांसफॉर्मर से जुड़े उपभोक्ताओं और उनकी तरफ से लिये गये कनेक्शन (लोड) के सापेक्ष कितनी बिजली चोरी हो रही है। बिजली चोरी तो पकड़ में नहीं आई लेकिन विभाग की अनदेखी से वितरण ट्रांसफॉर्मर के पास लगे मीटर या तो खराब हो गए, या फिर अपनी जगह से गायब हो गए। इतना सब होने के बाद भी विभागीय अधिकारियों ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया। इससे विभाग को राजस्व का नुकसान हो रहा है। विभागीय अधिकारी दावा कर रहे हैं कि उनके स्तर से खराब मीटरों को सही कराने का काम किया जा रहा है।

### बगैर मीटर के नहीं हो पाती विद्युत आपूर्ति की गणना

यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो बगैर मीटर के विद्युत आपूर्ति की गणना नहीं हो पाती है। आमतौर पर वितरण ट्रांसफॉर्मर की आउटपुट लाइन में लोग कटिया लगाकर बिजली चोरी कर लेते थे। ट्रांसफॉर्मर के ऊपर पड़ रहे बिजली भार का पता भी नहीं लग पाता था। जांच के बाद ही इस बात की जानकारी होती थी कि फलां वितरण ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड है। लो-वोल्टेज की समस्या आने पर बिजली भार की जांच की जाती थी। डिजिटल मीटर लगने के बाद इन सभी के बारे में आसानी से जानकारी हो जाती है। मीटर के जरिए ट्रांसफॉर्मर से आपूर्ति पाने वाले घर, प्रतिष्ठानों में कनेक्शन के सापेक्ष कितनी बिजली खर्च हो रही है। इसका पता आसानी से लगाया जा सकता है।

# क्रूज पर्यटकों के स्वागत में पेश करें आतिथ्य की बानगी

**मीटिंग**

**सीएम योगी ने की क्रूज के फ्लैगऑफ, टेंट सिटी और जी20 सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा**

**मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश : राहगीरों व्यापारियों, महिलाओं की सुरक्षा का होना चाहिए पुख्ता इंतजाम**

जनसंदेश न्यूज



मंत्रियों संग सीएम ने अफसरों संग की बैठक

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार की शाम सर्किट हाउस सभागार में आगामी दिनों होने वाले विभिन्न आयोजनों की तैयारियों के बारे में समीक्षा बैठक की। उन्होंने 13 जनवरी को गंगा विलास के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम, जी-20 सम्मेलन से संबंधित तैयारियों की जानकारी लेते हुए सभी आयोजनों को सफलतापूर्ण ढंग से करने के लिए अधिकारियों को आवश्क निर्देश दिये। सीएम ने गंगा विलास क्रूज के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम के बारे में कहा कि यह क्रूज वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर व बलिया होकर बिहार की सीमा में प्रवेश करेगा। सो, प्रत्येक स्थान पर इसकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों। सभी जगह पर्यटकों का स्वागत किया जया। पर्यटक जहां-जहां भी जाएं वहां उन्हें एक साफ सुथरा माहौल मिले। उनके आवागमन के मार्गों पर अतिक्रमण न हो। वाराणसी में उनके स्वागत के तहत आतिथ्य का एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी को गंगा विलास का फ्लैग ऑफ के साथ ही वाराणसी में कार्गो सेवा भी शुरु होगी। इससे संबद्ध समस्याओं को दूर करें। काशी को एक्सपोर्ट हब के रुप में विकसित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने जी-20 शिखर सम्मेलन की बैठकों के बारे में निर्देश दिया कि मीटिंग स्थलों के रूट को अभी से देख लें। विशेषकर नदेसर स्थित एक तारांकित होटल से टीएफसी तक की सड़क पूरी तरह से व्यवस्थित की जाय। वेंडरों के व्यवस्थित पुनर्वास पर भी ध्यान देना होगा। व्यापारियों संग बैठक कर समाधान निकालें। उन्होंने लखनऊ में प्रस्तावित ग्लोबल इंवेस्टर समिट की चर्चा करते हुए कहा कि उस आयोजन से पूर्व स्थानीय व्यापारियों को भी निवेश के लिए प्रेरित करें। जनप्रतिनिधि व्यापारियों के साथ बैठक कर स्थानीय निवेश के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें।

मीटिंग के आरंभ में मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने जी20 के आयोजन से संबद्ध जिला प्रशासन की तैयारियों का पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन किया। उसके बाद 13 जनवरी को क्रूज गंगा विलास के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों बतायीं। साथ ही 17 से 20 जनवरी तक होने वाले बैलून फेस्टिवल और बोट रेसिंग के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया। एडीजी जोन ने क्रूज की यात्रा के दौरान उसकी सुरक्षा के व्यापक इंतजामों की जानकारी दी।

मीटिंग में जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, विधायकत्रय डॉ. नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव एवं डॉ. अवधेश सिंह अदि भी रहे।

### दुर्व्यवहार मामले में क्यों नहीं हुई कार्रवाई?

मीटिंग में सीएम ने कानून व्यवस्था के बारे में निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा का एक बेहतरीन माहौल होना चाहिए। बीते शनिवार को एक महिला के साथ हुए दुर्व्यवहार पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर से कार्यवाही की प्रगति के बारे में पूछताछ की। साथ ही अपराधी पकड़े न जाने पर नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जो कि एक नजीर बने। उन्होंने कहा कि राहगीरों, व्यापारियों तथा महिलाओं की सुरक्षा का पूरा पुख्ता इंतजाम होना चाहिए।

### टेंट सिटी एक अच्छा प्रयास

समीक्षा बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ ने निर्माणाधीन टेंट सिटी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे बहुत से लोगों को रोजगार मिलेगा। यह एक अच्छा प्रयास है। उन्होंने कहा कि जो भी इवेंट होने हैं उनकी तैयारी अभी से पूर्ण कर ली जाएं। सभी कार्य जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर हो।

### योगी ने यह निर्देश भी दिए

बीते बारिश में क्षतिग्रस्त वरुणा नदी की रेलिंग को जल्द दुरुस्त कराएं। सभी सड़कें अच्छी हों। मार्गों को अनावश्यक खोदा न जाए। सभी महकमे आपसी तालमेल से कार्य करें। स्पीड ब्रेकर टेबल टॉप बनाएं। ट्रैफिक की समस्या का स्थायी समाधान निकालें।

### ठंड में खुले में न सोए कोई : सीएम

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार की शाम नगर निगम के रैन बसेरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर प्रवास कर रहे लोगों का हालचाल लिया। उनका कुशलक्षेम पूछते हुए रैन बसेरा की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। लोगों ने रैन बसेरा की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।



इस अवसर पर सीएम ने वहां उपस्थित अफसरों को निर्देश दिया कि ठंड के मौसम में कोई भी व्यक्ति खुले में सोते हुए न पाया जाय। रैन बसेरों में बिस्तर एवं कंबल आदि का समुचित प्रबंध हो। साथ ही शौचालय और साफ-सफाई का समुचित व्यवस्था रहे। रैन बसेरों में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने गरीबों और जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किये।

## बाबा का मुख्यमंत्री ने किया पूजन-दर्शन

**वाराणसी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार की शाम श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने बाबा का दर्शन पूजन कर प्रदेश वासियों के लिए लोक कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री नाव से ललिता घाट पहुंचे। वहां पर उतरने के पश्चात मुख्यमंत्री श्री काशी विश्वनाथ धाम होते हुए मंदिर परिसर पहुंचे। गर्भगृह में जाकर मुख्यमंत्री ने बाबा श्री काशी विश्वनाथ का षोडशोपचार पूजन किया। इस दौरान मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं, पुजारियों व कर्मचारियों हर हर महादेव का जयकारा लगाया जा रहा था। पूजन के पश्चात मंदिर के ट्रस्टी पं दीपक मालवीय, वेंकट रमन घनपाठी, मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा और मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र, प्रसाद, रुद्राक्ष की माला भेंट किया। मुख्यमंत्री के इस पूजन अर्चन के दौरान मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, नीलकंठ तिवारी, दया शंकर सिंह, सौरभ श्रीवास्तव ओएसडी उमेश कुमार सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक निखलेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## दिन में राहत पर शीतलहरी से छुटकारा कतई नहीं

जनसंदेश न्यूज

**मौसम**

**धूप खिलने के बाद शाम ढलते ही बढ़ जा रही गलन**

**वाराणसी।** रविवार को सुबह मौसम कंपकंपी देने वाला रहा। लेकिन पूर्वाह्न बाद धूप निकली तो थोड़ी राहत मिली। हालांकि धूप की गर्मी में शनिवार वाला ओज नहीं रहा।

बावजूद इसके सर्दी से राहत मिलने वाला सुकून नजर आया। लेकिन अपराह्न बाद धूप छटते ही शीतलहरी ने समूचे जिले को फिर से अपनी आगोश में ले लिया। शाम के बाद गलन इस कदर बढ़ी कि घर, प्रतिष्ठान से बाहर निकलते ही ऐसा लगा जैसे किसी ने बदन को भेद दिया हो। गलन ने कहर बरपाना शुरू कर दिया था।

नए साल के पहले दिन से ही मौसम का मिजाज तेजी से बदला। शुरूआती चार दिन तक तो धूप भी नहीं हुई और गलन अधिक लग रही थी। रविवार को भी धूप निकली, लेकिन शनिवार वाली गर्मी नहीं थी। फिर भी लोगों ने निकली धूप का आनंद लिया। मोहल्ले और कॉलोनियों में लोगों ने घर की छतों और तमाम लोगों ने पार्क, गंगा घाटों पर लोगों ने धूप सेंका। बच्चे तो पतंग उड़ाने में मगशूल नजर आए। मानों उनके लिए सर्दी कोई मायने नहीं रखती। शाम ढलते ही हवाओं ने जोर पकड़ा तो शीतलहरी ने अपना रंग दिखाया।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अभी तीन-चार दिन तक ऐसे ही मौसम बने रहने की संभावना है। उत्तर पश्चिमी हवाएं भी चलती रहेंगी, इस वजह से तापमान में उतार-चढ़ाव भी देखने को मिल सकता है।

# किसानों तक जल्द पहुंचाएं खेती की नई तकनीकें

**भ्रमण**

**केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने आईआईवीआर का दौरा कर किया आह्वान**

जनसंदेश न्यूज



केंद्रीय कृषि एवं किसानकल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को शहंशाहपुर स्थित आईआईवीआर का दौरा किया

**वाराणसी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कृषि वैज्ञानिकों को विकसित तकनीकों से उगायी जाने वाली फसलों की खेती के गुर जल्द से जल्द किसानों तक पहुंचाने का आह्वान किया है। उन्होंने गर्मी के मौसम में उगाए जाने वाले टमाटर की किस्म 'काशी अद्भुत' तथा 'ब्रिमाटो' और 'पोमेटो' के लिए भी इस प्रकार पहल करने को कहा है। साथ ही ज्यादा से ज्यादा किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने पर बल दिया है।

श्री तोमर रविवार को शहंशाहपुर स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान यानि आईआईवीआर के भ्रमण के दौरान यह कहा। इस मौके पर उन्होंने संस्थान की कई परियोजनाओं से जुड़े गांवों के किसानों के साथ संवाद किया। कृषकों ने संस्थान के प्रोजेक्ट्स से प्राप्त बीज, ट्रेनिंग, प्रक्षेत्र भ्रमण और संस्थान के वैज्ञानिकों की ओर से कृषि संबंधी समस्याओं के निदान को सराहा। उन्होंने आईआईवीआर से जुड़ने के बाद हो रहे लाभ के बारे में बताया।

इसी क्रम में श्री तोमर ने संस्थान के शोध क्षेत्र का भ्रमण कर गाजर, टमाटर, मिर्च, मटर, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, ग्राफ्टिंग आदि के तहत विकसित तकनीकों की जानकारी ली। उन्होंने आईआईवीआर के कार्यों की प्रशंसा की। भ्रमण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने एफपीओ के प्रतिनिधियों को संस्थान में विकसित तकनीकों का लाभ लेकर अपनी आय में वृद्धि करने का आह्वान किया। मौके पर संस्थान निदेशक डॉ. तुषारकांति बेहेरा ने भारत में सब्जी उत्पादन बढ़ाने में आईआईवीआर की भूमिका के बारे में जानकारी दी।

फसल उन्नयन संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पीएम सिंह ने किसानों की जरूरतों के मुताबिक रिसर्च का भरोसा दिया।

## धूमधाम से मना सन वैली स्कूल का वार्षिकोत्सव



**बड़ागांव।** भोमी गांव स्थित स्थित सन वैली पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्स धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि सकलडीहा के विधायक सुशील कुमार सिंह,अजगरा के विधायक त्रिभुवन राम एवं पूर्व सासंद विद्यासागर सोनकर ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्जवलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। उन्होंने विद्यालय के अनुशासन तथा परीक्षा परिणाम की प्रशंसा करते हुए बच्चों के जीवन में नैतिक मूल्यों के विकास पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य उदय प्रताप आटोनामस कॉलेज के धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने विद्यालय में संपन्न हुई वार्षिकोत्स से अवगत कराया। विद्यालय के छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। समारोह को सुजीत सिंह पूर्व अध्यक्ष जिला विकास परिषद, आलोक सिंह निदेशक आलोक हॉस्पिटल, डॉक्टर तेज बहादुर सिंह कृषि के पूर्व डीन संकाय उदय प्रताप ऑटोनॉमस कॉलेज, अखंड प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रतिनिधि महेंद्र नाथ पांडे कैबिनेट मंत्री, दिनेश नारायण मुंबई विकास सिंह प्रबन्धक सन वैली पब्लिक स्कूल, संदीप सिंह भी संबोधित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्या ममता कुमार सिंह ने विद्यालय के वार्षिक रिपोर्ट द्वारा विद्यालय की गतिविधियां तथा उपलब्धियों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। सुमित सिंह, जयशंकर पांडेय, मनोज कुमार सिंह, अल्पना सिंह आदि उपस्थित थे।

## साढ़े तीन लाख के पैकेज पर शीएट कालेज के 49 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

**चांदमारी।** सरस्वती उच्च शिक्षा व तकनीकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय (शीएट) गहनी के स्नातक छात्रों के चयन के लिए कैंपस साक्षात्कार आयोजित किया गया। इसमें बीकाम, बीए तृतीय वर्ष के सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया। पेटीएम कंपनी ने साढ़े तीन लाख के पैकेज पर 49 छात्रों का चयन किया। इस मौके पर महाविद्यालय के निदेशक नवीन कुमार सिंह ने चयनित छात्रों के भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य संतोष कुमार सिंह ने पेटीएम वाराणसी के सिटी हेड अभिषेक यादव, रिजनल मैनेजर व्यंकटेश श्रीवास्तव व एरिया मैनेजर शुभम सिंह का बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर विनय कुमार सिंह, प्लेसमेंट हेड विनय भक्तउला, अरविंद कुमार, अजीत सिंह, सूर्यकांत द्विवेदी आदि मौजूद थे।



# कोहरे ने सेमी हाई स्पीड की भी रोकी रफ्तार

**समस्या**

**पांच घंटे देरी से कैंट स्टेशन पहुंची वंदे भारत, अन्य ट्रेनें भी लेट**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** साल के पहले ही दिन से हाड़ कपा देने वाली ठंड से लोगों के जीवन पर विपरित प्रभाव पड़ने लगा है, इसका असर ट्रेन व विमान पर भी साफ देखा जा रहा है। परिचालन में बाधक बन रहे कोहरे के चलते भारत की सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत की रफ्तार भी धीमी पड़ गयी है।

रविवार को इस वंदे भारत कैंट स्टेशन पर लगभग छह घंटे देरी से पहुंची, इसके साथ ही पांच घंटे देरी से गंतव्य रवाना हुई, सफर के लिए ट्रेन के निर्धारित समय पर कैंट स्टेशन पहुंचे यात्री पांच घंटे तक ठंड में परेशान होते दिखे। इसके साथ ही 13414 फरक्का एक्स्प्रेस 5.16 घंटे, 12328 उपासना एक्सप्रेस 6.45 घण्टे, 12562 स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस 11.32 घण्टे, 12238 बेगमपुरा एक्सप्रेस 6.46 घंटे,22428 भिरगू एक्सप्रेस 8.28 घण्टे, 13430 आनंद विहार मालदा टाउन साप्ताहिक एक्सप्रेस 6.40 घण्टे, 12354 लालकुआ -हावड़ा एक्सप्रेस चार घण्टे, 19321 इंदौर- पटना एक्सप्रेस 3.14 घण्टे, 14854 मरुधर एक्सप्रेस 3.25 घण्टे लेट, 13006 अमृतसर -हावड़ा एक्सप्रेस 3 घंटे, 15232 गोंदिया- बरौनी एक्सप्रेस 4.22 घंटे, 15018 काशी एक्सप्रेस 3.39 घण्टे,11061 पवन एक्सप्रेस 2.38 घण्टे देरी से कैंट स्टेशन पहुंची।


### विमान भी हुए प्रभावित, यात्रियों को परेशानी

**600 मिटर रही दृश्यता दो बजे तक हवा में चक्कर लगाते रहें विमान**

बाबतपुर। हवाई अड्डे पर रविवार को सुबह से दोपहर तक दृश्यता काफी कम हो गयी इस वजह से अन्य शहरों से वाराणसी हवाई परीक्षेत्र में पहुंचे विमान रनवे पर उतरने के बजाय हवा में ही कई चक्कर काटते रहें, दृश्यता सामान्य न होने पर नजदीकी हवाई अड्डे पर डायवर्ट हो गए। दिल्ली मुम्बई और हैदराबाद से उड़ान भरकर अपने निर्धारित समय पर वाराणसी पहुंचे चार विमान घण्टों हवा में ही चक्कर लगाते रहें। दोपहर 12 बजे तक हवाई अड्डे पर दृश्यता लगभग 600 मीटर ही रहा रनवे पर विमान को उतरने के लिए 900 मीटर दृश्यता की आवश्यकता होती है। इससे कम दृश्यता होने पर विमान को रनवे पर उतरने में असुविधा होती है।

### डायवर्ट रहे विमान

इंडिगो 6ई 915 हैदराबाद से उड़ान भरकर अपने निर्धारित समय पर वाराणसी हवाई परिक्षेत्र में पहुचा दृश्यता कम होने की वजह से विमान हवा में करीब एक घण्टे चक्कर लगाने के बाद कोलकाता के लिए डायवर्ट हो गया। दूसरा विमान 6ई 6543 मुम्बई से वाराणसी पहुचा हवा में कई चक्कर लगाने के बाद लखनऊ के लिए डायवर्ट हो गया वही तीसरा विमान गो फर्स्ट जी8, 381 मुम्बई से उड़ान भरकर वाराणसी हवाई परीक्षेत्र में चक्कर लगाने के बाद रांची के लिए डायवर्ट हो गया।इसी तरह बेंगलुरु 6ई 897 हवा में कई चक्कर लगाने के बाद लखनऊ के लिए डायवर्ट हो गया। पांचवा विमान 6ई 6361 दिल्ली वाराणसी न उतरकर लखनऊ डायवर्ट हो गया।



### निरस्त व विलम्बित रहे विमान

हवाई अड्डे से हैदराबाद, अहमदाबाद मुम्बई, दिल्ली, बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने वाले पांच विमान निरस्त रहे वही कुछ विमान अपने निर्धारित समय की अपेक्षा विलम्ब से पहुंचे। यात्री और उनके परिजन विमानों का परिचालन बाधित होने से हवाई अड्डे पर काफी परेशान दिखे।







# वीडीए का नाम कटवाकर अपना नाम दर्ज कर ही मानेंगे

## मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर योजना के खिलाफ बैरवन में हुई 'किसान महापंचायत'

**किसानों की हुंकार**

**चरणबद्ध आंदोलन के लिए तय की गयी रणनीति, समितियां गठित कर सौंपी कई जिम्मेदारी**

**लगाया आरोप : किसानों की कीमती भूमि पुराने मुआवजे पर ही लूटने की हो रही कोशिश**





महनसराय ट्रांसपोर्ट नगर के विरोध में रविवार को बैरवन में चार गांवों के कृषकों ने किसान महापंचायत कर आंदोलन की हुंकार भरी

**रोहनिया।** मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर योजना के विरोध में रविवार को बैरवन में 'किसान महापंचायत' हुई। उसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की हिस्सेदारी भी रही। इस मौके पर वक्ताओं ने 'करो या मरो' का संकल्प लेकर आंदोलन तेज करने की हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि योजना से किसानों की जमीन मुक्त करने के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी गयी थी। उसमें तय हुआ था कि ट्रांसपोर्ट नगर कहीं और बनाकर किसानों की स्थानीय जमीनों का अधिग्रहण नहीं होगा। लेकिन शासन-प्रशासन दोबारा किसानों की कीमती जमीन 20 वर्ष पूर्व आवंटित मुआवजे के आधार पर आधार पर लूटने की कोशिश कर रहा है।

महापंचायत में मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर योजना से प्रभावित बैरवन, मोहनसराय, कन्नाडाड़ी और मिल्कीचक के दर्जनों महिला-पुरुष किसान फरसा, खुरपी, फावड़ा, कुदाल आदि लेकर शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन के तानाशाही रवैया अपनाते हुए दमनात्मक नीति पर उतारू है। उन्होंने कहा कि 20 साल से लंबित किसान विरोधी इस स्कीम को भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास कानून 2013 की धारा 91(1) के तहत निरस्त करने का शासन स्तर पर रद्द करने व किसानों की जमीन डिनोटिफाई करने के लिए प्रक्रिया चल रही है। उसके बावजूद पुनः इन्हीं गांवों पर जिला प्रशासन जबरन कब्जा करने की तैयारी में है।

उन्होंने कहा कि चिह्नित चार गांवों में ट्रांसपोर्ट नगर बसाने के तुगलकी फरमान के खिलाफ प्रत्येक स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि अपना हक अधिकार लेकर पुश्तैनी बहुफसली जमीन से वाराणसी विकास प्राधिकरण का नाम कटवाकर अपना नाम चढ़वाकर ही मानेंगे। किसान संघर्ष समिति के संरक्षक विनय शंकर राय 'मुन्ना' की अध्यक्षता में संचालन में अपना दल प्रदेश महासचिव गगन प्रकाश यादव ने किया। इस मौके पर कांग्रेस के संजीव सिंह, अद जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल, 'आप' के कैलाश पटेल, रमाशंकर पटेल, पल्लवी वर्मा, डॉ. संजय पटेल, अखिलेश पांडेय, अरविंद पटेल, प्रवेश कुमार वर्मा, अब्दुल रकीब, सामाजिक कार्यकर्ता पवन दुबे, संजय यादव, दिनेश पटेल, बाबाराम पटेल वगैरह थे।

**यह होंगे चरणबद्ध कार्यक्रम**

प्रथम चरण में सोमवार से आगामी रविवार तक जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदार राजनीतिक दल के पदाधिकारियों, शासन-प्रशासन से वैधानिक सहमति के लिए सहयोग की अपील करेंगे। दूसरे चरण में तहसील एवं जिला मुख्यालय का घेराव होगा। तीसरे चरण में किसानों के हक-अधिकार में असहयोग करने वाले जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के लिए संबंधित गांवों में 'नो इंट्री' बोर्ड लगाएंगे। साथ ही संबंधित चारों गांवों के राजनीतिक दलों के पदाधिकारी एवं सदस्य सामूहिक त्याग-पत्र देंगे। चौथे चरण में हाईकोर्ट या सुप्रीमकोर्ट में भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के आधार पर नयी याचिका दाखिल की जाएगी। पांचवें एवं अंतिम चरण में 'करो मरो' का संकल्प लेकर जिला मुख्यालय पर 'घेरा डालो डेरा डालो' मुहिम चलाएंगे। जिसके तहत किसान अपने घरों पर ताला लगाकर सपरिवार चूल्हा-चौकी और पालतू जानवरों के साथ बेमियादी आमरण अनशन पर बैठेंगे।

### दिया सात दिन का अल्टीमेटम

सुप्रीमकोर्ट या हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में प्रशासन एवं किसान के प्रतिनिधि की पैरोकारी में खुली अदालत लगाकर वैधानिक निर्णय लिया जाय। किसान महापंचायत में वक्ताओं ने चेताया कि यदि एक सप्ताह में वैधानिक प्रक्रिया के लिए शासन-प्रशासन कृषकों संग सौहार्दपूर्ण वार्ता नहीं की तो चरणबद्ध आंदोलन सड़क से सदन तक होगा।

### समितियां की गईं गठित

महापंचायत के दौरान आंदोलन के लिए कई समितियां गठित की गयीं। जिनमें मोहनसराय किसान संघर्ष संरक्षक मंडल, मार्गदर्शक मंडल, महिला मोर्चा, निगरानी मोर्चा का गठन हुआ। समितियों में मेवा पटेल, दिनेश तिवारी, प्रेम शाह, लाल बहादुर पटेल, अवधेश प्रताप वर्मा, डॉ. सुरेंद्र पटेल, संजय पटेल, हृदय नारायण उपाध्याय, जय प्रकाश मिश्र व बच्चा गुरु आदि सम्मिलित किये गये।

# गुजरातियों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव



**वाराणसी।** काशी में रह रहे गुजराती समाज के लोगों ने रविवार को गुजरात की तर्ज पर गंगा पार रेती पर अन्तर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव का आनंद लिया। प्रत्येक वर्ष इस आयोजन को काशी में रह रहे गुजराती समाज के लोग धूमधाम से मनाते हैं।

बजड़ों व नावों के सहारे लोग गंगा पार पहुंचे और गुजरात व काशी के लजीज व्यंजनों को लुत्फ उठाते हुए पतंग बाजी की, सैकड़ों की संख्या में रेती पर पहुंचे लोगों ने इस ठंड में भी महोत्सव का पूरा लुत्फ उठाया। बच्चों ने घुड़ सवारी, ऊंट की सवारी का आनंद लिया। सभी ने गंगा की स्वच्छता का संकल्प भी लिया। संयोजक रोशन गुजराती ने बताया कि यह कार्यक्रम गुजरात के दर्ज पर प्रतिवर्ष मनाया जाता है जिसका इंतजार बनारस में रह रहे गुजराती समाज के लोग वर्ष पर्यन्त करते हैं। इस दौरान अध्यक्ष अनिल शास्त्री एवं मंत्री दिनेश बजाज, आलोक पारिख, जगदीश पटेल, लोकेश गुप्ता, नीरज पारिख आदि थे।

## सामाजिक कुरीतियों को मिटाने को हुआ श्रीकृष्ण जन्म : अमरेश्वरानन्द

**वाराणसी।** श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं बहुत ही अद्भुत व अलौकिक है। सज्जनों को निष्काम कर्म की प्रेरणा देकर उन्हें परमानन्द की अनुभूति कराती है तो वहीं दूसरी ओर दुष्टों के नाश के लिए अनेकों प्रकार की लीलाएं की है। समाज में धर्म की स्थापना एवं सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए परमात्मा श्रीकृष्ण का जन्म हुआ है। उक्त विचार कथा मर्मज्ञ स्वामी अमरेश्वरानन्द के हैं जो वे रविवार को मदरवां,मुरारी चौक, सामनेघाट स्थित कामदगिरि वाटिका में श्रीकृष्ण प्राकट्य एवं उनकी बाल लीलाएं प्रसंग में संगीतमय भागवत कथा में व्यक्त किया। उन्होंने भगवान की बाल लीलाएं माखन चोरी गोपियों संग नटखट लीला, गोवर्धन पर्वत को धारण करना, इंद्र का मान मर्दन सहित अनेक लीलाओं का वर्णन किया। प्रारम्भ में व्यास पीठ का पूजन आरती सतीश कुमार अनिल तिवारी व विद्यासागर सिंह ने किया। मौके पर काफी संख्या में महिला पुरुष भक्त उपस्थित रहे।

# बुजुर्गों के प्रति स्वास्थ्य विभाग हो गम्भीर

**मांग**

**बुजुर्गों ने बैठक कर निःशुल्क हेल्थ चेकअप कार्ड बनाने की मांग की**



**वाराणसी।** बुजुर्गों के स्वास्थ्य के प्रति स्वास्थ्य विभाग को और चैतन्य करने के उद्देश्य से रविवार को सीनियर सिटीजन ट्रस्ट ऑफ इंडिया की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें सभी बुजुर्ग पदाधिकारियों ने सरकार से मांग किया कि उम्र के इस पड़ाव पर बुजुर्गो के स्वास्थ्य के प्रति सरकार को और गंभीर होना होगा।

सिगरा स्थित एक लॉन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत सैगल ने कहा कि सरकार के द्वारा बुजुर्गों के लिए बहुत कोई खास रियायत नहीं दी जा रही है। जिन बुजुर्ग लोगों ने लगभग चार दशक तक इनकम टैक्स दिया है, उनका कर का अंश भी देश की अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहा है, बावजूद इसके उनके स्वास्थ्य के प्रति सरकार गंभीर नहीं है।

मांग किया कि इस संदर्भ में बुजुर्गो के लिए सरकार की ओर से हेल्थ चेकअप कार्ड जारी किया जाए ताकि उन्हें समय-समय पर अपने स्वास्थ्य के लिए इधर-उधर भटकना ना पड़े। इसके साथ ही कहा कि हर जिले के हॉस्पिटल में बुजुर्गों के लिए एक अलग कमरा हो, जहां सीनियर सिटीजन का फ्री चेकअप हो सके। साथ ही यह भी बात की गई कि बुजुर्ग लोग ही ज्यादातर ब्लड प्रेशर से, डायबिटीज से, हृदय रोग से और कैंसर आदि जैसे रोग से पीड़ित हैं।

उनको सस्ते दर पर दवाई उपलब्ध होनी चाहिए। संरक्षक पद्मश्री डॉ सरोज चूड़ामणि ने कहा कि रेलवे में सीनियर सिटीजन को मिलने वाली छूट को फिर से चालू किया जाए, राष्ट्रीय महासचिव रश्मि बी. गाभावाला ने धन्यवाद प्रकाश किया। बैठक में बैठक में आशीष बसाक, प्रो. आनंद कुमार, डॉ. आनंद गुप्ता, डॉ. आनंद शर्मा, डॉ. अनिल ओहरी, सुबोध अग्रवाल, अरुण सर्राफ, राम मोहन पाठक, राम मोहन अग्रवाल, राकेश टंडन, डॉ. एस.के. उपाध्याय, विमल मेहरा, कृपा शंकर मणि त्रिपाठी, डॉ. रीता त्रिपाठी, डॉ. परेशपति त्रिपाठी, डॉ. राकेश मजूमदार आदि थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में सीए विद्यार्थियों का धमाल

**तक्षक-2023**

**चार्टर्ड एकाउंटेंट वाराणसी शाखा का आयोजन, विजेताओं को पुरस्कार**

**फाइनेंसियल रिपोर्टिंग में एक्सीलेंस आईसीएआई अवार्ड 20 जनवरी को**

**जनसंदेश न्यूज**



तक्षक-2023 समारोह को संबोधित करते अध्यक्ष सोमदत्त रघु

**वाराणसी।** दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया नई दिल्ली की वाराणसी शाखा की तरफ से आयोजित 'तक्षक-2023' के तहत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सीए विद्यार्थियों ने जमकर धमाल मचाया। गीत-संगीत-नृत्य की प्रस्तुति कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मुख्य अतिथि आयकर विभाग के डिप्टी कमिश्नर देवेंद्र दत्त यादव ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि रिसर्च कमेटी आईसीएआई नई दिल्ली की ओर से 20 जनवरी को हरहुआ स्थित एक लॉन में फाइनेंसियल रिपोर्टिंग में एक्सीलेंस के लिए ग्रैंड सेरेमनी अवार्ड का आयोजन किया जा रहा है। स्वागत करते हुए शाखा अध्यक्ष सोमदत्त रघु ने बताया कि कार्यक्रम में भारत के विभिन्न सेक्टरों में वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृट प्रदर्शन करने वाली कंपनियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जायेगा। समारोह में पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र श्रीवास्तव, नवनीत रत्न पाठक, आलोक श्रीवास्तव, अरविन्द विश्वकर्मा, रमेश सिंह, संतोष चौरसिया, मनीष चौरसिया, ध्यानचंद शर्मा आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाखा सचिव सौरभ कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष कमलेश कुमार अग्रवाल, ब्रजेश जायसवाल, शिशिर उपाध्याय, रवि सिंह, अतुल सेठ, विश्वजीत सिंह, जमुना शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## बिना भक्ति, ज्ञान और कर्म की कोई सार्थकता नहीं: वेदांती

**वाराणसी।** श्रीराम मंदिर, गुरूधाम कालोनी में जगद्गुरु श्री रामानन्दाचार्य की जयंती के उपलक्ष्य में समायोजित श्रीमद् भक्तमाल कथा के प्रथम दिवस में स्वामी डॉ. रामकमलदास वेदांती महाराज ने श्रीमद् भक्तमाल के महत्व तथा स्वरूप का विवेचन करते हुए कहा कि व्यक्ति कितना भी वेद शास्त्रों में निपुण हो जाए किन्तु यदि उसके जीवन में भक्ति का समावेश नहीं होता है तो ज्ञान व कर्म की कोई सार्थकता नहीं है। प्रभु की पावन भक्ति को भक्तों के आदर्श चरित्रों को श्रवण व मनन करके ही जीवन में उतारा जा सकता है। इसलिए हमें गोस्वामी नाभा दास महाराज द्वारा रचित श्रीमद् भक्तमाल का पठन व चिंतन करना चाहिए। उसे विचारों की वाणी में सुरक्षित रख कर सत्संग रूपी पानी से निरंतर सींचता रहें ताकि भक्ति मुरझाएं नहीं। सुर दुर्लभ मानव जीवन सत्कर्म करते हुए भगवत भक्ति के द्वारा मोक्ष प्राप्त करने के लिए ही मिला है।

# स्वनिधि योजना पर विचार विमर्श संगोष्ठी



**वाराणसी।** सिगरा स्थित नगर निगम कर्मचारी संघ भवन में रविवार को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना पर विचार विमर्श संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति सचिव अभिषेक निगम ने कहा कि जी20 सम्मेलन व स्वच्छता सर्वेक्षण में काशी को प्रथम स्थान दिलाने में हर फेरी पटरी व्यवसायियों की भूमिका निर्णायक साबित होगी। हमें अपने शहर को साफ सुथरा रखने के लिए हर स्ट्रीट वेंडर को अपने रेहड़ी पटरी के आगे डस्टबिन रखकर साफ सफाई रखना है, बताया कि प्रधानमंत्री स्व निधि योजना की तीसरी किस्त 50000 का आवेदन कर बैंक से आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। लहरतारा-चौकाघाट ओवरब्रिज के नीचे बने नाइट मार्केट में फेरी पटरी वालों को शत प्रतिशत स्थान आवंटित किए जाने से रेहड़ी पटरी व्यवसायी काफी उत्साहित है। संगोष्ठी में प्रकाश कुमार, अनिल कुमार, मनोज कुमार, समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर सिन्हा, अनमोल निगम, रामचंद्र प्रजापति, नूर मोहम्मद, विजय, सुभाष, वकील, विकास, कमलेश, अर्चना चंदवानी, शीला देवी, कुंती देवी, पार्वती देवी, मुन्नी देवी, चांदनी आदि उपस्थित थे।

# ठंड में बच्चों के लिए न्यूमोनिया बन सकता है घातक : डॉ. ओपी

**जानकारी**

**चिकित्सकों ने कहा, अधिक समस्या होने पर चिकित्सक से लें सलाह**



**वाराणसी।** हाड़ कपां देने वाली यह ठंड सबसे ज्यादा छोटे बच्चों के लिए घातक है, इस मौसम में बच्चों में न्यूमोनिया की शिकायत बढ़ जाती है। उचित देखभाल ना होने के चलते बच्चों के स्वास्थ्य पर कभी-कभी विपरीत प्रभाव पड़ता है। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) वाराणसी के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ फिजिशियन डॉ.ओपी सिंह ने बताया कि जनवरी के प्रथम दिन से ही हाड़ कपा देने वाली ठंडक ने दस्तक दिया है इस शीत लहर का प्रभाव सीधे छोटे बच्चों पर पड़ रहा है जिससे न्यूमोनिया होने का खतरा बना रहता है।

**क्या है न्यूमोनिया :** डॉ. ओपी सिंह बताते हैं कि बच्चों में न्यूमोनिया मुख्य रूप से बैक्टीरिया और वायरस के द्वारा होता है। न्यूमोनिया में फेफड़ों में सूजन की स्थिति बन जाती है इस सूजन को न्यूमोनाइटिस कहा जाता है। न्यूमोनिया का मुख्य कारण स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया नामक बैक्टीरिया होता है। एवं वायरस के रूप में राइनोवायरस प्रमुख होता है। न्यूमोनिया के मुख्य लक्षणों में खांसी, सांस लेते समय सीने में दर्द, बुखार का आ जाना, खांसी के साथ बलगम भी आ सकता है। बच्चों को शीतकाल के समय निमोनिया की संभावना अधिक रहती है अतः बच्चों को ठंड ना लगे इसके लिए अक्सर प्रयास करते रहना चाहिए। ऐसी स्थिति में लापरवाही ना कर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए।

## इग्नू में प्रवेश के इच्छुक 31 तक करें आवेदन

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ इग्नू अध्ययन केंद्र के कार्यवाहक समन्वयक व सहायक समन्वयक डॉ. वरुण कुमार ने रविवार को बताया कि इग्नू अध्ययन केंद्र 48046 द्वारा आयोजित पाठयक्रमों में आवेदन की तिथि घोषित हो गई है। 31 जनवरी तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा। जिसमें स्नातकोत्तर विषय एमएसडब्ल्यू, एमएसके, एमईजी, एमपीएस, एमएचडी, एमएसओ आदि और प्रमाण पत्र पाठयक्रमों में सीडीएम, सीएचआर, सीएफएन, सीबीएस, सीआरडी, पीजीडीसीएफटी, पीजीसीएल और पीजीजेएमसी विषयों में ऑनलाइन आवेदन करने की तारीख 31 जनवरी तक है, इनमें इग्नू की वेबसाइट से ऑनलाइन माध्यम से आवेदन होगा। पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन के लिए विद्यार्थियों को क्षेत्रीय केंद्र कोड 48 (वाराणसी) और इग्नू अध्ययन केंद्र 48046 (महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी) का चुनाव करना होगा। जानकारी के लिये छात्र-छात्राये ईमेल या कार्यालय सहायक अनूप कुमार दुबे के नंबर 7905682323 पर संपर्क कर सकते हैं।

# श्रुति डे ने सरोद पर सुनाया राग दुर्गा



**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह-ए-बनारस के तत्वावधान में रविवार को सायंकाल 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अमेरिका से आई शोध युवा कलाकार व भौतिक विज्ञान की शोध छात्रा सुश्री श्रुति डे ने सरोद वादन की सुमधुर प्रस्तुति दी। उनके साथ युवा तबला वादक कृष्णा कुमार उपाध्याय ने संगत की। श्रुति ने सरोद वादन का आरंभ राग दुर्गा में आलाप के साथ विलंबित तीन ताल में निबद्ध गत से किया। तत्पश्चात राग रागेश्री में मध्यलय में अद्धा ताल में निबद्ध बंदिश सुनायी। द्रुत तीन ताल में अभिव्यक्त झाला से अपने वादन का समापन किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं कलाकार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांस्कृतिक संध्या की संकल्पना और संयोजन डॉ रत्नेश वर्मा तथा संचालन श्रीमती ललिता शर्मा ने किया।

## पंचदेव मंदिर की मरम्मत व देखभाल को समिति गठित

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी के निर्देश पर परिसर स्थित अत्यंत पुराने पंचदेव मंदिरों की मरम्मत एवं देखरेख तथा इसके व्यवस्था को संपादित करने के लिए रविवार को एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया। जिसमें कुलपति- पदेन अध्यक्ष, मुख्य सदस्य सचिव रमन तिवारी के साथ मुख्य सदस्य सचिव, प्रसिद्ध आर्किटेक्ट ऋषभ कुमार जैन, वित्ताधिकारी, डॉ. रविशंकर पांडेय, प्रभुनाथ सिंह यादव, सह सदस्य सचिव उपेंद्र नाथ द्विवेदी, पुजारी वाग्देवी मंदिर सच्चिदानंद पांडेय रहेंगे। कुलपति प्रो. त्रिपाठी ने बताया कि इस समिति की एक बैठक शीघ्र ही करके मंदिर का जीर्णोद्धार एवं कलेवर बदलकर आधुनिक स्वरुप दिया जायेगा। इसमें संपूर्ण रूप से सहयोगी अप्रवासी भारतीय उद्योगपति ई रमन त्रिपाठी तथा प्रसिद्ध वास्तुविद ई. ऋषभ कुमार जैन का बहुत बड़ा सहयोग है। मंदिर की व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिये यह समिति कार्य करेगी।

## संक्षेप

### थाई बौद्ध भिक्षु पदयात्रा कर पहुंचे सारनाथ



**सारनाथ।** कोलकाता से पैदल यात्रा कर थाईलैंड के 97 बौद्ध भिक्षुओं का एक दल रविवार की शाम सारनाथ पहुंचा। नेतृत्व थाई बौद्ध भिक्षु सेरी ने किया। सेरी ने बताया कि हम लोग का 112 दिन का पद यात्रा है। इस दौरान भगवान बुद्ध से संबंधित स्थलों को देखना एवं पूजा करना है। बताया कि 10 दिसंबर 2022 को बैंकाक से हवाई जहाज से यात्रा शुरू किया गया। 11 दिसंबर 2022 को कोलकाता पहुंचे। इसके बाद पैदल यात्रा करते हुए बोध गया पहुंचे। वहाँ पूजा अर्चना करने के बाद सारनाथ पहुंचे। चाइना बौद्ध मंदिर में पूजा पाठ किया। सेरी ने बताया कि दो दिन सारनाथ रुकने के बाद कौशाम्बी के बाद संकिशा इसके श्रावस्ती, लुम्बिनी (नेपाल), कुशीनगर जाएंगे। पूजा अर्चना करने के बाद वापस गया आ जाएंगे। 1 अप्रैल 2023 को वापस बैंकाक चले जाएंगे। पदयात्रा में चार वियतनामी बौद्ध भिक्षु शामिल हैं।

### गायक शान ने अस्सी घाट पर की मां की बरसी

**वाराणसी।** भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के गायक शान (शांतनु मुखर्जी) वाराणसी पहुंचे। यहां उन्होंने रविवार की सुबह अस्सी घाट पर अपनी मां सोनाली मुखर्जी की विधि विधान से बरसी श्राद्ध किया। इस दौरान घाट पुरोहित बलराम मिश्र ने सभी कार्य पूर्ण कराये। शान की मां का जून 2022 में देहांत हो गया था। शान की मां की मौत सोते समय हुई थी, जिसके बाद से शान काफी दुखी थे क्योंकि शान की मां ने ही पिता की मौत के बाद उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया था। शान ने सुबह बनारस के बारे में विस्तृत जानकारी ली और सुबह बनारस के आयोजन की सराहना की। अगले काशी आगमन पर सुबह बनारस आने का वादा किया। पार्श्व गायक शान का स्वागत अजय गुप्ता, देवेंद्र मिश्र, कृष्ण मोहन पांडेय अशोक मिश्र, मित्तल साहनी ने किया।

### निराश्रितों मे वितरित हुआ कंबल

**रोहनिया।** हाड़ कपा देने वाली इस ठंड में लोगों के सहातार्थ रविवार को नर सेवा नारायण सेवा के संकल्प के साथ ही राम नारायण सेवा ट्रस्ट की ओर से कंबल वितरण किया गया। संस्था के एमडी अवधेश उपाध्याय ने बताया कि समाज के अन्य लोगों से भी आह्वान किया गया है कि वह भी निराश्रितों की सहायता के लिए आगे आएं और ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को राहत दे सकें।

### चायनीज मंझे के विरोध में जागरूकता रैली आज

**वाराणसी।** चायनीज मंझे के विरोध में सोमवार को दीक्षा महिला कल्याण शोध संस्थान की ओर से एक जागरुकता रैली निकाली जायेगी, जिसमें संस्था के बच्चें व अधिवक्तागण सहित शहर के गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। संस्था की अध्यक्ष संतोषी शुक्ला ने बताया कि रैली नदेसर स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा से निकलकर जिला मुख्यालय पर समाप्त होगी, इसके बाद चायनीज मंझे के बिक्री पर रोक से संबंधित मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जायेगा।

### लालकुंआ एक्सप्रेस बिना पानी रवाना

**वाराणसी।** कर्मचारियों की लापरवाही के चलते लालकुआ एक्सप्रेस रविवार को बिना पानी लिए कैंट स्टेशन से रवाना हुई। ट्रेन में सवार यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या-12354 लालकुआ - हावड़ा एक्सप्रेस निर्धारित समय के बजाय चार घण्टे विलंब से पहुंची। अनाउंसमेंट सिस्टम के जरिए वाटरिंग स्टॉफ को ट्रेन में पानी भरने की जानकारी दी गई। निश्चित समय के ठहराव के बावजूद बिना वाटरिंग के ट्रेन रवाना हो गई।

### सड़क सुरक्षा माह को लेकर हुई प्रतियोगिताएं



**वाराणसी।** जगतपुर पीजी कालेज में सड़क सुरक्षा माह को लेकर पोस्टर व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कालेज के छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विजेताओं को प्राचार्य प्रो. अनिल प्रताप सिंह ने सम्मानित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में पलक सोनी-प्रथमप्रज्ञा वर्मा-द्वितीय, एलीश शंखवार-तृतीय रही जबकि रंगोली प्रतियोगिता में आंचल सिंह-प्रथम, शालू मौर्या-द्वितीय व शिवानी विश्वकर्मा-तृतीय रहीं। प्राचार्य प्रो. अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि सुरक्षित व सुगम यातायात के लिए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य है। इस मौके पर प्रो. निलय कुमार, संयोजक डा. सुरेश सिंह, प्रो. संगीता गुप्ता, डा. संजय प्रधान, डा. चन्द्रशेखर पांडेय, डा. शशिबाला आदि मौजूद थे।

### उत्कर्ष, तनिष, वैभव व युवराज ने जीता स्वर्ण पदक



**वाराणसी।** ओपन जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रयागराज स्थित एक निजी स्कूल में सम्पन्न हुआ। इसमें काशी के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जूनियर एवं कैडेट वर्ग भार में उत्कर्ष सिंह, तनिष सिंह, वैभव सिंह और युवराज विशाल सिंह ने स्वर्ण पदक हासिल कर काशी का मान बढ़ाया। जबकि ज्ञानेन्द्र पांडेय, अखंड प्रताप सिंह व शौर्य सिंह ने रजत पदक मिला। कोच/सचिव खुशबू विश्वकर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वर्ण पदक विजेता राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगे।

### घरेलू कामकाजी महिलाओं को 50 कंबल बांटे



**वाराणसी।** कामाख्या स्थित शीश महल कॉलोनी में सोसाइटी के की ओर से रविवार को जरूरतमंद घरेलू कामकाजी श्रमिकों एवं सफाई कर्मचारी सुरक्षा कर्मचारी को 50 कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण सेवा कार्य डा. रत्नेश वर्मा एवं अजय गुप्ता ने किया। सोसायटी के अध्यक्ष जेपी चतुर्वेदी एवं एमएम पाठक, विनीत सेठ आदि ने भी सभी को कंबल वितरित किया। सोमवार को 50 अन्य जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटा जाएगा

### पूर्व राज्य कर्मचारी सम्मान, विदाई समारोह

**दानगंज।** सिचाई संघ महामंत्री नलकूप खंड चन्दौली व पूर्व राज्य राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद चन्दौली संघर्ष समिती चेयरमैन शिवपूजन सिंह का रविवार को चोलापुर के गोला पातालपुरी हनुमान मंदिर के प्रांगण में विदाई समारोह कर स सम्मान विदा किया गया। विदाई सम्मान समारोह का मंच संचालन ओम प्रकाश दुबे अध्यक्ष नलकूप खंड वाराणसी ने किया। विदाई समारोह के मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष एवं चंदौली सांसद प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सिंह, राजस्व जुडीशियल मजिस्ट्रेट नलकूप मण्डल वाराणसी अखिलेश सिंह, अवर अभियन्ता विनोद सिंह, राजाराम सिंह, राजेश सिंह, नलकूप खंड महामंत्री सुरेश, धीरेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

### डॉ. शरद को मिला सुतभारती सम्मान

**वाराणसी।** हिन्दी सेवा संस्थान अमेठी के तत्वावधान में गायत्री मन्दिर सभागार में एक भव्य सम्मान समारोह में हाल ही में राजकीय जिला पुस्तकालय वाराणसी में लोकार्पित पुस्तक 'था भरोसा फिर मिलोगे' (गीत शतक) के रचनाकार एवं यू पी कॉलेज, वाराणसी में सपत्नीक कार्यरत शिक्षक डॉ. शरद श्रीवास्तव को साहित्य के क्षेत्र में सतत योगदान के लिए सुतभारती सम्मान 2022 प्रदान किया गया। डॉ. शरद को हाल ही में गीत शिखर एवम कलम के सिपाही जैसे प्रतिष्ठित सम्मान भी प्राप्त हुए हैं।

### प्रदेशव्यापी फार्मासिस्ट अधिकार दिवस आज

**वाराणसी।** फार्मासिस्ट फेडरेशन की ओर से सोमवार को प्रदेशव्यापी फार्मासिस्ट अधिकार दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबध में रविवार को शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय अस्पताल में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिलाअध्यक्ष डा. जे एस उपाध्याय ने सभी फार्मासिस्ट को शासन-प्रशासन की ओर से की जा रही अवहेलना के प्रति जागरुक व सजग रहने का आह्वान किया। बताया कि फार्मासिस्ट अधिकार दिवस के माध्यम से अपने अधिकार के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए शासन को संदेश दिया जायेगा। जिला मंत्री राजू बाबू ने सभी से आह्वान किया कि व इस कार्यक्रम में अधिक संख्या में पहुंचकर अपने अधिकार के प्रति आवाज बुलंद करें। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि अपने कार्य स्थल पर भी इसमें सहयोग करें। बैठक में राजकीय फार्मासिस्ट महासंघ के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहें।

# तैयारियां पूरी : आज मिलेगा 34 मेधावियों को स्वर्ण पदक

**तैयारी**

### जननायक चंद्रशेखर विवि के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी राज्यपाल


राज्यपाल आनंदीबेन

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह को सफल बनाने के लिए विवि प्रशासन ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। नौ जनवरी, सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 34 मेधावियों को स्वर्ण पदक देंगी।

इसमें टीडी कालेज के बीए के छात्र कुमार सतीश विक्रम, एससी कालेज बीएससी के छात्र नेहा यादव, सेंट जेवियर्स कालेज धरहरा बीकाम के छात्र प्रियांशु चौबे, नरहेजी महाविद्यालय रसड़ा बीएसी के छात्र अनूप गुप्ता, टीडी कालेज बीएसी एनसी की छात्रा स्मृति मौर्या, गौरीशंकर राय कालेज नरहीं, रसड़ा बीएस की छात्रा नंदिता, नरहेजी महाविद्यालय नरहीं, रसड़ा बीपीएड की छात्रा लवली कुमारी, हरिशंकर प्रसाद विधि महाविद्यालय एलएलबी की छात्रा साक्षी श्रीवास्तव, किसान पीजी कालेज रक्सा, रतसर एमए प्राचीन इतिहास के छात्र अंजनी कुमार गुप्ता, मथुरा पीजी कालेज रसड़ा एमए अर्थ शास्त्र की छात्रा कविता यादव, संत ग्राम्यांचल महाविद्यालय एमए एजुकेशन की छात्रा प्रगति राय, एससी कालेज एमए अंग्रेजी की छात्रा अनु सिंह, कुंवर सिंह पीजी एमए भूगोल के छात्र अभिषेक उपाध्याय, संत ग्राम्यांचल महाविद्यालय एमए हिंदी सुरही की छात्रा प्रतीक्षा वर्मा, जेएनसीयू एमए मध्य व आधुनिक संजना सिंह, जमुना राम पीजी कालेज एमए गृह विज्ञान आकांक्षा तिवारी, बाबा रामदल सूरजदेव पीजी कालेज एमए गृह विज्ञान वैष्णवी, टीडी कालेज एमए डिफेंस माधुरी, कुंवर सिंह पीजी कालेज एमए राजनीति शास्त्र जूही, गुलाब देवी पीजी कालेज एमए मनोविज्ञान नीति कुमारी, टीडी कालेज एमए संस्त श्वेता पांडेय, किसान पीजी कालेज रक्सा रतसर एमए समाजशास्त्र रिया गुप्ता, बांके बहादुर सिंह कालेज एमए उर्दू मो. सरफराज, टीडी कालेज एमएएससी इजी. जागृति सिंह, टीडी कालेज एससी एजी दीपिका गुप्ता, टीडी कालेज एससी एजी गीतांजलि, जेएनसीयू एमए एमएसडब्ल्यू अश्वनी सिंह, टीडी कालेज एमएसजीयू रिद्धि दुबे, टीडी कालेज एमएससी वनस्पति विज्ञान पल्लवी सिंह, टीडी कालेज एमएसी प्राणी विज्ञान निक्की सिंह, टीडी कालेज एमएससी रसायन विज्ञान प्रज्ञा तिवारी, एससी कालेज एसएससी गणित सिमरन गुप्ता, जेएनसीयू एमकाम शालिनी शर्मा राज्यपाल के हाथों सम्मानित होंगी।

### इसरो के प्रो. वाइएस राजन होंगे शामिल

बलिया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में जल संरक्षण के दृष्टिगत जल भरो कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में इसरो के वरिष्ठ प्रो. वाइएस राजन व प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय शामिल होंगे।

### सड़क मार्ग से बनारस के लिए करेगी प्रस्थान

**बलिया।** दीक्षांत समारोह में शामिल होने के पूर्व रविवार की देर शाम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल बलिया में रात्रि निवास करेंगी। साथ ही दूसरे दिन नौ जनवरी को जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। अहमदाबाद से हवाई मार्ग से शाम पांच बजे बनारस पहुंचेगी। वहां से सड़क मार्ग से रात्रि 10.25 बजे बलिया आएंगी। यहां डाक बंगले में रात्रि विश्राम करेंगी। नौ जनवरी को अपराह्न 12.15 बजे जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के लिये प्रस्थान करेंगी। वहां अपराह्न 12.30 से 2.30 बजे तक दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करेंगी। अपराह्न 2.50 से 3.30 बजे तक उनका समय लंच के लिये आरक्षित है। उसके बाद अपराह्न 3.25 बजे सड़क मार्ग से बनारस के लिये प्रस्थान करेंगी।

# 22668 बुजुर्गों को पहली बार मिलेगी पेंशन

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जिले में 22,668 बुजुर्गों को पहली बार वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल की संस्तुति के बाद नए आवेदकों का डाटा भी शासन को भेज दिया गया है। जिले में पहले से ही 1,28741 लाभार्थी सूची में शामिल हैं। तीन माह के पेंशन की किस्त जनवरी में जारी होनी है। सबका आधार प्रमाणीकरण हो रहा है। अभी तक 78.33 प्रतिशत लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण हो चुका है।

अब बुजुर्गों के खाते में तीन माह पर तीन हजार रुपये भेजे जा रहे हैं। इससे लाभार्थियों को बड़ी राहत मिली है। पहले मासिक पेंशन की राशि 500 रुपये ही थी। जिले में विधवा पेंशन के 48505 लाभार्थी हैं, जिसमें नए 550 आवेदन आए हैं। इनका सत्यापन हो चुका है। जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज ने बताया कि 82.37 फीसद यानि 39952 लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण हो चुका है। जिनका आधार प्रमाणीकरण हो चुका है, उनके खाते में सितंबर तक की किस्त भेजी जा रही है। वंचित लाभार्थियों को भी कहा गया है कि वह तत्काल जनसेवा केंद्र पर जाकर आधार प्रमाणीकरण करा लें। दिव्यांग पेंशन के भी नए 299 लाभार्थी बढ़े हैं। पहले से 19372 लाभार्थी सूची में शामिल हैं। दिव्यांगजन अधिकारी अशोक कुमार गौतम ने बताया कि 72 फीसद यानि 13947 लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण हो चुका है। नए लाभार्थियों की सूची भी भेजी जा चुकी है। आधार प्रमाणीकरण कराने में जो लाभार्थी लापरवाही कर रहे हैं, उनकी किस्त फंस सकती है।

**पहल**

### शासन को भेजा गया नये आवेदकों का डाटा

### लाभार्थियों को करना होगा आधार प्रमाणीकरण

> सभी लाभार्थियों की किश्त जनवरी में जारी होगी। जिले में 78.33 प्रतिशत लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण हो चुका है। बैंकों का समायोजन होने के चलते कुछ लाभार्थियों का खाता अपडेट नहीं हुआ है। उसके लिए लाभार्थियों से कहा गया है।
>
> विनोद कुमार सिंह, समाज कल्याण अधिकारी

## संक्षेप

### निराश्रित महिलाओं में वितरित किया गर्म कपड़ा



**बलिया।** शिक्षा जगत के पुरोधा एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री स्व. विक्रमादित्य पांडेय की स्मृति में नगवां निवासी सामाजिक चिंतक बब्बन विद्यार्थी ने रविवार को अखार-नगवां ढाला स्थित मंगल पांडेय विचार मंच सेवा समिति के कैम्प कार्यालय पर कोविड-19 नियमों का पालन करते हुए दर्जनों निराश्रित विधवाओं को गर्म वुलेन शाल, फल एवं मास्क का वितरण किया। इस कड़कड़ाती ठंड में गर्म वुलेन शाल एवं फल पाकर जरूरतमंद विधवाओं ने राहत महसूस किया। इस मौके पर मंगल पांडेय विचार मंच के अध्यक्ष केके पाठक ने कहा कि इस कड़कड़ाती ठंड में श्री विद्यार्थी द्वारा निराश्रित विधवाओं को गर्म कपड़े तथा फल प्रदान करना बहुत ही नेक, प्रशंसनीय एवं सामाजिक दृष्टिकोण से सराहनीय कार्य है। इस मौके पर डॉ. सुरेशचंद्र प्रसाद, गोविंद पाठक, पन्नालाल गुप्ता, नागेंद्र तिवारी, रणजीत सिंह, अन्नपूर्णानंद तिवारी, रमेश चंद गुप्ता, संदीप गुप्ता, सोनू पाठक, श्रीभगवान साहनी, धीरज यादव, संजय जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### कभी थे आमने-सामने, अब एक साथ



**बलिया।** राजनीति में कब क्या हो जाए? कुछ कहा नहीं जा सकता। आज से 15 साल पहले चिलकहर विधानसभा अस्तित्व में था। 2007 में रामइकबाल सिंह भारतीय जनता पार्टी से पहली बार चिलकहर विधानसभा सीट से निर्वाचित हुए। उस समय समाजवादी पार्टी से सनातन पांडेय रामइकबाल सिंह के खिलाफ चुनाव लड़े। उसके पूर्व वर्ष 2002 में भाजपा से रामइकबाल सिंह व सपा से सनातन पांडेय चुनाव मैदान में थे। उस समय समाजवादी पार्टी से पहली बार सनातन पांडेय विधायक बनें। वर्ष 2007 के बाद चिलकहर विधानसभा अस्तित्व से समाप्त हुआ। वर्ष 2012 में रसड़ा विधानसभा सीट से भाजपा से रामइकबाल व सपा से सनातन पांडेय मैदान में थे, लेकिन इस सीट से बसपा के प्रत्याशी उमाशंकर सिंह चुनाव जीतकर विधायक बनें। फिर वर्ष 2017 में भी रामइकबाल सिंह और सनातन पांडेय भाजपा और सपा से चुनाव मैदान में थे। अब दोनों पूर्व विधायक वर्तमान समय में समाजवादी पार्टी से राजनीति कर रहे हैं। वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव के पूर्व रामइकबाल सिंह भाजपा का साथ छोड़ सपा के साइकिल पर चढ़ गये। एक साथ-एक मंच पर स्वर्णकार संघ के नववर्ष मिलन समारोह में दोनों पूर्व विधायक साथ दिखे और रात का डिनर भी एक साथ किया। चर्चा यह होती रही कि रामइकबाल और सनातन पांडेय राजनीतिक के अखाड़े में दोनों आमने-सामने थे, लेकिन आज एक साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मिशन को आगे बढ़ा रहे है।

### हार्ट अटैक से पूर्व प्रधान के चाचा का निधन

**मझौवां।** क्षेत्र के ग्राम सभा टेंगरही के प्रधान रेसर सिंह के श्वसुर एवं पूर्व प्रधान शुभम सिंह उर्फ मिया सिंह के चाचा लालबाबु सिंह (72) की अचानक तबीयत खराब होने पर परिजन उन्हें एक निजी चिकित्सक के यहां उपचार के लिए ले गए। उपचार के बाद उनको घर लाया गया। देर रात सीने में दर्द होने लगा और कुछ देर बाद हार्ट अटैक आ गया। इससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, उनकी पत्नी मान्ती देवी तथा पुत्र राणा संतोष सिंह व मंतोश सिंह बेसुध है। उनका अन्तिम संस्कार गंगा घाट रामगढ़, हुकुमछपरा घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र राणा संतोष ने दी। इस अवसर पर विरेंद्र सिंह, संजय सिंह, संजीव सिंह, विराट सिंह आदि मौजूद रहे।

### चोरी की बाइक के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



**बलिया।** स्थानीय थाना कोतवाली पुलिस ने दो अभियुक्तों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उनको संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देशन में अन्तर जनपदीय बाइक चोर की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी के सफल पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर जितेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह एवं निरीक्षक अपराध संजय शुक्ला के कुशल मार्ग दर्शन में उनि प्रभाकर शुक्ला, उनि चन्द्रप्रकाश कश्यप मय फोर्स के देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन में मिढ्डी चौराहे पर मौजूद थे। इसी बीच मुखबीर खास आकर सूचना दिया कि नौ दिसम्बर 2022 को जो बाइक काजीपुरा से चोरी हुई थी, उसे लेकर दो व्यक्ति काजीपुरा रेलवे क्रासिंग के पास खड़े है। मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस ने काजीपुरा रेलवे क्रासिंग के पास से अभियुक्त मन्टू पुत्र गोरख राम निवासी काजीपुरा नई बस्ती, थाना कोतवाली बलिया एवं दीपक पुत्र मुन्ना प्रसाद निवासी काजीपुरा नई बस्ती, थाना कोतवाली बलिया को गिरफ्तार कर लिया। जमा तलाशी के दौरान पास में खड़ी एक बाइक बरामद हुई। पुलिस टीम में अनिल सिंह, राजेश, मनोज यादव, गिरीश यादव, शशिभूषण शामिल रहे।

### सेनानी की पत्नी का निधन

**बैरिया।** क्षेत्र के रामनगर निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बद्रीनारायण सिंह की पत्नी जानकी देवी (90) का हृदय गति रुकने के कारण शनिवार की देर रात निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि रविवार को बहुआरा सतीघाट गंगा तट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पौत्र विकास कुमार सिंह ने दी। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### आदिवासी खरवार सेवा समिति की बैठक संपन्न

**बलिया।** आदिवासी खरवार सेवा समिति की बैठक रविवार को मॉडल तहसील परिसर में स्थित अधिवक्ता हाल के बरामदे में हुई। इसमें निकाय चुनाव में आरक्षण तथा खरवार जाति का प्रमाण पत्र जारी कराने पर चर्चा की गई। रामपाल खरवार ने कहा कि बलिया में खरवार जाति के ऊपर जब भी कोई सवाल खड़ा किया गया, तब खरवार जाति के लोगों ने उसका समाधान किया। यदि लेखपाल, कानूनगो एवं तहसीलदार जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं कर रहे है तो वह वर्तमान सरकार की दूषित मानसिकता का प्रमाण है। शिवशंकर खरवार ने कहा कि बलिया में लेखपाल, कानूनगो एवं तहसीलदार मनमानी तथा शासनादेश की अवहेलना कर रहे है। गोपाल खरवार कर्णपुरी ने कहा कि संगठन में सभी समस्याओं का समाधान है। इस अवसर पर उदय नारायण, बासुदेव खरवार, जगमोहन खरवार, मातादीन खरवार, सुशील खरवार, बृजेश खरवार, मुन्ना खरवार, सुरेश, मनोज खरवार, मनीष, दिव्यराज खरवार, विवेक खरवार, रविकांत खरवार आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता रामसेवक खरवार तथा संचालन परशुराम खरवार ने किया।

# ग्रामीणों ने किया वृद्धा का अंतिम संस्कार

**रतसर।** कड़ाके की ठंड में दर्द से कराहती 62 साल की फूलझरिया देवी ने रविवार तड़के आखिरकार दम तोड़ दिया। यह मां की ममता ही थी कि जिन बेटों ने उन्हें लावारिस मरने के लिए छोड़ दिया था, उन्हीं की एक झलक देखने को वे अंतिम सांस तक बेकरार रहीं। उनकी मौत पर गांव के लोगों में गम था और बेटों के प्रति उतना ही गुस्सा। मां की मौत के बाद भी उनके दोनों बेटे अंतिम संस्कार में नहीं पहुंचे। ग्राम प्रधान युगल किशोर यादव ने ग्रामीणों की मदद से मुखाग्नि दिलाई।

गड़वार थाना क्षेत्र के बहादुरपुर कारी गांव में रविवार की सुबह से ही मातम था। ग्राम प्रधान युगल किशोर के मुताबिक रामसकल गुप्ता के दो पुत्र राजेश गुप्ता एवं टुनटुन गुप्ता हैं। कुछ वर्ष पूर्व फूलझरिया देवी के पति राम सकल की मौत हो गई। पति की मौत के बाद फूलझरिया देवी पूरी तरह से टूट चुकी थी, जबकि मां से दोनों बेटों ने किनारा कर लिया। हालांकि पति के मरने के बाद पिता की जायदाद में दोनों बेटों के साथ ही एक हिस्सा मां को भी मिला था। मृतका अपना जीवन निर्वहन छोटे बेटे में रहकर किसी तरह से जीवन यापन करती थी। इस बात को लेकर बड़ा बेटा नाराज रहता था। छोटा बेटा दिव्यांग होने के साथ ही हमेशा शराब के नशे में डूबा रहता था। मुफलिसी के दौर में मां का किसी तरह से जीवन यापन करता था। रविवार की सुबह आखिर कार फूलझरिया देवी ने दम तोड़ दिया। मौत के बाद मुखाग्नि देने एवं अंतिम संस्कार करने से दोनों बेटों ने इन्कार कर दिया। गांव वालों के लाख मनाने के बाद भी अंतिम संस्कार के लिए तैयार नहीं हुए। अन्त में ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों के सहयोग से मृतका का अंतिम संस्कार गांव स्थित नवनिर्मित मथुरा मुक्तिधाम में कराया। साथ ही मृतका की तेरहवीं का भी इंतजाम अपने स्तर से करने की व्यवस्था की। मौके पर पूर्व प्रधान हरिनारायण पासवान, धनंजय सिंह, मनोज वर्मा, देवेन्द्र यादव, बब्बन यादव आदि मौजूद रहे।

# शैक्षिक अध्ययन व रोजगार पर दिया टिप्स

**एजुकेशन एक्सपो-2023**

### सनबीम स्कूल में एक्सपर्ट्स व कैरियर काउंसलर्स ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह

जनसंदेश न्यूज


कार्यक्रम में शामिल अतिथियों का स्वागत करता विद्यालय परिवार

**बलिया।** कड़ाके की ठंड में सनबीम स्कूल अगरसंडा में विभिन्न प्रदेशों से पधारे 30 यूनिवर्सिटीज के एक्सपर्ट्स व कैरियर काउंसलर्स का उत्साह बच्चों तथा व्यवस्था को देखकर प्रतिकूल मौसम पर भी भारी पड़ गया। यद्यपि ग्रेट एजुकेशन एक्सपो-2023 के मेले में बच्चों ने समग्र मनोयोग से अपना उत्साह दिखाया। मेले में विभिन्न कैरियर काउंसलर्स एवं एक्सपर्ट्स ने बच्चों को उनकी प्रतिभा, इच्छा, उचित कार्य क्षेत्र के निमित्त सुझाव व जानकारी प्रदान की।

विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक व मीडिया प्रभारी डॉ. नवचंद्र तिवारी ने बताया कि यह विशाल मेला हाईटेक सर्विसेज एंड सल्यूशन जयपुर के सीईओ रामरतन माहेश्वरी के दिशा-निर्देश में सनबीम स्कूल अगरसंडा द्वारा आयोजित किया गया था। इसमें नोएडा, चंडीगढ़, गुरुग्राम, ग्वालियर, बंगलोर, रुड़की, लखनऊ, गांधीनगर, देहरादून, विशाखापट्टनम आदि बड़े शहरों के यूनिवर्सिटीज के एक्सपर्ट्स मौजूद थे।

इसी क्रम में उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में जनपद न्यायाधीश जितेंद्र कुमार पांडेय (अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया) के निर्देशानुसार रविवार को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश नरेंद्र पाल राणा (सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया) द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

उन्होंने विद्यालय के नए वर्ष के कैलेंडर का लोकार्पण किया। कहा कि यहां सनबीम में विभिन्न स्टाल पर बैठे एक्सपर्ट्स व काउंसलर्स देश के उच्च टेक्नोलाजी से युक्त सुप्रसिद्ध विश्वविद्यालयों के हैं। विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह ने कहा कि पहले अभिभावक बच्चों के पढ़ने हेतु विज्ञान को ही महत्व देते थे, परंतु आज विकास के अनेकानेक क्षेत्र कार्य कर रहे हैं।

बस आपको सही समय पर उचित मार्गदर्शन चाहिए। इसके लिए विद्यालय सदैव प्रतिबद्ध है। प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने मेले में आए सभी कैरियर विशेषज्ञों, अभिभावकों व बच्चों का आभार व्यक्त किया।

विद्यालय के चेयरमैन संजय पांडेय, निदेशक व प्रधानाचार्या ने मंच पर जनपद अपर न्यायाधीश सहित सभी एक्सपर्ट्स व काउंसलर्स को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन संजय पांडेय, प्रशासक एसके चतुर्वेदी, कोआर्डिनेटर्स पंकज सिंह, सहरबानो, नीतू पांडेय, निधि सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन सान्या दुबे व सर्वतिका सिंह ने किया।

# मेहनत की बदौलत वट वृक्ष के रूप में खड़ा है स्वर्णकार संघ

**बोले सुनील सर्राफ**

### राष्ट्रीय सचिव बनने पर स्वर्णकार संघ के लोगों ने किया सम्मानित

जनसंदेश न्यूज


सुनील सर्राफ को सम्मानित करते पूर्व विधायक

**बलिया।** अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ उत्तर प्रदेश, स्वर्णकार संघ एवं सराफा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवाल धर्मशाला में नववर्ष मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुनील सर्राफ के अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय सचिव बनने पर स्वर्णकार संघ के लोगों ने उनको माला पहनाकर स्वागत किया।

सुनील सर्राफ ने बताया कि राष्ट्रीय सचिव के रूप में मुझे जो जिम्मेदारी मिली है, मैं पूरी निष्ठा से जिम्मेदारी का पालन करूंगा। विगत 20 वर्षों से स्वर्णकार संघ के एक-एक मोती पिरोते हुए जिस माला को हमने बनाने का काम किया है, आज वह एक वट वृक्ष के रूप में हमारे सामने है। इस दौरान संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक संग्राम सिंह यादव, पूर्व विधायक सनातन पांडेय, पूर्व मंत्री नारद राय, सपा के जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव, पूर्व विधायक रामइकबाल सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, सुरेंद्र सिंह, पूर्व चेयरमैन संजय उपाध्याय, प्रशांत दुबे, चुन्नू, भुट्टो चौबे, राजेश कुमार जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### समारोह में ये हुए सम्मानित

**बलिया।** सम्मानित होने वालों में प्रमोद कुमार सर्राफ, अशोक कुमार, जितेंद्र कुमार सर्राफ, रामजी प्रसाद सर्राफ, जयशंकर वर्मा, अर्जुन प्रसाद सर्राफ, पवन कुमार सोनी, सुनील कुमार सोनी, राधेश्याम वर्मा, प्रेमचंद सराफ, जितेंद्र कुमार सर्राफ, श्रीरंग सर्राफ, सतपाल सराफ, अखिल सोनी, विजय कुमार वर्मा, राजकमल सर्राफ, श्रीराम सर्राफ, कन्हैया सोनी, अंशु सोनी, ओमप्रकाश आदि शामिल है।

# युवती को जबरन ले जाने वाले दो लोग गिरफ्तार

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती को शादी की नियत से जबरन उठाकर ले जाने एवं लड़की के चीखने-चिल्लाने पर ग्रामीणों द्वारा आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले किए जाने की घटना प्रकाश में आया है। इस घटना से क्षेत्र में हड़कम्प मचा हुआ है। बता दे कि रविवार को बिहार के कटिहार जनपद अंतर्गत तेजा टोला, थाना सहाय, जनपद कटिहार निवासी राम कुमार पासवान व रणजीत ठाकुर को पकड़कर ग्रामीणों ने पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी जबरदस्ती युवती को बीच सड़क पर वाहन पर बैठाने के लिए ले जाने लगे। युवती के चीखने चिल्लाने पर ग्रामीणों ने दोनों आरोपियों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह ने बताया कि पीड़िता के भाई की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही। दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# दयानंद प्रभात शाखा का वार्षिकोत्सव संपन्न


वार्षिकोत्सव में शामिल स्वयंसेवक

**बलिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बलिया नगर में लगने वाली दयानन्द प्रभात शाखा का वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इसमें स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में शाखा पर वर्ष भर किये जाने वाले कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। मुख्य वक्ता बौद्धिक शिक्षण प्रमुख जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व्यक्ति एवं व्यक्तित्व निर्माण की कार्यशाला है।

देशभक्ति और अनुशासन वर्तमान समय में समाज की आवश्यकता है। कहा कि संघ साल में छह उत्सव मनाता है।

इस उत्सव के माध्यम से संघ समाज को जोड़ने का काम करता है। इसी के साथ संघ शाखाओं का वार्षिकोत्सव भी मनाता है। इसके माध्यम से स्वयंसेवकों को हर क्षेत्र में परिपूर्ण बनाने का प्रयास किया जाता है। एकल गीत अखिलेश एवं अमृत वचन अनमोल तिवारी ने प्रस्तुत किया। अतिथियों का परिचय डा. संतोष तिवारी ने कराया। अध्यक्षता हरनाम ने किया। सत्यव्रत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# रामगोविंद देवरिया व गोरखपुर के प्रभारी बने अंबिका चौधरी



जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्नातक और शिक्षक विधान परिषद चुनाव के लिये जिलेवार प्रभारी बनाये हैं। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बताया कि अंबिका चौधरी गोरखपुर, रामगोविंद चौधरी देवरिया, स्वामी प्रसाद मौर्य महाराजगंज, कुशीनगर और लालजी वर्मा को फैजाबाद का प्रभारी बनाया गया है। राममूर्ति वर्मा अंबेडकर नगर, मो. ताहिर, अनूप संडा, अरूण वर्मा सुल्तानपुर, भुगेन राम अमेठी, रामप्रसाद चौधरी बस्ती, त्रिभुवन दत्त व संतोष यादव सन्नी संत कबीर नगर, माता प्रसाद पांडेय को सिद्धार्थ नगर का प्रभारी बनाया गया है। ओंकार पटेल, योगेश प्रताप सिंह गोंडा, डा. एसपी यादव बलरामपुर, इंद्राणी वर्मा श्रावस्ती, मुकेश श्रीवास्तव बहराइच, बलराम यादव, दुर्गा यादव व रामाश्रय विश्वकर्मा आजमगढ़ और चंद्रदेव राम यादव मऊ के प्रभारी बनाये गये है।

# अलाव की आग से झुलसी युवती, गंभीर

**सिकन्दरपुर।** जल रहे अलाव पर गीले कपड़े सुखाते समय आग पकड़ने से युवती झुलस गई। उसका उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार चेतन किशोर गांव निवासी कुमारी प्रियंका (26) पुत्री स्व.हरिंद्र प्रसाद घर के अंदर जल रहे अलाव के पास बैठ कर छोटे बच्चों के गीले कपड़ों को सूखा रही थी, तभी आग की उठती लपटों की जद में आ गई। इससे उसके पहने हुए कपड़ों में आग लग गयी। चीख पुकार की आवाज सुनकर परिजनों ने किसी तरह आग को बुझाया, तब तक उसके शरीर का कुछ भाग जल चुका था। आनन-फानन में परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

# राजनीति में नहीं होता प्रतिशोध का स्थान

**बोले वीरेन्द्र सिंह मस्त**

### दिल्ली की संसद से मजबूत होती है गांव की संसद

### शिवशंकर गिरी की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा


कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त

**बैरिया।** भारतीय संसदीय राजनीति में प्रतिशोध का स्थान नही होता है। दिल्ली की संसद से गांव की संसद मजबूत होती है। यह बातें सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने रविवार को शिवनंदन गिरी पूर्व माध्यमिक विद्यालय भगवानपुर के प्रांगण में भूमि विकास बैंक के पूर्व डायरेक्टर एवं सोनबरसा के पूर्व प्रधान शिवशंकर गिरी की तीसरी पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम लोक परंपरा के द्योतक है। इसका आयोजन करने वाले भी धन्यवाद के पात्र होते हैं। उन्होंने स्व. शिवशंकर गिरी के स्वभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि वह राजनैतिक व्यक्ति थे, लेकिन किसी दल के सक्रिय कार्यकर्ता नहीं थे। कहा कि राजनीति में प्रतिशोध का स्थान नहीं होता है। विचार भिन्न हो सकते हैं। प्रतिशोध करना उचित नहीं है। यह सीख स्व. गिरी से लेनी चाहिए। संसद से बड़ी गांव की संसद होती है। सन् 1991 से लगातार मैं दिल्ली की संसद को देख रहा हूं, लेकिन गांव की संसद सर्वोपरि होती है।

जनप्रतिनिधि कोई भाग्य विधाता नहीं होता है। क्षेत्र के विकास के प्रति जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी होती है। कहा कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण होना बलिया के लिए सौभाग्य की बात है, लेकिन इसमें खर्च होने वाला पैसा मेरा नहीं, जनता की गाढ़ी कमाई का है। पूर्व के दिनों में मैने रोगियों को चारपाई पर ले जाते हुए और रास्ते में दम तोड़ते हुए देखा है। यही कारण है कि बेहतर इलाज के लिए सोनबरसा में ट्रामा सेंटर का निर्माण हो रहा है। जनप्रतिनिधि के साथ-साथ विकास के कार्यों में जनता का भी उतना ही जवाबदेही होती है। इसका निर्वहन जनता को भी करना चाहिए।

### विद्यालय भवन का किया लोकार्पण

**बैरिया।** श्रद्धांजलि सभा के दौरान सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने श्री शिवनंदन गिरी पूर्व माध्यमिक विद्यालय के भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में व्यायामशाला निर्माण के लिए पांच लाख रुपये अपनी नीधि से देने की घोषणा की। वही, मुख्य मार्ग से विद्यालय तक पक्की सड़क बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम में स्व. शिवशंकर गिरी के 10 सहयोगियों को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया गया।

### कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

**बैरिया।** कार्यक्रम को पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, पूर्व मंत्री नारद राय, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री तारकेश्वर मिश्रा, राजीव उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, विजय बहादुर सिंह, मदन सिंह, रत्नेश सिंह, ब्लाक प्रमुख कन्हैया सिंह, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, हरि कंचन सिंह, अरुण सिंह, मुकेश उपाध्याय, डा. चंद्रशेखर सिंह, बीआरसी अजय तिवारी, सपा नेता परमात्मा पांडे, वीरेंद्र राय, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पुष्पा बहन, सियाराम यादव आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता जनार्दन राय तथा संचालन विनायक मौर्य ने किया। सभी आगन्तुकों का आभार परमेश्वर गिरी, दिनेश्वर गिरी व गौरव गिरी ने व्यक्त किया।

# मनमाने तरीके से कार्य कर रहे प्रधान व सचिव

**लापरवाही**

**राजवित्त, 15वें वित्त एवं पांचवें वित्त से कर रहे मजदूरी का भुगतान**

**बैरिया।** सरकार ने धांधली रोकने के लिए कई नियम बनाये है। इसके लिए शासनादेश भी जारी है, लेकिन यहां तो पुराने ढर्रे से ही काम हो रहा है। ऐसे में ग्राम पंचायतों का विकास कार्य पारदर्शी तरीके से नहीं हो पा रहा है। अधिकारियों के बार-बार के आदेश और निर्देश के बावजूद कतिपय ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी मनमाफिक विकास कार्य अपने तरीके से करा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि राज वित्त, 15वें वित्त व पांचवें वित्त से पक्का कार्य कराने का प्राविधान ग्राम पंचायतों में है। वहीं, मजदूरों की मजदूरी का भुगतान मनरेगा से कराने का प्राविधान है। जैसे अगर 15000 का पक्का विकास कार्य हुआ है तो उसका मजदूरी 5000 है। मजदूरी मनरेगा से ही भुगतान होगा, किंतु मनरेगा से भुगतान होते ही विकास कार्य एनएमएमएस के पोर्टल पर आ जाएगा। इसलिए आदेश को ताक पर रखकर ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मजदूरी का भुगतान भी राज वित्त, 15वें वित्त व पांचवें वित्त से कर रहे हैं।

इस बाबत पूछे जाने पर खंड विकास अधिकारी बैरिया शैलेश मुरारी ने बताया कि मनरेगा से मजदूरी भुगतान करने का शासनादेश तीन साल पहले से है, किंतु कुछ जगह इस शासनादेश का पालन नहीं किया जा रहा है। मैंने इस बाबत सभी ग्राम प्रधानों एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राज वित्त, 15वें वित्त व पांचवें वित्त से केवल विकास कार्य कराया जाय। मजदूरी का भुगतान मनरेगा से किया जाए।

## सेनानी रामरक्षा गोंड के चित्र पर अर्पित किया पुष्प

**बलिया।** इंडियन पीपुल्स सर्विसेज एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर में खरीद निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामरक्षा गोंड के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन धारण करके गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। तत्पश्चात उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि सेनानी रामरक्षा गोंड का संघर्ष प्रेरणादायक है। जो लोग देश और समाज के लिए कुछ अच्छा कर जाते है, वे लोग सदैव अमर रहते है। वक्ताओं ने सेनानी के नाम पर गांव में द्वार एवं आदमकद प्रतिमा की स्थापना करने की मांग की। इस अवसर पर अरविन्द गोंडवाना, लल्लन प्रसाद गोंड, दादा अलगू गोंड, सुमेर गोंड, संजय गोंड, सुरेश शाह, सुदेश शाह, कन्हैया गोंड, ओमप्रकाश गोंड, हीरालाल गोंड, अशोक गोंड, दुर्गविजय खरवार, रामपाल खरवार, शिवशंकर खरवार, अरविन्द कुमार वर्मा, संजीव कुमार सिंह, जितेन्द्र गोंड, सुभाष चंद्र गोंड, दिलीप गोंड आदि मौजूद रहे।

# स्वयं को किसी से कम न समझें दिव्यांग जन



राज्यस्तरीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका को सम्मानित करते मुख्य अतिथि

**बोले प्रभुनाथ गुप्त**

**धूमधाम से मनाया गया सर राबर्ट लुई ब्रेल का जन्मदिन**

बलिया। नगर के जापलिनगंज स्थित साहू भवन में निशक्त जन सेवा संस्थान के सौजन्य तथा साहू हितकारिणी समिति के आयोजन में सर राबर्ट लुई ब्रेल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर राबर्ट लुई ब्रेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर-के किया गया। मुख्य अतिथि प्रधान प्रभुनाथ गुप्ता ने कहा कि इस पवित्र कार्य में मेरा तन-मन-धन से सहयोग रहेगा। दिव्यांग अपने को किसी से कम ना समझे। विशिष्ट अतिथि व्यापारी नेता अरविंद गांधी ने कहा कि ईश्वर दिव्यांग जन को विशेष विल पावर देते हैं, जिसके कारण वह दुनिया में कुछ विशेष कार्य करते हैं। ऐसा दुनिया में बहुत उदाहरण है। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विजय शंकर गुप्ता ने कहा कि हमारा सहयोग निरंतर रहा है और आगे भी रहेगा। इसके बाद 151 जरूरतमंदों में कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजकुमार गुप्त, अनिल कुमार गुप्त, डॉ. निर्मला गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता, संजय गुप्ता, रामायण यादव, उमाशंकर, छितेश्वर वर्मा, मनोज गुप्ता, सतीश कुमार गुप्ता, लक्ष्मण साहू, दिनेश गुप्ता, सतनारायण गुप्ता, सरिता गुप्ता, अभिनव गुप्ता, आयुष गुप्ता, मुन्ना, रजनीश, रिया आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता दयाशंकर गप्त तथा संचालन विजय प्रकाश गुप्त ने किया।

## संक्षेप

### 'जलदूत' एप पर फीड होगा कुंओं का डाटा

**बलिया।** अस्तित्व खो चुके और सूख चुके कुंओं के दिन अब दोबारा लौटेंगे। उन्हें पुर्नजीवन मिलेगा। इसके लिए तकनीक का सहारा लिया जाएगा। अब मोबाइल एप पर कुंओं का डाटा फीड किया जाएगा। इस एप का नाम जलदूत है। इससे कुंओं को संरक्षित करने में सहूलियत होगी। जिला प्रशासन के पास पूरा ब्योरा उपलब्ध रहेगा। इसके लिए रोजगार सेवक व ग्राम पंचायत अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। महत्वपूर्ण जलस्रोत को विलुप्त होने से बचाने के लिए मनरेगा की ओर से दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सर्वे का काम जल्द शुरू होगा। एप में कुंए की लोकेशन, वर्तमान स्थिति आदि बातों का जिक्र होगा। पाट दिए गए कुंओं का भी रिकार्ड तैयार किया जाएगा। सभी कुंओं की तस्वीर अपलोड की जाएगी। सर्वे के बाद काम शुरू किया जाएगा। इसकी निगरानी ग्रामीण विकास मंत्रालय करेगा। सहायक कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा भरत वर्मा ने बताया कि शासन के निर्देश पर सर्वे कराने की तैयारी है। कुंओं को फिर से अस्तित्व में लाने के लिए यह अच्छी पहल है। इसके लिए सभी रोजगार सेवकों एवं ग्राम विकास अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

### गोशालाओं को अब रोजगार से जोड़ने की तैयारी

**बलिया।** जिले में निराश्रित गोवंश समस्या बनते जा रहे हैं। इसके निवारण के लिए गोशालाओं का निर्माण जारी है। हालांकि पहले भी गोशाला चल रही है। गोशालाओं को अब रोजगार से भी जोड़ने का खाका तैयार कर लिया गया है। जिले में गोवंश के गोबर से गोकाष्ठ बनाने की प्रक्रिया चल रही है। जल्दी ही गोशालाओं में गोकाष्ठ बनाने की मशीनें लगा दी जाएंगी। गोकाष्ठ की आपूर्ति जिले के श्मशान घाटों, ईंट-भट्ठों समेत कई स्थानों पर की जाएगी। इसके लिए सभी खंड विकास अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इससे सिर्फ गोशाला का खर्च ही नहीं निकलेगा बल्कि रोजगार भी मिलेगा। इस क्रम में सभी गोशाला में गोकाष्ठ बनाने की मशीन लगाई जानी हैं। गोकाष्ठ बनाकर जिले के श्मशान घाट, ईंट भट्ठों और अन्य जगहों पर आपूर्ति की जाएगी। हवन आदि के लिए भी गोकाष्ठ मुहैया होगी। इस व्यापारिक गतिविधि को ऑनलाइन बाजार भी उपलब्ध कराया जाएगा। इससे ऑनलाइन भी गोकाष्ठ की बिक्री की जा सके। योजना के सफल होने पर कीमती पेड़ों की लकड़ी को भी बचाया जा सकेगा।

### गंगा साफ करने की नीति व नीयत में खोट

**बलिया।** प्रदेश में गंगा सफाई योजना 'नौ दिन चले अढ़ाई कोस' की कहावत को चरितार्थ कर रही है। प्रयागराज से बलिया तक गंगा में गिरते नालों की सत्य कथा से प्रशासनिक तंत्र पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। उक्त बातें गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने प्रयागराज स्थित माघ मेला के काली मार्ग पर आयोजित गंगा शिविर में भाग लेकर वापस बलिया लौटने पर व्यक्त किया। उन्होंने सरकार से माघ मेला के प्रमुख स्नान पर्वों पर टिहरी अथवा नरोरा बांध से गंगा में दस हजार क्यूसेक पानी छोड़ने की मांग की। कहा कि गंगा के नाम पर राजनैतिक प्रपंच किये जाने से हताश एवं निराश गंगा की व्यथा कथा प्राकृतिक प्रकोप को निमंत्रण दे रही है। प्राकृतिक प्रतीकों को रौंद कर आगे बढ़ने की पुरानी शैली अब मानवता पर भारी पड़ रही है। इसे सरकार को समझना ही होगा। श्री तिवारी ने गत् दिनों गंगा के संदर्भ में इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि गंगा साफ करने की नीति एवं नीयत में भारी खोट है। इससे जुड़े लोगों को लाभ कमाने की प्रवृत्ति से किनारा लेना होगा। कहा कि निकट भविष्य में गंगा मुक्ति अभियान को तेज किया जायेगा।

### सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर चन्द्रमा पाण्डेय के निधन से शोक

**आजमगढ़।** सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक चन्द्रमा पाण्डेय का निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी मिलते ही उनके लालडिग्गी मातबरगंज स्थित आवास पर अंतिम दर्शन करने और शोक श्रद्धांजलि देने वाले लोगों का तांता लगा रहा। ऑल इंडिया ग्रामीण ऑफिसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन ने परिजनों को ढ़ाढस बंधाते हुए कहा कि पंडित चन्द्रमा पाण्डेय के निधन से एक अपूर्णनीय क्षति हुई है। वे बैंकिंग जगत के धरोहर थे। बैंक यूनियन सहित उनके सामाजिक कार्यों को भी कभी भुलाया नहीं जा सकता। शोक जताने वालों में दायशंकर उपाध्याय, अखिलेश कुमार राय, वीरेंद्रधर द्विवेदी, महंत संजय पाण्डेय, रामफेर चैहान, सुरेन्द्र द्विवेदी, अब्दुल मन्नान खान, सत्य प्रकाश सिंह, अटल बिहारी चैबे, परवेज अख्तर, जवाहर पाठक आदि लोग शामिल हैं।

### 14 वर्ष बाद भी नहीं बन सका पिचमार्ग

**फूलपुर (आजमगढ़)।** बसपा सरकार में अम्बेडकर ग्राम पंचायत के रूप में गांव का चयन कर उस ग्राम पंचायत का कायाकल्प कर सुन्दर बनाने का कार्य सभी सुविधाओं से सुसज्जित किया जाता रहा। इसी क्रम में वर्ष 2008-09 में ग्राम पंचायत सुदनीपुर का चयन अम्बेडकर गांव के रूप में किया गया। आवास अन्य सुबिधाओं के साथ फूलपुर बक्सपुर पिच मार्ग से सुदनीपुर दलित बस्ती तक लगभग दो सौ मीटर मार्ग को पिच मार्ग बनाने के लिए 9 लाख धन स्वकृति हुआ। लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। मिट्टी गट्टी के साथ कुटाई की गई पर सड़क पिच मार्ग के रूप में आज तक नहीं हो सकी। चैदह वर्ष बाद भी आज तक पिच मार्ग होने की राह दलित मुहल्ले के निवासी देख रहे हैं। इस सम्बंध में एसडीएम फूलपुर नरेंद्र कुमार गंगवार ने बताया कि पीडब्लूडी विभाग को पत्र भेज दिया गया है, रिपोर्ट मिलने के बाद देखा जाएगा। मामला जिलाधिकारी के सज्ञान में है इसलिए शिथिलता नहीं बरती जा सकती।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते चकिया विधायक



**चकिया।** केराडीह गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में रविवार को एक दिवसीय क्षेत्रीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक कैलाश आचार्य ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच केराडीह और सुकृत के बीच खेला गया। प्रतियोगिता के दौरान विधायक कैलाश आचार्य ने कहा कि खेल से खिलाड़ियों का सर्वांगीण विकास होता है और खेल जगत में एक अपनी पहचान बनाने का मौका मिलता है विधायक ने विदेशों में देश के लिए खेलने वाले आर्मी के रिटायर दधीबल सिंह को सम्मानित करने के साथ ही अन्य खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल 26 टीमों ने प्रतिभाग किया। देर शाम तक सेमीफाइनल और फाइनल मैच नहीं हो पाया था। आयोजक मंडल द्वारा विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. कुंदन गौड़, गुरुदेव चौहान,गौरव श्रीवास्तव, संदीप गुप्ता, नरसिंह चौहान, मोती लाल, जोशी पटेल सहित आयोजक मंडल के बृजेश सिंह, सागर सिंह शकरनश, जसवंत सिंह, निक्की सिंह, समरजीत रविंद्र सिंह, धर्मराज सहित तमाम खिलाड़ी मौजूद रहे।

# मोमबत्ती की रोशनी में चिकित्सक कराते प्रसव

**यह है हाल**

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारा पर सुविधाओं का टोटा**

जनसंदेश न्यूज



सेवराई तहसील के बारा गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा ताला।

**बारा।** चालीस हजार की आबादी वाले क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने के पीछे सरकार की मंशा है कि अस्पताल परिधि में रहने वाले आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। सेवराई तहसील क्षेत्र के बारा पीएचसी के हालात सरकार की मंशा को पलीता लगा रहे हैं। यहां स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर छलावा है तो चिकित्सक अपनी मनमानी पर उतारू हैं। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर न्याय पंचायत बारा के एक लाख से भी अधिक लोगों के उपचार की जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए यहां जेनरेटर सुविधा भी नदारद है। ऐसे में प्रसव जैसी सेवाएं मोमबत्ती की रोशनी में दी जाती है। शाम को आने वाले मरीजों को किसी स्वास्थ्य कर्मियों के न रहने पर विवश होकर बिहार प्रांत का रुख करना पड़ता है।

**स्पेशलिस्ट चिकित्सक नहीं,जननी सुरक्षा एएनएम के हवाले :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर न्याय पंचायत बारा लाखों रुपये की लागत से तैयार पीएचसी में कोई भी स्पेशलिस्ट चिकित्सक नहीं है, जबकि जननी सुरक्षा एएनएम के हवाले है। नियमित के रूप में चौकीदार दो बजे पीएचसी पर ताला लगा देते हैं। रही बात सुविधा की तो यहां बिजली उपकरण खराब पड़े हैं। चार बेड के संचालित अस्पताल में आज तक मरीजों को भर्ती नहीं किया गया है। शाम होते ही पूरा पीएचसी परिसर अंधेरे में डूब जाता है। यूं तो अस्पताल में 24 घंटे सेवाओं का दावा किया जाता है, लेकिन असल तस्वीर में यहां दिन के 11 बजे से दो बजे तक ही सेवाएं दी जाती हैं।

**इलाज के अभाव में मरीज जाते बिहार :** पीएचसी से कर्मनाशा के तटवर्ती गांव कुतुबपुर, मगरखाई, हरिकरनपुर, भतौरा, दलपतपुर, रोइनी - कारोबीर आदि जुड़े हुए हैं। लेकिन इन गांवों के लाखों लोगों के उपचार हेतु यहां एक नियमित चिकित्सक नहीं है। ऐसे में लाखों लोगों को उपचार के लिए बिहार प्रांत का रुख करना पड़ता है।

**चिकित्सकों के रहने की लिए आवास नहीं**

बारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक के रहने के लिए न आवास है और न ही पेयजल की व्यवस्था। ऐसे में चिकित्सक 24 घंटे सेवा कैसे दे सकते हैं। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को कई बार पत्र लिखा गया है। डा. धनंजय आनंद चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी भदौरा।

# मैं शहर में रहूंगी दियारे में नहीं

जनसंदेश न्यूज

**बोले रमाशंकर तिवारी**

**महिला का अजीबो-गरीब आरोप, मामला पहुंचा थाने**

**विवाहिता का पति उसे शहर में रखने में सक्षम नहीं, यही नहीं, यह भी आरोप लगाया कि तुम्हारे घर में भूत हैं**

**बलिया।** मैं दियारे में नहीं रहूंगी, शहर में रहूंगी। यह कहना एक विवाहिता का है। एक लड़की की शादी 2021 में हुई थी। शादी के बाद विवाहिता ससुराल आई। उसके ससुराल आने के बाद दियारे क्षेत्र में बाढ़ आ गई। बाढ़ के बाद विवाहिता फिर मायके चली गई। उसके बाद आने का नाम ही नहीं ले रही थी। पंचायत के बाद आई, लेकिन कुछ दिन बाद यहां न रहने की जिद ठान ली।

करीब डेढ़ वर्ष बाद विवाहिता ने ससुराल में यह कहते हुए रहने से मना कर दिया कि मैं दियारे में नहीं रहूंगी। साथ ही उसने कहा कि तुम्हारे घर भूत भी है। विवाहिता का ससुराल मनियर थाना क्षेत्र के एक गांव में है तथा उसका दियारे में डेरे पर एक घर है, जहां उसका पति लेकर उसे दियारे में रहता था, लेकिन पत्नी ने दियारे में रहने से मना कर दिया तो पति ने कहा कि ठीक है, दियारे में मत रहो। बांगर में मेरा घर है, वहां रहो। वहां भी विवाहिता रहने से मना कर दिया। कह रही है कि मैं शहर में रहूंगी। विवाहिता का पति उसे शहर में रखने में सक्षम नहीं है। यही नहीं, यह भी आरोप लगाई कि तुम्हारे घर में भूत हैं। मैं तुम्हारे घर नहीं रह सकती। इस संबंध में पंचायत भी हुई।

लाख मान-मनौव्वल किया गया। मामला मनियर थाने पर भी पहुंचा, लेकिन विवाहिता भी जिद पर अड़ी रही। अंत में विवाहिता का संबंध उसके पति से छूट गया और विवाहिता अपने मायके चली गई।

## संक्षेप

### कक्षा 1 से 8 तक के समस्त विद्यालय 14 जनवरी तक बंद

**मऊ।** भीषण शीततलहरी को देखते हुए जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कक्षा 1 से 8 तक के समस्त बोर्डों के विद्यालयों को दिनांक 14 जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी किया है। ज्ञातव्य है कि परिषदीय विद्यालयों में पहले से ही 1 जनवरी से 15 जनवरी तक अवकाश घोषित है। जनपद में सीबीएसई, आईसीएसई सहित सभी अनुदानित एवं प्राइवेट स्कूलों को जिलाधिकारी ने इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कहीं से भी शिकायत पाए जाने पर संबंधित विद्यालय के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी।

### घोसी संघर्ष समिति ने जरूरतमंदो में बांटा कम्बल



**घोसी, मऊ।** नव वर्ष के शुरू होते ही घोसी संघर्ष समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय अपने साथियों के साथ घूम घूम कर असहाय, मजबूर विकलांग एवं विधवाओं के घर पर जाकर कंबल ओढ़ाकर सम्मान के साथ उनकी ठंड को कम करने का कार्य किया गया। एक जनवरी से यह कंबल देने का कार्य हो रहा है और अभी तक चल रहा है लगभग 800 से उपर लोगों को कंबल दिया गया है। समिति के संरक्षक अब्दुल मन्नान खान, प्रबंधक शेख हिसामुद्दीन, महामंत्री खुर्शीद खान, नौशाद खान, सुदर्शन कुमार, राजेश जायसवाल, इब्राहिम अंसारी आदि अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में घोसी नगर के काजीपुरा व नगर से सटे जमालपुर विक्कमपुर गांव में एका एक बढ़ती कंपकंपा देने वाली ठंड से ठिठुर रहे गरीब असहायों के बीच सामाजिक कार्यकर्ता काजी अरशद जमाल उर्फ.बल्लू एडवोकेट ने कंबल वितरण किया। जहां ठंड से अपने घरों में दुबके हों ऐसी परिस्थिति में असहायों की सुधि लेने की सामाजिक कार्यकर्ता ने बाहर निकल गरीबों का दर्द समझ गरीबों व असहायों के बीच कंबल बांटे। मौके पर घोसी तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सैयद अहमदुल्लाह एडवोकेट, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मसूद सहित समाजसेवी बेचू भाई आदि मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश को लेकर पूर्व विधायक के पौत्र की हत्या

**दुखद**

**कई लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस द्वारा की जा रही पूछताछ**



**कोपागंज, मऊ।** जिले के घोसी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगर क्षेत्र के डाक बंगला रोड निवासी व पूर्व विधायक केदार सिंह के पौत्र 22 वर्षीय हिमांशु उर्फ बिट्टू सिंह को शनिवार की देर रात्रि कुछ शातिर अपराधियों ने घर से बुलाकर कोपागंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महुवार के एक भठे के पास पुरवा मुहम्मदपुर के पास लाठी-डंडा से पीटकर गंभीर रुप से घायल करके अधमरा करके घटना स्थल से फरार हो गए। घायल युवक की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से गंभीर रुप घायल हिमांशु उर्फ बिट्टू को एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस टीम शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों द्वारा कोपागंज थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर दे दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। साथ ही साथ कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस टीम कड़ी पूछताछ में जुटी हुई है।

**प्रधान और जिला पंचायत सदस्य सहित कई हिरासत में**

कोपागंज पूर्व स्वर्गीय विधायक केदार सिंह के प्रपौत्र की निर्मम हत्या की सूचना पर पुलिस महकमे में हडकंप मच गया। आनन फानन में सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घोसी ब्लाक की एक ग्रामसभा के एक प्रधान और एक जिला पंचायत सदस्य सहित कुछ लोगों को हिरासत में लेते हुए जांच पड़ताल में जुट गई है।

**जल्द ही मामले का होगा पदार्फाश : थानाध्यक्ष**

कोपागंज के थानाध्यक्ष अमित मिश्रा ने कहा कि घटना को लेकर पुलिस टीम द्वारा गहनता के साथ जांच-पड़ताल किया जा रहा है। जल्द ही पूरे मामले का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये स्वतंत्रता सेनानी हरिगोविंद

**घोसी, मऊ।** तहसील अन्तर्गत मझवारा क्षेत्र के पतिला जमीन पतिला में आजाद हिंद फौज में कैप्टन रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व हरिगोविन्द राय की 23वीं पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव पतिला जमीन पतिला में रविवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर गांव स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया व श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। सभा को सम्बोधित करते हुए सेनानी पुत्र रमेश चंद पाण्डेय ने स्व राय के व्यक्तित्व व कृतित्व को रेखांकित किया। वहीं स्व. हरिगोविन्द राय को श्रद्धाजंलि समर्पित करते हुए सेनानी पुत्र स्वामीनाथ राय ने कहा की स्व. हरिगोविन्द गरीबों मजलुमों का हमेशा साथ देना ही उनके कुशल एवं उदारवादी व्यक्तित्व की पहचान है श्री राय ने अपने पिता को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए अपने पिता के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प दोहराया। अपने सम्बोधन में सेनानी स्व हरिगोविन्द राय को सच्चा देशभक्त व सेवक बताया व सभी से उनका अनुकरण कर सच्चाई के रास्ते को चुनने का आह्वान किया। इस दौरान रमेशचंद, विजय, स्वामीनाथ राय, लालचंद, हरिवंश, अरविंद पाण्डेय, महेन्द्र, कृष्णदत्त, अनिल राय, संतोष यादव सहित लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों से दुकान में लगी आग एक लाख का सामान जलकर राख

जनसंदेश न्यूज



**रतनपुरा, मऊ।** स्थानीय कस्बे में इटौरा मार्ग पर स्थित गुमटी में अज्ञात कारणों से आगलगी में लगभग एक लाख रुपए का सामान शनिवार की रात्रि में जलकर राख हो गई। पहसा इटौरा मार्ग पर गढवा निवासी सुनील कुमार वर्मा पुत्र दिनेश्वर वर्मा गुमटी में जनरल स्टोर की दुकान कर उसी से परिवार का भरण पोषण करता था। शनिवार की रात्रि में अचानक अज्ञात कारणों से गुमटी (जनरल स्टोर्स) की दुकान में भीषण आग लग गई। वह नित्य की भांति शाम को दुकान बंद कर घर चला गया।

जनरल स्टोर्स में सिन्दूर दान,चूड़ी, आदि सहित पूरा सामान जल कर राख हो गई। सुबह जब गुमटी खोलने के लिए पहसा आया तोयह देखकर उसका होश उड़ गया। मौके पर काफी लोग इकट्ठा हो गई।

गरीब दुकान दार इसी दुकान के भरोसे अपने दस परिवार का जीवकोपार्जन चलाता था।

मौके पर हल्का लेखपाल अभिषेक पटेल पहुंच कर आग से नुकसान का आंकलन किया। आगलगी का तहरीर पीड़ित सुनील कुमार वर्मा ने थाने पर दे दिया।

## सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 55 चालकों का हुआ नेत्र परीक्षण

**मऊ।** सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत नेत्र परीक्षण कार्यक्रम रोडवेज कैंपस सहादतपुरा में संपादित किया गया। जिसमें डॉक्टर आशीष त्रिपाठी के द्वारा 55 चालकों/परिचालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिन चालकों के नेत्र में कमी मिली उनको आवश्यक दवा चश्मे लगाने के निर्देश दिए गए साथ ही एआरएम एके बाजपेई एवं यात्री कर अधिकारी अरविंद कुमार जैसल के द्वारा चालकों, परिचालकों को यातायात जागरूकता संबंधी नियमों की जानकारी दी गई।



# वनांचल की पहाड़ियों पर आज भी कायम है 'नो नेटवर्क' जोन

**समस्या**

**ग्रामीणों ने डीएम ईशा दुहन को पत्र देकर समस्या से कराया अवगत**

**इलिया।** हैलो-हैलो.. आवाज नहीं आ रही, कौन बोल रहे हैं? नेटवर्क प्राब्लम है। ये शब्द अक्सर शहाबगंज के वनांचल के गांवों में सुनने को मिल जाते हैं। यहां के लोग इस समस्या से अक्सर परेशान होते देखे जाते हैं। वर्तमान में मोबाइल फोन पर बातचीत के जरिए कई जरूरी व महत्वपूर्ण काम निपटा लिए जाते हैं। जिससे भागदौड़ व अनावश्यक परेशानी से सभी बच सके। लेकिन शहाबगंज के ढोढनपुर, वनभिसमपुर, ताला, तेंदुई, छित्तमपुर के लोगों के लिए मोबाइल नेटवर्क ही सबसे बड़ी परेशानी है। गत दिनों माल्दह गांव में आयोजित जन चौपाल ने ग्रामीणों ने डीएम ईशा दुहन को पत्रक देकर पहाड़ी इलाके को मोबाइल नेटवर्क से जोड़ने की मांग कर चुके हैं।

ग्रामीणों को अगर फोन पर बात करनी हो तो पेड़ या पहाड़ पर चढ़ना पड़ता है, ताकि नेटवर्क मिल सके।



माल्दह में आयोजित जन चौपाल में डीएम को पत्रक देते ग्रामीण। फाइल फोटो।

चंदौली जिला मुख्यालय से 40-50 किलोमीटर दूर स्थित दक्षिण पहाड़ी इलाके का ये हाल है। एक ओर सरकार डिजिटल इंडिया की बात करती है तो दूसरी ओर शहाबगंज विकास खण्ड के कई गांव ऐसे हैं, जहां आज भी मोबाइल की घंटियां नहीं बजती हैं।

अगर इमरजेंसी हो और किसी को कॉल करना हो तो ये स्थानीय लोगों के लिए आसान नहीं होता है। इसके लिए ग्रामीण काफी जद्दोजहद करते हैं। किसी तरह एक कॉल करने के लिए उन्हें पेड़ पर और पहाड़ पर चढ़कर घंटों जुगत करना पड़ता है। क्षेत्र के लोगों को मोबाइल पर बात करने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। वहीं डिजिटल इंडिया का सपना दिखाने वाली सरकार भी इन गांवों के लोगों से दूरी बनाए हुए है। ग्रामीणों को नेटवर्क की सबसे ज्यादा समस्या कोरोना महामारी के कारण हुई।

कोरोना महामारी के कारण वर्ष 2020 मार्च महीने में हुए लॉकडाउन में सभी स्कूल-कॉलेजों को अनिश्चितकालीन समय तक के लिए बंद कर दिया गया था। जिसके बाद स्कूल व कॉलेजों के बच्चों की पढ़ाई ऑनलाइन करायी गई। लेकिन इन ऑनलाइन क्लासों का फायदा क्षेत्र के बच्चे नहीं उठा पाए, क्योंकि यहां नेटवर्क उपलब्ध नहीं था। ग्रामीणों ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि कई तरह की दिक्कतें आती हैं।

एंबुलेंस को नेटवर्क नहीं होने के कारण सही समय पर सूचना नहीं दे पाते हैं। वहीं, पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण सांप, बिच्छू सहित अन्य जहरीले जानवरों के काटने की घटनाएं भी ज्यादा होती है। इन घटनाओं के दौरान समय पर इलाज नहीं मिल पाता है। कोई भी हादसा होने पर इन गांव में रहने वाले लोगों को तुरंत मदद नहीं मिल पाती है।

इसके अलावा झगड़ा या अन्य कोई घटना होने पर गांव में पुलिस को सूचना देना अभी संभव नहीं हो पाता है। अब तो परेशानी इतनी है कि अब जहां नेटवर्क आता है, उस जगह को लोगों ने चिन्हित कर लिया है। वहां खड़े होकर ही अब ग्रामीण अपने रिश्तेदारों से बात करते हैं, ऐसे में लोगों का जीवन खासा परेशानी भरा रहता है।

# बिन बारिश गलियों में जलभराव, नागरिक हो रहे परेशान

**यह है हाल**

नालियां चोक,गलियों में गंदगी का अंबार

कैसे होगी नगर पालिका की स्वच्छता की बेहतर रैंकिंग

जनसंदेश न्यूज



सकलेनाबाद नई बस्ती स्थित शीतला देवी मंदिर के पास लगा जल जमाव।

**गाजीपुर।** नगर के विभिन्न वार्डों में जगह-जगह नाली चोक होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। ऐसे में सड़कों से वाहन गुजरने पर गंदे पानी की छीटें लोगों पर पड़ता है या फिर मकानों की दीवारों पर गिरता है। इससे आए दिन विवाद होते हैं। इस समस्या की ओर न तो नगर प्रशासन और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नाली गहरी कर साफ -सफाई करवा दी जाए तो समस्या खत्म हो जाएगी। नाली चोक होने के कारण पानी सड़क पर ही भरा रहता है। इससे आसपास के लोग बदबू से परेशान रहते हैं। नाली का पानी सड़क पर बहने से सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही है। स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे भी मजबूरन गंदे पानी से होकर गुजरते हैं। विभिन्न मोहल्लों में चारों तरफ गंदगी पसरी रहती है।

जगह जगह नालियां पटी हैं। घरों का पानी सड़कों पर बहता है। राजीव कुमार सिंह, सुनील कुमार, परवेज, अशोक आदि का कहना है कि इन दिनों मुख्य समस्या नाली व गंदगी है। नियमित साफ-सफाई नहीं होने से हर तरफ नाली का पानी सड़कों पर बहता है।

बतौर बानगी नई बस्ती मार्ग पर बिना बारिश के ही गलियों में कीचड़ व गंदा पानी भरा रहता है। बारिश होने पर तो गलियां तालाब का रूप धारण कर लेती हैं।

नालियों की भी सफाई नियमित नहीं होती है। गलियों में बने गड्ढों की चपेट में आकर अक्सर दुपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। गंदे जलभराव से मुहल्ले में बीमारियां फैलने का भी खतरा मंडराने लगा है।

**नागरिकों का दर्द**



हल्की सी बारिश होने पर ही गलियां तालाब का रूप धारण कर लेती हैं और रास्ते से पैदल तो क्या वाहन से भी निकलना मुश्किल हो जाता है। **-अशोक**



ज्यादा ओवरफ्लो होने पर गंदा पानी घरों में घुसने लगता है, जिससे घरों में भी रहना मुश्किल हो जाता है। लोग गंदे पानी के बीच से ही जाते हैं। **-दीपक**



सफाईकर्मी नियमित नालियों की सफाई नहीं करते हैं। इसके चलते नालियां चोक हो जाती हैं। ओवरफ्लो होने से गंदा पानी सड़कों पर बहता है। यही हाल नगर के अधिकतर वार्डो का है। **-ममता।**



गंदे जलभराव के कारण क्षेत्र में मक्खी-मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है और बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। लोग काफी परेशान हैं। **-संजू।**

वर्षों से सड़क क्षतिग्रस्त होने और चारों तरफ गंदा पानी भरा रहता है। अवगत कराने के बाद भी नगर प्रशासन समस्या का समाधान नहीं कर रहा है। इससे परेशानी बढ़ती जा रही है। **-रेनू**



कचहरी मार्ग रेलवे ट्रेनिंग सेंटर के पास मंदिर पर लगा गंदा पानी।

# कम मुआवजा को लेकर किसानों में आक्रोश

## पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सर्किल रेट ज्यादा और ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे पर रेट कम क्यों?

जनसंदेश न्यूज



सरायबंदी गांव में किसानों से वार्ता करते सदर एसडीएम प्रतिभा मिश्रा।

**बिरनो।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे में अधिकृत जमीनों के कम मुआवजा को लेकर किसानों में आक्रोश है। आक्रोशित किसानों को समझाने पहुंचे जिले के उच्च अधिकारियों के सामने भी किसानों ने विरोध जताया। किसानो ने अधिकारियों से एक स्वर में कहा कि सरकार द्वारा जो घोषणाएं होती है उसको अमल में नहीं लाया जा रहा है।

बतादें,ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस गाजीपुर के शेखपुर से माझी घाट तक बनना है। अधिकृत जमीनों का मुआवजा सरकार द्वारा 2015 के सर्किल रेट पर देना चाहती है। जबकि भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के हिसाब से हर साल 20 फीसदी की बढ़ोतरी करके मुआवजा देना चाहिए।

किसानों के बीच घंटों चले बातचीत के बाद भी कोई निष्कर्ष निकलकर सामने नहीं आया। किसान अपनी मांग पर अड़े रहे। वहीं एक किसान वीरेंद्र राजभर ने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सर्किल रेट ज्यादा और ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे पर सर्किल रेट कम क्यों है। हम किसानों की जमीन को ओने पौने दामों में क्यों सरकार लेना चाहती है। जब तक हमारी जमीन का उचित मूल्य नहीं मिलेगा। हम लोग अपनी जमीन नहीं देंगे। रविवार को सूचना पर पहुंची सदर एसडीएम प्रतिभा मिश्रा, सदर तहसीलदार अभिषेक कुमार, नायब तहसीलदार राहुल सिंह के सामने भी किसानों ने विरोध जताया। सदर एसडीएम प्रतिभा मिश्रा ने बताया कि कुछ किसान जमीन अधिग्रहण के लिए तैयार हैं। वहीं कुछ किसान अभी उहापोह की स्थिति में है, लेकिन जमीन की जो सर्किल रेट तय किया गया है, वही मिलेगा। सर्किल रेट किसी भी स्थिति में बढ़ाया नहीं जाएगा। इस मौके पर किसान लालजी यादव, रामरतन यादव ,नंदू राजभर ,वीरेंद्र राजभर, रामलाल राजभर, शिव मूरत, जय मूरत सहित क्षेत्रीय लेखपाल विजय बहादुर और दर्जनभर गांवों के किसान मौजूद रहे।

### जमीन के बदले जमीन दे सरकार : महेंद्र सिंह

किसान नेता महेंद्र सिंह ने कहा की सरकार जिस प्रकार अपने अधिकारियों कर्मचारियों को किसान के बीच भेज रही है कि किसी भी तरीके से किसान को समझाया जा सके और एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण में आ रही अड़चनों को दूर किया जा सके। लेकिन किसान अपनी जमीन दान में क्यों देगा किसान का उचित मूल्य या फिर जमीन के बदले जमीन दे सरकार। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे में किसी भी किसान की जमीन सरकार द्वारा जबरजस्ती रजिस्ट्री नहीं कराई जा सकती। इसके लिए किसी भी हद तक संघर्ष करने के लिए तैयार हैं।

## बिहार जा रही 90 बोरी खाद पुलिस ने पकड़ी

**बारा।** गहमर कोतवाली पुलिस ने पंचशील चौराहे के पास से दो वाहनों पर अवैध ढंग से बिहार ले जाई जा रही 90 बोरी खाद पकड़ी। वाहन चालकों के खाद से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाने पर मामले को जिला कृषि अधिकारी को सौंपा गया है। जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उप निरीक्षक राजेश कुमार गिरी पुलिस कर्मियों के साथ पंचशील चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी दो वाहन यूरिया खाद लेकर बिहार की ओर जाते मिले। उप निरीक्षक ने इसकी सूचना प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय को दिया। प्रभारी निरीक्षक ने वाहनों को पकड़ने का निर्देश दिया। पंचशील चौराहे के पास पुलिस ने घेराबंदी कर खाद लदे दोनों वाहनों को पकड़ लिया। साथ ही वाहन चालकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों वाहनों को खाद सहित गहमर थाने में जब्त कर लिया। इसकी जानकारी जिला कृषि अधिकारी को दी। किसानों ने आरोप लगाया कि एक तरफ गेहूं के बुआई के सीजन में क्षेत्र में जहां खाद की भारी किल्लत है वहीं अवैध तरीके से क्षेत्र से खाद की आपूर्ति बिहार में की जा रही है।

# बर्फीली हवाओं से बढ़ी ठिठुरन बादलों से घिरे रहे सूर्यदेव

## अगले 24 घंटे में तापमान और नीचे जाने की संभावना

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जिला पिछले आठ दिनों से भीषण सर्दी की चपेट में है। ठंड ने पिछले दस सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यहां चल रही शीत लहर ने ठिठुरन इतनी बढ़ा दी है कि यहां जींवन की रफ्तार ही थम गई है। स्कूलों में जहां अवकाश घोषित हो गया है वहीं सरकारी दफ्तरों में आने जाने वालों की संख्या काफी कम हो गई। मौसम विभाग के अनुसार दस साल में पहला मौका है कि नए साल के पहले सप्ताह से कोल्ड डे की श्रेणी में है और फिलहाल लोगों को इस हाड़ कंपाने वाली ठंड से राहत मिलने वाली नही है।

रविवार को दिन भर बादली छाई रही। सूर्यदेव बादलों में छिपे रहे। दिनभर पछुआ हवाएं चलने से लोग ठिठुरते दिखे। बुजुर्ग रजाई में दुबके रहे। मौसम के बदलते मिजाज से दिन का पारा 18 व न्यूनतम पारा 5.50 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अगले 24 घंटे में तापमान और नीचे जा सकता है। पहाड़ों पर बर्फबारी थम नहीं रही है। इसका सीधा असर मैदानी इलाकों में देखा जा रहा है। सुबह से चल रही पछुआ हवाओं से आसमान में बादल छा गए। दिन भर पछुआ हवाएं चलती रहीं।

इससे ठिठुरन से लोग परेशान दिखे। जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले। बाहर आने पर गर्म कपड़ों, टोपी व गमछे से पैक दिखे। बादल छाए होने से सूरज भी बादलों में ठिठके रहे। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि अभी ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है। अभी बफीर्ली हवाएं और तेज होंगी। इससे गलन बढ़ेगी। साग-भाजी फसलों पर पाले का असर देखा जा रहा है। किसान हल्की सिंचाई कर फसलों की निगरानी करते रहें।

# ग्रामीणों ने मोबाइल टावर लगने का जताया विरोध

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के पखनपुरा गांव में घनी आबादी में जियो मोबाइल टावर लगने जा रहा है। इस टावर के लगने से निकलने वाले रेडिएन/किरणों से गांव में महामारी व अन्य जानलेवा गंभीर बीमारियों का खतरा हो जायेगा। ग्रामीणों ने शनिवार को मुहम्मदाबाद में हुए तहसील दिवस में एसडीएम की मौजूदगी में जिलाधिकारी को एक शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा है। मदरसे के बगल इश्तियाक उर्फ मस्तान पुत्र स्व. डा. मुतुर्जा और शमशुलहक उपरोक्त के द्वारा अपनी भूमिधरी खेत जो गांव से सटी हुई आबादी के पास है। इसी जमीन पर ठेकेदार के माध्यम से मोबाइल/टावर फोर जी जियो कंपनी का लगवाना चाहते हैं। ठेकेदार के मजदूरों के द्वारा उक्त जमीन पर टावर लगाने के लिए गड्ढे खोदे जा रहे हैं। शनिवार को तहसील दिवस में नौशाद खां, शबनम बानो, रजिया, शांति देवी, सुहेल, शकिला, रोजी बेगम, इजहार, तुफैल समेत दर्जनों ग्रामीणों के द्वारा हस्ताक्षरित सामूहिक शिकायती प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को सौंपा गया। इस पर जांच करके आवश्यक कार्रवाई का भरोसा ग्रामीणों को दिया गया।

# अलमारी का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**बेखौफ**

### पुलिस की लापरवाही से चोरियों में इजाफा

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत नोनिया पूरा मोहल्ले में वीरेंद्र चौहान के घर बीती रात चोरों ने दीवार फांद कर दूसरे तल पर बने हुए कमरे में रखी हुई अलमारी का ताला तोड़कर हजारों की चोरी कर रफुचक्कर हो गए।

चोरी के संबंध में बेटे शंकर ने बताया की रात्रि में हमें अचानक प्यास लगी। जब हम पानी पीने के लिए ऊपर के कमरे में आए तो कुछ लोग दीवार फांद कर दक्षिण की तरफ भागे। मैं डर से कुछ नहीं कर सका। जब मैंने कमरे को देखा तो वहां की अलमारी टूटी हुई थी और सामान बिखरा हुआ था। वीरेंद्र चौहान की पत्नी अपने मायके गई थी। मुहम्मदाबाद क्षेत्र में एक सप्ताह के तीन चोरियां होने से लोगों के बीच भय व्याप्त है। लेकिन मुहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस चोरी की घटनाओं पर लगाम नहीं लगा पा रही है।

एक के बाद एक चोरी की घटना होने से पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। लोगों के बीच चर्चा है कि रात्रि में गश्त लगा रहे पुलिस कर्मियों की मिली भगत से चोरी का धंधा फल फूल रहा है। गस्त के दौरान रात्रि में कोई भी संदिग्ध पुलिस को दिखता है तो पूछताछ के बजाएं पुलिस डायल-112 में बैठकर वीडियो देखने में मस्त रहती है और आन ड्यूटी के दौरान सिर्फ गस्त की खानापूर्ति करती दिखाई देती है।



नोनिया पूरा मुहल्ले में चोरी के बाद बिखरा सामान।

## विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**बारा।** गहमर थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, ससुर, ननद, देवर पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बारा गांव निवासी आरजू खातून पुत्री स्वर्गीय मोहम्मद असगर अली की शादी 19 दिसंबर वर्ष 2021 को बिहार प्रांत के बक्सर जिले के डुमरांव के टेढ़ी बाजार निवासी सज्जाद हुसैन पुत्र नसरुद्दीन राइनी से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही विवाहिता से दहेज की मांग की जाने लगी। विवाहिता का आरोप है कि अक्सर उसके साथ मारपीट की जाती है। कई बार उसके मायके पक्ष के लोगों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, उसके बाद भी आए दिन परेशान करते हैं। विवाहिता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया है। जिससे तंग आकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने पति सज्जाद हुसैन, सास जुबैदा, ससुर नसीरुद्दीन, ननद मलका और हुस्ना, देवर देवर सद्दाम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि पति समेत पांच के खिलाफ मारपीट व दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# परिवार परामर्श केंद्र ने हंसी खुशी परिवारों की कराई विदाई

जनसंदेश न्यूज



पुलिस लाइन सभागार में परिवारों का सुलह समझौता कराते परिवार परामर्श केंद्र के सदस्य।

**गाजीपुर।** परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पुलिस लाइन के प्रांगण में रविवार को पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में कुल 15 परिवारिक विवाद प्रस्तुत हुए। इसमें खुशबू कुमारी पत्नी दीपक राम निवासी गोशन्देपुर थाना करण्डा की शिकायत थी कि उसके पति एवं ससुराल पक्ष के लोग हमेशा उसे अकारण ही मारते पीटते रहते हैं। इस पर पति एवं ससुराल पक्ष के लोगों को समझाकर विदाई कराई गई।

सविता राजभर पत्नी रामचंद्र राजभर निवासी वखरियाडीह थाना करीमुद्दीनपुर की शिकायत थी। उसके पति उसे हमेशा अकारण ही मारते-पीटते रहते हैं। इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई। सुखिया देवी पत्नी लालमन निवासी बाघी थाना करण्डा की शिकायत थी कि उसके पति की उम्र उसकी उम्र से लगभग 5 वर्ष कम है जिसके कारण हमेशा ताना मारते हैं। उसके 5 बच्चे एवं उसे मारपीट कर उसके मायके भेज दिए हैं। इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई रीना देवी पत्नी लखंदर निवासी मनोरिया थाना कोतवाली की शिकायत थी कि उसके पति उसके चरित्र पर हमेशा शंका करते रहते हैं। इसके कारण उसे मारपीट कर उसके मायके भेज दिए हैं। इस पर पति व ससुराल पक्ष को समझाकर विदाई करवाई गई।

सोनी देवी पुत्री फुद्दुर बिन्द निवासी बादसशाह थाना शादियाबाद की शिकायत थी कि उसके घरेलू खर्च के लिये पैसे नही देते है। जिस पर ससुराल पक्ष को समझाकर विदाई कराई गई एक पारिवारिक विवाद के प्रकरण को कुशलता के बाद बंद कर दिया गया। निस्तारण में विक्रमादित्य मिश्र, सरिता गुप्ता, वीरेंद्र नाथ राम, अनीता सिंह, आरक्षी आलेश कुमार,महिला आरक्षी रोली सिंह, महिला होमगार्ड उर्मिला देवी एवं आदि लोग थे। अंत में पारिवारिक परामर्श केंद्र के वरिष्ठ सदस्य दर्शन सिंह की पत्नी राजरानी कौर के असामयिक निधन पर सभी सदस्य खड़े होकर उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दो मिनट का मौन रखकर बैठक को समाप्त किया गया।

# क्रिकेट फाइनल मैच में मऊ की टीम ने शील्ड पर जमाया कब्जा

जनसंदेश न्यूज

**कासिमाबाद।** नेशनल इण्टर कालेज के मैदान पर अमर शहीद शशांक सिंह क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत रविवार को फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैंच में मऊ ने आजमगढ़ को 24 रन से हरा दिया। इसके पूर्व फाइनल मैच में सोने के सिक्का टांस जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने उछाला और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। जबकि विजेता ट्राफी का पुरस्कार अभिनव सिन्हा के हाथों दिया गया। इस दौरान राजकुमार सिंह झाबर,अरूण सिंह, अखिलेश राय, ब्लाक प्रमुख मनोज गुप्ता, सौरभ सिंह, कृष्णा यादव, भोला यादव, सुनील गुप्ता, मयंक राय, अरविंद जायसवाल,सहित हजारों दर्शक मौजूद रहे। कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र यादव ने अंत मे सबका आभार व्यक्त किया। मैच की निर्णायक की भूमिका अंकुर सिंह, अखिलेश गुप्ता, शाहिद ने निभाया और कमेन्ट्री की जिम्मेदारी विमलेश तिवारी, अजय यादव,महेश प्रजापति और विशाल सिंह ने निभाया।

# रिहायशी झोपड़ी में लगी आग, मवेशी सहित सामान जलकर खाक

**जमानिया।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लोटवा में शनिवार की रात करीब 9 बजे अज्ञात कारणों से रिहायशी झोपड़ी में आग लग गई। जिससे झोपड़ी में मौजूद एक गाय सहित गृहस्थी का सारा सामान जल कर राख हो गया। जानकारी के अनुसार चंद्रिका पासवान के बड़े भाई राम जी पासवान (85) की शनिवार को दोपहर 2 बजे के करीब मृत्यु हो गयी थी। शाम को साढ़े पांच बजे के करीब घर से अंतिम संस्कार के लिए लोग बड़ेसर गांव स्थित श्मशान घाट पर गये थे।

अंतिम संस्कार कर परिवार के लोग अभी घर भी नहीं पहुंचे थे कि रात 9 बजे के करीब मृतक के छोटे भाई चंद्रिका पासवान के रिहायसी झोपड़ी में अचानक आग लग गयी। जिससे झोपड़ी में बधी जर्सी गाय जलकर मर गयी तथा उसमें रखा कपड़ा, अनाज, चारपाई व पशुओं का चारा जल कर राख हो गया। गृहस्थी का सारा सामान जल जाने के कारण चंद्रिका पासवान पर पहाड़ टूट गया। भाई की मृत्यु से अभी उबरे भी नही थे कि उनके रिहायसी झोपड़ी में आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। चंद्रिका मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते है। आग लगने की सूचना पाकर रविवार को विधायक ओम प्रकाश सिंह के प्रतिनिधि मन्नु सिंह, सपा विधानसभा अध्यक्ष अनिल यादव मौका मुआयना किया तथा उच्चाधिकारियों से वार्ता कर हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान ग्राम प्रधान राम सहाय राम, पूर्व प्रधान हरिबंश यादव, रजनीकांत यादव, काशीनाथ यादव, प्रमोद यादव, छोटू यादव, शम्भू यादव, जय प्रकाश उपाध्याय, राम वृक्ष पासवान, रामचीज यादव आदि लोग मौजूद रहे।



लोटवा गांव में झोपड़ी में आगलगी के बाद जनप्रतिनिधि।

## संक्षेप

### दस घंटे विलंब से चल रही प्रमुख ट्रेनें, यात्री संकट में



**बारा।** पिछले एक सप्ताह से प्रमुख ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों की फजीहत बढ़ गई है। उन्हें स्टेशनों पर बैठकर घंटों ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है। मौसम में कुछ सुधार होने के बाद भी ट्रेनों का परिचालन पटरी पर नहीं आया है। लंबी दूरी की प्रमुख ट्रेनें अब भी घंटों लेट चल रही हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यह स्थिति माह फरवरी तक बनी रह सकती है। मगध एक्सप्रेस कोटा एक्सप्रेस, जोधपुर झ्र हावड़ा,फरक्का एक्सप्रेस,अमृतसर-हावड़ा एक्सप्रेस 3 से दस घंटे विलंब से चल रही है।

### मां फुलिया देवी महाविद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता



**गाजीपुर।** मां फुलिया देवी महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें क्षेत्र के सभी इंटरमीडिएट कालेज की क्लास 12 की छात्राएं सम्मिलित हुई। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए समस्त विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के प्रधानाचार्य गण,अध्यापक गण ,अभिभावक गण एवं सहयोगियों का सहयोग रहा। जिस में उपस्थित महाविद्यालय के प्रबंधक रामनिवास यादव, समीर यादव,सुशील,अन्नु राय, गोरेलाल शर्मा,मंगल यादव,संतलाल सर, बृजेश प्रधान, जयराम यादव, राजूलाल यादव, रामविलास आदि रहें।

### भगवान बुद्ध के धम्म से विश्व में फैली शांतिःडॉ.भदंत



**दिलदारनगर।** विश्व धम्म ध्वज दिवस के अवसर पर विश्व शांति संदेश एवं धम्म पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीलंका से आए भंते सद्धर्म किर्ति वेन डा. भदन्त डी रेवत थेरो के द्वारा तथागत बौद्ध विहार दिलदारनगर गांव में बुद्ध जी के मूर्ति पर पूजा एवं दीप प्रज्वलन के तत्पश्चात विश्व शांति संदेश के लिए धम्म पदयात्रा दिलदारनगर गांव से चलकर रेलवे स्टेशन सड़क मार्ग,बड़ी नहर होते पुनः तथागत बुद्ध विहार पहुंचकर एक सभा में एकत्रित हुए। मुख्य अतिथि डा. भदंत डी रेवत थोरे ने कहा कि विश्व में जब हिंसा और गुरु प्रवृत्तियों का प्रभाव अपने चरम बिन्दु पर पहुंचा तथा मानव हम पृथ्वी के जिवो को भी घटित करने लगा तब भगवान बुद्ध का धम्म ही ऐसा धम्म रहा जो विश्व शांति एवं मानव कल्याण के लिए प्रसांगिक बना और विश्व मानव कल्याण की रक्षा हुई। इस मौके पर पूर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा, सरोज कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, ओमप्रकाश दीवाना, लीलाधर कुशवाहा, गंगा विशन सिंह, कन्हैया कुशवाहा, सच्चितानंद, प्रवीण, आनंद कुशवाहा, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### पुलिस की मेहरबानी से ओवरलोड वाहनों का चल रहा चक्का



**सेवराई।** जिलाधिकारी के सख्त निर्देश के बावजूद भी ओवरलोड वाहनों के संचालन पर रोक नहीं लग पा रहा है। गहमर थाना क्षेत्र के बिहार बॉर्डर देवल व बारा कर्मनाशा सेतु के रास्ते ओवरलोड वाहनों का संचालन पुलिस की मिलीभगत से बदस्तूर जारी है। इसका ताजा उदाहरण रविवार की सुबह देवल चौकी के पास देखने को मिला। जब स्थास्नीय मीडिया कर्मियों को उनके सूत्रों के हवाले से खबर मिली कि थाना क्षेत्र के दोनों बिहार बार्डरो से ओवरलोड वाहनों का संचालन हो रहा है। इसका सच्चाई जानने के लिए जब मीडिया कर्मी देवल पिकेट के पास पहुंचे तो लगभग वहां 10 की संख्या में ओवरलोड बालू लदे ट्रक खड़े थे । मीडिया कर्मियों को देख देवल पिकेट के सिपाही ट्रकों को खड़ा करने लगे।इस दौरान कई ट्रक देवल चौकी इंचार्ज और पुलिसकर्मियों के आंखों के सामने से ही गाड़ी मुड़ा कर बिहार भाग गए। वही पुलिस द्वारा तीन ट्रकों को खड़ा करा लिया गया। मीडिया कर्मियों द्वारा इसकी सूचना एसडीएम, कोतवाल सहित अन्य उच्चाधिकारियों को भी दे दी गई। वहां से हटने के पश्चात ही दो ट्रक और वहां से फरार हो गए। वही दबी जुबान ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस द्वारा इन दोनों ट्रकों से मोटी रकम वसूल कर बिहार भेज दिया गया। इस संबंध में एसडीएम राजेश प्रसाद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सूचना के बाद गहमर थाना प्रभारी द्वारा पांच ट्रक पकड़े जाने की बात बताई गई। लेकिन जब खनन व एआरटीओ विभाग मौके पर पहुंचे तो मात्र एक ट्रक ही खड़ा मिला। एक ट्रक से 69 हजार का जुमार्ना वसूला गया है और जो गाड़िया भागी है उसको भी जिलाधिकारी को अवगत करा दिया गया है मामले की जांच की जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### रक्सहां की टीम नें फाइनल में बनायी जगह

**सुहवल।** स्थानीय गाँव स्थित इण्टर कालेज के खेल मैदान में आजाद स्पोर्टिंग क्लब सुहवल के तत्वावधान में 52 वीं अन्तर्राज्यीय स्व गणेश राय एवं प्रभुनारायण राय मेमोरियल फुटबाल चैंपियनशिप आयोजित है। शनिवार की शाम खेले गये एकमात्र व पहले सेमीफाइनल मुकाबलें में रक्सहां ने उत्तरौली को 3-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मुकाबलें में निर्णायक बृजेश मिश्रा व उद्घोषक की भूमिका सुरेन्द्र नाथ राय ने निभाई।

# सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**पीडब्ल्यूडी**

### एक वर्ष में एक किमी सड़क नहीं बनकर तैयार



करंडा क्षेत्र के चोचकपुर-धरम्मरपुर गुणवत्ता विहीन निर्माणाधीन मार्ग।

**करंडा।** पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क निर्माण में गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे है। अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से जमकर मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है। शिकायत के बावजूद अधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। करंडा से वाराणसी जाने वाली निर्माणाधीन सड़क में घोर अनियमितता की जा रही है।

करंडा क्षेत्र के चोचकपुर-धरम्मरपुर मार्ग पिछले चार- पांच वर्षों से खराब है। पीडब्ल्यूडी विभाग से इसका निर्माण का कार्य पिछले एक साल से चल रहा है, लेकिन अभी तक एक किमी भी सड़क बनकर तैयार नहीं हो पाई। पिछले कुछ महीनों से धरम्मरपुर से नौदर तक सड़क पर गिट्टी गिराने तथा निर्माण कराने का काम प्रारंभ हुआ है। परंतु तनिक भी कार्य पूर्ण नहीं हुआ। सड़क के निर्माण में भी घोर अनियमितता बरती जा रही है। लोक निर्माण विभाग, खण्ड-1 के अधिकारी ठेकेदार के प्रभाव में मुख्यालय बैठे ही सड़क की गुणवत्ता जांच रहे हैं। ऐसे में लोगों को आशंका है कि सड़क खराब बनेगी और क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बहुत असुविधा होगी। जिससे क्षेत्र आर्थिक विकास में भी काफी पिछड़ जायेगा। समाजसेवी डॉ देवेश सिंह ने कहा कि शासन को सड़क के निर्माण से पहले उस क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर निर्माण सम्बंधी नियम और मानक का एक बोर्ड लगा देना चाहिए।

### मानक के अनुसार सीमेंट और केमिकल का नहीं हो रहा प्रयोग


प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2012-13 में बनी 14 किमी लंबी सड़क की उपरी चिकनी सतह को बिना हटाये उसी पर गिट्टी डालकर कुटाई की जा रही है। जिससे मजबूत पकड़ न होने के कारण सड़क के जल्द खराब होने की बड़ी सम्भावना है। यही नहीं मानक के अनुसार हर 10 मीटर पर एक बोरी सीमेंट और एक ड्रम केमिकल डालकर लगभग 30% पत्थर का चूरा(जीएसबी) के साथ कटाई करनी चाहिए। जबकि ठेकेदार द्वारा 10 मीटर की जगह 12-13 मीटर पर सीमेंट और केमिकल गिराया जा रहा है और पत्थर का चूरा तो मात्र 2% ही डाला जा रहा है।

### अधिशासी अभियंता ने दिया गोलमोल जवाब

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता पतांजलि श्रीवास्तव से पहले से बनी सड़क के चिकनी सतह को बिना हटाये ठेकेदार द्वारा गिट्टी कुटाई करने के सम्बन्ध में पूछा गया तो उनका गोलमोल जबाब आया। उनका कहना था कि उपरी सतह को क्रश करके गिट्टी कुटाई कर देनी है। केमिकल के प्रयोग से गिट्टी की पकड़ बढ़ जायेगी। जबकि निर्माण एजेंसी के लोग क्रश करने के नाम पर जेसीबी से डेढ़-दो मीटर दूरी पर दो तीन मिलीमीटर हल्का निशान बनाकर खानापूर्ति कर रहे हैं।

## जनसंपादकीय

# फुरसत के बेफिक्र क्षण जी लें



**गिरीश्वर मिश्र**


इक्कीसवीं सदी को अपनी रफ़्तार पर बड़ा नाज था। हर कोई व्यस्त और किसी न किसी दौड़ में शामिल होने के लिए तत्पर था। पर दो दशक पूरा होते न होते इस अंतहीन गति पर कोविड-19 की महामारी ने जो ब्रेक लगाई सो जो जहां था वहीं घरों में कैद हो गए। सबकी गति और गतिविधि सब पर पहरा लग गया। घर से काम शुरू हो गया और जो साधारण सामान्य था वह प्रतिबंधित हो गया। उसकी जगह असामान्य 'नया नार्मल' हो गया। लोग 'गोबलिन मोड' में पहुँचने लगे। जानबूझ कर एक निर्लज्ज की तरह अपनी आदिम आदतों की ओर उनका झुकाव होने लगा। जो समाजस्वीकृत तौर-तरीका था, मानक थे जिनका लिहाज करना था उन सबको तवज्जो देने से लोग कतराने लगे। जंक फूड और मीडिया के उपयोग के साथ अपनी छवि और जरूरी साफ-सफाई के बारे में भी बेपरवाह होने लगे। हालाँकि यह किसी पक्की पहचान का रूप न था पर अस्थाई मनोदशा जरूर बन गयी। जैसे कोई हफ़्ते भर काम करने के बाद 'वीक इंड' में फुरसत वाली बेपरवाह समय गुजारने की छूट ले लेता है वैसे ही गोबलिन मोड की व्यवहार-शैली बन गयी। यह स्वस्थ, सुगठित और उत्पादक काम-धाम करने के खिलाफ होती है। कुछ लोग इसे एक किस्म की हानिरहित शरारत भी कहते हैं जो आदमी के शरीर और मन पर हावी हो जाती है। इसे महामारी के बीच तमाम बंधनों के साथ लगातार रहने से उपज रही निराशा की तार्किक परिणति के रूप में भी समझा और माना जा रहा है। वैसे भी आज की दुनिया में जिधर भी नजर डालें बाढ़, सूखा, युद्ध, गरीबी और महामारी के असर ही दिखाई पड़ते हैं। यानी कुछ न कुछ खराब, त्रासद और चुनौती देने वाला ही हो रहा है। फिर कुछ कर के किसे दिखाना और क्या साबित करना है?

गोबलिन मोड एक तरह से यह अपने अंदर छिपे असली जीव के पास ले जाता है। इसमें बिना किसी बनाव-सिंगार के और अपनी छवि की बाँ' प्रस्तुति की चिंता और तनाव से मुक्त हो कर जो अच्छा लगे उसे करने की छूट रहती है। इसकी लोकप्रियता का एक मुख्य कारण सोशल मीडिया में बन-ठन कर अपने को पेश करने की बढ़ती प्रवृत्ति का विरोध दर्ज कराने से भी है। आज आम लोग प्रस्तुति करने में सभी लोग लक-दक और चुस्त-दुरुस्त बने रहते हैं। गोबलिन मोड ऐसी जीवन शैली को प्रश्रय देता है जो सामाजिक नियमों को धता बता सकती है और अपनी मूल प्रवृत्तियों को अपनाने का अवसर देती है।

मजेदार बात यह है कि आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा किए गए सर्वेक्षण में 'गोबलिन मोड' यह शब्द जनता द्वारा 'वर्ष 2022 का शब्द' चुना गया। गोब्लिन मोड, मेटवर्स, स्टैंडविद तीन शब्द थे जिनमें गोब्लिन मोड को सबसे ज्यादा मत मिले। यह एक स्लैंग यानी आम फहम बोलचाल की भाषा का शब्द है जिसका अर्थ होता है बिना किसी अपराधबोध के आत्मलीन, आलस्य, लालची, सामाजिक मानकों और प्रत्याशाओं को धता बताने वाला व्यवहार। इन विशेषताओं से लोग लम्बे चले लॉक डाउन के दौर में सुपरिचित हो चुके थे। सन 2009 में यह पहली बार प्रयुक्त हुआ था पर सोशल मीडिया में इस साल के शुरू में खूब चला और वाइरल हुआ। कोविड लाक डाउन के जुड़े विभिन्न रोक जब कम हुए तो यह तेजी से प्रचारित हुआ। अवसाद (डिप्रेशन) गोब्लिन मोड से मिलता-जुलता है परंतु उससे बिल्कुल भिन्न है। आज मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विमर्श और विगत कोविड महामारी के पहले की अपेक्षा ज्यादा है। समाज में हो रहे बदलाव और हम जिस तरह सोच रहे हैं उसे यह शब्द व्यंजित करता है। इसे साल भर की संक्षेपिका भी कह सकते हैं। स्मरणीय है कि गोबलिन मोड अस्थायी प्रकृति वाला होता है और हम सभी इसमें जाते हैं। कुछ लोग ज्यादा दिन और कुछ कम दिनों तक इसमें रहते हैं। यह वस्तुतः यात्रा के बारे में है न कि गंतव्य के बारे में। महामारी के दौरान हममें से बहुत से लोग गोब्लिन मोड में आ गए थे। उसके बाद गोब्लिन मोड सामान्य जीवन में पैठ उसका अंश हो गया। हम सभी किसी न किसी तरह से गोबलिन मोड में जाते हैं हालाँकि विपदा की स्थिति में गोबलिन मोड में जाना तो मजबूरी होती है। इसका हम अपने असली आत्म रूप में आ जाते हैं। यह निर्बाध किस्म की घरेलू मुक्ति है जब हम सार्वजनिक जीवन का मुखौटा उतार फेंकते हैं। यह शब्द हमारे मानसिक स्वास्थ्य के विमर्श और सोशल मीडिया के बारे में भी बताता है। अपनी भावनाओं को मुखर करना दुःख, क्रोध और पीड़ा आदि की अनुभूतियों की तीव्रता को कम करता है। भावनाओं को शब्द देने का उपचार की दृष्टि से असर करता है। भावनाओं को पहचानना और नाम देना अपने संवेगों को सँभालने की दिशा में पहला कदम होता है।

**( लेखक वर्धा विवि के कुलपति रहे हैं, संपर्क 9922399666)**

# फिर मण्डल और कमण्डल



**रामनिवास तिवारी**

बिहार में सात जनवरी से जातीय जनगणना शुरू हो चुकी है जो दो चरणों में होगी।पहला चरण सात जनवरी से इक्कीस जनवरी और दूसरा चरण एक अप्रैल से शुरू होगा।इस तरह मई के अंत तक जनगणना के सम्पन्न होने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।बिहार में जातीय जनगणना शुरू कराकर नीतीश कुमार ने मंडल की राजनीति को एक बार फिर से हवा दे दी है।उधर अमित शाह ने एक जनवरी 2024 में अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की बात कहकर सुप्त पड़ी सियासत में कमण्डल की चेतना उड़ेल दी है।2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं इसलिए हर पार्टी में मिशन 2024 को लेकर लक्ष्य साधे जाने लगे हैं।बिहार में शुरू हुई जातीय जनगणना नीतीश कुमार का इसी दिशा में फेंका गया कार्ड है।दरअसल मोदी के जादू की काट पिछले कई चुनावों से विपक्ष तलाश कर रहा है।अलग अलग चुनावों में अलग अलग प्रयोग करके भी देख लिया लेकिन मोदी का सम्मोहन जनता पर कम पड़ने की बजाय और बढ़ता ही गया।2014 के लोकसभा चुनाव के बाद देश में 2019 का लोकसभा चुनाव और तमाम राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए जिसमें मोदी मैजिक के जरिये भाजपा विरोधियों पर भारी पड़ती रही।विपक्षी पार्टियों का मुख्य लक्ष्य है कि किस प्रकार मोदी के चेहरे को फ्लाप साबित किया जा सके।उन्हें यह पता है कि दो चार राज्यों में चुनाव जीत लेने से बड़ा लक्ष्य है कि मोदी के चेहरे को ही जीत लिया जाए।क्योंकि विपक्ष जानता है कि 2024 के बाद भाजपा की हर जीत में मोदी का चेहरा ही काम आता है।इसलिए उन्हें अपनी राजनीति का काटा निकालना है तो मोदी चेहरे को निष्प्रभावी साबित करना होगा।यह तभी होगा जो आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के विजय रथ को रोक लिया जाय,लेकिन यह इतना आसान नहीं है विपक्ष को इसका एहसास भी है।

बिहार से जातीय जनगणना की शुरूआत करके नीतीश कुमार ने मोदी को घेरने की पहल कर दी है।यूपी निकाय चुनाव में आरक्षण के मामले पर सपा,बसपा समेत सभी विपक्षी दल भाजपा पर हमलावर दिखे,यह भी ओबीसी वोटों की राजनीति का एक हिस्सा थी।जातीय जनगणना की खास बात यह रही कि जो सता में रहा उसने कराई नहीं और जब विपक्ष में पार्टियां रहती हैं तो गाहे बगाहे इस मुद्दे को उठाते रहते हैं।90 के दशक में वीपी सिंह के समय में मण्डल आयोग बना जिसकी सिफारिश से सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्ग की जाति के लिए सत्ताइस प्रतिशत का आरक्षण फिक्स कर दिया गया।मण्डल की राजनीति को किस कदर आगे करके अलग अलग राज्यों में क्षत्रपों ने राजनीति में अपना बड़ा सेस बना लिया देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव और मायावती ने इसी के इर्दगिर्द रहते हुए अपनी राजनीति में बड़े मुकाम हासिल किये।बिहार में मण्डल की राजनीति ने लालू और नीतीश को कोई कम फायदा नहीं पहुंचाया।पिछड़ी जातियों की राजनीति करके कितनी कितनी बार सत्ता पर काबिज रहे।मगर मण्डल की राजनीति को कमण्डल के जरिये भाजपा ने बखूबी से परास्त किया था।राम जन्मभूमि आंदोलन को पूरे देश के दिलोदिमाग में स्थापित करके भाजपा ने मण्डल के प्रभाव पर पानी फेर दिया था।

जातिगत जनगणना का राजनैतिक इस्तेमाल इसी उद्देश्य से नीतीश कुमार ने बिहार में शुरू कर दिया है।कामयाबी कितनी है फिर भी,हर कदम तब पता चल जाएगा ऐसा करके नीतीश कुमार ने मण्डल राजनीति की तरफ एक कदम आगे बढ़ा दिया है,उधर अमित शाह ने एक जनवरी 2024 को राममंदिर बनने की बात कहकर कमण्डल की राजनीति को हवा दे दी है।अब सवाल यह है कि क्या एक बार फिर देश मण्डल और कमण्डल की राजनीति की दिशा में बढ़ चला है?

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं )**

## दुर्भाग्यजीवी प्रतिभाओं के लिए

वे अपने समय के/ सर्वाधिक प्रतिभावान लोग थे/ वे इतिहास से बाहर निकलकर /एक नया इतिहास बनाना चाहते थे/ अद्वितीय होना चाहते थे
वे नौकरी करने को गुलामी और/ सभ्य-संभ्रांत जीवन जीने को/विकाऊ हुआ आदमी होना समझते थे
वे जीवन भर दूसरों के बड़प्पन को खारिज करते रहे/ लेकिन स्वयं को सामान्य आदमी समझना भी/ उन्हें मंजूर नहीं था
वे सारी दुनिया से नाराज जीवन जीते रहे/ लगभग पागल जैसे/उनकी गालियों और बड़बड़ाहटों में अतिरेक था/ वे सिर्फ दुश्मन की तरह देखना जानते रहे/ अपने मित्रों और शुभचिन्तकों को भी
बहुत गम्भीरतापूर्वक विचार करने पर ही/ उनका अपने समय में/हास्यास्पद और विदूषक होना/ प्रकट हो पाता था
अपनी प्रतिभा को सत्यापित करने के लिए / सभी को अपमानित करने/ और घटिया घोषित करने के सिवाय / स्वयं को सर्वोपरि प्रदर्शित करना का/ और कोई भी दूसरा रास्ता नहीं था उनके पास/ सर्वसम्मति से अपने स्वीकार के लिए !




- रामप्रकाश कुशवाहा

# वृंदावनलाल वर्मा: हिंदी का वाल्टर स्कॉट

**जयंती पर**



**जाहिद खान**



हिंदी साहित्य में वृंदावनलाल वर्मा की पहचान ऐतिहासिक उपन्यासकार की है। ऐतिहासिक उपन्यासकार के रूप में उनका कृतित्व विशेष महत्त्व रखता है। उनसे पूर्व हिंदी साहित्य में ऐसा कोई उपन्यासकार नहीं हुआ, जिसने इतने अलग-अलग विषयों पर अपनी कलम पूरी विशेषज्ञता के साथ चलाई हो। उनके उपन्यासों में गजब का इतिहास बोध मिलता है। हालांकि, उनसे पहले अनेक उपन्यासकारों ने ऐतिहासिक उपन्यास लिखे, लेकिन यह उपन्यास न तो पाठकों को पसंद आए और न ही इनका कोई साहित्यिक महत्व है। हिंदी में वृंदावनलाल वर्मा, पहले ऐसे ऐतिहासिक उपन्यासकार हैं, जिन्होंने इतिहास और कल्पना शक्ति का शानदार इस्तेमाल कर, एक नई परंपरा का आगाज किया। अपने उपन्यासों में वे ऐतिहासिक तथ्यों और कल्पना से ऐसी कहानी रचते थे कि पढ़ने वाले उनमें डूब जाते थे। यही वजह है कि उन्हें हिंदी का वाल्टर स्कॉट कहा जाता है। वृंदावनलाल वर्मा, हिंदी के अप्रतिम उपन्यासकार हैं। हिन्दी उपन्यास के विकास में उनका महत्त्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने एक तरफ प्रेमचंद की सामाजिक परंपरा को आगे बढ़ाया, तो दूसरी ओर ऐतिहासिक उपन्यास के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किए। बुन्देलखंड का मध्यकालीन इतिहास उनके कथा साहित्य की बुनियाद है। उपन्यास हों या फिर नाटक, वृंदावनलाल वर्मा उनकी विषयवस्तु इतिहास में ही तलाशते थे। इतिहास उनका पसंदीदा विषय था।

9 जनवरी, 1889 को उत्तर प्रदेश में झाँसी जिले के मऊरानीपुर में जन्मे वृंदावनलाल वर्मा ने विक्टोरिया कॉलेज, ग्वालियर से स्नातक तक की पढाई की। आगरा कॉलेज से कानून की पढाई पूरी करने के बाद झांसी में वकालत करने लगे। उन्हें बचपन से ही पढ़ने का शौक था। खास तौर से पौराणिक तथा ऐतिहासिक कथाओं के प्रति उनकी बेहद दिलचस्पी थी। स्कूल में ही थे, जब वृंदावनलाल वर्मा ने भारतेंदु हरिशचंद्र, देवकीनंदन खत्री और बंकिम चंद्र चटर्जी का पूरा साहित्य पढ़ लिया था। लगातार पढ़ने से उनमें लिखने की ललक जागी और उन्नीस साल की उम्र में उन्होंने अपनी पहली रचना 'महात्मा बुद्ध का जीवन चरित' लिख डाली। उसके अगले ही साल यानी 1909 में वृंदावनलाल वर्मा ने आल्हा और ऊदल की वीर गाथा को केन्द्र में रखकर, 'सेनापति ऊदल' नाटक लिखा। इस नाटक में अभिव्यक्त विद्रोही तेवरों को देखते हुये, तत्कालीन अंग्रजी सरकार ने इसे जब्त कर लिया। नाटक की सारी कॉपियां जला दी गईं। वृंदावनलाल वर्मा की नौजवानी का दौर, देश के स्वतंत्रता आंदोलन के उभार का दौर था। महात्मा गांधी के अंहिसक आंदोलनों के अलावा क्रांतिकारी भी आजादी के आंदोलन में अपना सर्वस्वः लुटा रहे थे। वृंदावनलाल वर्मा, क्रांतिकारियों से ज्यादा प्रभावित थे। भगतसिंह, चंद्रशेखर आजाद और गणेशशंकर विद्यार्थी से उनकी मुलाकातें थी। उन्होंने गुप्त रूप से क्रांतिकारियों की मदद भी की। साल 1920 तक वृंदावनलाल वर्मा, छोटी-छोटी कहानियाँ लिखते रहे। इसी दौरान उन्होंने निबन्ध लिखने की शुरूआत की। अंग्रेजी के प्रसिद्ध ऐतिहासिक उपन्यासकार-नाटककार वाल्टर स्कॉट के उपन्यासों से वृंदावनलाल वर्मा खासे प्रभावित थे। दरअसल, ऐतिहासिक उपन्यास लिखने की प्रेरणा उन्हें स्कॉट से ही मिली। एक महत्वपूर्ण बात और, भारतीय इतिहास के प्रति जिस तरह अंग्रेज इतिहासकारों का नकारात्मक रवैया था, इतिहास के साथ वे जिस तरह से खिलवाड़ कर रहे थे, इन सब बातों ने भी वृंदावनलाल वर्मा को ऐतिहासिक उपन्यास लेखन की ओर खींचा।

बहरहाल, साल 1927 में वृंदावनलाल वर्मा ने अपना पहला उपन्यास 'गढ़ कुंडार' लिखा। यह उपन्यास उन्होंने महज दो महीने में ही लिख दिया था। उपन्यास खंगार राजपूतों और बुंदेल राजपूतों के सत्ता संघर्ष की गाथा है। 'गढ़कुंडार' को जबरदस्त प्रसिद्धि मिली। इसके बाद, तो वृंदावनलाल वर्मा ने एक के बाद एक 'विराटा की पद्मिनी', 'कचनार', 'झाँसी की रानी', 'माधवजी सिंधिया', 'ललितादित्य', मुसाहिबजू, 'ललित विक्रम', 'अहिल्याबाई', 'टूटे कांटे', 'देवगढ़ की मुस्कान' और 'मृगनयनी' जैसे ऐतिहासिक उपन्यास लिख डाले। उनके उपन्यासों में इतिहास जीवंत होकर बोलता है। एक तरफ वे ऐतिहासिक उपन्यास लिख रहे थे, तो दूसरी ओर सामाजिक विषयों पर भी उन्होंने कलम चलाई। 'लगन', 'संगम', 'प्रत्यागत', 'कुण्डली चक्र', 'प्रेम की भेंट', 'कभी न कभी', 'अचल मेरा कोई', 'सोना', 'अमरबेल' तथा 'हृदय की हिलोर' वृंदावनलाल वर्मा के सामाजिक उपन्यास हैं। उपन्यास 'लगन' में जहां प्रेमकथा के साथ बुन्देलखण्ड के समृद्ध घर के दो किसानों की आनबान और संघर्ष का चित्रण है, तो उपन्यास 'संगम' और 'प्रत्यागत' में वे समाज में व्याप्त ऊँच-नीच की रूढ़िगत भावना का प्रतिकार करते हैं। इन उपन्यासों में तत्कालीन जाति-व्यवस्था की कठोरता, रूढ़िग्रस्तता और उससे उत्पन्न अराजकता का सजीव चित्रण है। जबकि 'कुण्डलीचक्र' में किसानों और जमींदारों का संघर्ष दिखाया गया है। उपन्यास 'कभी न कभी' मजदूरों के जीवन पर केन्द्रित है। 'अमरबेल' में सहकारिता तथा श्रमदान के महत्त्व को दिखाया गया है। यानी उस जमाने में ऐसी कोई सामाजिक समस्या नहीं थी, जिस पर कि वृंदावनलाल वर्मा ने अपनी कलम नहीं चलाई हो।

साल 1946 में वृंदावनलाल वर्मा का प्रसिद्ध उपन्यास 'झाँसी की रानी' प्रकाशित हुआ। यह लक्ष्मीबाई पर प्रमाणिक उपन्यास है। इस उपन्यास में उन्होंने राष्ट्रीय आन्दोलन में हिन्दू-मुस्लिम एकता पर बल देते हुए, साम्प्रदायिक सौहार्द का सशक्त संदेश दिया है। रानी लक्ष्मीबाई द्वारा अपने राज्य संचालन और अंग्रेजों के खिलाफ 1857 की क्रांति में दोनों धर्मों के लोगों को समान रूप से महत्व देना, उन पर विश्वास रखते हुए युद्ध रणनीति का कुशलता से संचालन करना आदि घटनाएँ, वृंदावनलाल वर्मा ने उपन्यास में बड़े ही प्रमाणिकता से दिखलाई हैं। 'झाँसी की रानी' खूब लोकप्रिय हुआ। उपन्यास ने उस दौर में देशवासियों के दिल में देशप्रेम और एकता का जज्बा जगाने का काम किया। 'मृगनयनी', वृंदावनलाल वर्मा का एक और बेहतरीन उपन्यास है। इस उपन्यास में 15वीं शती के आखिर के ग्वालियर राज्य के राजा मानसिंह तोमर और उनकी रानी मृगनयनी की कथा है। यज्ञदत्त शर्मा ने वृंदावनलाल वर्मा की उपन्यास कला का मूल्यांकन करते हुए लिखा है, ''वृंदावनलालजी ने इतिहास को बन्धन मुक्त कर दिया है और काव्य को बन्धन में बाँधकर उसे लाजवन्ती का स्वरूप प्रदान किया है। जो अपने समस्त सौन्दर्य को अपने में समेट कर चित्रित की जाती है।''

आजादी के बाद वृंदावनलाल वर्मा ने जितने भी उपन्यास लिखे, उनमें उन्होंने अपनी मातृभूमि बुन्देलखंड को समग्रता से उभारने की कोशिश की। इतिहास और कल्पना का अद्भुत समन्वय कर, उन्होंने बेमिसाल उपन्यास रचे। इसके लिए उन्होंने इतिहास का गहन अध्ययन एवं अनुसंधान किया, तो प्रचलित जनश्रुतियों का भी आधार लिया। जहां जरूरत पड़ी, वहां कल्पना का सुन्दर और सार्थक इस्तेमाल किया। वृंदावनलाल वर्मा की प्राचीन और मध्यकालीन साहित्य, इतिहास, कला, पुरातत्त्व, चित्रकला एवं मूर्तिकला में विशेष रुचि थी। उन्होंने उपन्यास के अलावा ऐतिहासिक नाटक भी लिखे, जो काफी चर्चित रहे। 'झाँसी की रानी', 'हंसमयूर', 'पूर्व की ओर', 'बीरबल', 'ललित विक्रम', और 'जहाँदारशाह' उनके ऐतिहासिक नाटक हैं। नाटक 'नीलकण्ठ' में वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक दोनों दृष्टिकोणों के समन्वय पर जोर दिया गया है। नाटक 'निस्तार', दलितों के सुधार पर केन्द्रित है। 'दबे पाँव', 'मेढ़क का ब्याह', 'अम्बपुर के अमर वीर', 'ऐतिहासिक कहानियाँ', 'अँगूठी का दान', 'शरणागत', 'कलाकार का दण्ड' 'वीर का बलिदान तथा अन्य कहानियां' और 'तोषी' वृंदावनलाल वर्मा के प्रमुख कहानी संग्रह हैं। 'अपनी कहानी' में उन्होंने अपने जीवन की संघर्षमय गाथा लिखी है।

वृंदावनलाल वर्मा के समग्र साहित्य का अवलोकन करें, तो उनके कथा साहित्य में देश के समृद्ध इतिहास और वीर नायक-नायिकाओं का चित्रण है, तो परतंत्रता की वजह भी तलाशी गई हैं। उनकी दृष्टि राष्ट्र के पुनः निर्माण की रही है। जाति व्यवस्था, साम्प्रदायिकता को वे देश की एकता, अखंडता का दुश्मन मानते हैं। अपने उपन्यासों में उन्होंने सामाजिक कुरीतियों, रूढ़ियों की ओर भी इशारा किया है। उन्होंने मेहनत, सच्चाई और ईमानदारी जैसे जीवन मूल्यों को हमेशा अहमियत दी। यही नहीं वृंदावनलाल वर्मा, मानव जीवन के लिए प्रेम को भी जरूरी मानते थे। जहां तक उनकी भाषा का सवाल है, इसमें बुन्देलखण्डी का प्रभाव साफ दिखाई देता है। उपन्यासों की कथावस्तु और पात्रों के अनुसार उनकी भाषा होती है। वृंदावनलाल वर्मा की शैली वर्णनात्मक है। जिसमें रोचकता तथा धाराप्रवाहिता, दोनों गुण विधमान हैं। वे पात्रों के चरित्र चित्रण में तटस्थ रहते हैं। पात्र अपने चरित्र का परिचय घटनाओं, परिस्थितियों एवं कथोपकथन से खुद दे देते हैं। यही सब वजह वृंदावनलाल वर्मा के उपन्यासों की लोकप्रिय बनाती हैं।

वृंदावनलाल वर्मा एक साहित्यिक मनीषी थे। उनकी प्रतिबद्धता अपने देश और समाज से थी। उन्होंने न सिर्फ.अपने लेखन से समाज को जागरूक करने का काम किया, बल्कि वकालत और लेखन से कमाये अपने पैसे का इस्तेमाल वे समाज के कमजोर वर्ग के जीवन को ऊपर उठाने में करते थे। हिंदी साहित्य में महत्वपूर्ण अवदान के लिए वृंदावनलाल वर्मा को कई पुरस्कार और सम्मानों से सम्मानित किया गया। वे हिन्दुस्तानी अकादमी, प्रयाग और नागरी प्रचारिणी सभा, काशी के सर्वोत्तम पुरस्कारों से सम्मानित किये गये। भारत सरकार ने उन्हें 'पद्मभूषण' से अलंकृत किया। राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय जगत में भी उनके लेखन को सराहना मिली। सोवियत संघ सरकार ने उन्हें अपने प्रतिष्ठित सम्मान 'सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार' से नवाजा। वृंदावनलाल वर्मा के उपन्यासों का अनेक भारतीय और विदेशी भाषाओं में अनुवाद हुआ। उनके उपन्यासों पर कुछ फिल्में और टेलीविजन धारावाहिक बने। 23 फरवरी, 1969 को अस्सी साल की उम्र में वृंदावनलाल वर्मा ने इस दुनिया से विदाई ली। वृंदावनलाल वर्मा के निधन के बाद, सरकार ने उनकी याद और सम्मान में 9 जनवरी, 1997 को एक डाक टिकट जारी किया। हिंदी साहित्य में जब भी ऐतिहासिक उपन्यासों का जिक्र छिड़ेगा, साहित्यकार वृंदावनलाल वर्मा और उनके उपन्यास जरूर याद किए जाएंगे।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944)**

# चुनावी मौसम में कैसे बना रहे सद्भाव

**प्रसंगवश**



**राम पुनियानी**

जैसे-जैसे कर्नाटक विधानसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं वैसे-वैसे लोगों को बांटने वाले वक्तव्यों और भाषणों की संख्या भी बढ़ रही है. भोपाल से लोकसभा सदस्य साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कर्नाटक के शिमोगा में बोलते हुए कहा कि हिन्दू खतरे में हैं. उन्हें आक्रामक बनना होगा और अपनी लड़कियों को लव जिहाद से बचाना होगा. हिन्दुओं को शांत नहीं रहना चाहिए. उन्हें दुश्मनों से अपनी रक्षा के लिए हथियार रखने चाहिए. कम से कम उन्हें रसोईघर में काम आने वाले चाकू की धार तो तेज करवा ही लेनी चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि हिन्दू धर्म के शत्रु लव जिहाद तो कर ही रहे हैं वे अन्य तरीकों से भी हिन्दुओं के लिए खतरा बने हुए हैं.

हमेशा भगवा वस्त्र पहनने वाली प्रज्ञा इन दिनों जमानत पर हैं. उन पर आरोप है कि महाराष्ट्र के मालेगांव में बम धमाके करने के लिए उनकी मोटरसाईकिल का प्रयोग किया गया था. मालेगांव के धमाकों में निदोर्षों की जान जाने से वे कतई परेशान नहीं थीं. उन्हें तो इस बात पर खेद था कि इतने कम मुसलमान क्यों मारे गए. महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते के प्रमुख दिवंगत हेमंत करकरे ने मालेगांव की घटना की सूक्ष्म जांच की जिससे अंततः इसमें प्रज्ञा सहित अन्य आरोपियों के शामिल होने का पता चला. साध्वी का यह दावा है कि करकरे की मौत उनके श्राप के कारण हुई.

इसके पहले उन्होंने कहा था कि महात्मा गांधी का हत्यारा देशभक्त है और रहेगा. प्रज्ञा भाजपा सांसद हैं. गोडसे की तारीफ करते हुए उनके बयान की प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वे अपने दिल से प्रज्ञा को कभी माफ नहीं कर पाएंगे. भाजपा ने उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की बल्कि जहरीली बातें करने वालों को पदोन्नत करने की पार्टी की परंपरा के अनुरूप उन्हें रक्षा संबंधी संसद की स्थायी समिति का सदस्य बना दिया गया. हालांकि अब भी मोदीजी ने उन्हें दिल से माफ नहीं किया है.

प्रज्ञा भाजपा के साध्वी कुल से आती हैं. उनकी ही तरह साध्वी उमा भारती, साध्वी प्राची और अन्य समय-समय पर जहर उगलते रहते हैं. साम्प्रदायिकतावादियों की दुनिया में साध्वियों के इस दल का दर्जा काफी ऊँचा है. उन्हें अत्यंत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है और इस सम्मान का कारण केवल उनके भगवा वस्त्र और साध्वी का खिताब नहीं है बल्कि जहर उगलने की उनकी अद्भुत क्षमता भी है. इन साध्वियों के पुरूष समकक्ष भी हैं. यति नरसिम्हानंद और बजरंग मुनि उभरते हुए सितारे हैं. उनकी वाणी इतनी गंदी होती है कि उसे प्रकाशित करना भी संभव नहीं होता और अगर संवैधानिक मानकों का पालन किया जाता तो वे न जाने कब से सींखचों के पीछे होते. इन लोगों में से प्रज्ञा समेत कई अन्यों ने संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली है. संविधान और हमारे देश का कानून धार्मिक समुदायों के बीच नफरत फैलाने को गंभीर अपराध मानता है. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 153(ए) के तहत ऐसा करने वालों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान है. परंतु चूंकि हमारी न्याय प्रणाली के एक बड़े हिस्से पर साम्प्रदायिक तत्व काबिज हैं इसलिए नफरत की तिजारत करने वाले मजे में हैं. उनमें से एक को भी अब तक सजा नहीं हुई है. अगर इसी तरह की बातें अल्पसंख्यक समुदाय का कोई व्यक्ति करता तो पुलिस और कानूनी मशीनरी को सक्रिय होने में कुछ घंटे भी नहीं लगते.

एक दूसरे स्तर पर नफरत फैलाने के लिए परिष्कृत तरीके भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं. हमारे प्रधानमंत्री यह करने वाली ब्रिगेड के मुखिया हैं. गुजरात में सन 2003 में चुनाव के दौरान उन्होंने पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को अपने प्रतिद्वंद्वी के रूप में प्रस्तुत किया था. उद्धेश्य था पाकिस्तानी तानाशाह को भारत के मुसलमानों से जोड़ना. इसी तरह जब 2002 में तत्कालीन चुनाव आयुक्त लिंगदोह ने यह कहा कि यह समय चुनाव करवाने के लिए उपयुक्त नहीं है तब मोदी हर भाषण में उनका पूरा नाम जेम्स माईकल लिंगदोह लेते थे. लक्ष्य था उनके निर्णय को उनके धर्म से जोड़ना.

मोदी के अन्य कथन भी ध्यान देने योग्य हैं. इनमें शामिल हैं ₹वे अपने कपड़ों से पहचाने जा सकते हैं₹ और बीफ के निर्यात की तरफ इशारा करने के लिए ₹पिंक रेवेल्यूशन₹. असम में उन्होंने कहा था ₹कि घुसपैठियों (बांग्लादेशी मुसलमानों) के लिए जगह बनाने के लिए गैंडों को मारा जा रहा है₹. एक अन्य भगवाधारी, योगी आदित्यनाथ ने, एक समुदाय विशेष को निशाना बनाने के लिए 'अब्बाजान' शब्द का प्रयोग किया था और यह भी कहा था कि चुनाव ₹80 प्रतिशत बनाम 20 प्रतिशत के बीच है₹. 'हम दो हमारे दो, वो 5 उनके 25' जैसे नारे भी इसी गिरोह की उपज हैं. चुनाव के पहले मानो इस तरह के बयानों की बाढ़ आ जाती है. हाल में हुए गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले अमित शाह ने लोगों को याद दिलाया था कि गड़बड़ी फैलाने वालों को सबक सिखा दिया गया है. यह इस तथ्य के बावजूद कि माया कोडनानी और बाबू बजरंगी जैसे लोगों को आजीवन कारावास की सजा दी जा चुकी है और बिलकिस बानो का बलात्कार करने वालों को उनकी सजा की अवधि पूरी होने से पहले रिहा कर दिया गया है.

कर्नाटक के संदर्भ में अमित शाह लोगों से पूछ रहे हैं कि वे किसे चुनेंगे - राम मंदिर बनाने वालों को या टीपू सुल्तान का गुणगान करने वालों को. प्रज्ञा का बयान भी कर्नाटक चुनाव की पृष्ठभूमि में आया है. इस तरह के बयान शासक दल की चुनाव जीतने की टूल किट का हिस्सा हैं. पार्टी के लिए पहचान से जुड़े मुद्दे सबसे महत्वपूर्ण हैं. जहां गृहमंत्री राम मंदिर का गाना गा रहे हैं वहीं हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि नेहरू ने भाखड़ा नंगल को आधुनिक भारत का तीर्थ बताया था. नेहरू ने शिक्षा, उद्योग, विज्ञान एवं तकनीकी आदि जैसे क्षेत्रों में अनेक संस्थानों की स्थापना की थी.

आज जब हम भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं तब हम कहां खड़े हैं? जिस महान संघर्ष ने हमें स्वतंत्रता दिलवाई उसने हम सबको एक किया था. हमारे लिए उद्योग और शैक्षणिक संस्थाएं विकास का पर्याय थीं. आज हम केवल लोगों को बांट रहे हैं. उनके बीच नफरत के बीज बो रहे हैं.

इस संदर्भ में भारत जोड़ो यात्रा के महत्व से इंकार नहीं किया जा सकता. यह यात्रा समाज के सामने उपस्थित वास्तविक समस्याओं पर बात कर रही है और उन मूल्यों की याद दिला रही है जिन्होंने हमारे स्वाधीनता संग्राम को परिभाषित किया था. टीपू को खलनायक और राममंदिर को ट्राफी बताने से कुछ नहीं होगा. हमें गांधी और नेहरू की बताई राह पर चलना होगा. हमें नफरत से दूर रहना होगा और पहचान की राजनीति से तौबा करनी होगी.

**(लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

**व्यंग्य**



# ठंड से जंग

**ओम वर्मा**

कथा शिल्पी प्रेमचंद की कहानी 'पूस की रात'!

ठण्ड से ठिठुरते हलकू और मुन्नी...! मुन्नी हलकू को बार बार कोसती रहती है कि वह इफरात में खर्च न करे ताकि कुछ बचत हो सके और 'कम्मल' (कंबल) खरीदा जा सके जिससे 'पोस-माघ' ढंग से कट सकें!

आज की मुन्नियाँ हलकुओं को कुछ यूँ कोस रही हैं- 'इस मुई ठण्ड का क्या करूँ...कहा था कि रजाई भारी बनवाना... बनवा लाए चादरे जैसी...! रूम हीटर ही ले आते तो कमरा ही थोड़ा गर्म हो जाता...!' लेकिन बाद में फिर बिजली का बिल देख कर दिमाग पर जो गर्मी चढ़ेगी उसे कौन उतारेगा? कल तक जो ग्लोबल वार्मिंग के नाम से डरा डरा कर मुंबई जैसे तटवर्ती शहरों के डूब जाने का खतरा बता रहे थे वे आज ग्लोबल कूलिंग की बात करते फिर रहे हैं।

आखिर इस जमा देने वाले जाड़े से निजात मिले तो कैसे? अपने बोलने भर से सदन में भूकंप लाने का दावा करने वाले भाई जी से निवेदन है कि कम से कम इतना तो बोल ही दें कि भूकंप के बजाय थोड़ी गर्मी ही आ जाए ताकि उत्तरी भारत को ठंड और कोहरे से थोड़ी राहत मिल सके। इसी तरह कल तक जो मुझे राह रोक रोक कर पूछा करते थे कि अच्छे दिन कब आएंगे, वे आज पूछते हैं कि नए टोपे बाजार में आए या नहीं, या ये स्वेटर कहाँ से लिया, या यह कि आखिर ये ठण्ड कब खत्म होगी यार...! हिंदी की प्रसिद्ध कहानी 'उसने कहा था' का वह दृश्य रह रह कर कौंध जाता है जिसमें लहनासिंह के साथी ठण्ड से परेशान हैं और चाहते हैं कि 'जंग' हो ताकि कुछ गर्मी आए।

इन दिनों जिसे देखो वही कुछ ठिगना नजर आ रहा है। क्या लोगों की औसत ऊँचाई एक दो इंच कम हो गई है। ध्यान से देखने पर समझ में आता है कि अब बड़े से बड़ा आदमी भी 'अकड़ने' के बजाय सिकुड़ने में ही अपनी भलाई समझता है। मिलते ही तपाक से हाथ मिलाने वाला शख्स देखते ही मुँह फेर रहा है। ऐसा नहीं है कि हाथ न मिलाने वाला किसी वायरस के डर से हाथ आगे नहीं बढ़ा रहा है। लाख टके की बात यह है कि हाथ मिलाने की औपचारिकता के डर से जेब की गर्मी का अलौकिक आनंद क्यों छोड़ दिया जाए। गलती से अगर उन्हें हाथ मिलाना भी पड़े तो सामने वाले से एक बत्ती कनेक्शन या 200/- रु में मनचाही बिजली पाने वाले उपभोक्ता की तरह ज्यादा से ज्यादा एनर्जी खींचने की कोशिश करने लगते हैं। इधर चौराहे पर जो आग जल रही है वह कोई विरोध प्रदर्शन या पुतला दहन नहीं है। जिन्हें मैं प्रदर्शनकारी समझ बैठा था वे और दो पुलिस के जवान अलाव ताप रहे हैं।

'मोदी लहर वैसी ही है या कमजोर हो गई है अथवा किसान बिल की वापसी का फैसला सही है कि गलत', इस बात पर लोग दो मत हो सकते हैं मगर चाहे आप मोदी समर्थक हों या गठबंधन समर्थक, हर शख़्स शीत की चपेट में है इस बात पर सदन चलने देने और न चलने देने वाले दोनों सहमत हैं। भोपाल के यूनियन कार्बाइड में जैसे किसी की गलती से 'मिक' गैस के टेंक का वॉल्व खुल गया था, वैसे ही शायद ऊपर वाले के दरबार में कोई मौसम का स्विच चेंजओवर करना भूलकर आराम से बीड़ी पीने चला गया है। नीचे वाले मरें तो मरें, उसकी बला से!

सुबह हो गई है...दरवाजे पर पेपर फेंकने की आवाज आ चुकी है। कोई भी पेपर उठा कर लाने को तैयार नहीं है। रजाई कौन छोड़े! घर के अस्सी वर्षीय वरिष्ठ नागरिक अखबार के बिना छटपटाने लगते हैं, और शॉल, टोपे, मोजे के जिरहबख्तर में कैद होकर जाकर उठा लाते हैं। श्रीमती जी कुढ़मुढ़ा रही हैं कि 'बाई' आज भी आती दिखाई नहीं देती।

सुबह सुबह स्कूलों में पहुँचे गिने-चुने बच्चे अपना मास्क हटा-हटाकर मुँह से वाष्प छोडकर धूम्रपान और 'क...क...किरण' बोलकर खुद को शाहरुख खान समझने लगते हैं। दरअसल ठण्ड के मारे इसके दाँत किटकिटा रहे हैं। इधर पारा जितना नीचे होने लगता है, उधर 'भियाजी' की लाल रंग की 'दवा' का डोज भी उसी अनुपात में बढ़ जाता है। कल रात गश्त की ड्यूटी कर रहे हवलदार ने होटल की भट्टी के बाहर राख की ढेर में गर्मी लेने का प्रयास कर रहे दिनोदिन खजेले होते जा रहे मरियल कुत्ते को तीसरी बार बिला वजह लाठी चार्ज कर-के ट्याऊँ ट्याऊँ करने को मजबूर कर दिया है।

इधर मेरा चिंतन चल ही रहा था कि श्रीमती जी को अकस्मात यह इल्हाम हुआ कि मैं पिछले तीन दिन से नहाया नहीं हूँ। लिहाजा एक बार मतदान से पूर्व नेताजी द्वारा अपनाई जाने वाली शैली में नहा लेने की अपील की गई, फिर दस मिनट बाद आदेशात्मक लहजे में कहा गया। मेरे ध्यान न देने पर अगले दस मिनट बाद बाथरूम में गर्म पानी की बाल्टी रखकर सीधे पकड़कर इस प्रकार धकेल दिया गया जैसे अभी अभी जवान हुई लड़की को विवाह के लिए देखने आए किसी दुजवर अधेड़ के सामने धकेल दिया जाता है।

अब मैं बाथरूम में हूँ और कई देवी देवताओं का स्मरण कर चुका हूँ। इस जानलेवा ठण्ड में पानी का पहला मग्गा डालने में मुझ जैसे रजाईप्रेमी को उतना ही वक़्त लग जाता है जितना कभी प्यार का पहला खत लिखने में लगा था।

तब पत्र लिखते समय मैंने यह सोचते सोचते ही कई पन्ने फाड़ डाले थे कि संबोधन में 'मेहरबाँ' लिखूँ, 'हसीना' लिखूँ, या कि 'दिलरुबा' लिखूँ... ! 'संगम' फिल्म के गोपाल (राजेंद्रकुमार) द्वारा पैदा किया गया यह कन्फ़्यूजन मुझ पर कुछ इतना ज्यादा तारी रहा कि सोचते सोचते उम्र ही हाथ से कांग्रेस के हाथ से एक के बाद एक निकलते जा रहे राज्यों की तरह फिसल गई। उम्र हो गई तो क्या, किसी भी संभावित शारीरिक 'विपत्ति' से बचने के लिए दिमाग अभी भी उसी प्रकार भ्रमित रहता है जैसे प्यार का पहला खत लिखते समय रहा था। हौसले की वही कमी आज भी है। इसलिए इन दिनों नहाते समय ठण्ड से मैं कुछ वैसे ही खौफ खाता हूँ जैसे चुनाव के वक़्त कुछ लोग ईवीएम मशीन से खाने लगते हैं

तो भाइयों और बहनों! मैं बाथरूम में खुद नहीं आया हूँ, मुझे इस बाल्टी में समाहित गंगा माँ ने बुलाया है। बाथरूम में अब मैं हूँ और मेरे सामने पानी की बाल्टी है। जैसे एक कवि ने कहा है कि 'आग तो हर तरफ बताई गई थी' उसी तरह मुझे पानी भी गरम ही बताया गया था। मगर चूल्हे से उतरकर बाथरूम तक पहुँचने की यात्रा में पानी अपनी असली ऊष्मा खो चुका है। इस मौसम में पानी, पानी न रहकर वह रुपया हो गया है जिसके बारे में कभी कहा गया था कि वह दिल्ली के चूल्हे से उतरकर आम आदमी के बाथरूम तक पहुँचते पहुँचते अपनी मात्र पंद्रह प्रतिशत 'ऊष्मा' ही बचा पा रहा है। चूल्हे से उतारे गए पानी और बाथरूम की बाल्टी में रखे गए पानी के तापमान में इन दिनों उतना ही अंतर हो जाता है जितना चुनावी घोषणापत्रों या आश्वासनों और उनके क्रियान्वयन में होता है। बाथरूम की बाल्टी का पानी यह चीख चीखकर कह रहा है कि चूल्हे से जब पानी उतारा गया था तब उसका जो तापमान बताया गया था वह महज एक जुमला था। रसोई के चूल्हे से बाथरूम की बाल्टी तक की यात्रा में पानी की ऊष्मा का इन दिनों जिस तेजी से ह्रास हो रहा है, उसके आगे थर्मोडाईनामिक्स के सारे सिद्धांत पानी भर रहे हैं।

अब मैं और बाल्टी के पानी की सारी ऊष्मा को अपनी बपौती समझने वाला मग्गा आपस में बातें करते हैं कि 'गर्मी होती तो ऐसा होता, या ठण्ड न होती तो वैसा होता; ठंड कुछ कम होती तो ऐसा होता, या ठण्ड और भी ज्यादा होती तो कैसा होता'। इस कथित गर्म पानी को लेकर एक परेशानी यह भी है कि ठंड की यातना तो पूरा शरीर भुगत रहा है, लिहाजा गर्म पानी का पैकेज हर अंग द्वारा माँगा जा रहा है। पहले आखिर किस अंग पर डालूँ? हाथ से शुरू करूँ तो पैर नाराज, पैर से शुरू करूँ तो हाथ नाराज! कहीं कम और कहीं ज्यादा डाल दिया तो भेदभाव व तुष्टीकरण का आरोप लग सकता है। बाएँ अंग पर पहले डाल दिया तो दाहिने अंग वामपंथी होने का आरोप लगा सकते हैं। दाहिने अंगों पर डाल दिया तो बाएँ अंग दक्षिणपंथी का लेबल लगाने में जरा देर नहीं करेंगे।

अपनी ऊष्मा की पूँजी के दम पर इतरा रहे इस 'केपटलिस्ट' मग्गे से मैं बात करूँ इससे बेहतर तो खुशी के वे पल हैं जब मैं और मेरी रजाई आपस में बातें करते हैं। इसलिए हे घरवालों, बल्कि दुनियावालों! मुझे मेरी रजाई के साथ मेरे हाल पर छोड़ दो!

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# गहमा-गहमी के बीच शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का चुनाव संपन्न

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का शिक्षणेत्तर संघ के जनपद इकाई का चुनाव रविवार को डीएवी इंटर कालेज में गहमा गहमी के बीच सम्पन्न हो गया। मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष इंद्रसेन सिंह, जिला मंत्री मानसिंह यादव, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, मो.खालिद, अवधेश प्रताप सिंह उपमंत्री पंकज राय, कमलेश सिंह, नीलेश सिंह, ओम प्रकाश यादव, संयुक्त मंत्री अजीजुर्रहमान, महेंद्र राम, शमशेर यादव संगठन मंत्री साहब लाल, रूद्र प्रताप सिंह, रेयाज अहमद, हरिराम यादव प्रचार मंत्री दिलीप, अमन आय-व्यय निरीक्षक मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी राजेश श्रीवास्तव, उरूज फात्मा को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।


विजयी मुद्रा में नवनिर्वाचित पदाधिकारी व सदस्य।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी।

इस दौरान उत्तर प्रदेश मा.शिक्षणेत्तर एसोसिएशन के बहुत से कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षणेत्तर संघ कीसमस्याओं को हल करने का संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष इंद्रसेन सिंह ने कहा कि मैं सभी कर्मचारियों की प्रत्येक समस्याओं को हल कराने का संकल्प लेता हूं। प्रदेश के पदाधिकारी अरूण श्रीवास्तव, दिनेश सिंह, अवधेश मिश्र, वेद प्रकाश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष देवरिया राजन पांडेय, जिला मंत्री गाजीपुर राकेश पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# जिले के लाल ने बढ़ाया जनपद का मान

## रायपुर, छत्तीसगढ़ के एम्स में हुआ सरफराज का चयन

**आजमगढ।** लालगंज तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा बैरीडीह निवासी इरशाद खान के छोटे पुत्र सरफराज खान का चयन रायपुर, छत्तीसगढ़ के एम्स में बतौर एमएस आर्थो पेडिक एण्ड ट्रामा सर्जरी के लिए हुआ है।

डॉ.सरफराज खान दो भाई और तीन बहनों में चैथे नंबर पर हैं। इन्होंने गांव के ही सेंट्रल पब्लिक स्कूल से शिक्षा ग्रहण की और हाईस्कूल, इंटर की शिक्षा लालगंज के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से की। उसके बाद लखनऊ से तैयारी शुरू की और जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर में 2018 में एमबीबीएस करने के बाद एक्शन कैंसर हॉस्पिटल दिल्ली में आरएमओ के पद पर कार्यरत थे, जहां इनका मन नहीं लग रहा था। इनका इरादा था कि चिकित्सा क्षेत्र में किसी रोग के स्पेशल चिकित्सक बन कर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें तो त्याग पत्र देकर देश के चिकित्सा के क्षेत्र में सब से कठिन परीक्षा भारतीय आवुर्विज्ञान संस्थान एम्स नई दिल्ली से परीक्षा दी। जिसमें 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। इस परीक्षा में एक लाख एमबीबीएस डॉक्टरों ने भाग लिया था जिसमें सिर्फ.दो डॉक्टर ही एमएस आर्थोपेडिक एण्ड ट्रामा सर्जरी के लिए चयनित हुए। एक यूपी के आजमगढ के सरफराज खान थे दूसरा साउथ इंडियन था। इनकी इस कामयाबी से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है, बधाई देने वालों में हड्डी के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ.जावेद अख्तर, डॉ. राजवंत चैहान, अहरार खान, अली शेर खान, अली अख्तर खान, शहाबुद्दीन खान, निजामुद्दीन, बिस्मिल्लाह, अब्दुर्रहमान आदि शामिल हैं।


सरफराज खान।

# दर्जनभर अजगर देख गांव में मचा हड़कंप

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लॉक अंतर्गत ग्राम इंद्रपट्टी भरसानी प्राथमिक विद्यालय के बगल में सार्वजनिक शौचालय के पीछे दर्जनभर अजगर देखने को मिला। अजगर देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।


इंद्रपट्टी भरसानी गांव में निकला अजगर।

इसी विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चे पढ़ने आते-जाते हैं। रास्ते में अजगर कभी भी बच्चों के ऊपर हमला कर सकते हैं। रविवार की सुबह जब गांव निवासी आकाश अपने घर से ठंड में अलाव की व्यवस्था के लिए लकड़ी लेने गया तो जैसे ही लकड़ी को हटाया तभी अजगर ने आकाश के ऊपर हमला करने की कोशिश की तो वह वहां से भाग गया और स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी दी। गांव के लोगों ने बताया कि यह अजगर कभी भी किसी के ऊपर हमला कर सकते हैं और छोटे छोटे जानवर को अपना शिकार बना सकते हैं। अजगर ठंड के मौसम में निकलते हैं और गर्मियों में जमीन के अंदर रहते हैं। ऐसे में लोग विद्यालय अपने बच्चों को कैसे भेजेंगे। कभी भी अजगर बच्चों को अपना शिकार बना सकता है। इतने अधिक संख्या में अजगर देख गांव वासियों के होश उड़ गए। गांव वासियों ने जगह को साफ सफाई कराने और अजगर को गांव से बाहर निकालने की मांग की है।

## रंगदारी मांगने के मामले में एक गिरफ्तार

**आजमगढ़।** सिधारी थाना क्षेत्र में बीते चार जनवरी को शराब की दुकान पर मारपीट करने तथा दुकानदार से 10 हजार रुपए रंगदारी मांगने के आरोप में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। मऊ जिले के रानीपुर थाना अंतर्गत कसारी ग्राम निवासी एवं शराब की दुकान पर कार्यरत राहुल राय पुत्र अमरनाथ राय ने बीते चार जनवरी को सिधारी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी दुकान पर क्षेत्र का टापटेन हिस्ट्रीशीटर तथा जिला प्रशासन द्वारा जिलाबदर किया गया अपराधी रविकांत यादव उर्फ बड़क अपने दो साथियों के साथ दुकान पर पहुंचा और मारपीट करते हुए 10 हजार रुपए रंगदारी की मांग किया। शनिवार को रंगदारी मांगने वाला रविकांत यादव पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उससे की गई पूछताछ के बाद पुलिस ने रविवार को रविकांत के साथी अशोक हरिजन पुत्र टिलठू राम के हरवंशपुर क्षेत्र में स्थित आवास पर छापेमारी कर आरोपी अशोक को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।

# नयी शिक्षा नीति के तहत अध्यापकों को किया गया प्रशिक्षित

**कार्यक्रम**

### सीपीएस जाफरपुर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** सेंट्रल पब्लिक स्कूल जाफरपुर में लर्निंग स्टाइल एण्ड ऐक्टिव लर्निंग पर टीचर्स के लिए टीचर्स ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एक दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन तरन्नुम खानम एवं प्रधानाचार्या रेखा सिंह ने एमबीडी ग्रुप अशोका द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर, विशेषज्ञ रीति मलहोत्रा का स्वागत करते हुए किया। रीति मलहोत्रा ने 75 अध्यापकों को विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में केंद्र सरकार ने शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया है ताकि प्रत्येक विद्यालय के अध्यापक प्रशिक्षित होकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को अपनाते हुए छात्र छात्राओं को शिक्षा प्रदान करें। सीपीएस जाफरपुर में बीते 29 दिसम्बर को एवं मुबारकपुर में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। रविवार को सीबीएसई बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज द्वारा आईपीएस पर सेंट्रल पब्लिक स्कूल मुबारकपुर को ट्रेनिंग सेंटर बनाया गया है जहां जनपद के सभी सीबीएसई से सम्बद्ध विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं उनके आईटी विशेषज्ञ इस ट्रेनिंग में प्रतिभाग करेंगे। यह प्रशिक्षण सीबीएसई बोर्ड की जनपद कोआर्डिनेटर प्रधानाचार्या रेखा सिंह द्वारा कराया जायेगा। इस मौके पर प्रबंधक नवाज अहमद खां, एमबीडी ग्रुप अशोका के मो.जीमल, मो.सोएब एवं अध्यापक उपस्थित रहे।


नयी शिक्षा नीति के तहत प्रशिक्षण लेते अध्यापक।

# स्मार्टफोन पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

जनसंदेश न्यूज

**अंजानन शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर कस्बा में स्थित केएन सिंह महिला महाविद्यालय पर 245 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। स्मार्टफोन पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

शनिवार की सुबह केएन सिंह महिला महाविद्यालय पर समारोह पूर्वक स्मार्टफोन का वितरण किया गया। समारोह में कोमल नाथ सिंह शिक्षण संस्थान के चेयरमैन राज बहादुर सिंह व विद्यालय के प्रबंधक निदेशक डॉ.सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह ने बीएड, बीएससी बीए व बीटीसी के 245 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया। डॉ. सर्वेंद्र बहादुर सिंह ने छात्राओं को स्मार्टफोन देते हुए तकनीकी ज्ञान से दुनिया को अपने मुट्ठी में कर लेने और स्मार्टफोन के सदुपयोग करने पर बल दिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.गोविंद तिवारी सहित विद्यालय की नीलम यादव, नेहा, अंकिता, श्वेता, खुशबू, अंजली, सपना, अनुप्रिया, शालिनी आदि उपस्थित रहीं।


छात्रा को स्मार्ट फोन देते डा.सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह।

## 9 और 10 जनवरी को सभी विद्यालय रहेंगे बंद

**आजमगढ़ ।** जिलाधिकारी के आदेश पर वर्तमान में चल रही शीतलहर एवं ठंड को देखते हुए 9 व 10 जनवरी को सीबीएसई, आईसीएसई, यूपी बोर्ड, बेसिक शिक्षा विभाग व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कक्षा एक से लेकर कक्षा 8, 9 व 11 तक सभी विद्यालयों में शैक्षिक कार्य बंद करने के आदेश पारित किए गए हैं। साथ ही साथ बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत कक्षा 10 व 12 के शैक्षिक कार्य प्रातः 10 से अपराह्न 2 बजे तक करने की अनुमति दी गई है।

## सामुदायिक शौचालय में लगा स्टेबलाइजर उठा ले गये चोर

**लालगंज (आजमगढ़)।** देवगांव कोतवाली क्षेत्र के चेवार पश्चिम ग्राम के सामुदायिक शौचालय में लगा स्टेबलाइजर शनिवार की रात चोर चोरी कर ले गए। प्रधान पति ने स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। प्रधान प्रतिनिधि रामफेर राम ने बताया कि स्टेबलाइजर साढ़े 8 हजार रुपए का लगवाया गया था। उन्होंने बताया कि इसके सहयोग से सामुदायिक शौचालय का समर्सिबल चलता था और पानी की सप्लाई होती थी, जिससे गांव की महिला व पुरुष सुबह शाम शौचालय का प्रयोग करते हैं। केबल काटकर उपरोक्त स्टेबलाइजर चोर उठा ले गए। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि इससे पहले भी शौचालय की टोंटी केबल तथा नल चोरी हो चुकी है। प्रधान प्रतिनिधि द्वारा स्टेबलाइजर चोरी होने की सूचना यूपी डायल 112 पुलिस को देने पर देवगांव कोतवाली व डायल 112 पीआरवी पुलिस ने मौका मुआयना किया। प्रधान प्रतिनिधि को थाने में तहरीर देने की सलाह देते हुए पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। शौचालय की देखरेख करने वाली मीना पत्नी अरविंद रविवार को प्रातः जब आम जनता के लिए शौचालय खोलने पहुंची तो उसे चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद उसने प्रधान प्रतिनिधि को इस संबंध में सूचित किया।

# आरक्षी राजन कुमार को थाना प्रभारी ने किया पुरस्कृत

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** थाना प्रभारी ने की नई पहल, सुपर कॉप आफ दिस हाफ मंथ के अंतर्गत पुलिस कर्मियों को अच्छा कार्य (गुड़ वर्क) के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह द्वारा एक नई पहल की शुरूआत की गई है जिसके अंतर्गत थाने के सभी पुलिस कर्मियों को सुपर कॉप ऑफ दिस मंथ के अंतर्गत माह के प्रथम 15 दिनों में अच्छा कार्य (गुड वर्क) करने वाले पुलिस कर्मी को पुरस्कार स्वरूप 500 रुपया की नगद धनराशि व थाने पर पीएनओ नंबर समेत उक्त पुलिस कर्मी की फोटो लगाई जाएगी, जिससे पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाया जा सके। रविवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह ने सभी पुलिस कर्मियों को इसके बारे में विस्तार से बताया। इसी क्रम में जनवरी माह के प्रथम 15 दिन के मध्य डाक रनर के रूप में अनुशाषित रहते हुए अच्छा कार्य करने वाले आरक्षी राजन कुमार को सुपर कॉप आफ के रूप में 500 रुपए का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपनिरीक्षक तथा सभी पुलिस कर्मी मौजूद रहे।


आरक्षी राजन कुमार को पुरस्कृत करते थाना प्रभारी अतरौलिया प्रमेंद्र कुमार सिंह।

# जूनियर सेक्शन के भवन की रखी गई आधारशिला



जूनियर सेक्शन भवन की आधारशिला रखते कमेटी के सदस्य।

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** दि आजमगढ़ मुस्लिम एजुकेशन सोसाइटी की कमेटी द्वारा शिब्ली नर्सरी स्कूल में जूनियर सेक्शन की भवन की बुनियाद रखी गयी। आजमगढ़ मुस्लिम सोसाइटी के अध्यक्ष डा.शौकत अली, अबुसाद अहमद (अध्यक्ष शिब्ली), अतहर रशीद खान (सेक्रेटरी शिनेका), अख्तर रशीद, अहमद इम्तेयाज, शाह मो. आबिद, मो.हसीब अहमद, डा.अशहद, मो.अजमल, जफर इकबाल, डा.अफसर अली, डा.जैनद नुरूल्लाह, सतीश मौर्या, शेषनाथ सिंह, डा.असलम सुल्तान, शाह वाजिद, शाह माजिद, अकरम सुल्तान, फिरोज अहमद ने संयुक्त रूप से आधाशिला रखी। डा.शौकत अली ने कहा कि अल्लामा शिब्ली नोमानी मिल्लते इस्लामिया औरतों की शिक्षा के प्रति फिक्रमंद रहते थे। वे इतने बड़े शिक्षाविद थे कि उनके जैसी शख्सियत का पाया जाना मुश्किल है। मजहब के लिहाज से उनकी जैसी सोच किसी की नहीं थी। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश की सेवा और शिक्षा के प्रति समर्पित कर दिया था। उनके मिशन को आगे बढ़ाने का प्रयास अनवरत किया जायेगा। इस मौके पर सोसायटी के सदस्य एवं शिब्ली कालेज के स्टाफ उपस्थित रहे।

## हंगामा बढ़ता देख बैठक से भाग निकले ग्राम विकास अधिकारी

**आजमगढ़।** जहानागंज ब्लॉक के बड़हलगंज पंचायत भवन पर सरकारी योजनाओं पर बैठक हो रही थी। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। हंगामा बढ़ता देख ग्राम विकास अधिकारी बैठक से चले गये। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार की योजनाओं का लाभ हम ग्रामीणों को नहीं मिलता। जहां ग्राम प्रधान रूही परवीन पर योजनाओं को दरकिनार करने का आरोप लगने लगा वहीं हंगामा बढ़ता देख ग्राम विकास अधिकारी सतीश सिंह बैठक छोड़ चले गए। हालांकि इस बैठक में ग्राम प्रधान नहीं आई। गांव वालों ने बताया कि पंचायत सहायक हेना बानों और प्रधान पति महबूब आलम से जुबानी जंग छिड़ी है जिससे प्रधान पति ग्राम प्रधान को पंचायत सहायक के सामने नहीं आने देते। आरोप है कि कुर्सी पर बैठने को लेकर यह जंग छिड़ी हुई है। पंचायत सहायक हेना बानो ने बताया कि प्रधान पति हमें अनायास परेशान करते हैं। वह हमें कार्य के लिए घर पर बुलाते है। मैं पंचायत भवन पर अपने कार्य का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करती हूं। लेकिन वह हमारे खिलाफ अनायास शिकायत करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधान पति हमें हटाने की अनायाश शिकायत कर रहे हैं जो निराधार है।

# बचाव के लिए शिशु को गर्म कपड़े पहनाएं

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** शीतलहर ने आम जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित कर रखा है। इस मौसम में स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही परेशानी का सबब बन सकती है। खास कर नवजात और पांच वर्ष तक के बच्चों को विशेष देखभाल की जरूरत होती है। उक्त बातें प्रेस को जारी एक बयान में जिला महिला चिकित्सालय की मुख्य अधीक्षिक डॉ. मंजुला सिंह ने कही।

उन्होंने बताया कि कड़ाके की ठंड के बीच बच्चों में सर्दी, खांसी और बुखार का असर देखने को मिल रहा है। बच्चे तेजी से निमोनिया की चपेट में आ रहे हैं। निमोनिया के साथ ही बच्चों में ठंड के कारण कोल्ड डायरिया के भी लक्षण देखे जा रहे हैं।

निमोनिया का संक्रमण ठंड बढ़ने से शिशुओं में जकड़न, बुखार, गले में संक्रमण की संभावना बढ़ जा रही है। ऐसे में बचाव के लिए नवजात को गर्म कपड़े पहनाने के साथ ही उनका विशेष ख्याल रखना चाहिए।

डॉ मंजुला सिंह ने कहा कि शिशुओं को पहले सर्दी, जुकाम, गले में खरास आदि होने के एक दिन बाद आवाज के साथ सांस का तेज गति के चलना, नाक का फड़फड़ाना, बदन का नीला पड़ना, शरीर व पेट में दर्द होना, बैचेनी होना, शरीर में जकड़न आना आदि लक्षण दिखाई देता है तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

जिला महिला चिकित्सालय के बालरोग विशेषज्ञ डॉ.शैलेश कुमार सुमन ने बताया कि जिन नवजातों की यह पहली सर्दी है उनके अभिभावकों को खास एहतियात बरतने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि निमोनिया से बचाव के लिए नवजात शिशु और बच्चों को चार परत के गर्म कपड़े पहनाएंद्य बच्चों के हाथों में दस्ताने, पैरों में मोजे और कानों को हमेशा ढ़ककर रखें। बच्चों को उल्टी, दस्त व बुखार होने पर बिना समय गवाएं अपने नजदीकी अस्पताल में जाकर चिकित्सक या विशेषज्ञ को दिखाएं।


डा.मंजुला सिंह व डा. डॉ.शैलेश कुमार सुमन।

## संक्षेप

### रोडवेज चालकों, परिचालकों का जांचा गया स्वास्थ्य



**पटवध (आजमगढ़)।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा शासनादेश 27 दिसंबर 2022 एवं मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग 3 जनवरी में दिए गए निदेर्शों के क्रम में सड़क सुरक्षा माह पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रोडवेज के चालकों परिचालकों एवं परिवहन विभाग के प्रवर्तन सिपाही एवं यातायात पुलिस के सिपाहियों तथा आम जनमानस हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रोडवेज बस स्टेशन परिसर आजमगढ़ में किया गया। जिसमें 63 चालकों परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 13 लोगों को नेत्र संबंधी दिक्कत है जिनको विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उचित सलाह दी गयी। इस मौके पर आरटीओ प्रवर्तन अतुल यादव, एआरएम आजमगढ, एनडीईपीओ एवं एआरएम अंबेडकर डिपो एवं यातायात प्रभारी आजमगढ़ धनंजय शर्मा अपने प्रवर्तन स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। डॉक्टरों के पैनल में डॉ.रजनीश एवं डॉ.आरआर श्रीवास्तव सामान्य फिजिशियन मंडलीय चिकित्सालय मौजूद थे।

### प.बंगाल के पूर्व राज्यपाल के निधन से शोक



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** वरिष्ठ भाजपा नेता रमाकांत मिश्रा के आवास पर पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल के निधन पर शोक सभा हुई। लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर गतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रम प्रकोष्ठ क्षेत्रीय संयोजक गोरखपुर क्षेत्र रमाकांत मिश्रा के नगर पंचायत स्थित आवास पर एक शोक सभा की गई। शोक सभा में पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल और प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर गहरा दुःख व्यत करते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया। श्री मिश्र ने कहा कि केशरी नाथ त्रिपाठी को उनकी सेवा और बुद्धि के लिए सम्मान दिया जाता था। वे संवैधानिक मामलों के अच्छे जानकार थे। उन्होंने यूपी में भाजपा के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और राज्य की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की। आज उनके निधन से सभी लोग आहत हैं। इस मौके पर धर्मेंद्र निषाद उर्फ राजू, दिनेश मद्धेशिया, रामचन्द्र जायसवाल, महेन्द्र यादव, रिंकू मोदनवाल, जितेंद्र मोदनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

### आशा बहुओं ने एसपी को सौंपा ज्ञापन



**आजमगढ़।** आशाबहुओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर उनके साथ मारपीट में शामिल युवक की गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की। गम्भीरपुर थाना क्षेत्र के उमरी भोपालपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय पर आशाबहुओं द्वारा टीकाकरण किया जा रहा था उसी समय शिवम पुत्र रामबली ने किरन सिंह और आशा सिंह को मारपीट कर घायल कर दिया। इसकी सूचना आशा बहूओं ने थाना प्रभारी को दी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आशा बहुओं ने बताया ि कवह बार बार धमकी दे रहा है और खुलेआम घूम रहा है। पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्रक के माध्यम से आशा बहुओं ने घटना की जांच करा कर दोषी के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की।

### वैष्णो धाम रवाना हुआ 50 सदस्यीय दल



**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के कोठिया से 50 सदस्यों का दल रविवार को वैष्णो देवी धाम कटरा के लिए रवाना हुआ। दस दिवसीय यात्रा के दौरान वैष्णो देवी धाम के साथ ही शिवखोड़ी, बाबा बैजू अमृतसर आदि जगहो पर भ्रमण करेगा। नितिन कुमार पांडेय, तपन विश्वास, पिंटू, रमेश सैनी, सुरेंद्र यादव, दीपक सिंह आदि शामिल हैं।

### अवैध असलहा संग अभियुक्त गिरफ्तार



**लालगंज (आजमगढ़)।** 6 जनवरी को थाना तरवां क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मुडेहरी के पास पकड़ी रोड के पास हुयी पुलिस मुठभेड में शातिर लुटेरा चन्द्रमा प्रसाद को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार मुठभेड के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर 2 बदमाश फरार हो गये थे। फरार बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर तलाश की जा रही थी। रविवार को उपनिरीक्षक जावेद अख्तर मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त में फरार अभियुक्त इन्द्रेश यादव पुत्र राजाराम यादव निवासी कोइलारी खुर्द थाना रानी की सराय को ग्राम डुभाव पुलिया से गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पुलिस ने उसे सम्बंधित धाराओं में जेल भेज दिया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि 6 जनवरी को मैं व मेरे साथी चन्द्रमा यादव व सूरज यादव हम लोग तीनों लोग लूट करने के इरादे से पकड़ी आये हुए थे। सायंकाल पुलिस मुठभेड़ में चेंकिंग के दौरान हमारा एक साथी चन्द्रमा यादव घायल हुआ था। मैं और मेरा साथी सूरज मौके से पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए भाग गये थे।

### मैराथन दौड़ 14 को

**रानी की सराय (आजमगढ़)।** वीर लोरिक मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आगामी 14जनवरी को मोतीगंज में होगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संयोजक विजय यादव ने बताया कि दौड़ प्रतियोगिता में पूर्वांचल के कई जिलों के प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे।

### कार के धक्के से छात्र की मौत

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के केशवपुर जंगल के पास रविवार की सुबह कार की चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गई। घटना के समय वह जंगल से अलाव के लिए लकड़ी लेकर घर लौट रहा था। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के जमुआ हरिरामपुर गांव निवासी 16 वर्षीय पंचम पुत्र नवमी 11वीं का छात्र था। वह रविवार की सुबह गांव के चार लड़कों के साथ अलाव के लिए लकड़ी लेने केशवपुर जंगल गया था। सुबह करीब 10 बजे सभी लौट रहे थे। उसके अन्य साथी सड़क पार कर गए। पंचम सड़क पार कर रहा था इस दौरान एक कार उसे धक्का मारते हुए फरार हो गई। पंचम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर गांव के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पंद्रह बकायेदारों का काटा गया कनेक्शन

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत गावों में बिद्युत बिभाग द्वारा बकायेदारो के खिलाफ चलाए जा रहे बिद्युत बिच्छेदन अभियान के तहत अवर अभियंता ग्रामीण मनीष कुमार ने ग्रामीण अंचल में अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ अम्बारी क्षेत्र के ओरिल, डिहवा गांव में चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान में 15 बिद्युत बकायादारों की केबल काटकर बिभाग के स्टोर में जमा किया गया। ग्राम पंचायत मुड़ियार में चेकिंग में जहां पन्द्रह से अधिकविद्युत बकायादारों के बिद्युत विछेदन की कार्यवाही की गई। इसी दौरान 15 ऐसे विद्युत उपभोक्ताओ के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया जो बकाया जमा न कर पुनः विद्युत कनेक्शन कर बिद्युत का उपभोग कर रहे थे। जियाउद्दीन, मकसूद, नन्दलाल, रामरूप, इरफान अहमद, शंकर, लालमन, नसीर, तमन्ना सहित अन्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्यवाही की गयी। विद्युत विभाग की इस कार्यवाही से पूरे गांव में अफरा तफरी मची रही। इस दौरान अंगद, फूलचन्द, शिव बदन आदि उपस्थित रहे।

### स्व.लाल बहादुर सिंह के श्राद्ध में उमड़ा जनसमुदाय

**आजमगढ़।** वरिष्ठ अधिवक्ता व अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक रहे स्व.लाल बहादुर सिंह के श्राद्ध कार्यक्रम में उनके शहर के ठंडी सड़क स्थित आवास पर देशभर से न्याय क्षेत्र से जुड़े हुए गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान स्व.लाल बहादुर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर लोगों ने श्रद्धांजलि दी। न्याय के क्षेत्र में स्व.लाल बहादुर के दिए गए योगदान को याद किया गया। अन्य लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बताया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में हाईकोर्ट से लेकर स्थानीय कई न्यायिक अधिकारीगण मौजूद रहे।

# राहगीरों को लूटने वाले तीन अन्तर्जनपदीय लुटेरे गिरफ्तार

**कामयाबी**

### लालगंज घर लौट रही छात्रा का मोबाइल छिनने के बाद पकड़े गए

### मध्य प्रदेश से लूटा था पल्सर



खुलासा करते एसपी सिटी।

**लालगंज।** थाना पुलिस ने मोटर साइकिल से लूट करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह का पदार्फाश कर 3 शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से लूट की मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त चोरी की पल्सर मोटर साइकिल, नकदी व चाकू बरामद किया। कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया।

यह जानकारी एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। लालगंज थाना पर 4 जनवरी को कठवार ग्राम निवासी दीपू त्रिपाठी ने लिखित तहरीर दी थी। जिसमे अपने रिश्तेदार द्वारा मोबाइल से बात करते हुए कॉलेज जाते समय रास्ते में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों के मोबाइल छीनकर भाग जाने की जानकारी दी गई थी। क्षेत्राधिकारी दीक्षान्त राज के नेतृत्व में थाना लालगंज पर मामला दर्ज कर साक्ष्यों के आधार पर आज थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया ने पुलिस बल के साथ पंकज पटेल पुत्र महेन्द्र पटेल निवासी अमहा नौगवां थाना ड्रमण्डगंज, नैतिक सिंह उर्फ प्रियांश पुत्र प्रमोद सिंह निवासी मेहाजागीर थाना माण्डा जनपद प्रयागराज, तथा रविशंकर कुशवाहा पुत्र हिंचलाल कुशवाहा निवासी सकरो थाना कोरांव जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से छीनी गयी मोबाइल, 900 रूपया नकद तथा 4 मोबाइल बरामद किया गया। लूट में प्रयोग किया गया बिना नम्बर की पल्सर मोटर साइकिल मिला। जो चोरी की बताई गई। पंकज पटेल के कब्जे से एक चाकू बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वह लोग पल्सर मोटरसाइकिल से इधर-उधर सड़कों पर घूमकर सुनसान जगह देखकर मोबाइल आदि को मौका पाकर छीन लेते है। विरोध किए जाने पर चाकू दिखाकर डराते हुए सामान लेकर भाग जाते हैं। छीनी गयी मोबाइलों को जनपद प्रयागराज के थाना कोरांव क्षेत्र अन्तर्गत सकरो निवासी रविशंकर कुशवाहा को बेच देते है। जिससे प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लेते हैं। पहचान न हो इसके लिए बिना नम्बर की मोटरसाइकिल का इस्तेमाल करते हैं। बरामद पल्सर मोटरसाइकिल मध्य प्रदेश के रीवां जनपद से वर्ष-2022 में चोरी किया गया है ।

# लोकतंत्र सेनानी संतराम उपाध्याय का निधन

## गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी गई सलामी

**चील्ह।** उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी संतराम उपाध्याय के निधन पर राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई तथा हरसिंहपुर गंगा घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी संतराम उपाध्याय 80 ग्राम बजहा थाना कछवां के निवासी थे। वह पांच भाइयों में दूसरे नंबर के भाई थे। उनकी पत्नी इंद्रावती देवी की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है। संतराम उपाध्याय को कोई संतान नहीं था। बताय जाता है कि घर पर सही ढंग से देखभाल न होने के कारण उन्होंने लगभग एक वर्ष से अपने भांजा अरविंद कुमार दुबे एवं शैलेंद्र कुमार दुबे निवासी तिलठी के यहां रहने लगे। शनिवार की रात्रि उनका स्वास्थ्य खराब हो जाने पर अरविंद कुमार दुबे ने उन्हें एक स्थानीय चिकित्सक के यहां इलाज के लिए ले गए, जहां उनकी रविवार की भोर लगभग 4:00 बजे मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना पर तहसीलदार सदर अरुण गिरी, थाना प्रभारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, चेतगंज पुलिस चौकी प्रभारी हरिकेश सिंह, लेखपाल महेंद्र नाथ नाग, सुभाष चंद्रा, सुशील पाठक आदि लोग मौके पर पहुंचकर राजकीय सम्मान के साथ उनके घर पर गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। जहां गांव के तमाम लोग मौजूद रहे तत्पश्चात उनके बहन के नाती प्रशांत कुमार दुबे ने हरसिंहपुर गंगा घाट पर मुखाग्नि दिया।


सेनानी के शव पर माल्यार्पण करते तहसीलदार

# राहुल गांधी ने दिया सबको जोड़ने का संदेश : राजन पाठक

## भारत जोड़ो यात्रा में पहुंचे थे जिले के सैकड़ों कार्यकर्ता

**मीरजापुर।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में तीन दिन तक राहुल गाँधी के साथ रहे कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजन पाठक ने उनके संदेश को साझा किया। बताया कि एक तरफ ऊनी कपड़ो के बावजूद यात्रा में शामिल लोग मौसम से त्रस्त थे। जबकि राहुल गांधी हाफ टी शर्ट में भी मस्त थे।

माता विंध्यवासिनी का चुनरी यात्रा के दूसरे दिन उन्हें भेंट किया गया। भारी भीड़ और सुरक्षा को समझने में पहला दिन बीत गया। दूसरे दिन राहुल गाँधी को माँ का प्रसाद देने और उनके साथ चलने का मौका मिला। राजन पाठक ने बताया कि जब यात्रा में शामिल लोग कांपते हुए ठंड के मारे कांप रहे थे। उस दौरान भी राहुल गाँधी ने महज एक टी शर्ट पहन रखा था। उन्होंने जिले का हाल चाल पूछा। उन्होंने संगठन को मजबूत करने की नसीहत दी। कहा कि संगठन जितना मजबूत होगा उतना ही हम मजबूत होंगे।

उन्होंने समाज के हर वर्ग को जोड़ने को कहा। कहा कि किसी के साथ अन्याय न हो इसका ध्यान रखा जाय। उन्होंने सबका सम्मान करने और किसी से न डरने की बात कही। यात्रा में जगदीश्वर दुबे, जनार्दन पाठक, जफर इकबाल, इमरान खान, विनोद दुबे, आल्हा बिंद, रमेश प्रजापति, अबरु निशा, शबनम, संगीता तिवारी, अंकुर एवं विवेक सिंह समेत सैकड़ो लोग मिजार्पुर से पहुंचे थे।


भारत जोड़ो यात्रा में राहुल के साथ राजन पाठक

# युवक की अचानक हुई मौत परिजनों में कोहराम

### परिजनों ने ठंड लगने की जताई आशंका

**हलिया।** हलिया थाना क्षेत्र के अंतरी दक्षिण गांव निवासी 28 वर्षीय युवक बच्चन कोल की रविवार की सुबह अचानक मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। सिकटा गांव निवासी सुबुद्ध लाल के बड़े पुत्र बच्चन की रविवार सुबह आठ बजे के करीब अचानक तबियत बिगड़ने लगी। परिजन उपचार के लिए ले अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि घर पर ही युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक को ठंड लगने की आशंका जताई है। मृतक दो भाई एक बहन में सबसे बड़ा था। मृत युवक के तीन पुत्री और एक पुत्र हैं। पत्नी लालती का रो रोकर बुरा हाल है। मेहनत मजदूरी कर परिवार का जीविकोपार्जन करता था। घटना की सूचना पाकर मृत युवक के घर पहुंचकर प्रधान पति पवन त्रिपाठी ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

# धूप के बाद भी गलन से नहीं मिल पा रही राहत

**मौसम**

### जिले में पड़ रही है जबरदस्त ठण्ड

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** जनपद में बढ़ते शीतलहर के प्रकोप ने आम जनजीवन को हिला कर रख दिया है। सर्द हवाओं के चलते लोगों को ठिठुरन ज्यादा महसूस हो रही है। तेज गलत बढ़ने से लोग शाम ढलते ही अपने-अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो रहे हैं। शाम होते ही हवाओं के साथ साथ कोहरा छा जाता है।

हालांकि रविवार को हल्का धूप निकलने से आम जनमानस को थोड़ी राहत मिली। जनपद में रविवार को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस मापा गया। भीषण शीतलहर के चलते ठंड जानलेवा सी बन गई है। आम जनमानस के साथ-साथ पशु-पक्षी भी बेहाल दिखाई दिए। बीते एक जनवरी से लगातार पड़ रही भीषण ठंड से लोग बेहाल से दिखाई देते नजर आए, वहीं शुक्रवार को भास्कर भगवान ने दर्शन देकर थोड़ी राहत पहुंचाया है।

सड़कों और गलियों में शाम होते ही लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो जा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिन तक ऐसे ही मौसम बने रहने की संभावना बताई गई है। दिन चढ़ने के साथ ही कोहरा छंट जाता है परंतु गलन से निजात में कोई इजाफा नहीं होता है।

गर्म कपड़ों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ दुकानों पर दिखाई देती है। लापरवाही करना आम जनमानस के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड के बीच किसान खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। ठंड के मद्देनजर जनपद में शासन प्रशासन के द्वारा अलाव की व्यवस्था में कमी देखी गई।


कोहरे के बीच उगते भगवान भास्कर

# वेबसाइट बनाकर भक्तों के साथ की जा रही धोखाधड़ी

**मनमानी**

### मामला प्रकाश में आया तो डीएम ने जांच के लिए बनाई कमेटी

### सीओ सिटी की अध्यक्षता में पूरे मामले की हो रही है जांच

**मीरजापुर।** जिले में स्थित मां विंध्यवासिनी के नाम पर वेबसाइट बनाकर भक्तों के साथ धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। जिलाधिकारी द्वारा इस पूरे मामले की जांच के लिए आठ सदस्यीय टीम गठित की गई है। अबतक तीन वेबसाइट को निलंबित भी किया जा चुका है। मां विंध्यवासिनी मंदिर को भव्य और दिव्य बनाने को लेकर शासन द्वारा विंध्य का निर्माण कराया जा रहा है। विंध्य कॉरिडोर निर्माण को लेकर फर्जी वेबसाइट बनाकर सहयोग के नाम पर ठगी की जा रही है। भक्तों से शिकायत मिलने के बाद डीएम ने जांच को लेकर आदेश दिए है।

### फेसबुक पेज व वेबसाइट के माध्यम से की जा रही थी ठगी

जिले में स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर में देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी भक्त दर्शन पूजन करने के लिए आते हैं। भक्तों की सहूलियत को लेकर शासन के द्वारा विंध्य कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है। विंध्य कॉरिडोर के निर्माण में सहयोग के लिए गुहार करके भक्तों से ठगी की जा रही है। शिकायत मिलने के बाद जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 8 सदस्यीय टीम गठित करके जांच को लेकर आदेश दिए है। कई भक्तों के द्वारा धोखाधड़ी को लेकर शिकायत की गई थी, जहां प्रारंभिक जांच में कई वेबसाइट व फेसबुक पेज इंटरनेट पर सक्रिय थे। जांच टीम ने तीन वेबसाइट को निलंबित किया है। साथ ही इनके संचालकों की तलाश में जुटी हुई है।

### सीओ के नेतृत्व में गठित की गई है टीम

विंध्य विकास परिषद की अध्यक्ष व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने फर्जी वेबसाइट बनाकर पैसा वसूलने के मामले में आठ सदस्यीय टीम गठित की है। टीम का नेतृत्व सीओ सिटी करेंगे, जहां तहसीलदार सदर अरुण कुमार गिरी, डीआईओ अभिषेक श्रीवास्तव, सहायक सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, विधिक सलाहकार नरेश चंद्र गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल, श्री विंध्य पंडा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी व मंत्री भानु को शामिल किया गया है। इसके साथ ही टीम साइबर सेल की मदद से जांच कर रही है, जहां पर तीन वेबसाइट के संचालकों की तलाश कर रही है। इस तरह की वेबसाइट का निर्माण भविष्य में ना हो, इसको लेकर भी लगातार टीम काम कर रही है।

### सीओ ने कहा, लगातार की जा रही है मॉनीटरिंग

सीओ सिटी परमानंद कुशवाहा ने बताया कि विंध्य कॉरिडोर के नाम पर चंदा वसूलने की सूचना के बाद अब लगातार साइबर सेल की टीम जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में तीन वेबसाइट मिली है, जिन्हें रिपोर्ट करके निलंबित कराया गया है।

### पालकी यात्रा के लिए किया पदाधिकारियों का चयन

**मीरजापुर।** रविवार को प्राचीन बाबा बूढ़े नाथ मन्दिर में हर वर्ष कि भाँति इस वर्ष भी आने वाले महाशिव रात्रि के दिन भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा और भक्तों को प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। शिव पालकी यात्रा शहर प्रमुख मार्ग, से निकलेगी। यात्रा बूढ़े नाथ मन्दिर से निकलकर त्रिमोहानी से पक्का घाट पुनः त्रिमोहानी पर सभी गणवेशों के साथ पसरटा बाजार, मुकेरी बाजार, लालडिग्गी, से मुसफ्फरगंज से होते हुए टेढ़ी नीम के रास्ते बुढे नाथ मन्दिर पर समापन होगा। पालिकी यात्रा में नई सीमित का गठन हुआ है, जिसमें "समिती के सभी सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है। जहां कार्यक्रम का मुख्य नेतृत्व महन्थ योगानन्द गिरी महाराज के देख रेख में होगा।कार्यक्रम के प्रभारी गौरव उमर व अंकज मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक अमित श्रीनेत व शुभम गुप्ता, कोष प्रमुख शिवम जायसवाल, हिमांशु मेठ, गोपाल केशखानी, अभिषेक केशरी, महिला प्रमुख दीपा ऊमर सह-संयोजक पवन उमर, हर्ष मेहरोत्रा, विन्धवासिनी केशवानी, गोरव बरनवाल, रूपेश यादव, दिनेश मीडिया प्रमुख अनुज उमर, शिवम श्रीवास्तव सह मीडिया प्रमुख प्रयुकमेरा उपस्थित रहें।

# ब्राह्मण समाज के युवाओं को ज्ञानोन्मुखी तथा उद्योगोन्मुखी बनाने पर दिया जोर

**पहल**

### धार्मिक कार्यक्रमों की फीस निर्धारित करने की उठी मांग

### रामकथा प्रवचन में व्यासपीठ का किया गया सम्मान

**मीरजापुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की जिला ईकाई की एक बैठक में ब्राह्मण समाज की सम्मान-वृद्धि के लिए अनेक सामाजिक सहभागिता के कार्यक्रम संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया जिसमें शिक्षा तथा ज्ञान से संबंधित कार्यक्रम अधिक थे। नगर के आवास विकास कॉलोनी में परिषद के उपाध्यक्ष नरेश शर्मा के आवास पर रविवार को हुई बैठक में यह तय किया गया कि जो छात्र पढ़ाई के लिए कोचिंग की जरूरत महसूस कर रहे तथा उन्हें आर्थिक दिक्कत हो रही, उनके लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था परिषद कराएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए परिषद के अध्यक्ष ई शेषमणि चौबे ने कहा कि हर महीने में दूसरे तथा चौथे रविवार को बैठक होती रहेगी ताकि संगठन को गतिशील बनाने के लिए प्रभावशाली प्रयास हो सके। बैठक में संरक्षक डॉ एस एन पाठक ने सरकार द्वारा 35% सब्सिडी पर लोन देने की योजना का लाभ बेरोजगार सदस्यों को मुहैया कराने पर बल दिया। इसके लिए बैंक यूनियन के नेता सुरेश पांडेय को अधिकृत किया गया कि वे बेरोजगार युवाओं की मदद करें। बैठक में जाह्नवी प्रकाश तिवारी ने परिषद में संकुचित विचारधारा को व्यापक बनाने पर जोर दिया तथा संगठन को सोशल मीडिया पर प्रभावशाली ढंग से सक्रिय करने का सुझाव दिया। इसी के साथ लखनऊ से आए केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ शिशिर पांडेय ने परिषद को आर्थिक रूप से मजबूत किए जाने पर बल दिया ताकि सामाजिक कार्यक्रमों का क्रियान्वयन सही तरीके से हो सके। बैठक में आर पी ओझा, मौजी दुबे, अश्विनी तिवारी, राजेन्द्र पांडेय, रितेश शुक्ल, कृष्णचन्द्र शुक्ल, अखिलेश मिश्र, पवन तिवारी, अभिनव पांडेय, डॉ ऊषा कनक पाठक, विमला शर्मा तथा सन्ध्या तिवारी आदि उपस्थित थीं।

# अतुल भारत चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वितरित किया गया टीशर्ट

**जनसंदेश न्यूज**

**चुनार।** बगहीं ग्राम सभा में द्रिपूल स्मृति कप का फाइनल मुकाबला खेला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय द्रिपूल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। उसके बाद अतुल भारत चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह के द्वारा कृतज्ञ फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज सिंह, कोषाध्यक्ष अमन पटेल, सचिव शंकर सिंह शाक्या की उपस्थिति में कमेटी के सभी सदस्यों को टिशर्ट वितरित किया गया। फाइनल मुकाबला कृतज्ञ फाउंडेशन पुरुषोत्तमपु व राजातालाब के बीच खेला गया। कृतज्ञ फाउंडेशन ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवरों में 73 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में राजातालाब ने 8 ओवरों में ही 7 विकेट से मैच जीत लिया। मैन आप द मैच राजातालाब के मेंडिस रहे। पूरे टूनार्मेंट में बेस्ट प्लेयर कृतज्ञ फाउंडेशन के कप्तान सूरत सिंह रहे। समापन समारोह में सुर्य प्रकाश सिंह पप्पू पटेल (अपना दल एस), चंद्रप्रकाश सिंह ब्लाक प्रमुख नरायनपुर, बालेश्वर सिंह (प्रबंधक नंदन बंदन महाविद्यालय), रविशंकर पटेल, पवन पटेल ग्राम प्रधान शिवराजपुर, रमेश सिंह स्वामी, अंजनी सिंह प्रधान प्रतिनिधि बेला, अनुराग सिंह प्रधान पति बगही, धर्मराज सिंह युवा नेता भाजपा, सत्येंद्र सिंह अध्यापक, दिलीप सिंह अध्यापक के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


ट्रफी के साथ खिलाड़ी


ट्राफी के साथ प्लेयर

### राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मऊ ने मारी बाजी

**मऊ ने पटना को 1-0 से मात देकर चैलेंज कप पर किया कब्जा**

**कछवां।** स्पोर्टींग क्लब के मैदान पर आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में रविवार को फाइनल मैच खेला गया। जोकि पटना और मऊ के बीच खेला गया। जिसमें मऊ 1-0 से ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। वही फाइनल मैच मऊ व पटना दोनों टीमों के बीच बेहद ही रोमांचकारी मैच खेला गया। इस दौरान बेहद ही रोमांचकारी मैच देखने को दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ा रही। जिनमें उत्साह देखने को मिला। वहीं सेमीफाइनल मैच का उद्घाटन बिस्लेरी मिनरल वाटर के मालिक व समाजसेवी प्रभाकर राय ने किया। खेल में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए समाजसेवी राजकुमार बिंद उर्फ राजू बिंद के द्वारा नगद पुरस्कार भी दिया गया। मऊ की टीम पहली पाली में ही एक गोल दागकर खेल को रोमांचकारी बनाए रखा। वहीं दूसरी पाली में पटना एक भी गोल नहीं मार पाया। और समय समाप्त हो गया। जोकि में की टीम जबरदस्त पारी खेलते हुए 1-0 से ट्राफी पर कब्जा कर अपने नाम कर लिया। जिसके बाद मुख्य अतिथि प्रभाकर राय, जितेन्द्र पटेल व राजू बिंद ने विजेता मऊ की टीम व उपविजेता पटना की टीम को पुरस्कृत किया। इस दौरान जावेद आलम, विनीत विक्टर, राजन शेख, अनवर हुसैन, जितेन्द्र कन्नौजिया, नरेश यादव व अरशद समेत आयोजकों की टीम मौजूद रही।

# इंडियन क्रिकेट क्लब भटेवरा की टीम ने जीता मैच

**जिगना।** छानबे क्षेत्र के विजयपुर गांव स्थित ग्रीन पार्क रानी का तालाब क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच नहवाई और इंडियन क्रिकेट क्लब भटेवरा के बीच खेला गया। जिसमें नहवाई की टीम पहले बैटिंग करते हुए 12 ओवर में कुल 156 रन बनाई रन का पीछा करने उतरी भटेवरा की टीम 124 रन पर ऑल आउट हो गई। इसमें नहवाई की टीम 32 रनों से विजई रही। क्रिकेट प्रतियोगिता में भटेवरा टीम के कैप्टन सौरभ गुप्ता, उपकप्तान विकास कुमार, मोनू पांडेय, सलमान, अनिल, नरोत्तम, प्रदीप दुबे ने अपने खेल से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

## संक्षेप

### सिंचाई की समस्या दूर करने के लिए सीएम से होगी वार्ता : सांसद


समस्या सुनतीं राज्यमंत्री।

**मीरजापुर।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने रविवार को जनपद के सरदार पटेल चौराहा स्थित संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में जनपद के विभिन्न हिस्सों से आये हुए लोगों से मुलाकात की एवं संबंधित अधिकारियों से बात कर लोगों की समस्याओं को तत्काल निस्तारण का निर्देश दिया। इस मौके पर जमीन संबंधित प्रार्थना पत्र, शिकायती प्रार्थना पत्र, एवं बिजली समाधान के संबंध में प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया। इस दौरान किसानों एवं एक दर्जन गांवों के प्रधानों ने केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल को मिजार्पुर नहर प्रखंड और खजूरी राइट खजूरी नहर मरम्मत के संबंध में प्रार्थना पत्र देकर अपील की कि लोअर खजूरी बांध का पानी तथा लोअर राइट खजुरी नहर का पानी खजूरी नदी में बह जाता है, ऐसी स्थिति में आसपास के गांवों के किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। किसानों ने अनुरोध किया कि यदि बांध से लगभग 2.5 किलोमीटर तक नहर में पाइप बिछा दिया जाए तो पानी नुकसान नहीं होगा एवं किसानों की फसल को सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर किसानों की समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। श्रीमती पटेल ने आए हुए सभी किसानों व फरियादियों की समस्या सुनकर संबंधित विभाग व अधिकारी को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश दिया।

### ओवर लोड बालू की गाड़ी सीज, एक का ऑनलाइन चालान

**हलिया।** रविवार को शांम थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग पर मवाई कला में खनन अधिकारी आशीष चौधरी ने एक अवैध ओवरलोड बालू की ट्रक को पकड़कर थाने में सीज की कार्यवाही किया तथा दूसरी ट्रक का कागज न दिखाने पर ऑनलाइन चालान किया है। खान अधिकारी ने बताया कि अवैध बालू ओवरलोड लेकर जाने की शिकायत पर दबिश दी गई जिसके दौरान एक ओवरलोड बालू की ट्रक को पकड़कर थाने में सीज की कार्यवाही की गई है वहीं दूसरी बालू लदी ट्रक का कागज ना दिखाने पर उसका ऑनलाइन चालान किया गया है। इस दौरान खनिज से अशरफ इकबाल के साथ पूरी टीम मौजूद रही। इस कार्यवाही से अवैध खनन परिवहन करने वालो में हड़कंप मच गया।

फॉर्च्यूनर और डीसीएम में हुई भिड़ंत बाल बाल बचे मठ के अनुयाई

**कलवारी।** स्थानीय शक्तेशगढ़ में रविवार को दोपहर गुरुदेव नगर आश्रम के मलिकार रहबर दर्शनानंद, धर्म जोगानन्द, ब्रह्म दर्शनानंद (डॉक्टर बाबा), रहस्य प्रकाशानंद गड़वाघाट आश्रम बनारस जा रहे थे। शक्तेसगढ़ के पास पहुँचते ही उधर चुनार की तरफ से आ रहा पिकअप ट्रक को बचाने के चक्कर में सीधे फॉर्च्यूनर मे जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही फॉर्चूनर क्षतिग्रस्त हो गयी। संजोग अच्छा था कि फॉर्च्यूनर का एयर बैग चारों तरफ खुलने से बाल-बाल अनुयाई बच गये। अगर एयरबैग ना होता तो एक बहुत ही बड़ी घटना घट सकती थी। घटना की जानकारी मिलते ही गुरुदेव नगर आश्रम के कई अनुयाई वहां उपस्थित हुए।

### बालक का एक्सीडेंट कर ट्रैक्टर छोड़कर भागा ड्राइवर

**जिगना।** स्थानीय थाना अंतर्गत हरगढ़ गोगांव मोड पर रविवार को साटन पट्टी गांव निवासी विजय शंकर दुबे का अबोध बालक अनमोल दुबे सड़क पर आ गया। जहां पर ईट से लदा ट्रैक्टर आ रहा था। जिसकी चपेट में आ गया जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने तत्काल उसको प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोई ले गए। जहां से उसे मंडली अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां भी नाजुक हालत होने के कारण उसे जागृत हॉस्पिटल प्रयागराज ले जाया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जिगना पुलिस ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। एक्सीडेंट करने के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़ कर भाग निकला।

### कच्ची सड़क पर पात्रों में बंटा कम्बल

**मीरजापुर।** जातिवाद को राष्ट्र वाद और मानवता वाद के पिटारे में बंद कर समाज की सेवा करना चाहिए। मौसम में ठंड, धूप और बरसात जातिवाद नहीं देखते। हम सब भारत माता की संतान है। हम सबका आपस में भाई बहन का नाता है। लिहाजा एक परिवार का होने के नाते अपनों की सुधि लेना ही मानवता और ईश्वर की सच्ची सेवा हैं। उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज श्रीवास्तव ने रविवार को नगर के कटरा बाजीराव वार्ड के कच्ची सड़क मोहल्ला स्थित शिव मंदिर पर आयोजित कंबल वितरण समारोह में व्यक्त किया। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि समाज की सेवा करने का अवसर बड़े भाग्य से मिलता है। हम सब भारत माता की संतान हैं। इसमें कोई छोटा हैं तो कोई बड़ा हैं। कोई धनवान है तो कोई गरीब हैं। नर सेवा ही नारायण सेवा हैं। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व महामंत्री आशुकान्त चुनाहे, पूर्व उपाध्यक्ष विद्याधर तिवारी, गोवर्धन त्रिपाठी, रविशंकर साहू महेंद्र मिश्रा, अंकुर श्रीवास्तव, शिवपूजन, राहुल दुबे, राहुल गुप्ता एवं अनूप अग्रहरी आदि उपस्थित थे। स्वागत गीत बबलू यादव ने प्रस्तुत किया तथा संचालन भाजपा नगर उपाध्यक्ष मनोज दमकल ने किया।

### सात राशि गोवंश बरामद

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा गो-तस्करों की गिरफ्तारी व उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह मय पुलिस बल द्वारा थाना अहरौरा क्षेत्रांतर्गत से पिकअप पर क्रूरता पूर्वक बांधकर लदे कुल 07 राशि गोवंशों को बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर धारा 3/5ए/8 गोवध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम बनाम पिकअप चालक अज्ञात पंजीकृत किया गया। बरामद गोवंशों का उचित रख रखाव व प्रबंध करते हुए पिकअप को अन्तर्गत 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

### सात बच्चों को बालश्रम से कराया गया मुक्त

**मीरजापुर।** बालश्रम उन्मुलन अभियान के तहत 7 अवयस्कों को बालश्रम से पुलिस द्वारा मुक्त कराया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के पर्यवेक्षण में ए0एच0टी0यू0/एस0 जे0पी0 यू0 मीरजापुर प्रभारी व श्रम विभाग द्वारा थाना पड़री के अन्तर्गत बालश्रम में संलिप्त बच्चों को चिन्हित कर रेस्क्यू व पुनर्वास कराये जाने तथा संलिप्त नियोक्ताओं के विरूद्ध चालान कर कुल 07 बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया गया। नियमानुसार विधिक कार्यवाही करायी गयी।

# मैदान निर्माण में उड़ रही मानक की धज्जियां

**कलवारी।** विकासखंड पटेहरा के ग्राम सभा मरचा में 31 लाख 21 हजार की लागत से बन रहा मनरेगा पार्क, खेलकूद का मैदान ब्लॉक अधिकारियों व ग्राम प्रधान की मिलीभगत से निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रहा है। गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य में सरकारी खजाने का दुरुपयोग किया जा रहा है। बाउंड्रीवाल के निर्माण में थर्ड क्वालिटी के ईंट का उपयोग किया जा रहा है, वही बालू की भी क्वालिटी गुणवत्ता विहीन है, अधिक कमीशन के चक्कर में सचिव मानक के विपरीत बन रहे मनरेगा पार्क, खेलकूद के मैदान की चारदीवारी के निर्माण पर चुप्पी साधे बैठे हैं। बाउंड्री वॉल के निर्माण में बनाए जा रहे पिलर में 3 एमएम के सरिया का प्रयोग किया गया है। हर ग्राम पंचायतों में लूट घसोट मची है, यह तो एक बानगी है। ग्राम पंचायत गोपालपुर में भी बन रहे पंचायत भवन के निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है। खबर अखबारों में प्रकाशित होने के बावजूद भी बीड़ीओ पटेहरा द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया। सेक्रेटरी पुष्पराज सिंह भी निर्माण कार्य के हो रहे अनियमितताओं पर चुप्पी साधे बैठे है।



> इस संबंध में बीड़ीओ पटेहरा शरद कुमार सिंह ने बताया कि मनरेगा पार्क, खेलकूद के मैदान में के निर्माण में ग्राम प्रधान के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है मौके पर पहुंचकर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।
>
> बीड़ीओ शरद कुमार सिंह

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत, तीन जख्मी

**हादसा**

## एक के बाद एक हुए लगातार हादसों से दहशत, परिजनों में मचा कोहराम

**जनसंदेश न्यूज**

**डाला।** हाथीनाला थाना क्षेत्र की खूनी सड़क पे बारह घंटों के भीतर तीन अलग अलग दुर्घटनाओं में तीन लोगों को मौत के आगोश में ले लिया, जबकि तीन लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को दुद्धी सामुदायिक अस्पताल भेजवाते हुए शवों का पंचनामा करके आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। उधर मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

हाथीनाला थाना इंस्पेक्टर श्याम बिहारी ने बताया कि पहली घटना में शनिवार की देर सायं थाना क्षेत्र दुद्धी रोड के हथवानी में एक पिकप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इस दुर्घटना में पिकप चालक 46 वर्षीय कालीचरण पुत्र जिलोघर निवासी मुसिलापुर भदोही, 25 वर्षीय अनीश पुत्र कल्लू निवासी इमामबाड़ा मिर्ज़ापुर, 24 वर्षीय नावेद अंसारी पुत्र शाह मुहम्मद निवासी नुक्खापुर भदोही घायल हो गए।

जिसमें अनीश का हाथ टूट गया और दो को हल्की चोटें आई हैं। घटना के दौरान पिकअप पर आधा दर्जन से अधिक लोग सवार थे। दूसरी घटना में डाक पार्सल की पिकअप और कोयला लदे ट्रक में आमने सामने टक्कर हो गयी। दुर्घटना के बाद डाक पार्सल पिकअप सड़क के किनारे पलट गया और अनियंत्रित कोयला लदी ट्रेलर ने एक कार में जाकर धक्का मार दिया। इस दुर्घटना में पिकअप सवार 28 वर्षीय विवेक मिश्रा पुत्र प्रेम नारायण मिश्रा लालपुर, निगोहा लखनऊ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को हाथीनाला पुलिस द्वारा दुद्धी अस्पताल एम्बुलेंस से भेजवाया, जहां चिकित्सकों ने घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


हादसे में पलटा डाक पार्सल वैन

जिला अस्पताल पहुंचने पर विवेक की इलाज के दौरान मौत हो गई और कार सवार तीन लोग बाल-बाल बचे गए। वहीं तीसरी घटना में रविवार को रेणुकूट की तरफ से आ रही कोयला लदी टेलर ने आगे चल रहे बाइक सवार को कुचल दिया। इस हादसे में बाइक सवार युवक 25 वर्षीय आलोक पाण्डेय पुत्र मनोज पाण्डेय निवासी हिण्डाल्को कालोनी व 26 वर्षीय युवराज सिंह पुत्र अनिल सिंह निवासी रेणुकूट की मौत हो गई। हादसे की सूचना लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी अस्पताल भेज आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। घटना में शामिल ट्रेलर चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद हाथीनाला पुलिस ने तिराहे पर जाने वाले वाहनों को रोक दिया, जिससे जाम लग गया। हालांकि दोपहर तीन बजे तक यातायात बहाल हो गया।

### बाइक दुर्घटना में दो जख्मी

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के रामलीला मैदान में रविवार को सड़क पार कर रहे एक युवक को बाइक सवार ने धक्का मार दिया। इस हादसे में बाइक सवार व राहगीर दोनों घायल हो गए। जानकारी के अनुसार रामलीला मैदान के सामने स्टेट बैंक का चपरासी 48 वर्षीय राजकुमार ऊर्फ छोटू पुत्र स्व. भगवानदास निवासी मलिन बस्ती सड़क पार कर रहा था कि रेणुकूट रोड की तरफ आ रहे एक बाइक सवार ने धक्का मार दिया। इस हादसे में बाइक सवार 30 वर्षीय रामविचार निवासी चरकपथरी व बैंक चपरासी दोनों घायल हो गए। घटना होते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए और घायलों को पास ही एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**रामगढ़।** रावर्ट्सगंज खलियारी मार्ग पर पन्नूगंज थाने के समीप शनिवार की शाम ट्रैक्टर के धक्के से घायल हुए बाइक सवार की युवक की ट्रामा सेंटर वाराणसी में रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी। बताया कि इंद्रमणि भारती 30 पुत्र रामदुलारे भारती पन्नूगंज थाना क्षेत्र के केतार गांव का निवासी था। वह डाला में टीपर चलाता था। वह शनिवार की शाम बाइक से घर जा रहा था कि इसी दौरान ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल हो गया। गंभीर हाल में उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### हैदराबाद में मजदूरी कर रहे विंढमगंज के दो युवकों की मौत

**दुद्धी।** हैदराबाद के सेवेन हिल्स में शनिवार शाम ढलाई करते समय कॉलम ढहने से उससे दबकर विंढमगंज थाना क्षेत्र के कुदरी निवासी दो मजदूरों की मौत हो गयी। इसकी खबर जैसे ही मिली परिजनों में कोहराम मच गया। बैरखड़ के कुदरी टोला निवासी 25 वर्षीय दयाशंकर पुत्र सोनाबच्चा भुइयां व 28 वर्षीय आनंद कुमार पुत्र राजेश्वर खरवार दीपावली बाद हैदराबाद काम करने गए थे। जिन्हें पड़ोसी गांव हरपुरा निवासी मनोज ठीकेदार के द्वारा पाइपलाइन में काम के लिए भेजा गया था। शनिवार की शाम दुर्घटना में दोनों युवकों की मौत हो गयी। दोनों मृतकों को एम्बुलेन्स से यहां घर लाया जा रहा है। इस संबंध में विंढमगंज एसओ मनोज ठाकुर ने सेलफोन पर बताया कि इसकी सूचना अभी उन्हें नहीं मिली है।

### एसपी ने कबाड़ियों पर कार्रवाई का दिया निर्देश

**सोनभद्र।** जिले में कबाड़ का धंधा तेजी से फल फूल रहा है। कबाड़ के आड़ में चोरी का भी सामान खपा देने की बात आम हो गई है। प्रशासन द्वारा कबाड़ का कारोबार करने वालों के विरुद्ध अब तक कोई अभियान नहीं चलाया गया था। जिससे उनके हौसले बुलंद थे। इस धंधे में लिप्त लोग जिले भर में जगह-जगह दुकान और गोदाम खोलकर बैठे हुए है और क्षेत्रों में बिना अनुमति और लाइसेंस के कबाड़ के गोदाम और दुकान संचालित कर रहे। बता दें कि राबर्ट्सगंज के धर्मशाला चौक व चंडी तिराहा के समीप बड़े स्तर पर कबाड़ का कारोबार चल रहा है। पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने बताया कि बीते कई दिनों से जनपद में कबाड़ व्यापारियों द्वारा अवैध रुप से कबाड़ की दुकान का संचालन किया जा रहा है तथा मार्गो पर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसपर रोकथाम लगाने एवं चेकिंग किये जाने के सम्बन्ध में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों एवं चौकी प्रभारियों को अवैध कबाड़ की दुकानों के विरुद्ध अभियान चलाकर चेकिंग कर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया गया है।

## संक्षेप

### जूनियर इंजीनियर संगठन की प्रबंधन से वार्ता सम्पन्न


प्रबंधन से वार्ता करते जे ई संगठन के लोग

**ओबरा।** जूनियर इंजीनियर संगठन शाखा ओबरा के सदस्यों तथा ताप विद्युत गृह प्रबंधन के मध्य शनिवार की देर शाम बैठक कर द्विपक्षीय वार्ता सम्पन्न हुई। इस दौरान स्थानीय बिजली प्रबंधन के समक्ष जू. ई. संगठन के पदाधिकारियों ने अवर अभियंताओं तथा प्रोन्नत सहायक अभियंताओं की वर्तमान समस्याओं एवम प्रमुख मांगो को प्रबंधन के समक्ष तर्कपूर्ण तरीके से रखा। लगभग तीन घंटे तक चली वार्ता में प्रबंधन द्वारा संगठन के लगभग सभी मांगो पर सहमति प्रदान करने के साथ तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी सक्षम अधिकारियों को दिए गए। वही कुछ मांगो पर विचार विमर्श करने के लिए प्रबंधन द्वारा समय मांगा गया। वार्ता में मुख्य महाप्रबंधक ई. दीपक कुमार सिंह, महाप्रबंधक प्रशासन ई जी के मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियंता ई डी एन सिंह, ई अंकुर सिंह, ई एम ए खान, ई नवीन चावला, ई अलाउद्दीन, उपाधक्ष ई नित्यानंद सिंह, ई प्रशांत सिंह, ई अभिनव सिंह आदि लोग शामिल रहे।

### मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**ओबरा।** स्थानीय थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पनारी के टोला अरंगी में दो पक्षो में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस के अनुसार बभनी थाना अंतर्गत सागोबांध निवासी भूपेंद्र कुमार पुत्र रामेश्वर प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका राम मनोहर यादव पुत्र मुरारी निवासी अरंगी, ओबरा से कुछ पैसों का लेंन-देन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। बीते 6 जनवरी को अरंगी में रात में भूपेंद्र का राम मनोहर से पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद होने लगाइस दौरान राम मनोहर ने भूपेंद्र पर लाठी डंडे से हमला बोल दिया। मारपीट में भूपेंद्र घायल हो गया। लोगों ने भूपेंद्र को चोपन सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने घायल की तहरीर पर राम मनोहर के खिलाफ संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी।

### काशी क्षेत्र बीजेपी अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष अजीत रावत सम्मानित

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी के मैसूर कर्नाटक में हुआ सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान काशी क्षेत्र में 7560 अनुसूचित मोर्चा के बस्ती जनसंपर्क अभियान चलाया गया जिसके तहत रविवार को हुए कार्यक्रम में काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत व सोनभद्र सदर ब्लाक प्रमुख को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य तथा अनुसूचित समाज के वरिष्ठ मंत्री गण द्वारा मंच पर बस्ती संपर्क अभियान के अंतर्गत कुशल संदेश देने के अंतर्गत अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि काशी क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित अजीत रावत द्वारा प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं को लेकर अनुसूचित मोर्चा जनसंपर्क बस्ती अभियान के तहत लगातार दो महीने चलाकर लोगों के बीच जागरूक करने वह जानकारी देने का सराहनीय कार्य किया गया।

### पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल की मौत

**सोनभद्र।** पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल की शनिवार की रात संदिग्ध हाल में मौत हो गयी। बताया गया कि हेड कांस्टेबल गाजीपुर के मनिया गांव निवासी असद अली खान 56 पुत्र अनवर हुसैन काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। चुर्क के वार्ड नंबर आठ में किराए के मकान पर परिवार के साथ रहते थे। परिजनों की मानें तो वे हार्ट के मरीज थे और काफी दिनों से उनका उपचार चल रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवा दिया।

### केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर शोक

**सोनभद्र।** पश्चिम बंगाल के पूर्व गवर्नर और यूपी विधानसभा के स्पीकर रहे पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी का रविवार की सुबह निधन की खबर मिलते ही जनपद में भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सदर विधायक भूपेश चौबे ने अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ दो मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि 88 साल के केशरी नाथ त्रिपाठी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भी थे। वे प्रयागराज की शहर दक्षिणी सीट से कई बार विधायक चुने गए थे। पिछले कुछ दिनों से वे बीमार चल रहे थे। उनके निधन से भाजपा को बड़ी छति पहुंची है। उनकी अन्तेष्ठी में शामिल होने के लिए सदर विधायक इलाहाबाद के लिए रवाना हो गए।

### अवैध परिवहन में 28 वाहनों पर कार्रवाई

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में बीते 7 जनवरी को अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जांच किया गया, जिसमें 28 वाहनों को अवैध परिवहन किये जाने के कारण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमें 17 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, एआरटीओ धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

### कहासुनी में युवक ने डीजल डालकर खुद को जलाया

**दुद्धी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बीड़र गांव में घरेलू कहासुनी में एक युवक ने शनिवार की रात अपने ऊपर डीजल उड़ेलकर खुद को आग लगा लिया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां इलाज चल रहा है। बताया गया कि 28 वर्षीय प्रदीप पुत्र संतोष निवासी बीड़र किसी बात पर घरवालों से कहासुनी के बाद अपने ऊपर डीजल डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया। परिजनों को जैसे ही पता चला तो उन्होंने उसे आनन फानन में उपचार के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सा अधीक्षक डा. शाह आलम ने बताया कि युवक करीब 30 प्रतिशत जल चुका है, उपचार चल रहा है।

### स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की हुई जांच

**रेणुकूट।** भीषण ठंड के मौसम में शिशुओं का ठीक से ध्यान रखना बहुत जरूरी है जरा सी लापरवाही भारी पड़ सकती है और आपका बच्चा सर्दी, जुकाम, कोल्ड डायरिया, निमोनिया आदि बीमारियों की चपेट में आ सकता है इसलिए ठंड के मौसम में सही देखभाल ही बीमारी से बचने का उपाय है। यह बातें पिपरी स्थित अनंत पद्मावती आश्रम में प्रति सप्ताह लग रहे निशुल्क चिकित्सा शिविर में पहुंचे नवजात शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आनंद पटेल ने कही। उन्होंने बताया कि शरीर नाजुक होने की वजह से बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है इस कारण इनको सर्दी, जुकाम, बुखार की समस्या जल्दी हो जाती है, बच्चों को शीतलहर से बचाएं। डॉ पटेल ने बताया कि शीतलहर के दौरान शरीर के तापमान में गिरावट आ जाती है इसकी वजह से कंपकंपी, सांस लेने में तकलीफ,सर्दी,खांसी आदि समस्या हो सकती है, ऐसे लक्षण दिखने पर तत्काल चिकित्सक से संपर्क कर इलाज कराएं। अनंत पद्मावती आश्रम के संचालक पंडित वीर विक्रम नारायण पांडेय ने बताया कि आश्रम में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगता है, जहां आसपास के लोग पहुंचकर इसका लाभ उठाते हैं।

# परिवहन राज्य मंत्री की जांच में मिला बगैर नम्बर प्लेट का ट्रक

**सख्ती**

## पकड़े गए ट्रक पर लिखा था पूर्व विधायक शहर उत्तरी वाराणसी

## ट्रक को सीज और चालक पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र का दौरा कर वाराणसी जा रहे परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने शनिवार की शाम वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर तेंदू गांव के समीप एक ट्रक रोककर जांच पड़ताल शुरू किया।

अचानक मंत्री का काफिला रूका देख अधिकारियों के हाथ पाव फूलने लगे। जांच में बगैर नम्बर प्लेट गाड़ी मिलने से मंत्री खासा नाराज दिखे। उन्होंने तत्काल ट्रक सीज करने का और चालक पर एफआईआर कराने का निर्देश दिया। मंत्री ने खुद चालक रंगे हाथ नम्बर प्लेट लगाते हुए पकड़ लिया। बता दें कि परिवहन



ट्रक की जांच करते परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह

राज्य मंत्री जनपद सोनभद्र के दो दिवसीय दौरा पर सोनभद्र में थे शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों से शिरकत कर वाराणसी जा रहे मंत्री का काफिला अचानक तेंदू गांव के समीप रूक गया। मंत्री अपनी गाड़ी से उतरकर एक ट्रक को रोकवाकर कागजातों की जांच किए।

पकड़े गए ट्रक पर पूर्व विधायक शहर उत्तरी वाराणसी लिखा मिला। इस दौरान ट्रक के आगे व पीछे नम्बर प्लेट नहीं लगा पाया गया। तभी ट्रक चालक ने नंबर प्लेट निकालकर ट्रक के आगे फंसा दिया। ट्रक पीछे से आगे आने पर मंत्री को नंबर प्लेट लगा मिलने पर वह खुद दंग रह गए। उन्होंने तत्काल चालक को पकड़ कर प्रशासन को सौंपकर एफआईआर दर्ज व ट्रक सीज करने का निर्देश दिया। वही राज्यमंत्री ने कहा कि ऐसे लोगों को कानून का भय नहीं है।

### बस स्टैंड पर गंदगी देख भडके परिवहन राज्यमंत्री

**सोनभद्र।** परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह शनिवार को रोड़बेज बस स्टैंड का भी निरीक्षण करने अचानक पहुंचे। उन्होंने बस स्टैंड के अंदर कैंटीन, टिकट काउंटर, शौचालय, वर्क शाप आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान पानी की टोंटी टूटी व गंदगी देख भड़क गए। उन्होंने एआरएम को फटकार लगाते हुए तत्काल साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। कहा कि रोडबेज बस स्टैंड पर जल्द ही लाइब्रेरी खोली जाएगी। इंजन मिस्त्रियों ने सैलरी न मिलने की शिकायत मंत्री के समक्ष रखा। जिस पर मंत्री ने गंभीरता से सुनकर उनकी समस्या के निस्तारण का भरोसा दिया।

# रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ मना श्री एकेडमी का वार्षिकोत्सव

**सोनभद्र।** श्री एकेडमी पसही कलां राबर्ट्सगंज का वार्षिकोत्सव समारोह मनोहारी प्रस्तुतियों के बीच रविवार को संपन्न हो गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। छात्र छात्राओं ने जीवन जगत के मानवीय मूल्यों के सम्वर्धन को दर्शाते हुए अंकुरण 2023 के कार्यक्रमों की प्रस्तुति की।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में समारोह के मुख्य अतिथि ललित कुमार कपिल 'रिजिनल ऑफिसर सीबीएसई प्रयागराज, परिवहन राज्य मंत्री दया शंकर सिंह, सदर विधायक भूपेश चौबे, सीडीओ सौरभ गंगवार, एडीएम आशुतोश दुबे, सोबाए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार, जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, आरटीओ मीरजापुर, एआरटीओ सोनभद्र व विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा. अनिल कुमार पाण्डेय प्रबन्धक अजेय कुमार पाण्डेय एवं विद्यालय के प्राचार्या संध्या गोयल, गणेश गोस्वामी द्वारा दीप प्रस्थापन एवं गायत्री महामंत्रोच्चार के


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। सर्वप्रथम विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागतगान के माध्यम से दर्शक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात् विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने समारोह मे उपस्थित मुख्य अतिथि अन्य विद्यालय के प्रधानाचार्यों एवं प्रबन्धकगणों का स्वागत अभिनन्दन किया, इसी क्रम मे विद्यालय के प्रबन्ध ने अतिथिगणों को पुश्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया। विद्यालय की प्राचार्या संध्या गोयल जी ने विद्यालय के शैक्षणिक उपलब्धियों एवं वार्षिक गतिविधियों का आंकड़ा प्रस्तुत किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राहुल श्रीवास्तव, विजय शंकर चतुर्वेदी, अक्षय कुमार, आशुतोष, बसंत, एसएन पाठक, अवनीश, राघव मणि मिश्रा, मनोज ओझा आदि मौजूद रहे।

### फर्जी नियुक्ति पत्र देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**डाला।** अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी का फर्जी नियुक्ति पत्र दिए जाने के मामले में छ माह पूर्व दर्ज मुकदमे में नामजद आरोपी को चोपन व डाला पुलिस द्वारा घेरेबंदी करके रविवार की सुबह बग्घानाला से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। डाला चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता ने बताया कि छ माह पूर्व सीमेंट कम्पनी के प्रशासन एवं सुरक्षा विभाग में कार्यरत दिनेश यादव ने चोपन थाने में तहरीर देकर बताया कि कम्पनी की जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि सोशल मिडिया पर भी एक युवक रजत माली ने रजत सैनी के नाम से आई डी बना कर तथा अपने को एचआर असिस्टेंट बताकर अल्ट्राटेक कम्पनी में नियुक्ति कराने के नाम पर पैसा लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र दे रहा है। जिसको लेकर अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के अधिकारियों के कान खड़े हो गए। जांच के दौरान बड़े फर्जीवाड़े की पोल खुलते ही कम्पनी ने रजत माली उर्फ रजत सैनी निवासी ओबरा के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत कराया। मुकदमा पंजीकृत होने के उपरांत डाला चौकी प्रभारी द्वारा आईटी एक्ट की धारा 66डी की बढ़ोतरी की गई और रविवार को फर्जी नियुक्ति पत्र के मामले में रजत माली को बग्घानाला पुलिया के नीचे से गिरफ्तार कर लिया।

### गुरु गोविंद सिंह जयंती पर निकली शोभायात्रा गुरुद्वारा में लगा लंगर



**चोपन।** सिख पंथ के दसवें गुरु गुरुगोविंद सिंह की जयंती पर स्थानीय गुरुद्वारे में विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद चखा। अतिथियों का कमेटी द्वारा सरोपा देकर सम्मानित किया गया। ततपश्चात नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कीर्तनमयी शोभायात्रा गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई पुनः वहीं पर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया। रास्ते में तमाम श्रद्धालुओं ने सबीलें लगाकर शोभायात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराया और प्रसाद वितरण किया। शोभा यात्रा के आगे सिख युवक गदका आदि करतब दिखा रहे थे। इसमें शामिल पंच प्यारे शोभायात्रा का आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं मिजार्पुर से आये युवकों के एक समूह ने तरह तरह के करतब दिखाकर लोगों को हैरत में डाल दिया। वहीं महिलाएं शबद कीर्तन करती चल रही थीं, बच्चे गुरुवाणी गाते रहे। शोभायात्रा के बीच गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी भी शामिल थी। इसके पीछे रागी जत्थे शबद कीर्तन करते चल रहे थे। शोभायात्रा नगर के मुख्य बाजार से होते हुए प्रितनगर, स्टेशन रोड, मेन रोड होते हुए फिर गुरुद्वारे में जाकर समाप्त हुई। आदर्श प्रेस क्लब के पत्रकारों ने शामिल लोगों को चाय नाश्ता कराया और प्रसाद वितरण किया। शोभायात्रा में अध्यक्ष प्रेम सिंह, सतनाम सिंह, उस्मान अली, दीपक सिंह, सत्यप्रकाश तिवारी, कवलजीत सिंह, बलविंदर सिंह, शेर खान, जितेंद्र सिंह, महताब सिंह, पतविन्दर सिंह, अजीत सिंह, संजय जैन, प्रदीप अग्रवाल, अशोक सिंघल आदि मौजूद रहे।

# विधिक साक्षरता शिविर में दी गई योजनाओं की जानकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** नीति आयोग एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव प्रथम जनपद न्यायाधीश के नेतृत्व में रविवार को जिले के रॉबर्ट्सगंज एवं तहसील घोरावल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सत्यजीत पाठक प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जनपद न्यायाधीश एफटीसी की अध्यक्षता में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

रॉबर्ट्सगंज तहसील के ग्राम रामगढ़ में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में तहसीलदार सदर सुनील कुमार सिंह व अरुण कुमार जौहरी खंड विकास अधिकारी चतरा, मनोज कुमार सिंह एसएचओ पन्नूगंज, बलराज मौर्य, पैरा लीगल वालंटियर राजेंद्र चौबे, मनोज कुमार दीक्षित तथा घोरावल तहसील में ज्ञानेंद्र यादव तहसीलदार व नायब


जागरूकता शिविर में शामिल न्यायिक अधिकारी

तहसीलदार, बेसिक शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारी द्वारा शासन की विभिन्न उपयोगी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित जनसमूह को विस्तृत रूप से जैसे शिक्षा स्वास्थ्य आवास आदि योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। सत्यजित पाठक प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व अपर जनपद न्यायाधीश एफटीसी द्वारा शिविर में उपस्थित लोगों को प्राधिकरण एवं शासन द्वारा जारी तमाम योजनाओं के संबंध में विस्तृत रूप से अवगत कराया

### पेड़ से लटकता मिला महिला का शव

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कनवा बरवाटोला गांव में रविवार को सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में साड़ी के फंदे से चिलबिल के पेड़ से एक महिला का लटकता शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका के पुत्र ने हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेजवा दिया। बताया गया कि 45 वर्षीय यानावती उर्फ अनावती पत्नी सीताराम निवासी कनवा बरवाटोला का शव घर से तीन सौ मीटर दूर पेड़ से लटकता हुआ मिला। सुबह जब लोग खेत के तरफ गये तो पेड़ से लटकते शव को देख सन्न रह गए। लोगों ने घटना की सूचना तत्काल लड़के को दी। मृतका के पुत्र मुन्ना लाल ने बताया कि मेरे पिता की दो पत्नियां थीं। मेरी मां छोटी पत्नी थी। मेरे पिता पहली पत्नी के साथ रहते थे। मेरी मां दादी के साथ रहती थी। लड़के, बहू दूसरे पाही पर रहते थे। दादी तीन दिन पहले अपने नातीन के घर जिगनहंवा गांव गयी थी। मुन्ना ने बताया कि मेरी मां के सिर पर, हाथ, पैर पर चोट के निशान हैं। बताया कि पिता द्वारा हमेशा मेरी मां को प्रताड़ित किया जाता था। उसने कहा कि मां फांसी नहीं लगाई है, मां की हत्या पिता ने कर शव फंदे से लटकाया है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### सहकारिता में भागीदारी से पूरा हो सकता है आत्मनिर्भर भारत का संकल्प

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक रविवार को जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुयी। इसका शुभारम्भ पं दीनदयाल उपाध्याय व डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक मिजार्पुर/सोनभद्र चेयरमैन लोकनारायण सिंह, जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामेश्वर राय ने दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित कर किया। बैठक में आगामी सहकारी समिति के चुनाव पर चर्चा की गयी। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रदेश में सहकारिता में जन जन की सहभागिता से जन आन्दोलन खड़ा करना है। प्रधानमंत्री के संकल्प आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार रुप दिया जा सकता है। मोदी सरकार गांव व किसान की समृद्धि से समृद्धशाली भारत निर्माण के संकल्प को पूर्ण करने के लिए कार्य कर रही है और सहकारिता इस संकल्प की सिद्धी में सहायक सिद्ध हो सकता है। सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामेश्वर रायव जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार सहकारिता क्षेत्र के जरिए किसान व ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं सशक्तिकरण पर कार्य कर रही है, यही वजह है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार समृद्धि के मूल मंत्र के साथ सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बना रही है। उन्होंने सहकारिता क्षेत्र में काम करने वाले पार्टी कार्यकर्ता एवं विभिन्न क्षेत्र के लोगों को जिला स्तर एवं मण्डल स्तर पर भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ का अतिशीघ्र गठन करने को कहा। बैठक में धर्मवीर तिवारी,अनिल सिंह गौतम, ओमप्रकाश दूबे, अशोक मौर्य, रामसुन्दर निषाद, अमरनाथ पटेल, कृष्णमुरारी गुप्ता, जीत सिंह खरवार, संतोष शुक्ला, शम्भूनारायण सिंह, गुड़िया वर्मा, दिलिप पाण्डेय, अनूप तिवारी, विशाल गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष लोकनारायण सिंह

# चंदौली-सैदपुर सड़क निर्माण कार्य का केन्द्रीय मंत्री ने किया निरीक्षण

**जाना हाल**

**तीस किलो मीटर सड़क निर्माण के लिये 494 करोड़ जारी हुआ है**

**भोजापुर में सड़क के साथ बनेगा ओवर ब्रिज**


भोजापुर रेलवे क्रासिंग के समीप सड़क निर्माण कार्य की जांच करते केन्द्रीय मंत्री व सांसद डा. महेन्द्रनाथ पांडेय साथ में एक्सईन पीडब्ल्यूडी

**सकलडीहा।** केन्द्रीय मंत्री व सांसद डा0 महेन्द्र नाथ पांडेय रविवार को चंदौली से सैदपुर तक बनने वाली सड़क के निमार्ण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने उच्चाधिकारियों को समय से निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होनें किसानों को गेहुं की सिचाई के लिए टेल तक पानी पहुंचाने का निर्देश दिया। केन्द्रीय मंत्री व सांसद डा महेन्द्र नाथ पांडेय के प्रयास से चंदौली से सैदपुर तक फोरलेन करीब 30 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य शुरू किया है। सड़क निर्माण कार्य के लिये 494 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत है। इस सड़क को कार्यदायी संस्था द्वारा 18 महीने में पूरा कर देना है। जो अक्टूबर महीने से शुरू हो चुकी है। इस सड़क मार्ग के लिए भोजापुर रेलवे क्रांसिग भी उसके उपर पुल का निमार्ण कार्य होना है। जिसके लिए भी केन्द्रीय मंत्री ने अलग से बजट उपलब्ध कराया है। रविवार को सड़क निमार्ण कार्य की जानकारी लेने के लिए खुद केन्द्रीय मंत्री मौके पर पहुंचकर और उसे समय से पूरा कराने का निर्देश उच्चाधिकारियों को दिया। इस दौरान एक्सईन डीपी सिंह,जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, हरवंश उपाध्याय, संजय त्रिपाठी,वीरेन्द्र कुमार,रविन्द्र गौड़, ब्लाक प्रमुख अवधेश सिंह, मंडल अध्यक्ष भानू सिंह,सूर्यमुनि तिवारी,संतोष सिंह, अमित सिंह, गौरव सिंह, बबलू गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहें।

# केंद्र सरकार आम लोगों के लिए तमाम योजनाएं कर रही संचालित

**जनसंदेश न्यूज**


छात्राओं को टैबलेट वितरण करते केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ महेंद्रनाथ पांडेय

**चंदौली।** मानव विकास एवं कल्याण संस्थान चंदौली हॉस्पिटल एमडी नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज की ओर से रविवार को निःशुल्क दवा वितरण व टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया । इसका शुभारंभ केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित कर किया साथ ही पैरामेडिकल की छात्रों को टैबलेट देकर उनके हौसले को बढ़ाया और तरक्की की कामना की।

वही 500 गरीबों का निःशुल्क इलाज भी चिकित्सकों की टीम डॉ बीके मौर्या के नेतृत्व में किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कभी भी विकास की भूख को मिटने नहीं देना चाहिए। हमेशा विकास की ललक दिखाई देती है। यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में साफ दिखाई दे रही है। केंद्र सरकार ने विकास के लिए तमाम योजनाएं संचालित की हैं। जिसका लाभ आमजन को मिल रहा है। पैरामेडिकल की छात्राएं और छात्रों का उज्जवल भविष्य कोरोना काल से ही हुआ है। कोरोना काल में कौशल विकास मिशन के तहत इन्हें प्रशिक्षण देकर 139000 लोगों को इस महामारी से लड़ने के लिए खड़ा किया गया यह नरेंद्र मोदी की देन थी। मेडिकल के क्षेत्र में सरकार की मंशा साफ है। अधिक से अधिक लोगों को शिक्षित कर तमाम महामारी से निपटने के लिए कौशल बनाया जाए। सरकार बच्चों के भविष्य को लेकर काफी चिंतित है। इसलिए टैबलेट का वितरण कर रही है। जिसका लाभ गरीब छात्र-छात्राओं को भी सीधे मिल रहा है संस्था के प्रबंधक डॉ बृजेश कुमार मौर्या ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक रमेश जायसवाल, जिलाधिकारी ईशा दुहन, सीएमओ डॉ यूके राय, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सर्वेश कुशवाहा, जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, फेकन प्रसाद, प्रमोद चौबे, सूर्यमुनी तिवारी, हरिवंश उपाध्याय तिवारी, किरण शर्मा, जितेंद्र पांडेय, ओमप्रकाश कुशवाहा, दिलीप सोनकर, संजय सिंह, आरपी कुशवाहा, महेंद्र प्रताप सिंह वीरेंद्र जायसवाल, राम मनोहर तिवारी आदि उपस्थित है।

## संक्षेप

### यातायात पुलिस ने हेल्थ कैम्प का किया आयोजन


चकिया तिराहे पर लगाया गया हेल्थ कैम्प

**नियामताबाद।** सड़क सुरक्षा माह के चतुर्थ दिवस पर रविवार को यातायात पुलिस द्वारा एआरटीओ कार्यालय और चकिया तिराहा पर हेल्थ कैंप का आयोजन आयोजित किया गया। कैंप में पुलिस कर्मी, सवारी, वाहन चालक आदि का नेत्र परिक्षण और स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। क्षेत्राधिकारी यातायात कृष्ण मुरारी शर्मा द्वारा वाहन चालकों को हिदायत दी गई कि समय-समय पर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहें जिससे वाहन चलाने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। वहीं यातायात प्रभारी रामप्रीत यादव द्वारा बताया गया कि एक ड्राइवर के हाथ में वाहन में बैठे सभी लोगों का जीवन होता है इसलिए जागरुकता बहुत जरूरी है। इसके साथ प्रवर्तन की भी कार्यवाही की गई।

### तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों का स्थानांतरण

**चंदौली।** जनहित एवं शासकीय कार्य हित को दृष्टिगत रखते हुए डीएम ईशा दुहन के स्वीकृति आदेश के अनुपालन में शनिवार को अपर जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्र ने जनपद के तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों का स्थानांतरण कर दिया है। इस क्रम में तहसीलदार (न्यायिक) बंदना मिश्रा का सकलडीहा से तहसीलदार चकिया के पद पर वर्तमान तैनाती की गई है। इसी प्रकार विकासखंड तहसीलदार चकिया से तहसीलदार सकलडीहा, ध्रुवेश कुमार सिंह नायब तहसीलदार चंदौली से नायब तहसीलदार सकलडीहा स्थानांतरित किया गया है। प्रभुनाथ यादव नायब तहसीलदार चकिया से नायब तहसीलदार सकलडीहा में तैनात किया गया है। दिनेश कुमार शुक्ला नायब तहसीलदार नौगढ़ से नायब तहसीलदार चंदौली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुनील कुमार सिंह नायब तहसीलदार पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर से नायब तहसीलदार चकिया भेजे गए हैं। रविरंजन कश्यप नायब तहसीलदार सकलडीहा से नायब तहसीलदार नौगढ़ एवं नीरज चतुर्वेदी नायब तहसीलदार सकलडीहा से नायब तहसीलदार पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्थानांतरित किए गए हैं। उपरोक्त तैनाती के अनुसार जहां-जहां तहसीलदार (न्यायिक) का पद रिक्त है। वहां पर तैनात तहसीलदारों की तरफ से (न्यायिक) के कार्यों का संपादन किया जाएगा। उक्त कार्य के लिए इनको अलग से कोई अतिरिक्त भत्ता दे नहीं होगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### निधन पर जताया शोक

**कंदवा।** हिंदी दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला के पत्रकार कृष्ण मुरारी मिश्रा के पिता पंडित श्याम बिहारी मिश्रा 76 का निधन शनिवार की रात हो गया इससे आहत राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत द्वारा रविवार को बरहनी कैंप कार्यालय पर बैठक कर शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दौरान राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि कृष्ण मुरारी मिश्रा के पिता के निधन से पूरा संगठन और पत्रकार आहत हैं। ऐसी घड़ी में ईश्वर परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर दिवाकर राय, जमीर खान, जलील अंसारी, सत्येन्द्र यादव ,अंजनी सिंह, फकरे आलम, अनिल सिंह ,बैरिस्टर यादव, अख्तर अली, राहुल सिंह, प्रदीप गुप्ता, घनश्याम यादव श्रीराम तिवारी, आदि पत्रकार मौजूद रहे।

### मॉं खण्डवारी में आज से संचालित की जायेगी कक्षाएं

**चहनियां।** मॉं खण्डवारी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस चहनियां चन्दौली के अन्तर्गत सोमवार से मॉं खण्डवारी पीजी कॉलेज एवं मॉं खण्डवारी महिला महाविद्यालय एवं मॉं खण्डवारी विधि महाविद्यालय की समस्त कक्षाएं निर्धारित समय सारिणी से संचालित की जायेगी तथा खण्डवारी देवी इण्टर कॉलेज चहनियां में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक की कक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित की जायेगी कक्षा 1 से कक्षा 8 तक की कक्षाएं 16 जनवरी 2023 से संचालित होंगी। उपस्थिति दिनांक 09 जनवरी 2023 से निर्धारित समयानुसार अनिवार्य है। यह जानकारी प्रबंध निदेशक व प्रधानाचार्य डॉ0 आशुतोष कुमार सिंह कैलाशी ने दी है।

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**कन्दवा।** सैयदराजा जामानिया मार्ग पर रविवार को जेवरियाबाद गॉंव के समीप एक महिला बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई आस पास के ग्रामीणों ने महिला को उठाकर एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है। बताते है कि रामपुर गांव निवासी हारून अंसारी अपनी पत्नी रिजवाना 30 वर्ष के साथ वाराणसी से घर आ रहे थे जैसे ही दोनों जेवरियाबाद गॉंव के समीप पहुंचे कि बाइक पर बैठी रिजवाना को अचानक चक्कर आ गया और वह चलती बाइक से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे पास राहगीरों ने उठाकर इलाज के लिए एक निजी चिकित्सालय बरहनी में भर्ती करा गया ।

### प्रसाद का हुआ वितरण

**पड़ाव।** क्षेत्र के डोमरी गांव गंगा तट स्थित सतगुरु धाम आश्रम मंदिर के प्रांगण में सद् विप्र समाज के द्वारा कंबल वितरण किया गया एवं साथ ही खिचड़ी प्रसाद का भी वितरण किया गया कंबल वितरण में डोमरी ग्राम के निराश्रित जरूरतमंदों असहायों को कंबल वितरण किया इस दौरान कंबल पाने वाले लोगों के चेहरे पर मुस्कान देखते ही बन रही थी वहीं कंबल पाने वाले लोग सद् विप्र समाज के लोगों को ढेर सारी दुआएं दे रहे थे सहयोग करने वालों में मुख्य रूप से कबीर मठ आश्रम के आचार्य मुवनेश्वर महात्मा विजय श्रीवास्तव महात्मा अनीमा एवं मृत्युंजय , हरिओम तिवारी इत्यादि रहे।

### प्रगतिशील नाई विकास समिति की बैठक सम्पन्न

**चहनियां।** क्षेत्र के लक्ष्मणगढ़ स्थित लखुड़ा बाबा मंदिर परिसर में प्रगतिशील नाई विकास समिति की एक बैठक माधव शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । जिसमें कर्पूरी जयंती मनाने व संगठन के विस्तार पर चर्चा हुई । बैठक में संगठन के अध्यक्ष बुलबुल सलमानी ने कहा कि हमारे नाई समाज के लोग अपने हक के लिए आगे आये । हम अपने हक की लड़ाई खुद ही लड़नी होगी। जो बिना संगठन के सम्भव नहीं है । जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 जनवरी को इसी परिसर में धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दौरान बसंत शर्मा, निरहू शर्मा, हरिद्वार शर्मा, गोरख शर्मा, दिवाकर,डॉ0 भोंदू,सोनू,शमशेर,राजू,नवीन,राजेश आदि लोग उपस्थित थे ।

# पतंग की दुकानों पर धड़ल्ले से बिक रहा है चाइनीज मंझा

**जनसंदेश न्यूज**


पतंग की दुकानों पर छापेमारी करती पुलिस

**डीडीयू नगर।** मकर संक्रांति का त्योहार ज्यों ज्यों नजदीक आ रहा है त्यों त्यों बाजारों में पतंग बेचने वाले दुकानों पर चाइनीज मांझे की बिक्री धड़ल्ले से देखी जा रही है। ऐसा लगता है कि इन दुकानदारों को शासन प्रशासन का कोई भय नहीं रह गया है। वह धड़ल्ले से चाइनीस मांझे की बिक्री कर रहे हैं । विदित हो कि इन मंझो से नगर व आसपास के क्षेत्रों में कई घटनाएं देखी गई है इसके बाद भी दुकानदार मनमानी करने से पीछे नहीं हट रहे हैं।

चाइनीज को लेकर शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के दुल्हीपुर में अभियान चलाया गया। इस अभियान से पतंग बेचने वाले दुकानदारों में खलबली मच गई। चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध होने पर पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आए दिन चाइनीज मांझे से लोग घायल व चोटिल होते जा रहे है। इस संबंध में चौकी प्रभारी नसीबुद्दीन द्वारा मय फोर्स के साथ पतंग के दुकानों पर चाइनीज मांझे की चेकिंग की गई। दुकानदारों को सख्त से सख्त हिदायत दी गई की चाइनीज मांझे को न बेचा जाए, अन्यथा कार्यवाही की जाएगी, अगर किसी के दुकान से चाइनीज मांझे प्राप्त हुए तो उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## अगलगी से लाखों का सामान जला

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बिसौरी गांव में रविवार देर रात कपड़े की कंपनी में आग लग जाने के कारण लाखो का सामान जलकर राख हो गया। उक्त रास्ते से गुजर रहे लोगो ने तत्काल घटना की जानकारी कंपनी मालिक को दी। मौके पर पहुंचा कंपनी मालिक अंदर का नजारा देख सन रह गया। उसने तत्काल फायर बिग्रेड को फोन कर घटना से अवगत कराया। घटना स्थल पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।बताते है कि बिसौरी गांव में पंचम राम की होजरी कपड़े की कंपनी है। प्रतिदिन की तरह वो अपनी कंपनी में काम खत्म होते ही ताला बंद करके छत के ऊपर कमरे में सोने चले गए तभी अज्ञात कारणों से उनके दुकान में आग लग गई। जिससे आसपास के जाने वाले लोगों ने शोर मचाते हुए आवाज दिया। आवाज सुनकर पंचम राम नीचे उतरे तो देखा कंपनी के अंदर से धूआ बाहर आ रहा था। ताला खोलकर अंदर का नजारा देखा तो सन रह गए। राम ने बताया कि आग से लाखो का कपड़ा व मशीन जलकर राख हो गया।

# मकर सक्रांति व मौनी अमावस्या को लेकर कराई गई सफाई



**चहनियां।** बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर मकर सक्रांति व मौनी अमावस्या को लेकर शौचालय शमशान स्थल के पास सचिव आनन्द यादव व बलुआ ग्राम प्रधान दिलीप व सराय प्रधान अभय सिंह द्वारा साफ सफाई कराया गया। मौनी अमावस्या व मकर सक्रांति पर लाखों की संख्या में श्रृद्धालु आस्था की डुबकी लगाते है। इसे लेकर घाट पर ब्यवस्था दुरुस्त करने के लिए ग्राम पंचायत सराय व बलुआ द्वारा घाट पर पक्के सीढीयो के बगल में बने शमशान स्थल व शौचालय में जमे मिट्टियों व गंदगी को सफाई कर्मियों द्वारा साफ कराया गया। सचिव आनन्द यादव प्रधान सराय अभय सिंह व प्रधान बलुआ दिलीप कुमार रोजगार सेवक पवन कुमार द्वारा घाट के इर्द गिर्द शौचालय में पानी के लिए पाइप लगाने वायरिंग आदि का कार्य तेजी से चल रहा है। सचिव आनन्द यादव ने कहा कि घाट पर लेवलिंग सफाई शौचालय में लाइटिंग पानी की ब्यवस्था आदि का कार्य तेजी से हो रहा है । मकर सक्रांति तक सभी कार्य पूर्ण करने है ।

# उतरौत गांव के जरूरतमंदों में हुआ कम्बल वितरण


उतरौत गांव में लोगों को कम्बल वितरित करते महेंद्र मौर्या

**बबुरी।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर रविवार को पूर्व जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी महेंद्र मौर्या द्वारा चकिया विधानसभा के ग्राम उतरौत में लगभग 500 गरीबो में कम्बल वितरण किया गया इस दौरान जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक ने गरीबो असहायों में कंबल वितरित किया।

जिलाध्यक्ष सत्यनरायन राजभर ने कहा जनपद में कड़ाके की ठंड पड़ रही दलितों आदिवासियों गरीबो वंचितों मजदूरों का कोई भी सुनने वाला भाजपा सरकार मे नही। जनपद में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी हैं। भ्ष्टार्चार चरम सीमा पर है। पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार ने कहा कि पूर्व की अखिलेश यादव सरकार में गरीबो किसानों दलितों के विकास लिये बड़ी योजनायें चलाई थी। वह सभी योजना बन्द हैं।

भाजपा की सरकार में सिर्फ झूठ बोलने का काम हो रहा है। इसलिए आम जनमानस को सोचने की जरूरत है। सरकार ने दलितों पिछड़ो को गुमराह कर वोट लिया सरकार बनाने के बाद सिर्फ धोखा दे रही हैं। आने वाले समय मे आमजनता जरूर जवाब देगी। उक्त कार्यक्रम में लालता बियार, नफीस अहमद, बचाऊ , मुश्ताक खान, विशाल मौर्या,अनंत बियार, बेचई बियार,सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डकैती की योजना बना रहे पांच युवको को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**डीडीयू नगर।** प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय दीनदयाल पांडेय के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम छिमिया तिराहे पर छापा मारकर डकैती की योजना बना रहे पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उनके पास से तमंचा व कारतूस व चाकू बरामद किया। इस दौरान पुलिस ने गिरफ्तार युवकों से कड़ाई से पूछताछ किया तो उन्होंने बताया कि वे लोग डकैती की योजना बना रहे थे लोग आर्थिक तंगी की वजह से व आर्थिक लाभ के लिए संगठित होकर अपराध करते हैं। युवकों ने बताया कि हम लोगों के पास इस समय पैसे की काफी तंगी पड़ गई थी। इससे हम लोग एक जगहं एकत्रित होकर डकैती डालने की योजना बना रहे थे पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवकों का एक गैंग है जो संगठित होकर लूट और डकैती का काम करते हैं पकड़े गए डकैतों में मोहम्मद साजिद, फैसल, रवि कुमार चौरसिया, जय गुप्ता, अशरफ शामिल हैं। पकड़े गए डकैतों ने बताया कि हम लोग गैंग बनाकर मोहम्मद साजिद के नेतृत्व में दिशा निर्देश पर लूट व डकैती का कार्य करते हैं। पुलिस ने गिरफ्तार युवकों को विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया।

# पश्चिम वाहिनी गंगा तट पर जमी मिट्टी हटाने की मांग

**मांग**

**स्नानार्थियों को करना पड़ सकता है परेशानियों का सामना**


बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं घाट की सीढ़ियों पर जमा मिट्टी

**चहनिया।** बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर बनी पुराने घाट की सीढ़ियों पर जमी मिट्टी को नही हटाया गया । कुछ दिन पूर्व घाट की मिट्टियों का तेजी से हटाने का कार्य कराया जा रहा था । जो अभी भी ज्यादा मात्रा में मिट्टी पड़ी है । मकर सक्रांति व मौनी अमावस्या पर स्नानार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा । हजारो लाखो की संख्या में श्रृद्धालु स्नान करने आयेंगे ।

बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर वर्ष का सबसे बड़ा स्नान मकर सक्रांति 14-15 जनवरी व मौनी अमावस्या 21 जनवरी को पड़ रहा है । जिसमे मकर सक्रांति पर हजारो की संख्या, मौनी अमावस्या पर लाखों की संख्या में श्रृद्धालु स्नान दान करने आयेंगे । किन्तु घाट पर दुर्व्यस्था के कारण स्नान करने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा । बाढ़ के दौरान जमी मिट्टियों को गंगा घाट पर बने पुराने सीढीयो से पूर्ण रूप से नही हटाया गया है । कुछ दिन पूर्व घाट पर मिट्टियों को हटाने का कार्य तेजी से चला किन्तु बाद में मिट्टी हटाने के कार्य को अधूरा छोड़कर चले गये । जो घाट पर उतरने पर फिसलने का खतरा बना रहेगा । स्नान के दौरान बृद्ध भी आते है । श्रृद्धालुओ को परेशानियां झेलनी पड़ेगी । इस दौरान गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने कहा कि कुछ दिन पूर्व कार्य पंचायत विभाग द्वारा तेजी से चला किन्तु बाद में सुस्त पड़ गया । मिट्टी पूर्ण रूप से हटाने के लिए अधिकारीयो से वार्ता किया था। श्रृद्धालुओ ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जमी हुई मिट्टियों को हटाने की मांग की है ।

# रामगढ़ फुटबॉल फाइनल मैच में धानापुर ने नादी को दी शिकस्त

**जनसंदेश न्यूज**


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते प्रमुख अरुण जायसवाल व प्रबंधक धनंजय सिंह

**चहनियां।** रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम इंटर कालेज के खेल मैदान पर आयोजित दस दिवसीय अन्तर्जनपदीय फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ ब्लाक प्रमुख अरुण जायसवाल व लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामगढ के प्रबंधक धनंजय सिंह ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। फाइनल मैच नादी व धानापुर के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अरुण जायसवाल ने कहा कि खेल के दो पहलू होते है। एक हार तथा दुसरा जीत। जितने वाली टीम उत्साहित होते है।

लेकिन हारने वाली टीम को जितने वाली टीम से कुछ सीखने का लगातार प्रयास करना चाहिए विशिष्ठ अतिथि धनन्जय सिंह ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं सिर्फ मनोरंजन का साधन नही बल्कि प्रतिभाओं को उभारने का माध्यम भी है। फुटबाल खेल हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ है। इस प्रकार की क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताएं ही प्राचीन खेलों को जीवन्त करने का माध्यम है।

टूर्नामेंट का फाइनल मैच 90 मिनट का खेला गया जिसमें धानापुर की टीम 5/1 से विजई हुई इस दौरान बृजनदानी कान्वेंट के प्रबंधक अखिलेश अग्रहरी, दीनानाथ शर्मा, कौशलेंद्र सिंह, ओमप्रकाश यादव, प्रधान आभा यादव, अभय यादव पीके,जय सिंह,अरविंद सिंह मिंटू,दीपक साहनी, हिमांशु साहनी,रोहित गुप्ता,छोटू बरनवाल, अकरम अली, मनीष राय,पियूष कुमार, दीना दादा,अरुण यादव, रामकृपाल सिंह अशोक यादव ,नंदू गुप्ता, अमित सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। संचालन मुहम्मद रफीक ने किया और कमेंट्रेटर बबलू सिंह व संदीप पाटिल रहे।

## पुलिस ने पशु तस्कर को किया गिरफ्तार

**कमालपुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जिले में अपराधियों और पशु तस्करों पर अंकुश लगाने के लिए धीना थाना पुलिस ने रविवार की भोर में मुखबिर की सूचना पर बहोरा गांव के समीप 16 राशि मवेशियों संग पशु तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। धीना थानाध्यक्ष अमित कुमार को रविवार की भोर में सूचना मिली कि पशु तस्कर पैदल ही मवेशियों को बिहार ले जा रहे है।उपनिरीक्षक राजेश कुमार राय,हेड कांस्टेबल उमाकांत गौतम, कांस्टेबल दिनेश कुमार यादव, अभिषेक सिंह ने संयुक्त रूप से बहोरा के समीप पशु तस्कर का इंतजार करने लगे।तभी दो पशु तस्कर मवेशियों को मारते पीटते नजर आए।पुलिस टीम देखकर पशु तस्कर भागने लगा।मौके से एक पशु तस्कर तूफानी पुत्र जंगी बिन्द निवासी मुरलीपुर थाना थाना धीना फरार हो गया। पशु तस्कर मोहन बिन्द पुत्र गोपाल बिन्द निवासी मुरलीपुर थाना धीना को कागजी कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

# दो दिवसीय कैनवास बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न


ट्राफी के साथ प्रसन्न मुद्रा में विजयी टीम

**शहाबगंज।** गांधी स्मारक इण्टर कालेज के पास सिद्धार्थ कोचिंग सेंटर द्वारा दो दिवसीय कैनवास बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां दो दिन चले प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न गांव की 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच भोड़सर व शहाबगंज के बीच खेला गया। जहां भोड़सर की टीम ने पहले खेलते हुए आठ ओवर में 65 रन बनाई , वहीं रन का पीछा करने हुए 39 रन पर ही पुरी टीम आउट हो गयी।इस तरह भोड़सर की टीम 26 रन से विजेता बनी। विजेता ट्राफी भोड़सर के कप्तान नरसिंह चौहान तथा उपविजेता की ट्राफी शहाबगंज के विट्ठू को दिया गया। मैन आंफ द सीरीज विट्ठू बने। सिद्धार्थ कोचिंग सेंटर के मैनेजर खुर्शीद अंसारी ने कहा कि हार जीत खेल के दो पहलू हैं। हारने वाला व्यक्ति ही सीख लेकर विजेता बनता है। सभी टीमों ने बढ़िया खेल का प्रर्दशन किया। मैच रेफरी की भूमिका रोशन व गौरव ने निभाई। इस दौरान महमूद आलम,नागेश यादव,विजयी सोनकर, केशरीनंदन जायसवाल, कृष्णानन्दन, सुनील मौर्य,शुभम जायसवाल सहित आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खुर्शीद आलम ने किया।

# स्पोर्ट्स

### आशाकिरण बारला: 17 साल की उम्र में 11 नेशनल और दो इंटरनेशनल गोल्ड मेडल जीतने वाली गोल्डन गर्ल



नई दिल्ली। सिर्फ सत्रह साल की उम्र, ग्यारह नेशनल और दो इंटरनेशनल गोल्ड पर कब्जा, एथलीट आशाकिरण बारला की ये कामयाबी 2024 ओलंपिक में गोल्ड हासिल करने के लिए भारत की उम्मीद बन गई है। ये कहते हुए आशाकिरण के कोच आशु भाटिया चिंतित हो गए। वे कहते हैं, "मैंने सत्रह ट्राइबल बच्चों के लिए एथलेटिक्स की कोचिंग और उनके लिए लॉजिंग व फुडिंग की व्यवस्था मुफ्त की. इस व्यवस्था में रहकर आशाकिरण ने पिछले एक साल में ग्यारह गोल्ड हासिल किए. लेकिन ओलंपिक खेलों के लिए जो मूलभूत सुविधाएं आशाकिरण को मिलनी चाहिए वह मैं नहीं दे पा रहा हूं। आशाकिरण बोकारो ज़िले के 'बोकारो थर्मल' टाउन में स्थित 'भाटिया एथलेटिक्स एकेडमी' के हॉस्टल में रह कर प्रैक्टिस करती हैं. इस निजी एकेडमी का संचालन 'भाटिया एथलेटिक्स एकेडमी ट्रस्ट' करती है, जिसके सचिव आशाकिरण के कोच आशु भाटिया हैं।

# साउथ अफ्रीका की हार से भारत को हुआ बड़ा फायदा

## बता दें कि इस सीरीज पर कंगारू टीम ने 2-0 से कब्जा कर लिया है, इसी कड़ी में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप टेबल में बड़ा फेरबदल देखने को मिला

**नई दिल्ली।** सिडनी में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला ड्रॉ रहा। बता दें कि इस सीरीज पर कंगारू टीम ने 2-0 से कब्जा कर लिया है। इसी कड़ी में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप टेबल में बड़ा फेरबदल देखने को मिला। ऑस्ट्रेलिया टीम सबसे ज्यादा अंक के साथ पहले पायदान पर विराजमान है, तो वहीं मेहमान टीम को इस सीरीज में करारी हार के बाद काफी नुकसान हुआ है। हालांकि भारतीय टीम को इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की जीत से बड़ा फायदा हुआ है। ऐसे में जानते है इस सीरीज के बाद भारतीय टीम को कितने अंकों से फायदा हुआ है।

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया टीम को शानदार जीत हासिल हुई। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में नंबर 1 पर बरकरार है। वहीं हार के साथ ही साउथ अफ्रीका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की दौड़ से पिछड़ गई है। बता दें कि साउथ अफ्रीका इस वक्त प्वाइंट्स टेबल पर 76 अंक के साथ चौथे नंबर पर है। अफ्रीका की हार से भारतीय टीम को फायदा हुआ है। भारतीय टीम इस वक्त 99 अंक के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में दूसरे पायदान पर मौजूद है। इसके अलावा लिस्ट में पांचवे नंबर पर इंग्लैंड और छठे नंबर पर वेस्टइंडीज टीम मौजूद है। कंगारू टीम का फाइनल में एंट्री करना बिलकुल तय माना जा रहा है, वहीं भारतीय टीम, श्रीलंका और साउथ अफ्रीका के बीच जंग देखने को मिल सकती है। बता दें कि साउथ अफ्रीकी टीम सिर्फ तब ही अब फाइनल में जा सकती है जब आगामी सीरीज में न्यूजीलैंड दोनों मुकाबलों में श्रीलंका को हरा दे और ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को चारों टेस्ट मैच मात दे। बता दें कि भारतीय टीम फाइनल में एंट्री तभी बना सकती है अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत सीरीज जीत जाए। इसके साथ ही अगर श्रीलंका की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज हार जाती है तो भारत को इससे बड़ा फायदा मिलेगा।

### डब्ल्यूटीसी फाइनल में अब इन दो टीमों के बीच हो सकती है भिड़त



### रायपुर में खेलेंगे विराट और रोहित:छत्तीसगढ़ में होने वाले पहले वनडे मैच की टिकट 12 जनवरी से, 21 को मुकाबला

रायपुर में पहली बार इंडियन क्रिकेट टीम का कोई इंटरनेशनल मैच होने जा रहा है। विराट,रोहित, हार्दिक जैसे प्लेयर्स शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में चौके-छक्के लगाएंगे। अब इस मैच के लिए टिकट बुकिंग व्यवस्था को तय कर लिया गया है। लोगों को पेटीएम के जरिए टिकट ऑनलाइन मिलेगा। 12 तारीख से इसकी ऑनलाइन बुकिंग शुरू होने जा रही है। भारत-न्यूजीलैंड के बीच होने वाले इस क्रिकेट मैच की तैयारियां पूरी तेजी से की जा रही है। स्टेडियम में छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे और एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के साथ बैठक की। इस बैठक में सुरक्षा के साथ दर्शकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए सभी तैयारियां समय पर पूरी करने पर अधिकारियों का विशेष जोर रहा। 21 जनवरी को रायपुर में क्रिकेट मैच खेला जाएगा। बैठक में छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया, जिला पंचायत के सीईओ आकाश छिकारा सहित कई अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। स्टेडियम में उपलब्ध संसाधनों और जिला प्रशासन से अपेक्षित सहयोग पर क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों ने बात की। स्टेडियम की साफ सफाई, कुर्सियों की मरम्मत से लेकर वालंटियर्स और सुरक्षा पर बात हुई। मैच के दौरान सभी एंट्री गेटों पर अग्निशमन और मेडिकल स्टाफ के साथ एम्बुलेंस की व्यवस्था रहेगी। स्टेडियम की फ्लड लाइटस में भी हेलोजन बल्ब की जगह एलईडी लगा दी गई है। मैच के दौरान स्टेडियम परिसर के आसपास पार्किंग व्यवस्था के लिए जरूरी तैयारियों पर भी बैठक में बात हुई।

### नाओमी ओसाका और वीनस विलियम्स ऑस्ट्रेलिया ओपन से हुई बाहर

दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका और वीनस विलियम्स ने चोट की वजह से इस साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। साल का पहला ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलिया ओपन 16 से 29 जनवरी के बीच खेला जाना है। ओसाका 2019 और 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम कर चुकी हैं। ओसाका पिछले साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में तीसरे दौर में उलट-फेर की शिकार हुईं थी। उन्हें अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा से 4-6, 6-3, 7-6(5) से हार का सामना करना पड़ा था। ओसाका के हटने से यूक्रेन की दयाना यास्त्रेम्स्का मुख्य ड्रॉ में पहुंच गई हैं। 42 साल की विलियम्स एक हफ्ते पहले ऑकलैंड में खेले मैच में चोटिल हो गईं थी। उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपरन में वाइल्ड कार्ड से एंट्री मिली थी।

# 'मुश्किल नहीं था...' हार्दिक पंड्या ने बताया अपनी सफल कप्तानी का राज



**राजकोट।** युवा टीम की कप्तानी करना आसान नहीं होता लेकिन एशियाई चैम्पियन श्रीलंका पर टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 2-1 की जीत के दौरान भारत की कप्तानी करने वाले हार्दिक पंड्या का मानना है कि यह इतना मुश्किल नहीं था क्योंकि उन्हें सिर्फ यह सुनिश्चित करना था कि वे इस स्तर पर खेलने के हकदार हैं। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ पंड्या के नेतृत्व में भारतीय टीम ने एक नए युग की शुरूआत की है। पंड्या ने यहां श्रृंखला जीतने के बाद कहा, यह वास्तव में उतना मुश्किल नहीं है। मेरे लिए चीजें काफी आसान हो जाती हैं जब अनुभवी खिलाड़ी होते हैं, मैं उनसे ज्यादा कुछ नहीं कहता। वे इस स्तर पर खेल रहे हैं क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में बहुत अच्छी चीजें की हैं। भारतीय टीम में रोहित शर्मा, लोकेश राहुल और विराट कोहली के रूप में तीन सीनियर बल्लेबाज शामिल नहीं थे जबकि श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा, भुवनेश्वर कुमार, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी भी विभिन्न कारणों से श्रृंखला का हिस्सा नहीं थे। भारत ने मुंबई में पहले मैच में दासुन शनाका की अगुआई वाली श्रीलंका की टीम को दो रन से हराकर शुरूआत की। पुणे में दूसरे मैच में भारत 207 रन के कड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए हार गया जबकि निर्णायक मैच में सूर्यकुमार यादव की 51 गेंद में नाबाद 112 रन की पारी से मेजबान ने पांच विकेट पर 228 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंका की टीम 16.4 ओवर में 137 रन पर ढेर हो गई। युवा टीम का समर्थन करते हुए भारत के नए कप्तान ने कहा कि वे गलतियां करेंगे लेकिन यह उन्हें स्वीकार करने और सीखने के बारे में है। पंड्या ने कहा, प्रबंधन मुश्किल नहीं है लेकिन हां, यह एक युवा टीम है। वे गलतियां करेंगे, वे इससे सीखेंगे। हमने इस पर जोर दिया है कि एक बार जब आप गलती करते हैं तो आप सुनिश्चित करें कि आप इससे सीखें। इसमें चीजों को स्वीकार करना बेहद महत्वपूर्ण है। यदि आप इसे स्वीकार नहीं करते तो फिर चीजें काफी मुश्किल हो जाती हैं। उन्होंने कहा, लेकिन जब एक युवा टीम होती है तो मैं सिर्फ उन्हें आत्मविश्वास देकर मदद कर सकता हूं। कैसे सुनिश्चित करें कि वे एक स्तर पर हैं, जब वे यहां खेल रहे हैं, तो उन्हें लगना चाहिए कि वे यहां खेलने के हकदार हैं। आतिशी शतक जड़ने वाले सूर्यकुमार की प्रशंसा करते हुए पंड्या ने कहा, आज मैंने महसूस किया कि यह सूर्यकुमार बनाम श्रीलंका मुकाबला था। इससे मेरे लिए चीजें आसान हो जाती हैं। मैं हमेशा कहता हूं कि सफेद गेंद के क्रिकेट में सूर्यकुमार जैसा कोई खिलाड़ी हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, जिस तरह से वह कुछ शॉट खेलता है, जिस तरह से वह मैच को बदलता है, यह वास्तव में गेंदबाज का मनोबल तोड़ता है और इससे दूसरे बल्लेबाज को भी मदद मिलती है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने पहले ही ओवर में इशान किशन का विकेट गंवा दिया लेकिन उसके बाद राहुल त्रिपाठी ने 16 गेंद में 35 रन बनाकर मेजबान टीम को लय दी और पंड्या ने महाराष्ट्र के बल्लेबाज सराहना की। उन्होंने कहा, राहुल त्रिपाठी का भी विशेष उल्लेख, उन्होंने जिस तरह का इरादा दिखाया वह कुछ ऐसा है जो उनके लिए बहुत स्वाभाविक है। यह मैच की लय को बदल सकता है। अगर आप शुरूआती कुछ ओवरों में भांप लें कि गेंद मूव कर रही है और बाहर बैठे लोगों को भी लगे कि विकेट में कुछ मदद है। लेकिन इसके बावजूद उसके इरादे के कारण गेंद मूव होना बंद हो गई। उन्होंने अपनी लेंथ बदल दी और फिर यह सब ऐसा था जैसे वे मैच में पीछा ही कर रहे हैं। कुल मिलाकर सूर्यकुमार और त्रिपाठी ने शानदार बल्लेबाजी की। टीम इंडिया के आक्रामक रुख के बारे में उन्होंने कहा, ह्यह्यऐसा नहीं है कि हम हिटिंग के मामले में हमेशा आक्रामक खेलते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि हम ऐसे ही खेलें लेकिन अंत में 150 रन ही बना पाएं। पंड्या ने कहा, लेकिन जो महत्वपूर्ण है वह इरादा है, आप बाउंड्री की तलाश करते हैं लेकिन जब एक अच्छी गेंद होती है तो आप उस गेंद का सम्मान करते हैं। लेकिन अगर आपकी रक्षात्मक मानसिकता है तो भले ही एक खराब गेंद हो आप उस पर बाउंड्री नहीं लगा सकते। *एजेंसी*

## बॉलीवुड न्यूज

### 'कुत्ते' के निर्माताओं ने किया ग्रैंड कॉन्सर्ट का आयोजन



**मुंबई।** अपकमिंग केपर थ्रिलर 'कुत्ते' के निर्माता दर्शकों को करीब लाने और फिल्म के उत्साह को बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। अब जैसा कि ये फिल्म 13 जनवरी को रिलीज होने के लिए तैयार है, निमार्ताओं ने एक ग्रैंड कॉन्सर्ट के दौरान फिल्म का म्यूजिक लॉन्च करने का फैसला किया है। फिल्म के म्यूजिक लॉन्च की पूरी तैयारी हो चुकी है जो कि जुहू के सी फेसिंग वैन्यू पर बेहद शानदार तरीके से किया जाने वाला है। जबकि फिल्म के दो चार्टबस्टर्स गानें 'फिर धन ते नान' और 'आवारा डाग्स' पहले ही लोगों की प्ले लिस्ट में धूम मचा रहें है, वहीं इस म्यूजिक लॉन्च इवेंट के दौरान बाकी गानों से भी पर्दा उठ जाएगा। सोर्सेज की मानें तो इस ग्रैंड कॉन्सर्ट की ओपनिंग गुलजार साहब करेंगे जिन्हें विशाल भारद्वाज अपना मेंटर मानते हैं। इस धमाकेदार इवेंट में सिंगर्स द्वारा कुछ परफॉर्मेंस भी की जाएंगी। 10 जनवरी को होने वाले इस ग्रैंड इवेंट में अर्जुन कपूर, तब्बू, नसीरुद्दीन शाह, राधिका मदान, कोंकणा सेनशर्मा, कुमुद मिश्रा और शार्दुल भारद्वाज भी नजर आएंगे। लव फिल्म्स और विशाल भारद्वाज फिल्म्स के बैनर तले लव रंजन, विशाल भारद्वाज, अंकुर गर्ग और रेखा भारद्वाज द्वारा निर्मित 'कुत्ते' गुलशन कुमार और भूषण कुमार की टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत है। फिल्म का संगीत विशाल भारद्वाज देंगे और इसके बोल गुलजार ने लिखे हैं। कुत्ते 13 जनवरी 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### विजय देवरकोंडा ने फैंस को दिया मनाली ट्रिप का तोहफा



**मुंबई।** विजय देवरकोंडा को अपने करियर की शुरूआत से ही हमेशा अपने फैन्स से ढेर सारा प्यार और तारीफ मिली हैं। लेकिन इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने वाकई कड़ी मेहनत की हैं, रात रात भर स्ट्रगल कर के आज वो फैन्स के फेवरेट एक्टर्स की लिस्ट में सबसे ऊपर शुमार है। हालांकि विजय का मानना हैं कि उनके सुपरस्टार बनने के पीछे उनके फैन्स का बहुत बड़ा हाथ है और फैन्स से मिले इसी प्यार को वो हर साल देवरा संता के रूप में वापस लौटाते है। विजय ने अपने फैन्स के लिए ये पहल 5 साल पहले शुरू हुई की थी और इसके चलते अब तक उनके कई सारे फैन्स उनके खास प्रोग्राम का हिस्सा बन चुके हैं। विजय ने अपने फैन्स का शुक्रिया अदा करने के लिए क्रिसमस पर एक खास अनाउंसमेंट की थी। विजय ने अपने फैन्स के लिए ट्रिप की एक डेस्टिनेशन फाइनल कर दी है और वह है- मनाली। इसे अपने फैन्स के साथ शेयर करते हुए विजय ने सोशल मीडिया पर अपनी एक वीडियो पोस्ट की और कहा कि हैप्पी न्यू ईयर, माय लव। यह 'देवरासंता अपडेट' है। मैंने आपको बताया था कि मैं आप में से 100 लोगों को एक पेड ट्रिप हॉलिडे, फूड, ट्रेवल, एकोमोडेशन पर भेजने जा रहा हूं। मैंने आप लोगों से पूछा था कि आप कहां जाना पसंद करेंगे और आप में से बहुत सारे लोगों ने पहाड़ों को चुना है, इसलिए हम पहाड़ों पर जाएंगे। मैं आप में से 100 को मनाली की 5 दिन की ट्रिप पर भेज रहा हूं। आप बर्फ से ढके पहाड़ देखने जा रहे हैं। आप मंदिर, मठ देखने जा रहे हैं, और हमने बहुत सारी एक्टिविटीज प्लान की है। अगर आप 18+ हैं, तो मुझे खेद है कि आपको 18+ होना चाहिए, और आप मुझे फॉलो कर रहे हैं, तो बस अटैच्ड 'देवरासंता गूगल डॉक्यूमेंट फॉर्म फिल करें और हम आप में से 100 को चुनने जा रहे हैं।

# फॉलोआन के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने तीसरा टेस्ट कराया ड्रॉ

### ऑस्ट्रेलिया ने जीती सीरीज

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट की श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के लिए रविवार को यहां अंतिम दिन 14 विकेट की दरकार थी लेकिन मेजबान टीम छह ही विकेट हासिल कर सकी जिससे तीसरा और अंतिम टेस्ट ड्रॉ रहा। मौसम से प्रभावित मैच के अंतिम दिन धूप खिली लेकिन दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 255 रन पर समेटकर फॉलोआन के लिए मजबूर करने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया को ड्रॉ से संतोष करना पड़ा और टीम ने श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की।

दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में कप्तान डीन एल्गर (10) और हेनरिक क्लासेन (35) के विकेट गंवाकर दो विकेट पर 106 रन बनाए तब दोनों टीम मैच ड्रॉ कराने पर सहमत हो गईं। इस समय सलामी बल्लेबाज सेरेल इर्वी 42 जबकि तेंबा बावुमा 17 रन बनाकर खेल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी चार विकेट पर 475 रन बनाकर घोषित की थी। ऑस्ट्रेलिया ने लंच के बाद दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी को समेटकर विरोधी टीम को फॉलोआन दिया।

दूसरी पारी में कप्तान पैट कमिंस (16 रन पर एक विकेट) ने एल्गर को पवेलियन भेजा। एल्गर ने मौजूदा श्रृंखला की छह पारियों में सिर्फ 56 रन बनाए। उन्होंने 3, 2, 26, 0, 15 और 10 रन की पारियां खेली। जोश हेलवुड (नौ रन पर एक विकेट) ने क्लासेन की पारी का अंत किया लेकिन इर्वी और बावुमा ने मैच ड्रॉ करा दिया। दक्षिण अफ्रीका का 47 मैच में यह पहला ड्रॉ है। इससे पहले हेजलवुड ने 48 रन पर चार विकेट चटकाए जिससे ऑस्ट्रेलिया ने अंततः दक्षिण अफ्रीका के निचले क्रम को समेटकर टीम को



255 रन पर आउट किया जो फॉलोआन बचाने के स्कोर से 20 रन कम थे। निचले क्रम में मार्को जेनसन ने 78 गेंद में 11 रन बनाए। केशव महाराज ने 81 गेंद में 53 रन की पारी खेली जबकि साइमन हार्मर ने 165 गेंद में करियर की सर्वश्रेष्ठ 47 रन की पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका की फॉलोआन टालने की उम्मीद जगाई थी। हार्मर और महाराज ने 27 ओवर में 85 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को एक और जीत से महरूम रखने में अहम भूमिका निभाई। इन दोनों को हेजलवुड ने आउट किया। नाथन लियोन (88 रन पर दो विकेट) ने इसके बाद कागिसो रबादा को अपनी ही गेंद पर लपककर दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी का अंत किया। ऑस्ट्रेलिया के पास दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका को समेटने के लिए 47 ओवर थे लेकिन मेजबान टीम को सफलता नहीं मिली। इस ड्रॉ के साथ ऑस्ट्रेलिया ने क्लीनस्वीप और जून में इंग्लैंड के लाड्र्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह सुनिश्चित करने का मौका गंवा दिया। ऑस्ट्रेलिया को फरवरी में भारत के खिलाफ चार टेस्ट की श्रृंखला के दौरान फाइनल में जगह बनाने का मौका फिर मिलेगा। इस मैच में बारिश और खराब मौसम का असर दिखा। पहले दो दिन सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर मैदान गीला होने से मैच देर से शुरू हुआ जबकि तीसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। चौथे दिन भी लंच के बाद ही खेल हो पाया।

### प्री बोर्ड परीक्षा के लिए आज से खुलेंगे विद्यालय

**चंदौली।** जिलाधिकार ईशा दुहन के निर्देश पर शैक्षिक सत्र 2022- 23 के लिए कक्षा 10 एवं 12 की प्री बोर्ड की लिखित परीक्षा एवं प्रयोगात्मक बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत छात्र हित में जनपद के कक्षा 9 से 12 तक के समस्त बोर्डों के समस्त विद्यालय सोमवार से खुलेंगे। विद्यालयों का समय सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगा। यह जानकारी बीएसए सत्येंद्र कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि भीषण ठंड व शीतलहर को देखते हुए नर्सरी से कक्षा 8 तक के समस्त विद्यालय 14 जनवरी तक बंद रहेंगे।

# एक दिवसीय कार्यशाला में 80 युवतियों ने किया प्रतिभाग

**चंदौली।** ग्राम्या संस्थान व मिलान फाउंडेशन की तरफ से रविवार को सखी वन स्टॉप सेंटर एवं कन्या सुमंगला योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 80 युवतियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में किशोरियों को हिंसा से बचाव व अन्य जानकारीयो से अवगत कराया गया।

सरकार द्वारा किशोरीयो के लिए किस किस प्रकार की सहायता के प्रावधान है। ग्राम्या के नीतू सिंह ने टोल फ्री नंबर की जानकारी कानून में संशोधन की जानकारियां देकर लड़कियों को जागरूक किया ताकि वे सरकारी योजनाओं और सहायक संस्थाओं की मदद से अपने जीवन को उज्जवल बना सकें लड़कियों और महिलाओं पर कहां-कहां और किस तरह की हिंसा होती है उसके बारे में



कार्यशाला में उपस्थित युवतियां

जानकारी दिया लड़कियों पर होने वाली हिंसा से बचने के लिए इव टीजिंग एक्ट पोक्सो एक्ट घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 अर्ली चाइल्ड मैरिज एक्ट 2006 के बारे में जानकारी दी कहा कि लड़कियों का आत्मनिर्भर होना बेहद जरूरी है गांव समाज देश सबकी तरक्की हमारी तरक्की से जुड़ी है आशा विन्दु ने कन्या सुमंगला योजना के बारे में किशोरियों को विस्तार से जानकारी दिया। इस दौरान करवदिया, बोदलपुर, बलिया, लटिया कला, शिकारगंज, बिसौरा, आदि गांव से अंजनी, संजना, प्रीतम, गुड़िया, मनीषा, ज्योति, फातिमा, संगीता, दिव्या, गुंजा सहित कुल 80 किशोरियों ने भाग लिया।

# गांव व ब्लॉक का विकास ही उद्देश्य : छत्रबली सिंह

जनसंदेश न्यूज

**इलियां।** पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह ने रविवार को कलानी गांव में क्षेत्र पंचायत, ग्रामपंचायत व जिलापंचायत की निधि से कराये गये विकास कार्यों का लोकार्पण व उद्घाटन किया। जहां गांव में जाने वाले मुख्य मार्ग पर गेट निर्माण, सीसी रोड व मुण्डन स्थल का निर्माण लगभग 20 लाख रुपए खर्च कर किया गया। जिससे गांव को स्वच्छ व सुन्दर बनाया जा सकें।

वहीं ग्रामीणों को सुविधा मिल सकें। लोकार्पण समारोह में बोलते हुए छत्रबली सिंह ने कहा कि मेरा उद्देश्य है कि गांव व ब्लाक का नाम जिले में सबसे आगे हो, ग्रामीणों की जो भी समस्या है उसको वरियता के आधार



पर किया जा रहा है। इसके लिए क्षेत्र पंचायत, ग्रामपंचायत के साथ जिलापंचायत की निधि का प्रयोग किया जा रहा है। विकास कार्य अवरुद्ध न हो इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जा रहा है। जिससे विकास कार्य त्वरित गति से हो सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दीनानाथ, ग्रामप्रधान मुन्ना भास्कर, प्रमुख प्रतिनिधि राकेश सिंह, पूर्व प्रधान कुलदीप सिंह, गुड्डू यादव, रमेश कुमार सहित आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 'गुजरात टाइटंस में नेहरा ने मेरी कप्तानी में पैदा किया बड़ा अंतर', हार्दिक पांडये ने तारीफ में पढ़े कसीदे

**राजकोट।** हार्दिक पंड्या ने पिछले साल पहले ही सत्र में गुजरात टाइटंस को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिताब दिलाने के बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा और नए भारतीय टी20 कप्तान ने अपनी कप्तानी में ह्यबड़ा अंतरह्व पैदा करने के लिए अपने फ्रेंचाइजी कोच आशीष नेहरा को श्रेय दिया। चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद इस प्रमुख ऑलराउंडर को गुजरात की टीम ने पहले ही साल में कप्तान बनाकर साहसिक कदम उठाया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान सिर्फ एक बार सीनियर स्तर पर भारतीय टीम की अगुआई करने वाले पंड्या ने हालांकि अपने विरोधियों को गलत साबित किया और उदाहरण पेश किया। श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीत के साथ भारत के 2-1 से श्रृंखला जीतने के बाद पंड्या ने कहा, गुजरात के दृष्टिकोण से जो बहुत महत्वपूर्ण है वह यह है कि मैंने किस तरह के कोच के साथ काम किया। आशीष नेहरा ने हमारी मानसिकता के कारण मेरे जीवन में बड़ा अंतर पैदा किया। हम दो अलग-अलग व्यक्तित्व हो सकते हैं लेकिन हमारे क्रिकेट के विचार बहुत समान हैं। उन्होंने कहा, क्योंकि मैं उनके साथ था, इसने मेरी कप्तानी को बेहतर किया।

# पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार, एक फरार

**कसा शिकंजा**

तमंचा, कारतूस, खोखा मोबाइल फोन, बाइक सहित नकदी बरामद

जनसंदेश न्यूज



घायल बदमाश को अस्पताल पहुंचाते पुलिसकर्मी

**बदलापुर।** थाना बदलापुर, महाराजगंज तथा जौनपुर एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दो शातिर लुटेरों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया वहीं एक फरार भी हो गया। बताते चलें कि पुलिस टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर शातिर वांछित लुटेरे जिन्होंने महाराजगंज व बदलापुर में कई छिनैती की घटना को अंजाम दिया है वह आज एक बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। अगर जल्दी की जाय तो उनको पकड़ा जा सकता है।

इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घनश्यामपुर अंडरपास के पास पहुंचकर उक्त बदमाशों के आने का इन्तजार करने लगी तभी वहां से तेज रफ्तार एक बाइक बदलापुर से घनश्यामपुर की तरफ आते दिखाई दिया। पुलिस द्वारा इनको रोकने का प्रयास करने पर बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया।

उक्त फायरिंग से थानाध्यक्ष महाराजगंज बाल-बाल बच गये। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे उक्त बदमाश घायल होकर गिर पड़ा व दूसरे को दौड़ाकर पकड़ लिया गया और तीसरा बदमाश अंधेरे का लाभ लेकर भागने में सफल रहा। घायल बदमाश को उपचार के लिए बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

घायल गिरफ्तार अभियुक्त रजनीश उर्फ रीशु खरवार पुत्र गजराज खरवार निवासी करनपुर थाना सिंगरामऊ और दूसरा अभियुक्त बदलापुर के ढ़ेमा निवासी संग्राम सिंह पुत्र देवी प्रसाद सिंह के पास से 11900 रुपए नकद एक मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेण्डर, एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर, 4 मोबाईल फोन बरामद करते हुए फरार अभियुक्त प्रिंस यादव पुत्र अमरनाथ यादव निवासी ग्राम तियरा बदलापुर पर पुलिस सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पाण्डेय, थानाध्यक्ष महराजगंज शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, स्वाट प्रभारी उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह जौनपुर मय टीम, प्रभारी सर्विलांस, उपनिरीक्षक रामजनम यादव जौनपुर मय टीम रहे।

# पूर्व राज्यपाल पंडित केशरीनाथ त्रिपाठी को दी श्रद्धांजलि

## निधन पर भाजपाजनों में शोक की लहर

**शाहगंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा स्पीकर एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल पंडित केशरीनाथ त्रिपाठी का निधन पर एक शोकसभा आयोजित किया गया। बीजेपी नेता रुपेश जायसवाल की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा अनीता हास्पिटल में आयोजित किया गया। श्रद्धांजली सभा में पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी को श्रद्धांजलि दी गई और उनके जीवन संघर्षों पर चर्चा की गयीं।

आह्वान किया गया कि उनके बताये आदर्शों पर चलकर उनको सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है तथा स्मृति को चिर स्थायी बनाये रखने की बात कही। इस दौरान ईशान राम जायसवाल, धीरज पाटिल, बेदप्रकाश जायसवाल, अनील, संदीप, अभिषेक, संजय, रमेश आदि मुख्य रुप से उपस्थित रहे। इसी क्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने कहा कि बाबूजी के निधन से समाज की गहरी क्षति हुई है। वे एक मिलनसार व मृदुभाषी थे। उन्होंने कहा कि जब वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष थे तो भाजपा कार्यकर्ताओं को बहुत सम्मान करते थे और उनका जुड़ाव जौनपुर से बहुत रहा वे मेरे पिता सन्तोषी बाबू को पुण्यतिथि श्रद्धांजलि सभा में भी दीवानी अधिवक्ता संघ में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आये थे। श्री त्रिपाठी के निधन की खबर मिलते ही भाजपा के तमाम बड़े नेताओं ने शोक प्रकट करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त किया है।

## पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गौराबादशाहपुर।** थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में थाने के उप निरीक्षक इष्ट देव पांडेय व अश्वनी कुमार राय ने गैर जमानती वारंटी अलीम पुत्र बेचू निवासी धमापुर व राज कुमार पुत्र राज बली निवासी आरा थाना गौराबादशाहपुर को रविवार को भोर में घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उक्त दोनों वारंटी अपने मुकदमें में काफी दिनों से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए दोनों को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर में कंबल पाकर चहके चेहरे



**जौनपुर।** शीत लहर में लोगों के सेवार्थ रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान शिविर में उपस्थित लोगों में कंबल वितरित किया गया। जौनपुर के जलालपुर के ग्राम छाती डीह विकासखंड में सेंटर फॉर सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च फाउंडेशन की ओर से आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन अध्यापक एवं समाजसेवी देवेश कुमार द्वारा किया गया। शिविर में लोगों को विभिन्न रोगों के कारण व निवारण की जानकारी देते हुए निःशुल्क दवाएं दी गयी। इसके साथ ही शिविर में उपस्थित लोगों में कंबल वितरण किया गया, कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल गये। संचालन अभिषेक रावत ने किया धन्यवाद अध्यक्ष संतोष सरोज ने दिया, कार्यक्रम में नागेंद्र राजभर, रविंद्र कुमार, निलेश कुमार, अखिलेश सरोज, पंकज कुमार, प्रकृति कुमार, डाक्टर रोशन लाल आदि थे।

### कोटेदार ने घटतौली का विरोध करने पर उपभोक्ता को पीटा

**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम बेहडा में सस्ते गल्ले की दुकान चलाने वाले दबंग किस्म के कोटेदार रंजन सिंह ने उपभोक्ता अजय कुमार सिंह को उस समय जमकर मारपीट दिया जब वह कोटेदार द्वारा खाद्यान्न वितरण में कम यूनिट और घटतौली का विरोध कर रहा था। गौरतलब है कि अजय कुमार सिंह नामक उपभोक्ता सस्ते गल्ले की दुकान पर राशन लेने गया था जहां कोटेदार वितरण में अनियमितता कर रहा था। अजय ने जब इस बात का विरोध किया तो कोटेदार ने अपने समर्थकों के साथ उपभोक्ता से मारपीट करने लगा। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी माज अख्तर को पत्रक देकर न्याय की गुहार लगायी है।

### कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूल 14 जनवरी तक बंद

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने भीषण शीतलहर को देखते हुए नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों को 14 जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है। बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल ने बताया कि जनपद में संचालित नर्सरी से कक्षा 8 तक मान्यता प्राप्त विद्यालय, सहायता प्राप्त, वित्त विहिन, मदरसा, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों कस्तूरबा और छात्रावास में कार्यरत शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कार्मियों (चौकीदार, चपरासी एवं पीआरडी जवान को छोड़कर) का अत्यधिक शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी से प्राप्त अनुमति के क्रम में 9 से 14 जनवरी तक अवकाश घोषित किया जाता है।

### पतंग उड़ाने के दौरान छत से गिरकर किशोर घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ठकठौलिया गांव में पतंग उड़ाने के दौरान एक किशोर छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद परिजनों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के ठकठौलिया गांव निवासी 11 वर्षीय प्रिंस पुत्र सतीश रविवार की सुबह अपने घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था। पतंग उड़ाने के दौरान छत से अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया जिसके चलते प्रिंस गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में उक्त घायल को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

### कड़ाके की ठंड में वितरित किया गया कंबल



**पराऊगंज।** क्षेत्र के बिंद गांव में स्व. सीताराम सिंह स्मृति में कंबल वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें बुजुर्ग महिला पुरुष एवं असहाय लोगों ने कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए कंबल पाकर प्रशंसा की। त्रिभुवन सिंह एवं शिव भुवन सिंह तथा ग्राम प्रधान प्रमोद की उपस्थिति में कंबल वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान अध्यापिका ललिता सिंह, आजाद सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, रिंकू सिंह, क्षमानाथ वर्मा, दिनेश उपाध्याय, राजेश सिंह, विनोद कुमार समेत तमाम ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### जल जीवन मिशन में गांव के ही रहेंगे प्लंबर मैकेनिक व इलेक्ट्रीशियन

**गभिरन।** किसान पूर्व माध्यमिक विद्यालय धमौर में रविवार को जल जीवन मिशन अंतर्गत घर घर जल पहुंचाने में सहयोग करने वाले प्लंबर, आपरेटर, फीटर, इलेक्ट्रीशियन और राजमिस्त्री के काम के लिए ग्रामीणों को प्रशिक्षित किया गया। उद्यमिता विभाग संस्थान लखनऊ से आए विभूति कुशवाहा ने उन्हें प्रशिक्षित करते हुए कहा कि इस मिशन के तहत जितने भी रोजगार के अवसर है। वह वरीयता के क्रम में स्थानीय ग्रामीणों को ही दिया जाना है। इसके लिए योग्यताधारी ब्यक्तियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। वहीं युवा विकास समिति भदोही से आये मुकेश यादव ने कहा कि सरकार की मंशा है कि जल जीवन मिशन? से जहां हमें शुद्ध जल मिलेगा, वहीं इस परियोजना में जितने रोजगार के अवसर सृजित हों उसका लाभ सीधा ग्रामीणों को मिले। इस मौके पर विश्वनाथ यादव, गणेश, नवनीत, रेखा पटेल, रोशनी, संजू, रीना, रूपम नेहा आदि मौजूद रहे।



# खराब ट्रांसफार्मर बदलने के लिए ऊर्जा मंत्री के सीधे दखल से विद्युत विभाग में हड़कंप

जनसंदेश न्यूज

**सख्ती**

अवर अभियंता को रात में ही लिखना पड़ा सफाई पत्र

भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी के अनुरोध पर ऊर्जा मंत्री ने दिखाया सख्त तेवर

**मछलीशहर।** नगर के सिन्हा रोड पर लगा 400 केवी का ट्रांसफार्मर शुक्रवार की शाम को जल गया था। विभाग के पास ट्रॉली ट्रांसफार्मर मौजूद था जो दूसरे दिन शनिवार को दोपहर में लगाया गया और तेल खौला कर चार्ज करने में 5-6 घंटे का समय और लग गया जिसके बाद सायंकाल 7 बजे शनिवार को आपूर्ति शुरू हो पाई। 26 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहने की शिकायत भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी और अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष अनुराग सिन्हा ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से दूरभाष पर की और उन्हें उनके व्यक्तिगत नंबर पर व्हाट्सएप भी भेजा।

हालांकि तब तक ट्राली ट्रांसफार्मर से आपूर्ति शुरू करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी लेकिन आपूर्ति आने के बाद जैसे ही ऊर्जा मंत्री के कहने पर लखनऊ से विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा मेल करने और फोन आते ही स्थानीय स्तर पर पूरे विभाग में खलबली मच गई। जेई अभिषेक केशरवानी ने उच्च अधिकारियों को रात में ही मोबाइल ट्रांसफार्मर लगाने में हुई देरी पर अपनी सफाई देते हुए पत्र भेजा जिसमें उन्होंने बताया कि विभाग के पास कोई साधन तत्काल उपलब्ध नहीं था।

वार्ड के सभासद औन मोहम्मद से उन्होंने अनुरोध करके नगर पंचायत का ट्रैक्टर भेजने को कहा लेकिन ठंड अधिक होने के कारण ड्राइवर जा चुका था। अगले दिन दोपहर 12 बजे जब ट्रैक्टर पहुंचा तब ही ट्रॉली ट्रांसफार्मर उसके जरिए रवाना किया गया। खाली ट्रांसफार्मर कई महीनों से उपयोग में नहीं होने के कारण विभाग को पहले उसका तेल खौलाना पड़ा और उसके बाद ही जाकर सायंकाल 7 बजे 200 से अधिक परिवारों की आपूर्ति बहाल हो पाई। विभाग की इस लेटलतीफी की शिकायत भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अनुराग सिन्हा ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से की और उन्हें पूरी समस्या लिखकर व्हाट्सएप के जरिए भेजी। मंत्री के सख्त तेवर दिखाने से पूरे विभाग में हड़कंप मच गई और जेई अभिषेक केशरवानी को रात में ही स्पष्टीकरण भेजना पड़ा।

ऊर्जा मंत्री के इस प्रयास की सर्वत्र सराहना हो रही है। जिला मीडिया प्रभारी अनुराग सिन्हा ने बताया क्यों है देर रात तक ऊर्जा मंत्री के कैंप कार्यालय विद्युत बोर्ड और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की तरफ से कई बार फोन आया और समस्या के निस्तारण के बाबत लगातार पूछा जाता रहा।

## कार के धक्के से घायल वृद्धा की इलाज के दौरान मौत

**चंदवक।** स्थानीय चौराहे पर शनिवार देर शाम ठेले से सब्जी लेते समय कार के धक्के से घायल वृद्धा की इलाज के दौरान पं. दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल वाराणसी मौत हो गई। पोखरा गांव निवासी 58 वर्षीय वृद्धा कमलावती पत्नी फेंकू गुप्ता अपने पुत्र 33 वर्षीय अशोक के साथ चंदवक बाजार आवश्यक कार्यवश आयी थी। दोनों ठेले से सब्जी खरीद रहे थे। इसी दौरान कार के धक्के से दोनों घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सीएचसी डोभी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने अशोक का प्राथमिक इलाज कर छोड़ दिया वहीं कामलावती की स्थिति गंभीर देख वाराणसी रेफर कर दिया। रविवार दोपहर इलाज के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चालक को कार सहित हिरासत में लेकर पुलिस आवश्यक कार्यवाई कर रही है।

# माध्यमिक शिक्षक संघ की नवनिर्वाचित कार्य समिति का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

जनसंदेश न्यूज



शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित कार्यसमिति के पदाधिकारीगण

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जौनपुर की नवनिर्वाचित कार्यसमिति का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आदर्श इंटर कालेज शंभूगंज में प्रांतीय अध्यक्ष चेतनारायण सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह तथा संचालन प्रमोद सिंह ने किया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष हेतु सुधाकर तथा जिलामंत्री प्रमोद कुमार सिंह के साथ कोषाध्यक्ष दिनेश चक्रवर्ती ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।

उपाध्यक्ष पद के लिए जयप्रकाश सिंह, रामप्रकाश सिंह, डा. प्रविंद सिंह, राजेश यादव, रणंजय सिंह, केशनाथ तिवारी, सन्तोष रघुवंशी, प्रवीण पांडे, संतोष सिंह तथा संयुक्त मंत्री के लिए संजय सिंह, बंशराज यादव, संतोष कुमार सिंह, अखिलेश चंद्र, अखिलेश सिंह, सुधीर राय, जयशंकर सिंह, दीपक कुमार सिंह, आलोक कुमार सिंह, इंदू वर्मा मनोनित किए गए हैं। विख्यात पांडे संगठन मंत्री, प्रशान्त पांडे मीडिया प्रभारी, आलोक श्रीवास्तव सोशल मीडिया प्रभारी तथा ब्रह्मदेव यादव को आय व्यय निरीक्षक बनाया गया है।

कार्यकारणी सदस्य के लिए अजय कुमार सिंह, चंद्र प्रकाश दुबे, रामप्रताप विश्वकर्मा, राजेंद्र मौर्य, संदीप सिंह, सुनीता राय, शशिधर सिंह, कृष्णमोहन यादव, आशीष मिश्रा, शिव प्रसाद यादव, संजय सिंह, अनूप सिंह, नवीन सिंह, संदेश कुमार सिंह, संजय चौबे, जियालाल बिंद प्रदीप कुमार सिंह, इंद्रजीत सिंह, रविकांत, लाल बहादुर, आलोक दुबे, दयाशंकर यादव, कौशल बाबू, अनुक्रोश सिंह, राजनरायण सरोज, रितेश कुमार चौबे, स्वतन्त्र सिंह, वीरेन्द्र भारती, गुंजन श्रीवास्तव, जयहिंद यादव मनोनीत किए गए। इन सभी को शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष नरसिंह बहादुर सिंह, प्रांतीय मंत्री अजय प्रकाश सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# व्यापारी जीने के लिए लड़ रहा लड़ाई



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराते इन्दू सिंह

**बोले इन्दू सिंह**

नगर उद्योग व्यापार मण्डल का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**केराकत।** नगर के कालीमाता मन्दिर परिसर में रविवार को शाम चार बजे उद्योग व्यापार मण्डल के नव निर्वाचित अध्यक्ष चन्दन सेठ व संगठन के पदाधिकारियों को प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष इन्द्रभान सिंह (इन्दू) ने पद की गरिमा और गोपनीयता की शपथ दिलायी। साथ ही व्यापारियों की रहनुमाई का जिम्मा सौंप दिया।

अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष श्री इन्दू ने कहा कि जितना टैक्स हमारे देश में वसूला जाता है उतना पूरे विश्व में कहीं नहीं लिया जाता है। आज व्यापारी जीने के लिए लड़ाई लड़ रहा है। ऑनलाइन व्यापार ने पूरी तरह से व्यापारियों को बर्बाद कर दिया है। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में आयी सपा विधायक मछलीशहर विधानसभा रागिनी सोनकर के कहा कि विश्व को आर्थिक रूप से सबल बनाने का काम एक व्यापारी करता है। देश एक बड़ा वृक्ष है तो व्यापारी उस वृक्ष की मजबूत शाखाये है। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, अब्दुल हक अंसारी, नीरज पहलवान, अरुण कुमार कमलापुरी, ताहिर खान, सपा नेत्री डॉ. शबनम नाज, निजामुद्दीन, सूबेदार सोनकर, राजेश पाण्डेय, मकालू सोनकर, राजेश कसौधन उपस्थित रहे। अध्यक्षता मकसूद अहमद ने व संयुक्त संचालन डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्त व अवकाश प्राप्त प्रवक्ता विरेन्द्र श्रीवास्तव ने किया।

## अफजल बने हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष

**खेतासराय।** नगर पंचायत खेतासराय वार्ड नंबर 10 कोहरौटी निवासी मोहम्मद अफजल को हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरशद खान ने मो. अफजल को व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष के पद पर मनोनित किया। मोहम्मद अफजल को नगर अध्यक्ष पद की खबर मिलते ही उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस सम्बन्ध में बात करते हुए मोहम्मद अफजल ने बताया कि हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मण्डल शुद्ध उद्यमियों एवं व्यापारियों का गैर राजनीतिक संगठन है संगठन ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है मैं उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा एवं व्यापारियों की समस्या का निस्तारण में अग्रणी भूमिका निभाउंगा।



# भूमि विवाद में चले लाठी डंडे, चार लोग घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सुरिस गांव में जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के सुरिस गांव के हरिजन बस्ती में रविवार की सुबह जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे में 45 वर्षीय चन्द्रेश पुत्र रजई 22 वर्षीय उजाला पुत्री चन्द्रेश 20 वर्षीय गीता पुत्री जयराम व 30 वर्षीय गायत्री पत्नी मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां सभी का प्राथमिक उपचार कराया गया। वहीं दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सरल स्वभाव के धनी थे स्व. प्रमोद



निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते मोदनवाल समाज के लोग

जनसंदेश न्यूज

**शोक**

मोदनवाल समाज ने आयोजित किया श्रद्धांजलि समारोह

**मुंगराबादशाहपुर।** नगर के एक पैलेस पर मोदनवाल समाज की तरफ से जिलाध्यक्ष नागेंद्र मोदनवाल की अध्यक्षता में सुजानगंज के नगर अध्यक्ष प्रमोद मोदनवाल के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि एवं शोक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

शोकसभा को संबोधित करते हुए समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम दास मोदनवाल ने कहाकि स्वर्गीय प्रमोद मोदनवाल सहज सरल एवं मिलनसार व्यक्ति के धनी व्यक्ति थे। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रमोद द्वारा समाज में किए गए कार्यों को मोदनवाल समाज सदैव यार करेगी। अध्यक्षता कर रहे जनपद के जिला अध्यक्ष नागेंद्र मोदनवाल ने सामाजिक कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता और लोगों के लिए मदद करने के उनके स्वभाव को अविस्मरणीय बताया।

जिला उपाध्यक्ष विक्की कुमार गुप्ता ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मोदनवाल समाज में उनका लंबा कार्यकाल यादगार है। वह विकासशील सोच के धनी व्यक्ति थे। चौधरी सुजानगंज लल्लू मोदनवाल, रमेश चंद्र, दिनेश मोदनवाल व राज कुमार मोदनवाल आदि ने स्वर्गीय प्रमोद मोदनवाल को समन्वयवादी सोच के धनी एवं समाज के लिए संघर्षशील व्यक्ति बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष विक्की कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर कैलाशनाथ, उमेश कुमार, राजेश कुमार पप्पू, ब्रह्मदेव मोदनवाल, बंटी मोदनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## शारदा सहायक नहर में मिले मृत मवेशी

**सुजानगंज।** क्षेत्र के नहर मऊ ग्राम सभा में शारदा सहायक नहर में लगी जाली में बीस मृत मवेशी तथा रयां ग्रामसभा स्थित नहर में बने झरने में मृत बाइस मवेशी फंसे हुए है। मिली जानकारी के अनुसार नाहर मऊ ग्राम सभा में खंड विकास अधिकारी सचिन भारती के आदेशानुसार ग्राम प्रधान हरि उपाध्याय के नेतृत्व में नहर में एक जाली लगाई गई थी जिसमें लगभग मृत बीस मवेशी फंसे हुए हैं। ग्रामीणों ने कई बार ग्राम प्रधान को इसकी सूचना दी की एकत्रित हुए मवेशियों से दुर्गंध आ रही है जिससे गांव में कई प्रकार की बीमारियों के फैलने का डर है तथा मृत मवेशियों की व्यवस्था करें इसी क्रम में रयां ग्रामसभा स्थित झरने में भी बीस गायों के फंसे होने की जानकारी देते हुए विहिप अध्यक्ष सुजानगंज ने बताया खंड विकास अधिकारी को कई बार फोन लगाया गया पर उन्होंने फोन नहीं उठाया हम अपने उच्च पदों पर आसीन पदाधिकारियों को इस संदर्भ में सूचना दी है तथा उनके द्वारा इस घटना की जानकारी जिले के अधिकारियों को दी जा रही है। समाचार लिखे जाने तक कोई भी संबंधित अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है।

# विटामिन बी की कमी से मानसिक रोग का खतरा

**बोलीं प्रो. वंदना राय**

व्यस्त दिनचर्या, फास्ट फूड के कारण हो रही है समस्या

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बायोटेक्नोलॉजी विभाग की पूर्व संकायाध्यक्ष और विभागाध्यक्ष प्रो. वंदना राय ने कहा कि आजकल की व्यस्त दिनचर्या, फास्ट फूड के प्रति बढ़ती रुचि व संतुलित आहार का अभाव लोगों में स्वास्थ्य संबंधी समस्या पैदा कर रही है। इससे शरीर में विटामिन बी और पोषक तत्वों की कमी और उनके स्तर में गिरावट से अनेक प्रकार की बीमारियों को हम आमंत्रित कर रहे हैं। शरीर में विटामिन बी के कमी से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं जैसे रक्त कोशिकाओं की कमी, थकान, कमजोरी वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके नजरअंदाज करने से लोगों में स्वास्थ्य संबंधी समस्या बढ़ रही है।

प्रोफेसर राय नागपुर में 108 वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस आरटी एम विश्वविद्यालय नागपुर में आमंत्रित व्याख्यान में बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि व्यस्कों को प्रतिदिन 400 माइक्रोग्राम की बच्चों को 150-300 माइक्रोग्राम व गर्भवती और स्तनपान करने वाली महिलाओं को 500 माइक्रोग्राम से 600 माइक्रोग्राम तक फोलेट की आवश्यकता होती है। किंतु लोगों में इसके प्रति जागरूकता का अभाव होने के कारण लोग ध्यान नहीं देते है न ही इसकी जांच कराते है। इससे न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट, क्लेफ्ट लिप एंड पैलेट, अनेक मानसिक रोगों व कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं के अनुसार जानकारी का अभाव इस समस्या को बढ़ा रहा है। फोलेट हरी पत्तेदार सब्जियों, ताजे फलों, ब्रोकलि, मूंगफली, अखरोट इत्यादि में पाया जाता है।

इस वर्ष के भारतीय विज्ञान कांग्रेस का विषय 'महिला सशक्तिकरण के साथ सतत विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी' है। इसी क्रम को परिभाषित करते हुए प्रो. वंदना राय ने देश में भोजन में विटामिन के महत्व के प्रति लोगों को विशेष कर महिलाओं व बच्चों को जागरूक करने पर जोर दिया।

कहा कि इससे हमारी आने वाली पीढ़ियां शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ होकर देश की प्रगति में सहयोग कर सकेंगी। महिला स्वास्थ्य पर किये गए शोध और जागरूकता के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रो. वंदना राय को शिक्षक श्री पुरस्कार के साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त होते रहे हैं। विज्ञान कांग्रेस में बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रो. प्रदीप कुमार ने भी रेड सेल एंजाइमस पॉलीमोर्फिसम में अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया और कहा कि अगले 25 वर्षों में भारत जिस ऊंचाई पर होगा, उसमें भारत की वैज्ञानिक शक्ति की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी।

# तालाब पर अतिक्रमण चला बुलडोजर

**कार्रवाई**

**उच्च न्यायालय के निर्देश पर राजस्व विभाग ने की करवाई**

**औराई।** क्षेत्र अन्तर्गत प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नरथुआ गांव के तालाब पर अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर चलवाकर बने मकानों का जमींदोज कराया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार नरथुआ गांव के तालाब का गाटा संख्या 751 के जमीन पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर मकान बना लिया है। उस अतिक्रमण के खिलाफ तहसील कार्यालयों में कुछ लोगों ने शिकायत किया था। किंतु तहसील प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया। शिकायतकताओं ने सक्रिय होकर एक जनहित याचिका उच्च न्यायालय प्रयागराज में दाखिल किया। जिसे संज्ञान में लेकर उच्च न्यायालय ने तालाब पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दे दिया है।

जिस पर तहसील प्रशासन ने पुलिस बल व पीएसी के साथ पहुंचकर तालाब की भूमि पर बने हुए मकानों पर चार बुलडोजरों से जमींदोज कराने की कार्रवाई शुरू कर दिया है। बुलडोजर चलने से औराई भदोही मार्ग पर हड़कंप की स्थिति मच गई। जिसे देखकर पुलिस प्रशासन ने औराई से भदोही मार्ग को पूर्ण रूप से बंद कर रुट डायवर्जन कर दिया। इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी लालबाबू दूबे ने बताया कि तालाब की भूमि पर कब्जा करने वाले लोगों को लगभग डेढ़ वर्ष पहले तहसील कोर्ट से बेदखली का नोटिस दिया था। उपजिलाधिकारी ने बताया कि 84 लोगों से तालाब की भूमि को मुक्त कराना है। जिसमें 32 व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जा रही है। शेष 52 झुग्गी व झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को पुनर्स्थापित कराकर तब तालाब की जमीन को मुक्त कराया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार सुनील कुमार पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ उमेश्वर प्रभात सिंह कोतवाली प्रभारी गगनराज सिंह समेत राजस्वकर्मी व जनपद पुलिस एवं पीएसी सुरक्षा बल तैनात रहे।

## औराई चीनी मिल संघर्ष समिति के लोग सीएम को ज्ञापन देने के लिए वाराणसी रवाना

**ज्ञानपुर।** वाराणसी बीएयू मे आयोजित कार्यक्रम मे शामिल होने आये मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मिलने के लिए भारतीय किसान संघ का एक दल वाराणसी रवाना हुआ। दल मे शामिल लोग औराई चीनी मिल चालू कराने के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन देगे। भारतीय किसान संघ से संबद्ध औराई चीनी मिल संघर्ष समिति वाराणसी बीएचयू आयोजित भूमि तत्व पर कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए पहुचे मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने व कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए 11 बजे गोपीगंज से बस व अन्य वाहन द्वारा प्रस्थान किया। संघर्ष समिति की दो दिन पूर्व ननवगपुर जखाव मे हुई बैठक मे चीनी मिल चालू कराने के लिए गांव-गांव पद यात्रा कर किसानों से हस्ताक्षर अभियान चलाने की योजना बनाते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने का निर्णय लिया था। उसी कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या कार्यकर्ता वाराणसी रवाना हुए, जहां काशी प्रांत की ओर से ज्ञापन सौंपेंगे। वाराणसी जाने वालों मे अनिल मिश्र प्रान्त मंत्री के साथ हरिप्रकाश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष रोहित सिंह, जिला मंत्री रमाशंकर दुबे, उपाध्यक्ष दीनानाथ मिश्र, अनुप मिश्र, जिला सहमंत्री ओमकारनाथ उपाध्याय, जैविक प्रमुख रजनीश पाण्डेय, अध्यक्ष डीघ अचल दुबे, अध्यक्ष सुरियावां आदि शामिल रहे।

# सीमेंटेड रोड के निर्माण में मानक की अनदेखी

**मनमानी**

**विवेकानंद तिराहा से एकमा मोड़ तक हो रहा सीमेंटेड सड़क का निर्माण**

**निर्माण में मानक के विपरीत कार्य होने का भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष ने की डीएम से शिकायत**

**जनसंदेश न्यूज**



मानक की अनदेखी कर हो रहा सीमेंटेड रोड का निर्माण कार्य

**भदोही।** नई बाजार रोड पर विवेकानंद तिराहा से एकमा मोड तक बन रहे सीमेंटेड सड़क में मानक की अनदेखी की जा रही है। मानक के विपरीत हो रहे निर्माण कार्य को देखते हुए इसकी शिकायत भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दिलीप दुबे ने जिलाधिकारी से की। उन्होंने काम को रोकवाने की मांग की है।

जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष दिलीप दुबे ने कहा कि हो रहे सीमेंटेड सड़क में ठेकेदार द्वारा औरहरा की लोकल कच्ची गिट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं सीमेंट भी लोकल प्रयोग किया जा रहा है। मानक के विपरीत हो रहे इस निर्माण से सड़क की आयु बहुत कम होगी। वह अपने अल्प आयु में ही क्षतिग्रस्त हो जाएंगा। उन्होंने कहा कि जबकि इसकी शिकायत कार्यदाई संस्था के अधिशासी अभियंता व अवर अभियंता से बार-बार की गई। लेकिन इसके बावजूद भी उनके द्वारा मेरे शिकायत को अनसुना कर दिया जा रहा है।

वहीं ठेकेदार द्वारा मानक के विपरीत सड़क का बड़े ही तेजी के साथ निर्माण कराया जा रहा है। श्री दुबे ने जिलाधिकारी से सड़क का निर्माण कार्य रोकवाने की मांग की है और कहा कि जहां तक सड़क का निर्माण कराया गया है। वहां तक की सड़क के मानक की जांच कराई जाए।

निर्माण कार्य में अनियमितता मिलने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यदाई संस्था द्वारा जिस भी सड़क का निर्माण कराया गया है वो मानक के विपरीत है।

# कौलापुर में सम्मान समारोह में सम्मानित हुई प्रतिभाएं

**जनसंदेश न्यूज**



**गोपीगंज।** शहीद शुलभ उपाध्याय के स्मृति में रविवार को कौलापुर गांव में पुरस्कार वितरण और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में 50 प्रतिभावान छात्रों और 16 विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर करने वाले प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और शहीद शुलभ उपाध्याय के चित्र पर शहीद के पिता अशोक उपाध्याय और जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित करके और राष्ट्रगान से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में संतोष कुमार तिवारी ने सभी अतिथियों का बैज लगाकर और माल्यार्पण करके स्वागत किया। इसके बाद जनपद के राजकुमार पाठक, प्रभुनाथ शुक्ला, राजेश परदेशी, प्रतिमा शर्मा, महादेव प्रजापति, रामेश्वर सिंह, रूबी राठौर, दृष्टि मिश्रा, अखिलेश श्रीवास्तव, अशोक गुप्ता, हरेन्द्र सिंह को विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया, जबकि परीक्षा में सफल 50 छात्र और छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक राजकुमार पाठक ने कहा शहीद शुलभ उपाध्याय एक महान वीर के साथ अध्ययन समय में अच्छे छात्र रहे है। डीएम सिंह गहरवार ने कहा कि भदोही से निकल कर पूरे भारत की रक्षा के लिए शहीद हुए शुलभ उपाध्याय शहीद हुए। इस मौके पर राकेश दूबे, श्रीनिवास चतुर्वेदी, रमेश यादव, दीपक मिश्रा, अनीस अख्तर, गुलाम गौस, संतोष वर्मा, अमृतलाल, अरूणेश पाण्डेय, शिवांशु दूबे, मनोज वर्मा, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थिति में प्लेटफार्म पर मिला वृद्ध का शव

**शव को कब्जे में लेकर पहचान मे जुटी पुलिस**

**गोपीगंज।** कोतवाली के अलमऊ हाल्ट के प्लेटफार्म पर संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध का शव मिला। जानकारी पर पहुची गोपीगंज पुलिस शव को कब्जे में ले लिया और उसकी पहचान कराने मे जुट गई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि अलमऊ हॉल्ट पर टहलते घूमते लोगों की निगाह पड़ी तो देखा एक अज्ञात 80 वर्षीय वृद्ध मरा पड़ा था। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई दोपहर में पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर मृतक के पहचान के प्रयास में लगी रही। वहीं स्थानीय ग्रामीणों में चर्चा रहा की मृतक पिछले एक सप्ताह से प्लेटफार्म के आसपास घूमते टहलते देखा जा रहा था लोगों ने मंदबुद्धि का होना भी बताया। पुलिस के अनुसार मृतक मंद बुद्धि का होना बताया गया साथ ही आशंका जाहिर की गई कि हो सकता है ठंढ से उसकी मौत हुई हो।

# असहाय की सेवा से बढ़कर और कोई पुनीत कार्य नहीं : अनिरुद्ध त्रिपाठी

**जनसेवा**

**गरीब, असहाय व निराश्रितों को ठंड से निजात दिलाने के लिए किया कम्बल का वितरण**

**जनसंदेश न्यूज**



जरूरतमंद व्यक्तियों में कंबल वितरित करते जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी

**ज्ञानपुर।** गरीब, असहाय व निराश्रितों को ठंड से निजात दिलाने के लिए औराई विकास खंड के जगन्नाथपुर गांव में रविवार को समाजसेवी अनिल कुमार त्रिपाठी के आवास पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी लगभग पाँच सौ जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने ठंड से बचाव के लिए गरीबों को अपने हाथ से वितरित करते हुए कहा कि गरीबो व असहाय लोगो की सेवा से बढ़कर और कोई पुनीत कार्य नही हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित उप जिला अधिकारी ज्ञानपुर अश्वनी पांडेय ने इस तरीके के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की उन्होंने कहा जरूरतमंद व्यक्तियों को समय-समय पर मदद के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद आईबी सिंह प्रेसिडेंट ओबीटी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समाजसेवी अनिल कुमार त्रिपाठी ने आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी योगेश उपाध्याय, सिद्धनाथ शुक्ला, कृष्णकांत दुबे, अजीत तिवारी, राजीव तिवारी, राजेंद्र प्रसाद, सुजीत तिवारी, विशाल, जय शिवम तिवारी, बंशीधर तिवारी, फूलचंद तिवारी, जय नाथ तिवारी, भृगुनाथ तिवारी, दीनानाथ तिवारी, पंडित हंसराज मिश्रा, बबलू तिवारी, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि इत्यादि लोग प्रमुख रहे। कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत तिवारी ने किया।

# श्रद्धा पूर्वक मनाई गई स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि



**सिकरारा।** स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व विधायक पण्डित सूर्यनाथ उपाध्याय की 25वीं पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जनपद सहित क्षेत्र के सम्भ्रांत लोग उनके पैतृक गांव पहुँचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये।

स्व. उपाध्याय के पौत्र संजय उपाध्याय, श्याम नारायण उपाध्याय की देखरेख में श्री क्षेमकरण पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में लगे अमर सेनानी स्व. सूर्यनाथ उपाध्याय की मूर्ति पर दीप प्रज्ज्वलन व फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने स्वर्गीय उपाध्याय के देश की आजादी के लिए दिए योगदानों व सामाजिक कार्यो पर चर्चा की। इस मौके पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय प्रधानाचार्य ईश्वरी प्रसाद मिश्र, सेवानिवृत शिक्षक राममिलन पाठक, अरविंद मिश्रा, संदीप मिश्रा, जनार्दन मिश्रा, शिवधारी यादव आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। अभ्यागतों का स्वागत अविनाश उपाध्याय कान्हा व अवनीश उपाध्याय लल्ला ने किया। कार्यक्रम में प्रमोद उपाध्याय, सुनील सिंह आदि सक्रिय रहे।

# पोर्टल पर गलत सूचनाएं देकर कार्रवाई से बच रहे बैंक कर्मी

**ज्ञानपुर।** खमरिया निवासी एमडीआर जेम्स एण्ड ज्वेलरी के प्रोप्राइटर रवि प्रकाश बरनवाल ने आरोप लगाया कि एस बी आई बैंक अधिकारियों द्वारा स्वीकृत व्यावसायिक योजना, करोड़ों का आर्डर व साख को नष्ट करने के लिए बिना सही प्रक्रिया के खातों को जबरन एनपीए घोषित कर मकान पर कब्जा लेने की कोशिश किया जा रहा है। अनुचित कार्यवाही करने के बाद फंसने के डर से मामले के सही निस्तारण की जगह नये मुकदमें थोपे जा रहे हैं। इस मामले की पीड़ितों द्वारा कई जगह शिकायत करते हुए पीजी पोर्टल पर 28 अक्टूबर 2022 को किया गया। कार्यवाही से बचने के लिए बैंक द्वारा तथ्यहीन व भ्रामक उत्तर दिया जा रहा है और मामले को समाप्त करने का दबाव बनाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में एसबीआई बैंक के शाखा प्रबंधक से बात करने का प्रयास किया गया किन्तु सम्पर्क नही हो पाया।

# बसपा की कार्यकर्ता समीक्षा बैठक औराई में संपन्न

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानपुर।** नव वर्ष के आगमन पर बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक औराई में सपंन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोन इंचार्ज मण्डल मिजार्पुर रामलाल पाल ने की।

मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद व मुख्य जोन इंचार्ज लखनऊ, प्रयागराज, भदोही घनश्याम खरवार रहे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जी के संविधान व आरक्षण को मौजूदा सरकार द्वाराबखत्म किया जा रहा है। फर्जी मुकदमा लिखा जा रहा है। बिना किसी कारण बताए जेल भेजा जा रहा है।

सुश्री बहन कु मायावती ने पिछड़े समाज के बेटे विश्वनाथ पाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है तभी से विरोधी पार्टियो के पेट मे दर्द हो रहा है। दूसरे मुख्य अतिथि अमरेन्द्र बहादुर भारतीय मुख्य जोन इंचार्ज प्रयागराज, मिजार्पुर, राजू गौतम मुख्य जोन इंचार्ज प्रयागराज, मिजार्पुर विशिष्ट अतिथि सुबोधराम पूर्व एमएलसी गुड्डूराम जोन इंचार्ज व शशिभूषण एडवोकेट व बैजनाथ गौतम पूर्व प्रत्याशी पंडित मोके यादव, पूर्व प्रभारी ज्ञानपुर मुख्य जोन इंचार्ज मिजार्पुर मण्डल संचालन जयप्रकाश चौधरी को भोही का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई दिया। इस अवसर पर कमला शंकर राव, डॉक्टर रामजी राव पूर्व प्रधान, रतन लाल यादव, अशोक विन्द, सुरेश गौतम, रामजियावन कश्यप एडवोकेट, राजेश गौतम पूर्व जिलाध्यक्ष पदमभूषण भारती सलाउद्दीन अंसारी, समीम अंसारी, राकेश प्रजापति, सुनील कुमार, डॉक्टर चन्द्रेश मोर्या, उदयभान पाल, गुलाब प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### कोचिंग पढ़ने गया छात्र नहीं लौटा घर, गुमशुदगी दर्ज

**सुरियावां।** स्थानीय क्षेत्र के ग्राम कौडर निवासी संदीप सिंह का 16 वर्षीय पुत्र वैभव सिंह कक्षा 12 का छात्र सुरियावां में एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने के लिए दिनांक 29 दिसम्बर को घर से 2 बजे दिन निकला तभी से लापता है। इस सम्बंध में पिता संदीप सिंह ने थाना सुरियावां में गुमसुदगी दर्ज करा दी। और बताया कि वैभव एकलौता पुत्र है। पूरे परिवार के लोग घबराए हुए हैं चिंतित है। जिला प्रशासन से शीघ्रातिशीघ्र खोजने की मांग की है।

### मालवाहक सहित चालक गायब, अनहोनी की आशंका से परिजन परेशान

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र से मैजिक मालवाहक लेकर मीरजापुर गया और चालक गायब हो गया। वापस न लौटने पर अनहोनी की आशंका से परेशान परिजन थाने पहुच कर पुलिस को मामले की जानकारी दी। ज्ञानपुर के समीप लखनो टकटैया निवासी रमेश चंद मालवाहक चालक दो दिन पूर्व गोपीगंज से सायं काल वाहन पर चौकी लाने के लिए मीरजापुर गया था। दो दिन बाद घर वापस नही लौटा तो परिजन अनहोनी की आशंका से परेशान होकर हो गये। उसके पिता बाबूलाल थाने पहुच गये तो पुलिस उनकी तहरीर पर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नगरदह गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता 11 जनवरी से

**भदोही।** डीघ क्षेत्र के विराट क्रिकेट क्लब नगरदह गांव में 11 जनवरी से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें इच्छुक टीमें अपना नामांकन करा ले यह जानकारी आयोजक गौरव मिश्रा ने दी।

### तीरंदाजी प्रतियोगिता में आशू व श्रेय को मिला कांस्य पदक





**जौनपुर।** करंजाकला विकासखंड के 2 छात्रों को 66वें प्रादेशीय विद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता प्रयागराज में कायस्थ पदक हासिल किया। इस सफलता के लिए लोगों ने दोनों छात्रों की सराहना की। 66वीं प्रादेशीय विद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता प्रयागराज की एग्लो बंगाली इंटर कॉलेज प्रयागराज परिसर में संपन्न हुई थी। प्रतियोगिता 5 जनवरी से लेकर 7 जनवरी के बीच कराई गई। इस प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला दोनों वर्ग के छात्रों की प्रतियोगिता थी जिसमें प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के तीरंदाज अभ्यर्थी भाग लिया जिसमें सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के श्री देव पब्लिक स्कूल के छात्र श्रेय यादव ने पदक प्राप्त कर प्रदेश स्तरीय टीम में जगह बनाई और ऋषीकूल इंटर कॉलेज कोठवार के कक्षा नौ की छात्रा आशू यादव ने महिला वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। दोनों विजेताओं ने नेशनल टीम में अपनी जगह बना ली है और प्रदेश की टीम में खेलने जाएंगे। दोनों छात्रों की तैयारी जिला तीरंदाजी संघ जौनपुर द्वारा संचालित एकेडमी में कराया गया था। जिला तीरंदाजी सचिव सुमंत यादव द्वारा इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस सफलता के लिए अन्य खिलाड़ियों ने खुशी जताई।

### खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

**रेणुकूट।** आदित्य बिड़ला समूह के बिड़ला कार्बन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के स्पोर्ट्स ग्राउंड पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता स्पर्धा 2023 का आयोजन रविवार को किया गया। इमसें प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों में अपना जौहर दिखाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कंपनी के मैन्युफैक्चरिंग हेड मनीष श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन व फीता काटकर किया। संत ए बी आर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बैंड बाजे के साथ कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित उनके परिजनों ने संयुक्त रूप से मार्च पास्ट में भाग लिया। इस दौरान मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन में खेलों का बहुत महत्वपूर्ण रोल होता है। खेल हमें अनुशासन सिखाता है। मानव संसाधन प्रमुख जय कोकाटे ने कहा कि हमारे समूह द्वारा ऐसे प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का उद्देश्य संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों अधिकारियों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत करना है। खेल हमें अनुशासित संयमित होकर एकजुटता का संदेश देता है। इसके बाद विभिन्न खेलों की कड़ी में छोटे बच्चों के मेंढक दौड़ के साथ खेल प्रतियोगिता को शुरू किया गया। जिसमें नर्सरी ग्रुप में आरुष पोले एवं सलभ शुक्ला को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा अन्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने स्थान पाया। एक पखवाड़े तक चलने वाले वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न आउटडोर एवं इनडोर खेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कंपनी में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य हिस्सेदारी करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में संस्थान के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों का हुआ इलाज



**चहनियां।** कैथी व माधोपुर ग्राम सभा में ग्राम डाबरिया स्थित चंदन हास्पिटल के द्वारा एक स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कैथी व माधोपुर के आस पास के गांवो से सैकड़ो लोगो डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क इलाज व दवा का वितरण किया गया।शिविर में लोगो को स्वास्थ्य जागरूकता व जरूरी रोकथाम जैसे विषयों पर अवगत कराया गया। चंदन हॉस्पिटल द्वारा उनको मुफ्त चिकित्सकीय सहायता व मुफ्त दवा वितरित किया गया। शिविर में डॉ. पीएस मिश्रा, डॉ. प्रभात सिंह, डॉ. आर के सिंह, डॉक्टर अभिनय सिंह, डॉक्टर रिचा सिंह, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, डॉक्टर अनिता सिंह द्वारा हृदय रोग, हड्डी एवं नस रोग, नाक कान गला रोग,जनरल सर्जरी न्यूरो सर्जरी आदि का इलाज किया गया। प्रबंधक सन्तोष सिंह ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामवासियो में उत्साह दिखा और आगे भी इस प्रकार के स्वास्थ शिविर के आयोजन के लिए निवेदन किया गया है। इस प्रकार का शिविर फरवरी महीने के अंत विभिन्न ग्रामो में सम्पन्न कराया जाएगा। इस दौरान कन्हैया सिंह, विनय सिंह, सचिन सिंह,कुश सिंह, राजेश कुमार, विजय कुमार, पप्पू सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# शेख भिखरी ने अंग्रेजी हुकूमत की हिलाई थी नींव

**गाजीपुर।** पसमांदा मुस्लिम महान के तत्वावधान में शेख भिखारी की शहादत दिवस रविवार को डा. इकबाल अंसारी के आवास पर मनाई गई। रामनगीना कुशवाहा ने कहा कि 1887 के महान स्वतंत्रता संघर्ष में तमाम राजा राजवाड़ों के साथ, संवर्ण, पिछड़े तथा दलितों ने भी अपनी शहादत दिवस दी। उसमें पसमांदा मुस्लिम भी पीछे नहीं रहा। ऐसे ही वीर सपूतों में शेख भिखारी का नाम भी इतिहास में अंकित है। शेख भिखारी टिकैत उमराव सिंह के दीवान थे। शेख भिखारी रणक्षेत्र में कुशल सेनापति थे देश में अंग्रेजों से मुक्ति की भावना जोड़ पकड़ रही थी। जगह-अंग्रेजों के पर हमले शुरू हो गये थे। चुहुपाली घाटी में 8 जनवरी 1858 को हुए संग्राम में छल कपट मक्कारी से पकड़ कर बरगद के पेड़ से लटकाकर फाँसी दे दिया। वह पेड़ और स्थान हमें आज भी प्रेरणा देती है।

जिलाध्यक्ष फय्याज फैयाज अहमद शाह ने कहा कि आज शेख भिखारी को शहादत के अवसर पर समस्त शोषित, वंचित, पसमांदा समाज शिक्षित बनें और संघर्ष करें ताकि बेहतर समाज का निर्माण हो सके। बैठक में प्रो. संतन कुमार, प्रो. निरंजन, बालेश्वर विक्रय, डॉ. वसीम, मनोज, अब्दुल रहमान, लड्डन, बद्रेआलम, जयराज कुशवाहा आदि रहें।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# विशेष टीकाकरण अभियान आज से शुरू

**भदोही।** जनपद में 9 जनवरी से 20 जनवरी तक बच्चों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलेगा। यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर सुरेश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि टीबी, गलाघोटू, कालीखांसी, निमोनिया, हेपटाइटिस बी, खसरा, रूबेला, दिमागी बुखार और डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव टीकाकरण से संभव है। सोमवार से 06 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 16 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और 63 उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर विशेष टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। इस दौरान 26065 को टीका से आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित है।इसके पहले वर्ष 2020-2021 में 48789 बच्चों व 2019-2020 में 37458 बच्चों को विभाग ने टीका से आच्छादित किया जा चुका है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार चक ने निर्देश दिया है कि एक सिरिंज से केवल एक ही बच्चों को टीकाकरण से आच्छादित करें टीकाकरण के बाद तत्काल कार्ड भी दें।

# लेखपाल पर गिरी गाज, भू माफिया को लाभ पहुंचाने का आरोप

**जनसंदेश न्यूज**

**जलालपुर।** परगना बयालसी क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोहगाजर के हल्का लेखपाल पवन कुमार पर बड़ा आरोप लगा है। आरोप है कि लेखपाल द्वारा भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाया जा रहा था। आरोप के बाद लेखपाल को कार्य मुक्त कर दिया गया और जिला मुख्यालय पर उपस्थित होकर अपनी योगदान आख्या संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश जारी कर दिया गया है। यह आदेश उप जिलाधिकारी केराकत द्वारा जारी किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहगाजर गांव में तलाब खाते की भूमि है। आरोप है कि कुछ लोंगों द्वारा उक्त भूमि पर कब्जा किया गया है। शिकायत के बाद इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा 4 जनवरी को तालाब खाते की भूमि के अंकना की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई कर रिपोर्ट मांगी गई थी परन्तु इस आदेश को दरकिनार करते हुए राजस्व टीम द्वारा फर्जी ढंग से प्रश्नगत जमीन का कूट रचित तरीके से धारा 24 की कार्यवाही कराकर भूमाफिया को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने की कोशिश के आरोप में उक्त लेखपाल से स्पष्टीकरण एसडीएम केराकत द्वारा मांगा गया था परंतु हल्का लेखपाल द्वारा आदेश का अनुपालन एवं कार्यवाही नहीं किए जाने तथा भूमाफिया को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने के आरोप में हल्का लेखपाल पवन कुमार को उप जिलाधिकारी केराकत माज अख्तर ने कार्यमुक्त करते हुए जिला मुख्यालय पर उपस्थित होकर अपनी योगदान आख्या संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश जारी कर दिया है, जिससे राजस्व महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में राजस्व निरीक्षक सुशील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि लोहगाजर गांव में तलाब खाते की भूमि के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा रिपोर्ट मांगी गई थी, रिपोर्ट देने में लापरवाही हुई तो लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई हुई है।

# चुनाव टलने से प्रत्याशियों के अरमानों पर फिरा पानी

**निकाय चुनाव**

**न्यायालय के निर्णय से दावेदारों को झटका**

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** नगर निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर न्यायालय से मिले फैसले से राजनीतिक दलों के अलावा चुनाव में दम ठोंक रहे प्रत्याशियों को जोरदार झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण को लेकर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है।

इतना ही नही सरकार को तीन महीने की देरी से चुनाव कराने की भी अनुमति दी है। इससे तय हो गया है कि अब मार्च तक चुनाव नहीं होंगे। इससे पिछले कई महीनों से पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे दावेदारों के अरमानों पर संशय के बादल गहरा गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार को चुनाव कराने को तीन महीने का समय दिया है।

इसमें सरकार को आरक्षण के लिए नए सिरे से नोटीफिकेशन जारी करने को कहा गया है। प्रदेश सरकार ने निकाय चुनाव में परिषद और नगर पंचायतों के अध्यक्ष और पार्षदों की सीटों का आरक्षण घोषित कर दिया था। इससे पहले से ही सियासी सरगर्मियां भी तेज हो गईं थी। नगर निकाय चुनाव लड़ने वाले संभावित उम्मीदवार राजनीतिक दलों से टिकट की दावेदारी के साथ-साथ अपने प्रचार में भी पूरे दमखम के साथ जुटे हुए हैं।

## दावेदारों ने चुनाव प्रचार में फूंके लाखों रुपये

गाजीपुर नगर पालिका के अलावा मुहम्मदाबाद, जमानियां, सैदपुर, सादात, जंगीपुर, बहादुरगंज और दिलदारनगर कस्बों की गलियों और मोहल्ले तक चुनावी बैनर-पोस्टर से पट गए थे। चुनाव प्रचार भी जोर-शोर से चल रहा है। नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के दावेदार चुनाव में लाखों रुपये प्रचार में फूंक चुके हैं। प्रत्याशी घर-घर जाकर दस्तक दे रहे थे और मतदाताओं को रिझाने का प्रयास कर रहे थे। इतना ही नहीं कुछ दावेदारों ने तो बिना चुनाव कार्यक्रम घोषित हुए और पार्टी का सिंबल मिले बिना ही अपने-अपने चुनावी कार्यालय भी खोल लिए हैं। उन्हें दिसंबर- जनवरी में निकाय चुनाव होने की संभावना थी। ऐसे मे सुप्रीम कोर्ट के फैसले से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे दावेदारों के लिए संकट खड़ा हो गया है।



# नृत्य मेरी भाषा, नृत्य मेरी अभिलाषा, नृत्य मेरा जुनून

## कार्यशालाओं में बच्चों को सिखा रहे नृत्य की बारीकियां

आशीष सिंह वर्तमान में कथक कार्यशालाओं के माध्यम से बच्चों को कथक नृत्य की बारीकियों को सीखा रहे हैं। इसके लिए वह हरिद्वार, देहरादून, न्यू टिहरी, भीलभाड़ा (राजस्थान) आदि शहरों पर जाकर बच्चों को नृत्य में पारंगत कर रहे हैं। वे कहते हैं कि आज के युवा हर विधा में चाहे वह संगीत में गायन हो या फिर नृत्य हो सभी में शार्ट कट अपना रहे हैं। उन्हें इस शार्ट कट से बचने की जरुरत है तभी वह कुछ सीख पायेंगे। मंदिरों से निकली हुई कथक नृत्य की परम्परा पूर्ण रूप से आध्यात्मिक है। यह नृत्य भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। इस नृत्य का समर्पण कम नहीं होना चाहिए। मूलतः बनारस निवासी आशीष सिंह ने लखनऊ घराने से तालीम हासिल की। कहा कि काशी से उनका काफी लगाव रहा है। काशी में तो बाबा विश्वनाथ के रूप में हैं तो वहीं वृंदावन में गोपी के रूप में हैं। हमें तो दोनों का आशीर्वाद मिलता है।



राधेश्याम कमल

जनसंदेश टाइम्स
कथक नर्तक आशीष सिंह से
खास मुलाकात

नृत्य मेरी भाषा है, नृत्य ही मेरी अभिलाषा है। नृत्य ही मेरा सम्मान, नृत्य ही मेरी पहचान है। नृत्य मेरा जुनून और नृत्य ही मेरे दिल की सुकून है। नृत्य ही मेरा गर्व और नृत्य ही मेरा सर्वस्त्र है। यह कहना है बनारस घराने के युवा कथक नर्तक आशीष सिंह का। आशीष सिंह इन दिनों बनारस में हैं। कथक का कोई भी ऐसा प्रतिष्ठित मंच नहीं होगा जहां पर आशीष सिंह ने अपने नृत्य का परचम न फहराया हो।

आशीष सिंह ने अपने कथक नृत्य की गमक का लोगों को अहसास कराया है। चाहे वह विश्व प्रसिद्ध संकटमोचन संगीत समारोह हो या फिर गंगा महोत्सव, बौद्ध महोत्सव, सिटी महोत्सव, महाशिवरात्रि संगीत महोत्सव रहा हो या फिर देश के विभिन्न हिस्सों में हर मंचों पर आशीष सिंह ने अपनी मौजूदगी की दर्शकों के बीच भान कराया। आशीष सिंह बताते हैं कि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संगीत व मंच कला संकाय से बैचलर व मास्टर डिग्री डा. विधि नागर एवं प्रो. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कथक की तालीम हासिल की। इसके बाद कथक सम्राट पद्मविभूषण स्व. बिरजू महराज की प्रमुख शिष्या संगीता सिन्हा से लगभग 8 वर्षों तक कथक सीखा। बाद में वह पं. बिरजू महराज के सानिध्य में उनकी कार्यशाला में रह कर कथक नृत्य की बारीकियों को जाना व समझा। इसके अलावा कई कथक कार्यशालाओं में नृत्य की जानकारी हासिल की।

वे बताते हैं कि उनका जब जन्म हुआ और कबीरचौरा पर जब बरही मनायी गई तब सरला नारायण सिंह का कथक व प्रसिद्ध गायिका स्व. बागेश्वरी देवी व उनके शिष्य गायक स्व. सुनील सिंह का गायन हुआ था। उनकी दादी ललिता देवी कहती थी कि यहीं से तुम्हारे में नृत्य का अंश आ गया। वे बताते हैं हम बचपन में घर में हमेशा ठुमकते रहते थे। बनारस के कबीरचौरा निवासी 32 वर्षीय कथक नर्तक आशीष सिंह से जनसंदेश टाइम्स की खास मुलाकात हुई। इस दौरान उन्होंने कथक नृत्य के सफरनामा के बारे में बताया।

### गुरु पुण्डरीक गोस्वामी ने दिया नृत्य मंजरी दास का नाम

आशीष सिंह बताते हैं कि उनके गुरु आचार्य पुण्डरिक गोस्वामी ने उनका नाम नृत्य मंजरी दास रखा रखा है। वृंदावन में लोग उन्हें इसी नाम से जानते हैं। वे कहते हैं कि उनका संबंध बनारस के साथ ही भगवान श्रीकृष्ण की नगरी वृंदावन से भी हो गया है। जहां पर मीराबाई मंदिर, राधारमण मंदिर में ठाकुरजी के समक्ष नृत्य करके उन्हें रिझाते हैं।



### संस्कृति मंत्रालय से छात्रवृत्ति भी मिली

कथक नर्तक आशीष सिंह को भारत सरकार नई दिल्ली मिनिस्ट्री आफ कल्चर से वर्ष 2010-12 में छात्रवृत्ति मिली। 2008 में पं. बिरजू महराज के कथक कार्यशाला नेहरू सेंटर मुंबई में गये। इसके साथ ही वह बनारस, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, छत्तीसगढ़ में कथक कार्यशालाओं भी गये। 2010 में कामन वेल्थ में भी कार्यक्रम पेश किया।

### महज 11 साल की उम्र में सिटी महोत्सव में मिला था पहला मंच

वे बताते हैं कि महज ग्यारह वर्ष की उम्र में 2001 में उनका पहला स्टेज प्रोग्राम सिटी महोत्सव में हुआ। इसके अलावा संकट मोचन संगीत समारोह, महाशिवरात्रि संगीत महोत्सव, बौद्ध महोत्सव, राममय रात, बड़ागणेश मंदिर, बालरंग मंडल सेतु के लिए भी प्रोग्राम पेश किया। इसके अलावा 2019 में इलाहाबाद हंडिया माटी कथक महोत्सव, पं. लच्छू महराज संगीत उत्सव लखनऊ के साथ ही बालीवुड की सिंगर शोभना महापात्र के एलबम मंगलगान में कथक किया। इसमें शोभना महापात्र के गायन पर उनका कथक नृत्य रहा। उन्हें अब तक ढेरों सम्मान मिले।

### पद्मविभूषण कथक सम्राट स्व. बिरजू महराज से नृत्य की सीखीं बारीकियां



### काशी के बालाजी मंदिर में करते थे रियाज

आशीष सिंह बताते हैं कि वर्ष 2007 से 2012 तक वह काशी के प्रसिद्ध बालाजी घाट स्थित भगवान बालाजी के समक्ष रोजाना नृत्य करते थे। इसी रियाज का फल था कि उन्हें गुरुदेव मिले और आनंद की अनुभूति हुई। भगवान शिव जब प्रसन्न होते हैं तो वह श्रीकृष्ण के समीप भेजते हैं। कहा कि हम युवा हैं इस नृत्य को हमें और भी आगे ले जाना है। इसके लिए हम प्रयासरत है।

# जोशीमठ : वाटर सिग्नेचर से पता चलेगा क्यों हुआ रिसाव

हरी भरी वादियों में बसे जोशीमठ की पथरीली जमीन और पहाड़ के किनारों से जिस तरह पानी का रिसाव हो रहा है, वैसा ही रिसाव एनटीपीसी की तपोवन टनल के नीचे देख विशेषज्ञ ने हैरानी जताई है। जोशीमठ से करीब 18 किमी. दूर इस टनल के बाहर यह रिसाव ऋषिगंगा नदी के मुहाने पर हो रहा है। रिसाव का पानी टनल का है।

हाइड्रोलॉजी के वैज्ञानिकों ने पानी के नमूने ले लिए हैं। अब वे दोनों जगह के नमूनों के सिग्नेचर का मिलान करेंगे। इससे पता चलेगा कि जोशीमठ में रिसाव का इस टनल से कोई कनेक्शन है या नहीं। जोशीमठ में तेजी से हो रहे भू-धंसान के पीछे स्थानीय निवासी एनटीपीसी की तपोवन-विष्णुगाड़ परियोजना की टनल निर्माण को जिम्मेदार मान रहे हैं। उनका यह भी आरोप है कि टनल की वजह से ही पानी उनके घरों तक पहुंच गया है। जोशीमठ के लोगों के टनल की वजह से भू-धंसाव के आरोपों से एक सप्ताह में पर्दा हट जाएगा। जोशीमठ, टनल और दोनों के बीच दो अन्य रिसावों के सैंपल जमा किए गए हैं। एनआईएच के वैज्ञानिकों ने इसका अध्ययन भी शुरू कर दिया है। इस संस्थान का मकसद ही जलविज्ञान के समस्त पहलुओं पर वैज्ञानिक कार्यों में सहयोग देना और व्यवस्थित रूप से इनका समन्वयन करना है। इसी एनएचआई की टीम ने जोशीमठ के मकानों से रिस रहे पानी और टनल के भीतर जाकर वहां के पानी, बाहर बह रहे पानी के अब तक कोई आधा दर्जन सैंपल लिए हैं।

विशेषज्ञ इन चारों सैंपल का अध्ययन करेंगे और फिर इनका पीएफ और आईसोटॉप देखे जाएंगे, जिससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि टनल से बहने वाले पानी और जोशीमठ के मकानों में आ रहे पानी में कोई समानता है या नहीं। अगर इसमें समानता मिलती है तो निश्चित तौर पर यह तय माना जाएगा कि टनल का पानी वहां तक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि अमूमन सप्ताह भर में वॉटर सिग्नेचर मैचिंग की रिपोर्ट आ जाती है। वॉटर या हाइड्रोलॉजिक सिग्नेचर क्वांटिटेटिव इंडेक्स हैं जो हाइड्रोलॉजिक डेटा सीरीज के गतिशील गुणों का वर्णन करते हैं। ये एक तरह से पानी का डीएनए जांच लेते हैं। टनल और जोशीमठ के रिसाव का डीएनए अगर मैच हो गया तो इस विपदा का पूरा ठीकरा एनटीपीसी की तपोवन-विष्णुगाड़ परियोजना पर फूटना तय है।

### तपोवन सुरंग के नीचे के नजारे ने सबको चौंकाया





### विरासत से बिछड़ने का दुख कम नहीं रहवासियों के लिए

हिमालय की शांत वादी में सुकून के साथ अपने बच्चों के बेहतर भविष्य का सपना संजो रहे जोशीमठ के कई परिवार अब आपदा के कारण पलायन करने के लिए विवश हैं। पिछले साल एक स्थानीय निवासी के मकान में दरार दिखी और वो अब पूरे शहर में पैठ बना चुकी है। किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। अब कइयों को अपना घर छोड़कर जाना पड़ रहा है और यह अत्यंत पीड़ादायक है। आज लोग विस्थापित होकर दूसरे शहरों में किराए का घर खोज रहे हैं।
यहां हर कोई अपने भविष्य को लेकर चिंतित और नए ठौर की तलाश में जुटा है। लोग जबरदस्ती पलायन करने के लिए विवश हो गए हैं। जो लोग आर्थिक रूप से संपन्न हैं वे तो किसी तरह दूसरी जगह आशियाना तलाश लेंगे लेकिन शहर में सैकड़ों ऐसे परिवार हैं जिन्हें इन्हीं हालातों में अपने और बच्चों के भविष्य को तराशना है। ज्योतिर्मठ के प्रभारी ब्रह्मचारी मुकुंदानंद तो भू-धंसाव से मठ को हो रहे नुकसान को बताते ही भावुक हो गए। वे बताते हैं कि आदि गुरु शंकराचार्य द्वारा स्थापित ढाई हजार वर्ष पुरानी परंपराएं भी संकट में आ गई है। आदि गुरु शंकराचार्य की गुफा के साथ ही ज्योतिषपीठ के पहले आचार्य टोटकाचार्य की गुफा भी भू-धंसाव की चपेट में आ गई है।

जनसमर्थन से उत्साह

# पश्चिम से पूर्व भारत को भी जोड़ेगी भारत जोड़ो यात्रा !

### पोरबंदर से परशुराम कुंड तक की यात्रा का प्लान रेडी, गांधी जयंती से शुरू होना संभव

*अभी तक तो राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा को जनता को करीब से जानने या यूं कहें कि भारत को समझने का माध्यम कह रहे थे। 'बोधि प्राप्त' करने की बात कही जा रही थी। लेकिन अब कहा जा रहा है कि यात्रा की सफलता ने उनकी योजना को दूसरा मोड़ दे दिया है। अंदरूनी खबर यह है कि अक्टूबर से दूसरा चरण प्रारंभ किया जाएगा,लेकिन यह गुजरात के पोरबंदर से प्रारंभ होकर अरुणाचल के परशुराम कुंड तक जाएगी।*



पिछले महीने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इसके रूट का रफ ड्राफ्ट तैयार किया है। अब तक की तय योजना के मुताबिक, इस यात्रा का रूट गुजरात के पोरबंदर से शुरू होकर अरुणाचल प्रदेश के परशुराम कुंड तक जाने का बन रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के मुताबिक लोकसभा चुनाव से पहले यह यात्रा पूरी होनी है। सियासी गलियारों से लेकर पूरे देश में राहुल गांधी की पहली भारत जोड़ो यात्रा चर्चा में है। कांग्रेस पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता कहते हैं कि यात्रा को मिल रहे अपार जन समर्थन के चलते हैं इसका विस्तार किए जाने की चर्चा हो रही है। जानकारी के मुताबिक, राहुल गांधी की दूसरी भारत जोड़ो यात्रा कब होगी और कौन से रूट पर होगी इसको लेकर दिसंबर के आखिरी सप्ताह में पार्टी के बड़े नेताओं ने चर्चा की थी। उस बैठक में चर्चा के मुताबिक राहुल गांधी की यह यात्रा गुजरात के पोरबंदर से शुरू होकर अरुणाचल प्रदेश के परशुराम कुंड तक जाएगी।




कांग्रेस पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इस यात्रा के रफ रूट प्लान का ड्राफ्ट भी डिस्कस किया गया है। योजना के मुताबिक पोरबंदर से शुरू होने वाली यात्रा मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल से होते हुए पूर्वोत्तर के सभी राज्यों से गुजरकर अरुणाचल प्रदेश के सूरजकुंड पर समाप्त होगी। इस यात्रा को शुरू करने की तारीखों को लेकर के भी कुछ चर्चाएं हो रही हैं।

कांग्रेस पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता बताते हैं कि राहुल गांधी की जब पिछले साल 7 सितंबर को कन्याकुमारी से यात्रा शुरू हुई थी, तो पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने कुछ तारीखों की चर्चा की थी कि दूसरी यात्रा की योजना क्या है। फिलहाल उन तारीखों के साथ ही दूसरे चरण की भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत का अनुमान लगाया जा रहा है।

पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता बताते हैं कि जो चर्चा में तारीख रखी गई है अगर सब कुछ उसी तरह चलता रहा तो दो अक्तूबर से राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण शुरू किया जा सकेगा। कांग्रेस पार्टी से जुड़े एक अन्य वरिष्ठ नेता कहते हैं कि क्योंकि पोरबंदर से लेकर अरुणाचल प्रदेश की दूरी भी तकरीबन चार हजार किलोमीटर के करीब ही है। ऐसे में लगने वाले वक्त का आकलन और लोकसभा के चुनावों की तारीखों का ध्यान रख कर के ही पूरा रूट प्लान और तारीख फाइनल की जाएगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण की यात्रा का जो प्लान अभी संभावित है, उस दौरान विधानसभा के चुनावों के अलावा लोकसभा के चुनाव भी बहुत पास में होंगे। ऐसे में इन सभी बातों का ध्यान में रख कर के ही रूट प्लान और तारीख का फाइनल मार्च के करीब किया जा सकता है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता कहते हैं कि राहुल गांधी की पहली भारत जोड़ो यात्रा का चरण कुछ समय में समाप्त हो जाएगा। भारत जोड़ो यात्रा में लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है, देश का एक बड़ा हिस्सा इस यात्रा से अभी जुड़ नहीं हो पाया है। इसलिए जब सितंबर में भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की गई थी, उस समय भी यह योजना बनी थी कि दूसरी भारत जोड़ो यात्रा शुरू होगी। अब जब पूरे देश से लोगों की मांग उठ रही है कि राहुल गांधी को उन राज्यों में भी जाना चाहिए जहां पर अभी वो नहीं पहुंच पाए हैं, ऐसे में इस यात्रा का दूसरा चरण निर्धारित किया जा रहा है। कहते हैं कि संभव है की सितंबर या अक्तूबर से यात्रा शुरू हो।